www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 18 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –123 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23




हमने 70 साल तक लोकतंत्र बचाए रखा तो मोदी बन सके प्रधानमंत्री पृष्ठ 2

■ 2024 के चुनावों को लेकर बड़ी दुविधा में है कांग्रेस
■ उठ रही है वृहदनागालिम की मांग पृष्ठ 6

■ अफगानिस्तान में सभी 70 राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध
■ लीबिया में त्रिपोली के संघर्ष प्रभावित इलाकों से 300 परिवारों को निकाला पृष्ठ 7

भारत की निगाहें चोट के बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज बुमराह व प्रसिद्ध पर पृष्ठ 8

### 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

# नए चेहरों पर भाजपा का दांव

## पाटन से सांसद विजय बघेल को खड़ा कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनौती

**रायपुर, 17 अगस्त ( देशबन्धु )। भाजपा ने आज छत्तीसगढ़ में चुनावी उत्सव की शुरुआत कर दी है। 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आज पहले खेप के रूप में 21 विधानसभा प्रत्याशियों की सूची जारी की है जिसमें नए चेहरों पर दांव खेला गया है। किसी भी प्रत्याशी को रिपिट नहीं किया गया है। दुर्ग सांसद विजय बघेल को पाटन से टिकट देकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बड़ी चुनौती भी दी गई है। इस पहली सूची से अब कांग्रेस की रणनीति भी बदल सकती है। इस बार साहू बहुल क्षेत्र राजिम से रोहित साहू को टिकट दी गई जिससे अमितेष शुक्ल संकट में पड़ सकते हैं। सूची में छह पूर्व विधायक, पांच महिला प्रत्याशी 1 सामान्य, दो पूर्व महापौर प्रबोध मिंज व लखनलाल देवांगन, साहू समाज से 4, कुर्मी समाज से 2, देवांगन समाज से 1, राजवाड़े 1 तथा अनारक्षित प्रेमनगर सीट से आदिवासी को टिकट दी गई है। एक नजर देखने से साफ दिखता है भाजपा ने कांग्रेस के गढ़ पर नजर रखी है और इसके लिए जातिगत समीकरण पिरोया गया है।**



**पाटन**- इस बार पाटन सीट में चाचा-भतीजे के बीच मुकाबला होगा। 2008 के चुनाव में भतीजे विजय बघेल ने चाचा भूपेश बघेल को मात दी थी पर 2013 में पछाड़ खा गए। इसलिए 2018 में विजय बघेल को टिकट न देकर साहू नेता मोतीलाल साहू पर दांव खेला गया पर मात खा गए।

इस बार विजय बघेल ने ही यह प्रस्ताव दिया था कि अगर पार्टी चाहेगी तो वे पाटन से भूपेश बघेल से टकराने तैयार हैं और पार्टी ने वैसा ही किया।



**राजिम**- राजिम से रोहित साहू को टिकट दी गई है। जो पहले जोगी कांग्रेस में थे। 2021 में भाजपा में शामिल हो गए। साहू समाज में अच्छी पकड़ होने तथा साहू बाहुल्य क्षेत्र होने से इन पर दांव लगाया गया है। कांग्रेस के अमितेष शुक्ल 2018 में राजिम से बम्फर वोटों से जीते थे। उन्होंने संतोष उपाध्याय को हराया था।



**खैरागढ़**- इसी तरह खैरागढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के भांजे विक्रांत सिंह को टिकट दी गई है। पिछले समय कांग्रेस से प्रत्याशी यशोदा वर्मा ने भाजपा के कोमल जंघेल को हराया था।



**अभनपुर**- वेंद्री ग्राम पंचायत के सरपंच इंद्रकुमार साहू को टिकट दी गई है। कांग्रेस दिग्गज वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू यहां से विधायक हैं। उन्होंने दिग्गज भाजपा नेता पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू को हराया था। साहू बहुल क्षेत्र होने से यहां भाजपा-कांग्रेस दोनों साहू प्रत्याशी ही उतारते हैं।



**खुज्जी**-खुज्जी से गीता घासीदास साहू भाजपा प्रत्याशी होंगी। 2018 में हीरेन्द्र कुमार साहू थे जो चन्नी साहू से हार गए थे।



**सिहावा**-यहां वर्तमान में कांग्रेस से डॉक्टर लक्ष्मी ध्रुव विधायक हैं। उन्होंने 2018 में भाजपा के पिंकी शिवराज शाह को हराया था।इस बार भाजपा ने श्रवण मरकाम को टिकट दिया है।



**धरमजयगढ़**-भाजपा ने इस बार हरिश्चंद्र राठिया को टिकट दिया है। वर्तमान में यहां से कांग्रेस के लालजीत सिंह राठिया विधायक हैं, जिन्होंने लिनव बिरजु राठिया को हराया था।



**खरसिया**- भाजपा ने इस बार सरवानी निवासी महेश साहू को टिकट दिया है।वर्तमान में यहां से कांग्रेस के उमेश पटेल विधायक हैं।जिन्होंने भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी को हराया था।



**प्रेमनगर**-इस बार भूलन सिंह मरावी को भाजपा ने टिकट दिया है। वर्तमान में कांग्रेस के खेलसाय सिंह विधायक हैं। उन्होंने भाजपा के विजय प्रताप सिंह को हराया था।



**भटगांव**- वर्तमान में कांग्रेस के परसनाथ राजवाड़े विधायक हैं, जिन्होंने भाजपा की रजनी त्रिपाठी को हराया था।इस बार लक्ष्मी राजवाड़े को भाजपा ने टिकट दिया है।



**लुंड्रा**-इस बार प्रबोध मिंज को भाजपा ने टिकट दिया है।वर्तमान में यहां से कांग्रेस के डॉ. प्रितम राम विधायक हैं, जिन्होंने भाजपा के विजयनाथ सिंह को हराया था।



**रामानुजगंज**-इस बार भाजपा ने रामविचार नेताम को टिकट दिया है. वर्तमान में यहां से कांग्रेस के बृहस्पत सिंह विधायक हैं, जिन्होंने भाजपा के रामकिशुन सिंह को हराया था।



**प्रतापपुर**- इस बार शकुंतला सिंह पोर्थे को भाजपा ने टिकट दिया है।वर्तमान में यहां से कांग्रेस के प्रेमसाय सिंह टेकाम विधायक हैं, जिन्होंने पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा को हराया था।



**सरायपाली**- सरायपाली से भाजपा ने सरला कोसरिया को टिकट दिया है। यहां से कांग्रेस के किस्मतलाल नंद विधायक हैं। उन्होंने भाजपा के श्याम तांडी को हराया था।



**खल्लारी**- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भाजपा ने इस बार खल्लारी सीट से अलका चंद्राकर को टिकट दिया है।वर्तमान में यहां से कांग्रेस के द्वारिकाधीश यादव विधायक हैं, जिन्होंने बसपा की मोनिका साहू को हराया था।



**मरवाही**-वर्तमान में यहां से कांग्रेस के डॉ. केके ध्रुव विधायक हैं, जिन्होंने भाजपा के डॉ गंभीर सिंह को हराया था।इस बार भाजपा ने प्रणव कुमार मरपच्ची को टिकट दिया है। मरवाही विधानसभा से प्रणव मरपच्ची प्रत्याशी होंगे।वे वर्तमान में जिला भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष हैं। प्रवण भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



**डौंडीलोहारा**- डौंडीलोहारा से देव हलवा ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया है। वे प्रथम जिला अध्यक्ष बने थे। यहां से कांग्रेस की महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया हैं। उन्होंने लाल महेन्द्र सिंह टेकाम को हराया था।



**कोरबा**-इस बार भाजपा ने लखनलाल देवांगन को टिकट दिया है। वर्तमान में यहां से कांग्रेस के जयसिंह अग्रवाल विधायक और मंत्री हैं, जिन्होंने भाजपा के विकास महतो को हराया था।



**कांकेर**-इस बार आशाराम नेताम भाजपा के उम्मीदवार होंगे। नए चेहरे को कांकेर विधानसभा से भाजपा का उम्मीदवार बनाया गया है। आशाराम नेताम भाजपा के आदिवासी मोर्चा के अध्यक्ष रहे हैं



**मोहला मानपुर**- विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस के इंद्रशाह मंडावी ने भाजपा के कंचन लाल मौर्य को हराया थ। इस बार भाजपा ने संजीव शाह को टिकट दिया है।



**बस्तर**- विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस के लखेश्वर बघेल ने भाजपा के डॉक्टर सुभाऊ कश्यप को हराया था। इस बार भाजपा ने मनीराम कश्यप को मौका दिया है।

### चौथी बार चाचा-भतीजे आमने-सामने होंगे

छत्तीसगढ़ की सूची में सर्वाधिक चचिर्तत नाम दुर्ग से सांसद विजय बघेल का है। उन्हें भाजपा ने पाटन से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने उतारा है। विजय रिश्ते में भूपेश के भतीजे हैं। चौथी बार चाचा-भतीजे एक दूसरे के सामने होंगे। अभी तक केवल एक बार 2008 के चुनाव में विजय ने चाचा भूपेश बघेल को मात दी है। जबकि 2003 और 2013 के चुनाव में वे भूपेश बघेल से हार चुके ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

| विस क्षेत्र | | प्रत्याशी |
|---|---|---|
| प्रेमनगर | - | भूलन सिंह मरावी |
| भटगांव | - | लक्ष्मी राजवाड़े |
| प्रतापपुर | - | शकुंतला सिंह पोरते |
| रामानुजगंज | - | रामविचार नेताम |
| लुण्ड्रा | - | प्रबोध मिंज |
| खरसिया | - | महेश साहू |
| धर्मजयगढ़ | - | हरीशचंद्र राठिया |
| कोरबा | - | लखनलाल देवांगन |
| मरवाही | - | प्रणव कुमार मरपच्ची |
| सरायपाली | - | सरला कोसरिया |
| खल्लारी | - | अल्का चंद्राकर |
| अभनपुर | - | इंद्र कुमार साहू |
| राजिम | - | रोहित साहू |
| सिहावा | - | श्रवण मरकाम |
| डौंडीलोहारा | - | देव लाल ठाकुर |
| खैरागढ़ | - | विक्रांत सिंह |
| खुज्जी | - | गीता घासी साहू |
| मोहला मानपुर | - | इंद्र शाह मंडावी |
| कांकेर | - | आशाराम नेताम |
| बस्तर | - | मणीराम कश्यप |
| पाटन | - | विजय बघेल |

### मध्यप्रदेश में जारी की गई 39 प्रत्याशियों की सूची

## परिवारवाद की छाया : कांग्रेस ने कसा तंज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 39 उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की है, उसमें परिवारवाद की भी छाया नजर आ रही है। भाजपा ने कई ऐसे उम्मीदवार बनाए हैं, जिनके पिता या तो विधायक रहे हैं अथवा सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस के प्रवक्ता अब्बास हफीज ने इसको लेकर भाजपा पर तंज कसा है और कहा है कि भाजपा की कथनी और करनी सामने है। भाजपा की पहली सूची पर हम गौर करें तो एक बार साफ होती है कि सबलगढ़ से सरला रावत को उम्मीदवार बनाया गया है, जिनके ससुर मेहरबान सिंह रावत पूर्व में विधायक रह चुके हैं। इसी तरह जबलपुर की पाटन विधानसभा सीट से प्रतिभा सिंह के बेटे नीरज सिंह ठाकुर को टिकट दिया गया है। जबकि, छतरपुर के महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह के बेटे कामाख्या प्रताप सिंह को मैदान में उतारा गया है। इसी तरह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद नारायण सिंह के बेट ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**सार संक्षेप**

### शिमला मंदिर आपदा में मरने वालों की संख्या 14 पहुंची

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी में भूस्खलन के कारण मंदिर ढहने की घटना के चौथे दिन गुरुवार को फिर से खोज अभियान शुरू करते हुए बचावकर्मियों ने एक शव बरामद किया। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि शव हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर का है। इसे आपदा स्थल से दो किमी दूर से बरामद किया गया।

### उमर अब्दुल्ला को अनुच्छेद 370 की पुनर्बहाली की उम्मीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि हालांकि न्यायिक प्रक्रिया लंबी है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ अनुच्छेद 370 मुद्दे पर सुनवाई करेगी और इसे पुनर्स्थापित करेगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए लड़ने के लिए एनसी ने कुछ अन्य राजनीतिक दलों की तरह वकीलों को भी शामिल किया है क्योंकि एनसी की दलील है कि इसे निरस्त करना असंवैधानिक था। मीडिया से बात करते हुए उमर ने कहा, हम लड़ रहे हैं और हमें न्याय मिलने की उम्मीद है।

### दिल्ली में नीरज बवाना गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नीरज बवाना गैंग के दो प्रमुख सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। दोनों राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास दर्ज हत्या और मारपीट समेत कई आपराधिक मामलों में शामिल थे। गिरफ्तार सदस्यों की पहचान मोहित (29) और नितिन (28) के रूप में हुई है।

### मणिपुर विधानसभा 21 से शुरू हो रहा है सत्र

**इंफाल।** सुरक्षा कारणों से मणिपुर में आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन की मांग कर रहे 10 आदिवासी विधायक 21 अगस्त से शुरू होने वाले राज्य विधानसभा सत्र का बहिष्कार करेंगे।

### कांग्रेस संगठन में किया गया फेरदबल

## सुरजेवाला को बनाया गया मप्र का प्रभारी

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी संगठन में फेरबदल किया। पार्टी ने रणदीप सुरजेवाला को मध्य प्रदेश के सीनियर ऑब्जर्वर के बाद अब राज्य का ही प्रभारी महासचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया है, वहीं मुकुल वासनिक को गुजरात के प्रभारी महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा बृजलाल खाबरी की जगह अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव की जिम्मेदारी सुरजेवाला को वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल की जगह दी गई तो वहीं वासनिक को राजस्थान कांग्रेस के नेता रघु शर्मा के इस्तीफे देने के बाद प्रभारी महासचिव बनाया गया है। गुजरात में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद रघु शर्मा ने प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया था। इस साल के आखिर



■ मुकुल वासनिक को दी गई गुजरात की जिम्मेदारी

में मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सुरजेवाला को जिम्मेदारी देना काफी अहम माना जा रहा है।

इसके अलावा अगले साल लोकसभा चुनाव है। गुजरात में बीजेपी और कांग्रेस में सीधी टक्कर मानी जाती है। वहीं उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं। ऐसे में अजय राय की नियुक्ति भी काफी अहम है। यूपी की वाराणसी सीट से 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राय लड़ चुके हैं।

**हमने 70 साल तक लोकतंत्र बचाए रखा : खडगे**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब वह पूछते हैं कि कांग्रेस ने इस देश को क्या दिया तो इसका सीधा जवाब यही है कि कांग्रेस ने 70 साल से लोकतंत्र बचाए रखा इसलिए श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए हैं। श्री खडगे ने गुरुवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रतिज्ञा उज्ज्वल भारत की' के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने पर बोले राहुल

## नेहरू की पहचान नाम नहीं, कर्म से है

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने दिल्ली स्थित नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री

■ भाजपा ने कहा, हम सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों को दे रहे है सम्मान

मेमोरियल कर दिया। तीन दिन बाद गुरुवार को इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं। राहुल के इस बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों। कांग्रेस पार्टी इसे बेकार में मुद्दा बना रही



है। मुझे नहीं पता कि इसमें समस्या क्यों है।

स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले नई दिल्ली के तीन मूर्ति परिसर स्थित नेहरू मेमोरियल म्यूजियम का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया था। इसी साल 15 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर फैसला लिया गया था।

**दो दिनी दौरे पर लद्दाख पहुंचे राहुल**

लेह। कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख पहुंचे। यहां पर लेह एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान कहा था कि वह जल्द ही लेह का दौरा करेंगे। हालांकि, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस साल की शुरुआत में दो बार श्रीनगर और जम्मू का दौरा किया था, लेकिन वह लद्दाख नहीं गए थे।

## चंद्रयान-3 का अहम पड़ाव पूरा

**चेन्नई,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। चंद्रमा को फतह करने निकले चंद्रयान-3 ने गुरूवार को अपने मिशन का एक और बेहद अहम पड़ाव पार कर लिया जिसमें विक्रम लैंडर मॉड्यूल, प्रॉपल्शन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग होकर आगे की यात्रा पर रवाना हो गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधन संगठन (इसरो) के अनुसार अब लैंडर रोवर को लेकर आगे की यात्रा अकेले तय करेगा और इसके 23 अगस्त शाम को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर उतरने का कार्यक्रम है। इसके लिए सभी अभ्यास पूरे कर लिये गये हैं। इसरो के अनुसार इस चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने का मतलब है कि चंद्रयान 3 की सभी प्रणालियां सही तरीके से काम कर रही हैं। चंद्रयान 3 का प्रक्षेपण 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से किया गया था। चंद्रमा की सहत पर उतरने के बाद लैंडर से रोवर बाहर निकलेगा और मिशन के उद्देश्यों को पूरा करेगा। इस मिशन के सफल होने के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन जायेगा। अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही यह उपलब्धि हासिल की है। चंद्रयान 3 ने पिछले तीन हफ्तों में कई चरणों का पार कर चांद की अलग अलग कक्षाओं में प्रवेश करते हुए इस महत्वपूर्ण चरण को पूरा किया है।

■ मुख्य अंतरिक्ष यान से अलग हुआ विक्रम लैंडर
■ 23 अगस्त शाम को चंद्रमा की सतह पर उतरेगा

## नूंह हिंसा : बिट्टू बजरंगी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**गुरुग्राम,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। गौरक्षक बिट्टू बजरंगी को 31 जुलाई को जिले में हुई सांप्रदायिक झड़पों के सिलसिले में गुरुवार को नूंह की एक अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नूंह पुलिस के एक प्रवक्ता ने कि पुलिस ने उसके पास से आठ तलवारें बरामद की हैं। सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) उषा कुंडू की शिकायत के आधार पर नूंह के सदर पुलिस स्टेशन में एक नई प्राथमिकी दर्ज होने के बाद राज कुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी को मंगलवार को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट से पहचाने गए बिट्टू बजरंगी ने समर्थकों के साथ 31 जुलाई को विहिप की ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा के दौरान नलहर मंदिर में तलवार और त्रिशूल ले जाते समय एएसपी उषा कुंडू और पुलिस टीम के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया था। उन्हें रोका भी था। 1 अगस्त को बिट्टू बजरंगी को फरीदाबाद पुलिस ने एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया था। उस पर वीएचपी की ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले भड़काऊ वीडियो बनाने का आरोप था। उसे फरीदाबाद की एक अदालत ने बाद में जमानत दे दी थी।

## 101 महिला अधिवक्ताओं ने चीफ जस्टिस से लगाई गुहार

### नफरती भाषण, वीडियो बंद करने का दें निर्देश

**नई दिल्ली**, 17 (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय महिला लॉयर्स फोरम ने नूंह हिंसा के बाद भय का माहौल पैदा कर रहे नफरती भाषण और वीडियो पर प्रतिबंध लगाने के लिए हरियाणा सरकार को निर्देश देने की उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ से गुहार लगाई है। महिला अधिवक्ताओं ने एक पत्र याचिका के माध्यम से हरियाणा सरकार को नफरत फैलाने वाले वीडियो को चिन्हित कर संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश देने की गुहार लगाई है। याचिका पर 101 महिला अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं, जिसमें उन वीडियो को चिन्हित करने और प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई गई है। ऐसे वीडियो पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई गई है जो कथित तौर पर किसी भी समुदाय, पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचाने या आर्थिक बहिष्कार का आग्रह करने की धमकी देते हैं। याचिका में कहा गया है कि उन्होंने महिला, मां और न्यायालय के कामकाज से जुड़े होने के नाते हम सांप्रदायिक सद्भाव, कानून के शासन और जिम्मेदारी की भावना के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता महसूस करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि हरियाणा के नूंह क्षेत्र में हुई हालिया घटनाओं के मद्देनजर सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाले भाषण और लक्षित हिंसा भड़काने वाले वीडियो सामने आने से गंभीर चिंता पैदा हो गई है, जो समाज में शांति और सद्भाव को बाधित कर रहे हैं।

### रिपोर्ट — आयुष्मान योजना पर सीएजी रिपोर्ट में किया गया खुलासा

## लाभार्थियों को इलाज के लिए करना पड़ा भुगतान

■ लाभार्थियों को पांच लाख तक का मिलता है स्वास्थ्य कवर
■ 75 मरीजों को 6.70 लाख रुपए की प्रतिपूर्ति अभी बाकी

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) पर अपनी ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा किया कि योजना की मंशा के बावजूद लाभार्थियों को इलाज के लिए पैसे का भुगतान करना पड़ा।**

गौरतलब है कि एबी-पीएमजेएवाई के तहत लाभार्थियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है। यह लाभार्थियों को सेवाओं के लिए कैशलेस और पेपरलेस सुविधा प्रदान करता है। एबी-पीएमजेएवाई पर हाल ही में संसद में पेश सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट ने कहा, एसएचए (राज्य स्वास्थ्य एजेंसी) और निजी ईएचसीपीएस (पैनलबद्ध स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता) द्वारा हस्ताक्षरित समझौते में कहा गया है कि पीएमजेएवाई लाभार्थियों को पूरी तरह से कैशलेस तरीके से सेवा प्रदान किया गया। अस्पताल में मरीज के प्रवेश के बाद, सभी नैदानिक परीक्षणों, दवाओं, प्रत्यारोपण आदि का खर्च अस्पताल द्वारा वहन किया जाना चाहिए, लेकिन लेखापरीक्षा में ऐसे उदाहरण सामने आया, जहां रोगियों को इलाज के लिए भुगतान करना पड़ा।

हिमाचल प्रदेश में, पांच ईएचसीपी के 50 लाभार्थियों को अपने नैदानिक परीक्षणों का प्रबंधन अन्य अस्पताल/नैदानिक केंद्र से करना पड़ा और परीक्षणों की लागत लाभार्थियों द्वारा वहन की गई। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि जम्मू-कश्मीर में 10 सार्वजनिक ईएचसीपी पर, 459 मरीजों ने शुरुआत में अपनी जेब से 43.27 लाख रुपए का भुगतान किया, बाद में मरीजों को प्रतिपूर्ति की गई। 75 मरीजों को 6.70 लाख रुपए की प्रतिपूर्ति अभी बाकी है। सीएजी रिपोर्ट में कहा गया है, झारखंड में, बीमा कंपनी ने पाया कि लाइफकेयर हॉस्पिटल, गोड्डा के 36 मरीजों ने दवाओं, इंजेक्शन, रक्त आदि की खरीद के लिए भुगतान किया। बीमा कंपनी के अवलोकन के आधार पर एसएचए ने 28 अगस्त, 2020 को अस्पताल को पांच दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा। लेकिन अस्पताल ने न तो कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया, न ही उसके खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मेघालय में, फरवरी 2019 से मार्च 2021 तक पांच निजी ईएचसीपी में इलाज कराने वाले 19,459 लाभार्थियों में से 13,418 (69 प्रतिशत) को छुट्टी के समय 12.34 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ा।

# देश

**उवाच** "दिल्ली में महागठबंधन के लोगों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पहचानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह समझने की बात है कि जब लोग राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मिल ही रहे हैं, तो कोई नीतीश कुमार से क्यों मिलेगा :-सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.7 | 27.5 |
| मुंबई | 31.7 | 26.8 |
| कोलकाता | 33.0 | 26.3 |
| चेन्नई | 36.5 | 35.3 |

### मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा

# हमने 70 साल तक लोकतंत्र बचाए रखा तो मोदी बन सके प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब वह पूछते हैं कि कांग्रेस ने इस देश को क्या दिया तो इसका सीधा जवाब यही है कि कांग्रेस ने 70 साल से लोकतंत्र बचाए रखा इसलिए श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए हैं।

श्री खडगे ने गुरुवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रतिज्ञा उज्ज्वल भारत की' के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा श्री मोदी बार बार सवाल करते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया जबकि इस दौरान और कई दलों की सरकार रही है लेकिन वह कांग्रेस से ही अक्सर सवाल पूछते हैं। उन्होंने कहा 'मोदी जी बोलते हैं- कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया। हमने लोकतंत्र और संविधान को बचाकर रखा, इसलिए आप प्रधानमंत्री बन पाए। यदि कांग्रेस लोकतंत्र को बचाए नहीं रखते तो मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं होते और वह गुजरात में ही रहते।

कांग्रेस नेता ने कहा कि श्री मोदी के अगले साल भी लाल किला पर तिरंगा फहराने को लेकर हमला किया और कहा 'मोदी जी ने कहा कि वह 2024 में भी 15 अगस्त को लाल किले पर तिरंगा फहराएंगे। मुझे लगता है कि वह तिरंगा तो जरुर फहराएंगे, लेकिन लाल किले पर नहीं, अपने घर पर फहराएंगे। आश्चर्य की बात यह है कि श्री मोदी उस पार्टी के लिए यह बात कहते हैं जिस पार्टी ने देश के लिए कुर्बानी दी।' उन्होंने कहा 'देश को एकजुट रखने के लिए इंदिरा जी और राजीव जी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। कांग्रेस पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं ने देश के लिए अपनी जान दी। भाजपा के पास कौन सा ऐसा नेता है।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस मणिपुर के हालात को लेकर चिंतित हैं, इसलिए संसद में श्री मोदी से आग्रह करते रहे कि संसद में आएं और इस बारे में कुछ बोलें लेकिन वह कुछ बोले नहीं, इसलिए विपक्षी दल अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए ताकि वह संसद में अपनी बात कहें। उनका कहना था कि श्री मोदी मणिपुर को लेकर संसद के बाहर बोलते हैं और फिर थोड़ा लाल किला पर इस मुद्दे पर अपनी बात रखते हैं।



'देश को एकजुट रखने के लिए इंदिरा जी और राजीव जी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। कांग्रेस पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं ने देश के लिए अपनी जान दी। भाजपा के पास कौन सा ऐसा नेता है:-मल्लिकार्जुन खडगे, अध्यक्ष कांग्रेस

#### मोदी 'भारत तोड़ो' पर विश्वास करते हैं: खडगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्री मोदी 'भारत तोड़ो' पर विश्वास करते हैं, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश की एकता के लिए काम करते हुए भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं।

### कांग्रेस ने गुजरात, मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव बदले

कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक को गुजरात का महासचिव नियुक्त कर कर्नाटक के प्रभारी रणदीपसिंह सुरजेवाला को मध्य प्रदेश का अतिरिक्त प्रभार दिया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है और नव नियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरु करने को कहा है।

### भाजपा की सूची में परिवारवाद की छाया, कांग्रेस ने कसा तंज

भोपाल। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 39 उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की है, उसमें परिवारवाद की भी छाया नजर आ रही है। भाजपा ने कई ऐसे उम्मीदवार बनाए हैं, जिनके पिता या तो विधायक रहे हैं अथवा सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस के प्रवक्ता अब्बास हफीज ने इसको लेकर भाजपा पर तंज कसा है और कहा है कि भाजपा की कथनी और करनी सामने है। भाजपा की पहली सूची पर हम गौर करें तो एक बार साफ होती है कि सबलगढ़ से सरला रावत को उम्मीदवार बनाया गया है, जिनके ससुर मेहरबान सिंह रावत पूर्व में विधायक रह चुके हैं। इसी तरह जबलपुर की पाटन विधानसभा सीट से प्रतिभा सिंह के बेटे नीरज सिंह ठाकुर को टिकट दिया गया है। जबकि, छतरपुर के महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह के बेटे कामाख्या प्रताप सिंह को मैदान में उतारा गया है। इसी तरह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद नारायण सिंह के बेटे धुर्वे नारायण सिंह पर भी पार्टी ने दांव लगाया है।

## मोदी सरकार ने जंगलों को किया बर्बाद: जयराम



**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र पर निशाना साधते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि 'मानित' जंगलों को खत्म करने की जल्दबाजी में नरेंद्र मोदी सरकार ने वास्तव में जंगलों को बर्बाद कर दिया। कांग्रेस नेता ने एक ट्वीट में कहा, 'संसद द्वारा पिछले सप्ताह वन संरक्षण अधिनियम, 1980 में खतरनाक संशोधन पारित करने के बाद ओडिशा सरकार ने तुरंत आदेश पारित कर दिया कि 'मानित' वनों को अब वन नहीं माना जाएगा।' राज्यसभा सांसद ने कहा, 'अब केंद्रीय मंत्रालय का कहना है कि राज्य का आदेश वापस ले लिया गया है। भ्रम की स्थिति है। 'मानित' वनों को खत्म करने की जल्दबाजी में, मोदी सरकार ने वास्तव में वनों को बर्बाद कर दिया है।' उन्होंने ओडिशा सरकार द्वारा डीम्ड फॉरेस्ट आदेश को वापस लेने की एक समाचार रिपोर्ट भी संलग्न की। कांग्रेस ने संसद में वन संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 का विरोध किया है। 2 अगस्त को एक बयान में, रमेश ने कहा था कि संशोधनों के सार को संसद में दबा दिया गया है, जो मोदी सरकार की मानसिकता को दर्शाता है, और पर्यावरण, वन व पर्यावरण पर उसकी वैश्विक बातचीत और घरेलू प्रयासों के बीच मौजूद अंतर को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक के जल्द ही कानून बनने तक की यात्रा, एक केस स्टडी है कि कैसे विधायी प्रक्रिया को पूरी तरह से नष्ट किया जा सकता है।

### शिवराज ने स्वतंत्रता दिवस पर भी झूठ बोला : कमलनाथ



भोपाल। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि उन्होंने पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर झूठी घोषणाएं की थी। राज्य में शिवराज सरकार एक लाख युवाओं को नौकरी देने के वादे लगातार कर रही है। इस पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर की गई घोषणा को याद दिलाते हुए ट्वीट किया, मुख्यमंत्री जी आपने पिछले साल 15 अगस्त को वादा किया था कि एक साल में एक लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करेंगे। मुझे आशा थी कि इस स्वतंत्रता दिवस पर आप उन एक लाख सरकारी नौकरियों का ब्यौरा मध्य प्रदेश की जनता के सामने देंगे। नौजवान अगले दिन भी प्रतीक्षा करते रहे कि शायद व्यस्तता के चलते आप एक दिन बाद वह नौकरियां उनके सामने रखें।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया के एक समर्थक का टिकट कटा



**भोपाल,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने इसी साल होने वाले मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में दो ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं, जहां के नेता केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ भाजपा में शामिल हुए थे। मगर, इन दोनों में से भाजपा ने एक उम्मीदवार बनाया है। जबकि, दूसरे का टिकट काट दिया है। भाजपा ने 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। उसमें उन क्षेत्रों के उम्मीदवार भी शामिल हैं, जो सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए। दो विधानसभा क्षेत्रों सुमावली और गोहद के तत्कालीन विधायकों ने सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़ी थी। उसके बाद उपचुनाव हुए तो भाजपा ने सुमावली से एंदल सिंह कसाना और रणवीर सिंह जाटव को उम्मीदवार बनाया। यह दोनों उम्मीदवार उप चुनाव हार गए। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जिन 39 उम्मीदवारों की सूची जारी की है, उनमें सुमावली और गोहद विधानसभा क्षेत्र के भी उम्मीदवारों के नाम हैं।

## सभी निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई की योजना: सीजेआई

### सुप्रीम कोर्ट निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित कर रहा

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने गुरुवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट देश की सभी निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई को संभव बनाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित कर रहा है। अनुच्छेद 370 पर संविधान पीठ की सुनवाई के दौरान, वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने सुझाव दिया कि क्या प्रौद्योगिकी-संचालित हाइब्रिड सुनवाई को जिला न्यायपालिका तक भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'यदि आप इसे (आभासी सुनवाई) मुफस्सिल अदालतों सहित निचली अदालतों तक ले जा सकें। यह सबसे बड़ा योगदान होगा।' इस पर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'ईकोर्ट्स (प्रोजेक्ट) के तीसरे चरण में, हमारे पास एक बड़ा बजट है, इसलिए हम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना खुद का क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं।' एक संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने याद किया कि कैसे राज्य सरकारें अदालतों में न्यायिक बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, 'कुछ राज्य सरकारें बहुत सहयोग कर रही हैं, दूसरों के बारे में आपको पता है, मुझे याद है महामारी के समय, मैं उच्च न्यायालय का नाम नहीं लूँगा। उनके पास इन वीडियो (कॉन्फ्रेंसिंग) प्लेटफार्मों के लाइसेंस के लिए भुगतान करने के लिए पैसे नहीं थे।' सीजेआई ने कहा, 'वे (वह हाई कोर्ट) बिल्कुल गंभीर स्थिति में थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लाइसेंस उन्हें स्थानांतरित कर दिया।



'कुछ राज्य सरकारें बहुत सहयोग कर रही हैं, दूसरों के बारे में आपको पता है, मुझे याद है महामारी के समय, मैं उच्च न्यायालय का नाम नहीं लूँगा। उनके पास इन वीडियो (कॉन्फ्रेंसिंग) प्लेटफार्मों के लाइसेंस के लिए भुगतान करने के लिए पैसे नहीं थे:-डी.वाई. चंद्रचूड़

## विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था: नीतीश



**पटना,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को दिल्ली से वापस पटना लौट गए। यहां लौटने के बाद उन्होंने कहा कि उनका दिल्ली में विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था। नीतीश कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कुछ निजी कार्य से वे दिल्ली गए थे। उन्होंने कहा कि उनका विपक्षी नेताओं से मुलाकात का कोई कार्यक्रम था ही नहीं। बुधवार को नीतीश जब दिल्ली गये थे तब कहा गया था कि वे वहां अरविंद केजरीवाल के अलावा कांग्रेस नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद गुरुवार को नीतीश वापस पटना लौट गए। नीतीश कुमार ने बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि दी थी। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के बिहार की स्थिति पाकिस्तान से बदतर संबंधित बयान पर जब मुख्यमंत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कहां आपराधिक घटना घट रही है। कितना कम है अपराध यहां। जरा फीगर देख लीजिये। बहुत कम है अपराध। उन्होंने कहा कि कोई बिना मतलब का बोलता रहता है, क्योंकि मीडिया में वही चलता है जो वो लोग बोलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी बातचीत विपक्षी नेताओं से होती रहती है। वे जब फोन करते हैं तो बात होती ही है। ऐसा थोड़े ही है कि कांग्रेस के नेताओं से बात नहीं होती।


FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/626/2020 10.08.2023

DENA BANK (BOB)
Versus
KIRTINARAYAN SUDHAKAR

To,
(CD1) KIRTINARAYAN SUDHAKAR CHAINASAY
HOUSE NO.-4, DUBRIPRA, VILLAGE-GHINA, POST-HADHGAHAN, TEHSIL-DINDI LOHARA, DISTRICT-BALOD
(CD 2) KUNTIBAI
4/1, GHINA DAUDI, TEHSIL AND DISTRICT-BALOD, C.G.
(CD 3) INDU BAI
4/4, GHINA DAUDI, TEHSIL AND DISTRICT-BALOD, C.G.
(CD 4) GESURAM
33, GHINA DAUDI, TEHSIL AND DISTRICT-BALOD, C.G.

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/422/2019 an amount of Rs. 1714366.00 (Rupees Seventeen Lakhs Fourteen Thousands Three Hundred Sixty Six Only) along with pendentelite and future interest @ 10 % Simple Interest Yearly w.e.f. 28/03/2019 till realization and costs of Rs 20000 (Rupees Twenty Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 05/10/2023 at 10:30 a.m. for further proceedings.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 10/08/2023

SEAL

Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur



**MUNICIPAL COUNCIL, BHATGAON**

**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**

BHATGAON, dated14/08/2023

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works! up todate 06-09-2023 at 17.30 Hours

| Sl. No. | System Tender No. | NIT No. | Description | EMD/Com of Tender Form /TDR/FDR |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 144690 | 721,722 | CONSTRUCATION WORK OF GARDEN ATWARD NO. 02 (PWD Building/Road SOR 01 01 2015 & Electrical SOR 01.06.2020] | Rs. 29.75 LAC Rs. 22500/- |
| 2 | 144692 | 723,724 | CONSTRUCATION OF BT ROAD FROM OLD BUS STAND TO GAYATRI MANDIR ATWARD NO 02 & 06 [PWD Building/Road SOR 01.01 2015] | Rs. 47.87 LAC Rs. 36000/- |
| 3 | 144694 | 719720 | CONSTRUCATION WORK OF MUKTIDHAMAT WARD NO 12 [PWD Building/Road SOR 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020] | Rs. 38.10 LAC Rs. 29000/- |
| 4 | 144696 | 725,726 | CONSTRUCATION OF BEAUTIFICATION WORK OF ADHBANDHA TALAB PART-02 [PWD Building/Road SOR 01.01.2015 ElectricSOR 2020] | Rs. 49.58 LAC Rs. 37500/- |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 17.08 2023 at 10:30 Hours. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL BHATGAON



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, गरियाबंद जिला- गरियाबंद (छ.ग.)**

Email : eeresdvgariyaband@gmail.com

**ई-निविदा आंमत्रण सूचना क्र. 17/2022-23 (द्वितीय आमंत्रण)**

क्रमांक/2039/निविदा/ग्रा.यां.से./2023-24 गरियाबंद दिनांक 11.08.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा दिनांक 25.08.2023 तक आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | सिस्टम नंबर | टेण्डर कार्य का नाम | ठेके की अनमानित राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 140493 | जिला अस्पताल गरियाबंद में प्रशिक्षण केन्द्र सह आवासीय केन्द्र का अधोसंरचना कार्य | 25.81 |
| 2. | 140494 | जिला अस्पताल गरियाबंद में जीर्णोद्धार एन.आर.सी. सेंटर भवन निर्माण कार्य | 30.63 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 14.08.2023 से डाउनलोड की / देखी जा सकती है एवं मैन्युअल दस्तावेज कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 29.08.2023 को सायं 5.30 बजे तक है।

कार्यपालन अभियंता
जी- 04284 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गरियाबंद



**कार्यालय नगर पंचायत पलारी, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Ph. No. 07727-271344 E-mail.cmoppallari@rediffmail.com

क्रमांक-1999/लो.नि.वि./नि.आ.सू./2023 पलारी, दिनांक 16.09.2023

**मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत पलारी द्वारा छत्तीसगढ़ शासन में एकीकृत पंयीजन प्रणाली करे तहत संचालनालय के पत्र क्र. 5393 दिनांक 03.08.2023 के द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गतस्वीकृति कुल 05 कार्य लागत राशि 71.02 लाख का ठेकेदार/फर्म से छत्तीसगढ़ शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत ठेकेदार/फर्म से अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण एवं सामग्री प्रदाय कार्य हेतु (लो.नि.वि. के प्रचलित दर भवन/रोड एस.ओ.आर. 2015 तथा विद्युत एस.ओ.आर. 2020 में संशोधित दरों से) तीन लिफाफा पद्धति में पृथक-पत्रकतक मैन्युल निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार/फर्म अपनी निविदा दरें पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 8.9.203 समय दोपहर 3.00 बजे तक प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01. | निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित विभिन्न उद्यानों की साफ-सफाई हेतु 02 नग घास कटर मशीन क्रय/प्रदाय कार्य | 11.04 | 11040/- |
| 02. | वार्ड क्र. 06 में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (राजश्री घर से इंद्राणी गुप्ता घर तक) | 11.94 | 9000/- |
| 03. | वार्ड क्र. 06 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (शिवशंकर ध्रुव घर से इंद्राणी गुप्ता घर तक) | 16.00 | 12000/- |
| 04. | वार्ड क्र. 06 में विद्युतीकरण कार्य (शिवशंकर ध्रुव घर से ओवरहेड टैंक तक) | 12.27 | 9300/- |
| 05. | वार्ड क्र. 06 में नाली कवर निर्माण कार्य (ओमप्रकाश घर से रम्हन यादव घर तक एवं रम्हन यादव घर से डबरी तक) | 19.77 | 15000/- |

रिमार्क:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 31.08.2023 दोप. 4.00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र जारी करने तिथि | 01.09.2023 दोपहर 5.00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने अंतिम तिथि | 08.09.2023 दोपहर 3.00 बजे तक |
| 4. | निविदा खोलने जाने की तिथि | 08.09.2023 शाम 4.00 बजे से |

1. उपरोक्त तिथि में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि माना/समझा जावे।
2. जिस स्थल पर निर्माण कार्य कराए जाने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया है, वहां आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर सप्रमाण आवेदन कर सकते हैं। उक्त तिथि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर निर्माण कराया जावेगा।
3. उपरोक्तानुसार मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना की विस्तृत/सामान्य शर्तें की जानाकरी न.पं. कार्यालय के लो.नि. शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका
अधिकारी, नगर पंचायत पलारी



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां. संभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक- 10413/NIT-11/2023-2024/व.ले.लि. दिनांक 10.08.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 11 T0193 | Providing, maintenance, repairing and changing of electrical control panel accessories, switch gears and cabling work at Sirpur Bhawan, Civil Line and old PHQ section under PWD E/M workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 7.50 |
| 11 T0194 | SITC and repairing, maintenance and replacement of small and large EPBAX/PABX/intercom telephone lines system and controlling unit with accessories at Sirpur Bhwan, Civil Line section under PWD E/M workshop subdivision, Raipur (C.G.) (App. Make- Tadiran/Avaya/Karel/Transtel) प्रथम आमंत्रण | 4.50 |
| 11 T0196 | Providing E/F work OW/MOW/Deposit/SR and OM to Govt. NR, residential, rest house and circuit house buildings block- Mahasamund under PWD E/M subdivision Mahasamund Distt.- Mahasamund (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 15.00 |
| 11 T0197 | Providing E/F work OW/MOW/Deposit/SR and OM to Govt. NR, residential, rest house and circuit house buildings block- Saraipali under PWD E/M subdivision Mahasamund Distt.- Mahasamund (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 15.00 |
| 11 T0198 | E/F work deposit/original work at Khokho para section, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 14.00 |
| 11 T0199 | Repairing and maintenance of transformer and panel of Distt. Hospital section, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 4.00 |
| 11 T0200 | Providing E/F work for SR/MOW/Deposit/OW and OM at C.G. Sadan New Delhi under PWD E/M workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 18.50 |
| 11 T0201 | Providing E/F work for SR/MOW/Deposit/OW and OM at Tribal Youth Hostel New Delhi under PWD E/M workshop subdivision, Raiur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 18.50 |
| 11 T0202 | Providing OM of ceiling fan and exhaust fan rewinding work, geyser repairing work at Science College, Heerapur section and Civil line section under PWD E/M workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 15.00 |
| 11 T0204 | लो.नो.वि. विद्युत/यांत्रिकी अनुविभाग मंत्रालय रायपुर के अंतर्गत कलेक्टोरेट सेक्शन में एम.ओ.डब्ल्यू/डिपाजिट/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य\|(Zonal Work) प्रथम आमंत्रण | 16.50 |
| 11 T0205 | लो.नो.वि. विद्युत/यांत्रिकी अनुविभाग मंत्रालय रायपुर के अंतर्गत सिविल कोर्ट सेक्शन में एम.ओ.डब्ल्यू/डिपाजिट/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य\|(Zonal Work) प्रथम आमंत्रण | 19.50 |
| 11 T0206 | लो.नो.वि. विद्युत/यांत्रिकी अनुविभाग मंत्रालय रायपुर के अंतर्गत मुख्य निर्वाचन परिसर में एम.ओ.डब्ल्यू/डिपाजिट/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य\|(Zonal Work) प्रथम आमंत्रण | 12.50 |
| 11 T0207 | लो.नो.वि. विद्युत/यांत्रिकी अनुविभाग मंत्रालय रायपुर के अंतर्गत सेंट्रल जेल परिसर सेक्शन में एम.ओ.डब्ल्यू/डिपाजिट/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य\|(Zonal Work) प्रथम आमंत्रण | 15.00 |
| 11 T0208 | लो.नो.वि. विद्युत/यांत्रिकी अनुविभाग मंत्रालय रायपुर के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज सेक्शन में एम.ओ.डब्ल्यू/डिपाजिट/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य\|(Zonal Work) प्रथम आमंत्रण | 19.50 |
| 11 T0209 | लो.नो.वि. विद्युत/यांत्रिकी अनुविभाग मंत्रालय रायपुर के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय (700 बिस्तरीय अस्पताल/ओपीडी/एसीआई खंड) सेक्शन में एम.ओ.डब्ल्यू/डिपाजिट/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य\|(Zonal Work) प्रथम आमंत्रण | 18.00 |
| 11 T0210 | लो.नो.वि. विद्युत/यांत्रिकी अनुविभाग मंत्रालय रायपुर के मेडिकल कॉलेज सेक्शन के अंतर्गत माननीय मंत्रीगणों एवं संसदीय सचिवों के आवासगृहों में एम.ओ.डब्ल्यू/डिपाजिट/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य\|(Zonal Work) प्रथम आमंत्रण | 10.00 |
| 11 T0211 | Providing and fixing fountain at Sonakhan Dist Balodabazar Bhatapara Chhattisagarh प्रथम आमंत्रण | 14.60 |
| 11 T0212 | Comprehensive annual contract maintenance of all types of 08 passenger (02) and 13 passenger lift at Pt. Deendayal Upadhyay Auditorium Science college campus under PWD E/M workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 6.00 |
| 11 T0213 | Comprehensive annual contract maintenance of all types of RO and water cooler installed at Pt. Deendayal Upadhyay Auditorium Science college campus under PWD E/M workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 5.00 |
| 11 T0214 | Comprehensive annual contract maintenance of all types of 08 passenger (02) and 13 passenger lift (02) at Shaheed Veer Narayan International cricket stadium Parsada Nawa Raipur under PWD E/M workshop subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण | 8.00 |
| 11 T0215 | Providing servicing, maintenance and refilling of fire extinguisher at Sirpur Bhawan and Civil Line section under PWD E/M workshop subdivision, Raipur (C.G.) (App.make- Kanex/fire safety service india/Naffco/safex/sai fire/swipe fire/safe alert) प्रथम आमंत्रण | 5.00 |
| 11 T0216 | Operation and AMC of 02 nos. Lift (with operator) for 9.5 months installed in Jaitkhamb at Giroudpuri Dist. Balodabazar-Bhatapara (C.G.) App Make Thyssenkrupp/Kone/Otis प्रथम आमंत्रण | 19.90 |

नोट : निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 24.08.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्तें- 1. उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
जी- 04271 लो.नि.वि. वि/यां. संभाग, रायपुर (छ.ग.)



**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, सुकमा (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.costate.gov.in

(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 144633 निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि./2023-24 दि. 17.08.2023

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 04.09.2023 17.30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है- कार्य का नाम - सुकमा जिले के विकासखंड कोण्टा की गगनपल्ली जलाशय योजना के अंतर्गत मुख्य नहर सी.सी. लाईनिंग कार्य आर.डी. 0 मी. से 1050 मी. के बीच में 8 नग नये स्ट्रक्चर का निर्माण, कुलाबा फिक्सिंग एवं शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 75.90 लाख (एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24.08.2023 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट-निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन
जी-04364 संभाग,सुकमा

### 'ड्रीम गर्ल 2' देखकर दर्शक अपनी सीट से गिर जाएंगे : आयुष्मान खुराना

**मुंबई।** लीक से हटकर काम करने वाले अभिनेता आयुष्मान खुराना जल्द ही 'ड्रीम गर्ल 2' में दिखाई देंगे। वह पहले ऐसे अभिनेता हैं, जिनके पास कमर्शियल कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी है। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। कामर्शियल कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात करते हुए आयुष्मान ने कहा कि मैंने कभी योजना नहीं बनाई थी कि मेरी फिल्मोग्राफी में एक हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी होगी। ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे साथ गलती से हुआ है। मैंने केवल मनोरंजक प्रोजेक्ट्स की तलाश की है, जिससे मैं अधिक से अधिक लोगों से जुड़ सकूं। उन्होंने कहा कि मुझे 'ड्रीम गर्ल' फ्रेंचाइजी का मौका मिला और यह मेरे लिए बिल्कुल सही साबित हुई क्योंकि यह वास्तव में एक ब्रेक-आउट कॉन्सेप्ट है, जिसे फिलहाल किसी ने नहीं किया।

# युवाओं में सामान्य खाने के बजाय भारी नाश्ते का चलन

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। दिन में तीन बार खाने की परंपरा को अब चुनौती मिल रही है क्योंकि देश में खाने वालों की नई पीढ़ी सामान्य खाने के बजाय स्नैक्स का विकल्प चुन रही है। यानी खाने के बजाय हैवी ब्रेकफास्ट पर निर्भर हो रही है। इसे स्नैकिफिकेशन कहा जाता है, ज्यादा से ज्यादा युवा इसे खाने के मानक तरीके के रूप में अपना रहे हैं।

**■ मांग पूरी करने के लिए सेहतमंद प्रोडक्ट्स पर फोकस कर रही कंपनियां**

यह पेशेवरों और परिवारों दोनों की आधुनिक व्यस्त जीवनशैली में ज्यादा फिट बैठता है। मार्केट इंटेलिजेंस एजेंसी मिंटेल रिपोर्ट्स की स्टडी में यह खुलासा किया गया है। ऐसा नहीं है कि जेन जी (9-24 साल) सेहतमंद नहीं खाना चाहती, पर इनके इरादे और खानपान के बीच बड़ा अंतर मौजूद है, जो उन्हें स्नैक्स पर निर्भर बना देता है।

स्टडी के मुताबिक खपत की प्रवृत्ति भी इसी आयु वर्ग में सबसे ज्यादा है। इसी कारण देश का ब्रेकफास्ट बिजनेस बदल रहा है। कंपनियां भी इन युवा ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों को दोबारा स्थापित करने की होड़ में हैं।

**स्नैकिंग सेक्टर 2022-26 के बीच 7 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ेगा**

अधिकांश कंपनियां पहले ही प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो में बदलाव कर चुकी हैं, या कर रही हैं ताकि मौके का फायदा उठा सकें। स्टडी में अनुमान जताया गया है कि देश का स्नैकिंग सेक्टर 2022-26 के बीच 7त्न से ज्यादा की दर से बढ़ेगा। इस बात के पर्याप्त संकेत हैं कि इस वृद्धि का अहम फैक्टर जेन जेड ही है। जिन कंपनियों का जेन जी खरीदारों के साथ ज्यादा जुड़ाव नहीं था, उन्हें भी अब सुधार के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



उदाहरण के लिए 6 दशक पुराने ब्रांड गिट्स का पूरा फोकस 'रेडी टू ईट' पर हो गया है। कंपनी में डायरेक्टर (सेल्स एंड मार्केटिंग) साहिल गिलानी कहते हैं- बढ़ती युवा पीढ़ी में पाक कौशल कम हो रहे हैं। इसलिए रेडी टू ईट विकल्पों को प्राथमिकता दी जाती है। ब्रांड अब 'बेहतर' खानपान को अहमियत देते हैं जो स्वाद और सेहत को संतुलित रखते हैं। टेल की सीनियर एनालिस्ट तुलसी जोशी कहती हैं- आने वाले दिनों में ब्रेकफास्ट बिजनेस में अहम बदलाव होगा, क्योंकि बड़ी संख्या में जेन जेड वर्कफोर्स में जुड़ेंगे। काम की अधिकता व व्यस्त जीवनशैली के चलते वे समय बचाने वाले सुविधाजनक स्नैक्स तलाशेंगे, जो उन्हें लंबे समय तक संतुष्ट रख सकें।

**जेन जी सोचते सलाद के बारे में हैं, पर खाने में तो फास्ट फूड ही पहली पसंद**

मिंटेल की स्टडी के मुताबिक बीते एक माह के खान-पान पर नजर डालें तो 60 प्रतिशत जेन जेड ने दिन में एक या उससे ज्यादा बार स्नैक्स खाया। वहीं इनकी खरीद की आदतों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि 35 प्रतिशत युवा अक्सर हैल्दी स्नैक्स जैसे सलाद वगैरह को प्राथमिकता देते हैं।

वहीं, 25 प्रतिशत कभी-कभार, 18 प्रतिशत हमेशा ऐसा करते हैं। सिर्फ 11 प्रतिशत कभी ऐसा नहीं सोचते। इन 35 प्रतिशत में भी एक तिहाई का कहना है कि इनकी खोज तो सेहतमंद स्नैक्स विकल्प चुनने के साथ शुरू होती है, पर खत्म चिप्स और फ्राइज जैसे फास्ट फूड के साथ ही होती है।

## 'खतरों के खिलाड़ी' से टेलीविजन की दुनिया का गुर सीखा : डेजी शाह

**मुंबई,** 17 अगस्त (एजेंसियां) । रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी' सीजन 13 में प्रतिभागी 'डेजी शाह' को लगता है कि वह इस शो से काफी कुछ सीख गई हैं। उन्होंने कहा कि 'खतरों के खिलाड़ी' करने के बाद वह यह सीख चुकी हैं कि टेलीविजन पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं। डेजी शाह ने सलमान खान के साथ फिल्म 'जय हो' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अभिनेत्री 'डेजी शाह' रियलिटी शो करने वाली बॉलीवुड हस्तियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। वह वर्तमान में 'फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 13' में प्रतिभागी हैं। अभिनेत्री को बुधवार को शिव ठाकरे और साउंडस मौफाकिर के साथ गेमिंग चैलेंज में भाग लेते देखा गया।



अभिनेत्री ने शो 'खतरों के खिलाड़ी' में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा कि इस शो के लिए मुझे सभी से बहुत प्यार मिल रहा है। मैंने इस तरह के प्यार की उम्मीद नहीं की थी। इस शो को करने का मकसद बड़े पैमाने पर दर्शकों से जुड़ना था।

उन्होंने कहा कि मुझे इस बारे में कोई अंदाजा नहीं था कि टीवी की दुनिया कैसे चलती है। अब मैंने सीख लिया है कि टेलीविजन में क्या करना चाहिए और क्या नहीं। यह सीखने का एक शानदार अनुभव रहा है। मैंने इस शो के साथ बहुत अच्छी यादें और दोस्त बनाए हैं।

शो में अपने विभिन्न स्टंट के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि स्टंट शुरू करने से ठीक पहले एक तितली जैसा एहसास होता है लेकिन फिर आपको रोहित सर की आवाज सुनाई देती है कि आप यह कर सकते हैं। यह आपको स्टंट करने के लिए प्रेरणा देता है।

## कोविड संक्रमण का नया वैरिएंट एरिस चिंता का विषय नहीं

**श्रीनगर,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। डॉक्टर्स एसोसिएशन कश्मीर (डीएके) ने गुरुवार को कहा कि कोविड-19 का नया वैरिएंट एरिस चिंता का विषय नहीं है और इसे लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है।

**■ ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, यूरोप व जापान में मामले**

डीएके अध्यक्ष डॉ. निसार उल हसन ने देश के कुछ राज्यों में नए कोविड-19 वेरिएंट एरिस के मामलों की रिपोर्टों के बीच कहा कि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि नया वेरिएंट अधिक गंभीर बीमारी की वजह हो सकती है। उन्होंने कहा कि ईजी.5 जिसे एरिस कहा जाता है, कोविड-19 के ओमिक्रॉन संस्करण का एक लघु संस्करण है। यह ब्रिटेन और अमेरिका में तेजी से फैल रहा है और चीन, यूरोप और जापान में भी इसके मामले सामने आये हैं।

उन्होंने कहा कि वैरिएंट का पहली बार भारत में मई 2023 में पता चला था और तथ्य यह है कि तीन महीने पहले इसका पता चलने के बाद से नए स्ट्रेन की घटनाओं में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है, जिससे स्पष्ट है कि यह चिंता का विषय नहीं है। डॉ. निसार ने कहा कि नये वैरिएंट आते रहेंगे क्योंकि जीनोमिक संरचना में लगातार बदलाव वायरस के प्राकृतिक पाठ्यक्रम का हिस्सा है। यह वायरस की प्रकृति है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने नये वेरिएंट ईजी.5 को मॉनिटर किये गये वेरिएंट की सूची में जोड़ा है लेकिन यह भी कहा गया है कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा है।

## महज 14 महीने तक चली ब्रिटनी स्पीयर्स और सैम असगरी की शादी

**लॉस एंजेलिस,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। हॉलीवुड सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स एक बार फिर से चर्चा में हैं। पॉप स्टार के पति सैम असगरी ने शादी के महज 14 महीने बाद अपने मतभेदों को लेकर तलाक के लिए अर्जी दी है। टीएमजेड की रिपोर्ट के अनुसार सैम ने आरोप लगाया है कि ब्रिटनी स्पीयर्स ने उन्हें धोखा दिया। अलग हो चुके जोड़े ने अधिकांश विवरण गुप्त रखे हैं। लेकिन कथित तौर पर दोनों के बीच भारी झगड़ा हुआ जिसके बाद सैम ने तलाक के लिए फाइल करने का फैसला किया। टीएमजेड ने आगे बताया कि सैम, ब्रिटनी स्पीयर्स के वकील की फीस का भुगतान करने के लिए कह रहा है। लेकिन उनकी फाइलिंग में कहा गया है कि उन्होंने अभी तक संपत्ति, परिसंपत्तियों और दायित्वों का निर्धारण नहीं किया है। शादी के बाद से ही इस जोड़े के बीच कुछ गहरी परेशानी चल रही है। शादी के बाद सैम और ब्रिटनी में कुछ ठीक नहीं था। अक्सर दोनों में झगड़े होते थे, जिसमें चिल्लाना, अपमान करना और मारना भी शामिल है। सैम ने कहा कि 28 जुलाई, 2023 को तलाक हो चुका है। तलाक को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। दोनों सितारों ने अब आगे साथ रहने से इनकार कर दिया है। इस जोड़े की पहली मुलाकात 2016 में गायक के 'स्लंबर पार्टी' संगीत वीडियो के सेट पर हुई थी, जिसके बाद वे बिना किसी स्पॉटलाइट के अपनी केमिस्ट्री को आगे बढ़ाने लगे।



## सहपाठी छात्रों द्वारा पेपर स्प्रे का छिड़काव

### गोवा में 11 लड़कियां अस्पताल में भर्ती

**पणजी,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तरी गोवा के बिचोलिम में एक उच्च माध्यमिक स्कूल की लगभग 11 लड़कियों को गुरुवार को उस समय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जब उनके साथ पढ़ने वाले दो लड़कों ने उन पर पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया।

हालांकि लड़कों द्वारा पेपर स्प्रे का इस्तेमाल करने के पीछे का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि उन्होंने मनोरंजन के लिए ऐसा किया।

बिचोलिम के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और स्कूल प्रबंधन से उनकी आंतरिक समिति द्वारा रिपोर्ट तैयार करने के बाद संस्थान से सीसीटीवी फुटेज जमा करने को कहा है।



**■ साथ पढ़ने वाले दो लड़कों ने उन पर पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया**

पुलिस ने कहा कि जिन छात्रों ने पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया, वे दोनों नाबालिग हैं। इसलिए, स्कूल की आंतरिक समिति घटना की जांच कर रही है। वे एक रिपोर्ट तैयार करेंगे और उन लड़कों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे जिन्होंने लड़कियों पर पेपर स्प्रे छिड़का था। पुलिस के मुताबिक, दोनों लड़कों ने पेपर स्प्रे एक ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म से खरीदा था।

अधिकारी ने कहा कि लगभग 11 छात्राओं को जलन और बेचैनी महसूस हुई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उनमें से कुछ को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

उन्होंने कहा कि इसी तरह की एक घटना पहले भी इस स्कूल में हुई थी और दो लड़कों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

अधिकारी ने कहा कि दोनों घटनाओं के अपराधी अलग-अलग हैं। हम उपाय कर रहे हैं ताकि ऐसे मामले दोबारा न हों।

## 'कावाला' पर थिरके जापानी राजदूत हिरोशी सुजुकी, वीडियो वायरल



**मुंबई,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। इन दिनों रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' का गाना 'कावाला' लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। गाने में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की कातिलाना अदाएं दिख रही हैं। अब, 'कावाला' की फैन लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है। भारत में जापानी राजदूत हिरोशी सुजुकी ने इस गाने पर वीडियो बनाई है।

भारत में जापानी राजदूत हिरोशी सुजुकी ने हाल में अपने एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट पर गाने पर डांस करते हुए एक क्लिप साझा की, जिसमें उन्होंने वही डांस स्टेप्स किए हैं, जो गाने में हैं। उनके डांस में जापानी यूट्यूबर मेयो सैन भी हैं। वीडियो काफी वायरल हो चुका है।

17 सेकेंड लंबे इस वीडियो की शुरुआत मेयो सैन की कोरियोग्राफी से होती है, जिसमें बाद में तमन्ना की तरह डांस करने की कोशिश की जाती है। उन्होंने लिखा, 'जापानी यूट्यूबर मेयो सैन के साथ 'कावाला' डांस वीडियो, रजनीकांत के लिए मेरा प्यार जारी है।'

हिरोशी सुजुकी ने इसमें रजनीकांत की नकल करते हुए चश्मे वाला सीन भी किया। वीडियो को 5,00,000 से अधिक बार देखा जा चुका है और 10,000 से अधिक लाइक मिले हैं।

रजनीकांत-स्टारर 'जेलर' बॉक्स-ऑफिस विजेता के रूप में उभर रही है। फिल्म ने रिलीज के सातवें दिन 210.65 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। फिल्म की दुनिया भर में कमाई 392.20 करोड़ रुपए आंकी गई है।

फिल्म को उत्तर भारत में सनी देओल-स्टारर 'गदर 2' से कुछ प्रतिस्पर्धा मिल रही है, लेकिन रुझानों को देखते हुए यह बॉक्स-ऑफिस पर पूरी तरह से धूम मचाने के लिए तैयार है।

## दस बच्चों के पिता मस्क ने प्रजनन अनुसंधान के लिए 10 मिलियन डॉलर का दिया दान

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिका के टेक्सास में प्रजनन और जनसंख्या अनुसंधान परियोजना के लिए 10 मिलियन डॉलर का दान दिया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार तीन महिलाओं से 10 बच्चों के पिता मस्क 52 वर्षीय तकनीकी अरबपति ने अपनी धर्मार्थ शाखा मस्क फाउंडेशन के माध्यम से ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय में स्थित एक परियोजना, पॉपुलेशन वेलबीइंग इनिशिएटिव (पीडब्ल्यूआई) को पैसा दिया। एक्स मालिक ने हाल ही में दो दिवसीय पीडब्लूआई सम्मेलन को वित्त पोषित किया। ऑस्टिन के जनसंख्या अनुसंधान केंद्र और उसके अर्थशास्त्र विभाग में टेक्सास विश्वविद्यालय के बीच एक संयुक्त कार्यक्रम, पीडब्ल्यूआई की वेबसाइट इसे 'शोधकर्ताओं के एक नेटवर्क' के रूप में वर्णित करती है, जो अर्थशास्त्र, जनसांख्यिकी और सामाजिक कल्याण मूल्यांकन में मूलभूत कार्य करते हैं। मस्क का मानना है कि धन का सीधा संबंध आईक्यू से है और उन्होंने 'अपने जानने वाले सभी अमीर लोगों' से यथासंभव अधिक से अधिक बच्चे पैदा करने का आग्रह किया है।



## आर. बाल्की की 'घूमर' को नई ऊंचाई देता है अभिषेक का दिलचस्प अभिनय

**मुंबई,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। आर. बाल्की की नई फिल्म में अभिषेक बच्चन एक ऐसी भूमिका में हैं जो परंपराओं और अपेक्षाओं के विपरीत है। सैयामी खेर और अंगद बेदी के सपोर्ट के साथ उनका पावरहाउस परफॉर्मेंस के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करता है। 'घूमर' एक महिला क्रिकेटर की असाधारण यात्रा को दर्शाता है, जिसके जीवन में एक अप्रत्याशित दुर्घटना होती है, जिसमें सैयामी का केवल बायां हाथ रह जाता है। वह अपनी जीवन लीला समाप्त करने के बारे में सोचती है, लेकिन तभी अभिषेक का किरदार उनकी जिंदगी में प्रवेश करता है। कोच की भूमिका में अभिषेक की बहुमुखी प्रतिभा उभरकर सामने आई है। सैयामी का ट्रांसफॉर्मेशन शानदार है। अपने चरित्र के व्यक्तित्व के बावजूद, अभिषेक ने कहानी को नई ऊर्जा से भर दिया है, और सैयामी के चरित्र को एक होनहार बल्लेबाज से एक अभिनव स्पिनर बनने में मदद की है।

सैयामी का किरदार आपको हर शॉट और एंगल के साथ दर्द का एहसास कराता है। यह इस बात का भी एक आदर्श उदाहरण है कि कैसे सही धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ सब कुछ संभव है।'घूमर' में अभिषेक का किरदार ऐसा है जो उनकी परफॉर्मेंस को आंखों से बात करने का मौका देता है। एक परेशान शराबी, एक अत्यंत दोषपूर्ण और अपने भीतर के राक्षसों से जूझती पीड़ित आत्मा का उनका चित्रण मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। वह उद्देश्यहीनता की भावना से भी जूझते नजर आते हैं। उनका किरदार एक प्रतिभाशाली गेंदबाज का है जो अपने इतिहास से परेशान है। अभिषेक ने इसे जीवंत कर एक कथात्मक उत्कृष्ट कृति के रूप में प्रस्तुत किया है। जब अभिषेक अपने मोनोलॉग के साथ मंच पर आते हैं तो फिल्म अपने चरम पर पहुंच जाती है। वह अपने पात्र पैडी के जीवन की भूलभुलैया में उतरता है और उसकी दुर्दशा के कारणों को उजागर करता है। इस मौके पर उनका प्रदर्शन अंधेरे और बुद्धि के एक रहस्यमय मिश्रण में बदल जाता है।

जैसे-जैसे फिल्म अपने मनोरंजक चरमोत्कर्ष की ओर बढ़ती है, अभिषेक का चरित्र एक अप्रत्याशित मोड़ लेता है, जो सहजता से एक परिष्कृत कोच के रूप में विकसित होता है। इस विकास के हर सूक्ष्म विवरण को कुशलता से चित्रित किया गया है, और उनका ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व एक प्रामाणिकता के साथ प्रतिध्वनित होता है जिसे नज़रअंदाज़ करना कठिन है। 'घूमर' में अमिताभ बच्चन का विस्तारित कैमियो स्वागत योग्य है जो अभिषेक-सैयामी अभिनीत फिल्म को समृद्ध बनाता है। अपने ट्रेडमार्क गौरव के साथ कहानी में कदम रखते हुए अमिताभ बच्चन एक ऐसा प्रदर्शन करते हैं जो दर्शकों पर छाप छोड़ता है। यह किरदार एक अंतर्दृष्टिपूर्ण टिप्पणी प्रस्तुत करता है जो केंद्रीय विषय का पूरक है। अपने अनूठे करिश्मे के साथ, अमिताभ बच्चन का कैमियो 'घूमर' की भावनात्मक अनुगूंज को बढ़ाता है, जो सिनेमा की दुनिया में उनके स्थायी प्रभाव की याद दिलाता है।



'घूमर' महज एक फिल्म नहीं है, यह एक ऐसी कहानी है जो उस क्षण को कैद कर लेती है। यह फिल्म अभिषेक बच्चन के करियर में एक मील का पत्थर है, जो उनकी प्रतिभा की उल्लेखनीय यात्रा को दर्शाती है। 'घूमर' क्रिकेट की दुनिया का सिर्फ एक सिनेमाई अनुभव नहीं है, यह सैयामी खेर और अंगद बेदी द्वारा समर्थित मानवीय भावनाओं के अज्ञात क्षेत्रों में एक अभियान है।

यह फिल्म 18 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**फ़िल्म - घूमर**
**अवधि - 2 घंटे 15 मिनट**
**निदेशक - आर. बाल्की**
**कलाकार - अभिषेक बच्चन, सैयामी खेर, अंगद बेदी और शबाना आज़मी**

### वैज्ञानिको का हिप्नोथेरेपी पर अध्ययन

# मधुमेह, अस्थमा, गठिया, लकवा का इलाज

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। गुरुग्राम में रहने वाली 25 साल की रीना रोड एक्सिडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक्सिडेंट का उनके मन पर इतना गहरा असर पड़ा कि वह पोस्टट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर की चपेट में आ गईं। दवाओं का भी उन पर ज्यादा असर नहीं हुआ, तो डॉक्टर्स ने उन्हें हिप्नोथेरेपी लेने की सलाह दी। कुछ सेशन के बाद ही उन्हें आराम मिलने लगा। वह PTSD से उबर आईं और घाव भी तेजी से ठीक होने लगे।



योग और आयुर्वेद की तरह ही 'सम्मोहन चिकित्सा' भी भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। लेकिन, गलतफहमियों की वजह से आम लोग हिप्नोथेरेपी के नाम से ही डरने लगे। जबकि, पिछले 250 साल से यूरोप और अमेरिका में इस पर रिसर्च होती रही। मानसिक बीमारियों से लेकर कैंसर और फ्रैक्चर के इलाज से लेकर प्रेग्नेंसी तक में सम्मोहन चिकित्सा काफी कारगर है।

ऑप्टिमस सेंटर फॉर वेलबीइंग, गुरुग्राम की डायरेक्टर और साइकोलॉजिस्ट डॉ. अमिता पुरी बताती हैं कि यह मिथ है कि थेरेपिस्ट किसी व्यक्ति को सम्मोहित करके उसके माइंड पर कंट्रोल कर लेता है और जो चाहे करवा सकता है। हकीकत इसके उलट है। कोई उसे अपने वश में नहीं कर सकता। हिप्नोथेरेपी के दौरान मरीज अपने होशोहवास में रहता है। सम्मोहित होने के बाद भी उसके माइंड पर सिर्फ उसी का कंट्रोल होता है।

आंख बंद करने के बाद 'ट्रांस स्टेट' में होने के बावजूद वह सिर्फ वही बातें बताता है, जो वह अपनी मर्जी से बताना चाहता है। थेरेपिस्ट खुद से कुछ नहीं जान सकता। वह जब चाहे आंखें खोलकर सम्मोहन की अवस्था से बाहर निकल सकता है। इसीलिए सम्मोहन को 'ऑल्टर्ड स्टेट ऑफ कॉन्शसनेस' कहते हैं। अगर कोई सम्मोहित नहीं होना चाहता, तो सम्मोहन चिकित्सा संभव ही नहीं है।

### मानसिक बीमारियों में हिप्नोथेरेपी कारगर

डॉ अमिता ने बताया कि हिप्नोथेरेपी की मदद से कई तरह की मानसिक समस्याओं जैसे एंग्जायटी, स्ट्रेस, डिप्रेशन, फोबिया के साथ ही क्क्रञ्जस्ष्ठ जैसे कई डिसऑर्डर में भी राहत दिलाती है। कुछ लोगों को गुस्सा बहुत आता है, नींद नहीं आती। आत्महत्या के ख्याल आते हैं। ठीक से जॉब नहीं कर पाते। ऐसी सभी मेडिकल और इमोशनल प्रॉब्लम्स में सम्मोहन चिकित्सा का अच्छा असर होता है।

### अवचेतन मन में दबी गुत्थियों को सुलझाने में मदद

कामिनेनी हॉस्पिटल, हैदराबाद में सीनियर न्यूरोसाइकेट्रिस्ट डॉ. गौतमी नागभिरवा कहती हैं कि इलाज शुरू करने से पहले मरीज के मन से सभी शंकाएं मिटा देनी चाहिए। उसके हर सवालों का सही जवाब देना चाहिए, ताकि उसकी झिझक दूर हो और वह थेरेपिस्ट की बात माने। ध्यान और समाधि की तरह ही इसमें भी व्यक्ति रिलैक्स फील करता है, अपने मन पर ध्यान केंद्रित करता है और ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जिसे 'ट्रांस स्टेट' कहते हैं। फिर उसके अवचेतन मन में दबी भावनाओं और विचारों का पता लगाकर उन्हें समझने और सुलझाने की कोशिश की जाती है।

रायपुर, शुक्रवार 18 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नारी सम्मान की न्यायिक शब्दावली

न्यायिक प्रक्रिया के दौरान नारी का सम्मान बनाये रखने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने नई शब्दावली दी है। अनेक ऐसे शब्द जो नारी की गरिमा को गिराने वाले होते हैं, उसकी बजाय शीर्ष अदालत ने सम्मानजनक शब्द दिये हैं। एक हैंडबुक के जरिये सर्वोच्च अदालत ने जो शब्द इस्तेमाल में लेने के लिये कहा है, आशा है कि अब कचहरी पहुंचने वाली महिलाओं को न्याय पाने के लिये अपनी प्रतिष्ठा के साथ समझौता नहीं करना होगा। शादी, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप, यौन उत्पीड़न, प्रताड़ना, सम्पत्ति, विवाद होने पर बच्चों की कस्टडी आदि कई तरह के मुकदमों की सुनवाई के दौरान महिला पक्षकारों का बेहद अपमानजनक भाषावली से सामना होता है जिसके कारण उसके लिये न्याय को भूलकर अपनी प्रतिष्ठा को बचाना प्राथमिकता बन जाता है। पुरुष प्रधान समाज द्वारा रचित महिलाओं की आबरू को तार-तार करने वाले कई शब्द, वाक्य और मुहावरे समाज में खूब प्रचलित हैं। महिलाओं को संबोधित करने वाले ऐसे रुढ़िवादी शब्दों को अदालत की शब्दावली से हटाकर सुप्रीम कोर्ट ने जो नये शब्द दिये हैं, उम्मीद की जानी चाहिये कि वे कचहरी की जिरह और दस्तावेज़ों में ही सीमित न रहकर पूरे समाज में इस्तेमाल होंगे ताकि औरतों को कोर्ट ही नहीं वरन पूरे समाज में अपमानित हुए बिना संबोधित होने का मौका मिले।

हमारे यहां महिलाओं के स्थान के बारे में चाहे जितनी महिमा गाई जाये, सच्चाई यही है कि भारतीय समाज औरतों को वह सम्मान नहीं देता जिसकी आधी आबादी हकदार है। बहुत से देशों का भी यह हाल हो सकता है। यह किसी एक धर्म या वर्ग से जुड़ी महिलाओं की भी बात नहीं है। थोड़े से अंश को छोड़ दिया जाये तो ज्यादातर महिलाएं देश में लैंगिक असमानता का शिकार हैं। फिर वे चाहें निम्न वर्ग की हों या मध्य वर्ग अथवा उच्च वर्ग की। शिक्षा ने कुछ फर्क ज़रूर डाला है पर असलियत यही है कि ज्यादातर महिलाएं अपने वाजिब अधिकारों की तरह ही सम्मान से काफी दूर हैं। पहले पिता या भाई के नियंत्रण में रहती स्त्रियां बाद में पति और अंतत: बुढ़ापे में पति के साथ रहते हुए या विधवा के रूप में पुत्रों पर आश्रित जीवन जीती हैं। उनकी भौतिक ज़रूरतों को लेकर होने वाली दुश्वारियां तो अपनी जगह पर हैं, घर हो या बाहर, वे आजीवन ज़िल्लत भरा जीवन जीती हैं। उन्हें जिन शब्दों से संबोधित किया जाता है वह अक्सर अपमानजनक होता है। घरों के बाहर भी महिलाओं को लेकर कोई बहुत अच्छी भाषा का उपयोग नहीं होता।

जो महिलाएं समाज में प्रचलित भाषा को चुपचाप सुन लेती हैं वे अच्छी मानी जाती हैं क्योंकि यह मानकर ही चला जाता है कि उनका जीवन इसी के लिये बना हुआ है या उनके प्रति ऐसे वाक्यों या शब्दों का प्रयोग गैरवाजिब नहीं है। फिर, यदि औरत न्याय की दहलीज तक पहुंचने वाली हो तो, पुरुष का अहम अधिक आहत होता है। ऐसी औरतों के लिये कटुतर व ज्यादा अपमानजनक शब्द प्रयोग में लाये जाते हैं। ये शब्द लोक व्यवहार से चलकर कानूनी प्रक्रिया में दाखिल हो गये हैं। रुढ़िवादी भाषा महिला को उसके हक की लड़ाई में कमजोर कर देती है। औरतों को अपमानित करने वाला कानूनी दांव-पेंच शब्दों तक सीमित न रहकर महिला के विचारों और पोशाकों तक पहुंच जाता है। बलात्कार से पीड़ित महिला को इंसाफ पाने या दिलाने के लिये 'दामिनी' मूवी की तरह उस पीड़ादायी घटना का सिलसिलेवार वर्णन करना होता है जो बलात्कार से कहीं अधिक दर्दनाक होता है; या फिर 'पिंक' फिल्म की भांति महिला पक्षकार को नाइट पार्टी का आदी साबित कर चरित्रहीन बतलाया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने भारत को सभ्य समाज बनने के रास्ते पर एक और कदम चलाया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तैयार की गई एक हैंडबुक बुधवार को जारी की। इसका उद्देश्य महिलाओं के लिये प्रयोग में लाये जाने वाले शब्दों पर रोक लगाना है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे जजों और वकीलों को लैंगिक रुढ़िवादी शब्दों के इस्तेमाल से बचने में सहायता मिल सकेगी। हैंडबुक में दिये गये शब्द अब से अदालतों में जिरह करने के दौरान और उनके फैसलों में उपयोग में लाये जायेंगे। अनेक ऐसे शब्दों को वर्जित कर महिलाओं के लिये सम्मानजनक जो शब्द इस हैंडबुक में बतलाये गये हैं, उनमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं- अब तक प्रचलित प्रास्टिट्यूट, हूकर या रंडी के स्थान पर 'सेक्स वर्कर', अडल्ट्रेस या अफेयर (व्यभिचारिणी) की बजाय 'शादी से इतर संबंध' तथा हाउस वाइफ के बदले 'होममेकर' शब्द का इस्तेमाल होगा। ऐसे ही, कैरियर वूमन, इंडियन या वेस्टर्न वूमन, पवित्र महिला, स्लट या फूहड़ के स्थान पर केवल 'महिला' शब्द का प्रयोग होगा। बिन ब्याही मां को 'मां' तथा कीप या मिस्ट्रेस को 'गैर मर्द से संबंध' कहना होगा। बाल वेश्या को 'ऐसी बच्ची जिसकी तस्करी की गई', जन्म से लड़का-लड़की के स्थान पर 'जन्म के समय निर्दिष्ट लड़का या लड़की', स्त्रैण (जब अपमान के उद्देश्य से इस्तेमाल में लाया गया हो) के बदले लिंग तटस्थ शब्द जैसे 'आत्मविश्वासी' या 'जिम्मेदार' लफ़्ज़ों का प्रयोग होगा। भड़काऊ कपड़े केवल 'कपड़े' कहे जायेंगे और ये महिला की इच्छा के द्योतक नहीं होंगे। उनकी ना का अर्थ ना ही होगा।

आशा है कि महिलाओं को जो सम्मान शीर्ष अदालत दिलाना चाहता है वह सिर्फ मुकदमों की जिरह, सुनवाई और फैसलों में ही सीमित न रहे। कोर्ट परिसरों के बाहर भी समाज औरतों को वास्तविक सम्मान देगा ताकि हम लैंगिक समानता से युक्त समाज रच सकें। कोर्ट द्वारा दिखाया गया नारी सम्मान का रास्ता आम लोगों को कुछ तो सिखायेगा!

# 2024 के चुनावों को लेकर बड़ी दुविधा में है कांग्रेस

■ हरिहर स्वरूप

पिछले एक वर्ष से राहुल गांधी स्वयं के और अपनी पार्टी कांग्रेस के राजनीतिक पुनरुत्थान का प्रयास कर रहे हैं। इस दिशा में सबसे पहला उल्लेखनीय कार्यक्रम था भारत जोड़ो यात्रा, जिसके पांच महीने के वॉकथॉन के दौरान उन्हें एक साहसी सेनानी की भूमिका निभाते हुए देखा गया। उसके बाद के पांच महीने उन्होंने संसद के बाहर बिताए, जिस दौरान उन्हें राजनीतिक शहीद की भूमिका निभाने का मौका मिला। राहुल गांधी की लोकसभा से अयोग्यता पर रोक लगाने वाले सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से शायद उनकी शहीदी परेड पर रोक लग गई हो। फिर भी, यह निर्णय कांग्रेस के अन्यायपूर्ण दंड के दावे को भी पुष्ट करता है।

इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या से लेकर सोनिया गांधी के त्याग तक, स्पष्ट विचारधारा के अभाव के बावजूद गांधी परिवार की शहादत के आख्यान ने कांग्रेस को एक आवश्यक गोंद प्रदान किया है जिससे कांग्रेस के नेता चिपके रहे हैं।

जो भी हो, 'रीब्रांडिंग राहुल' की यह विशेष पुनरावृत्ति पिछले संस्करण की तुलना में अधिक फलदायी रही है। इसने न केवल कांग्रेस बल्कि बड़े विपक्षी गठबंधन में भी गांधी की केंद्रीय भूमिका को मजबूत करने में मदद की है। कई कांग्रेस समर्थकों का मानना है कि अब तरोताजा गांधी के लिए तीसरा और अंतिम कदम उठाने का मंच तैयार हो गया है, और वह है प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के प्राथमिक चुनौतीकर्ता की भूमिका।

लेकिन इस सवाल पर कांग्रेस अभी भी खुद को मुश्किल में फंसा हुआ पाती है। इसकी 2024 की रणनीति दो परस्पर विरोधी लक्ष्यों से बनी है: व्यापक विपक्षी एकता की उपलब्धि और पूर्व में 'कांग्रेस की राजनीतिक जगह' की पुन: प्राप्ति।

कांग्रेस को अहसास है कि राष्ट्रीय एजेंडे पर जनमत संग्रह के रूप में राष्ट्रपति शैली की 'राहुल बनाम मोदी' प्रतियोगिता, उसके लिए अनुकूल रूप से काम नहीं कर सकती है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में कुल 186 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा की सीधी लड़ाई थी जिसमें से कांग्रेस 171 सीटें हार गई थी। इनमें से अधिकतर सीटें उत्तरी और मध्य भारत में हैं जहां मोदी और गांधी के बीच लोकप्रियता का अंतर अभी भी बहुत बड़ा है।

> **कांग्रेस को अहसास है कि राष्ट्रीय एजेंडे पर जनमत संग्रह के रूप में राष्ट्रपति शैली की 'राहुल बनाम मोदी' प्रतियोगिता, उसके लिए अनुकूल रूप से काम नहीं कर सकती है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में कुल 186 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा की सीधी लड़ाई थी जिसमें से कांग्रेस 171 सीटें हार गई थी। इनमें से अधिकतर सीटें उत्तरी और मध्य भारत में हैं जहां मोदी और गांधी के बीच लोकप्रियता का अंतर अभी भी बहुत बड़ा है।**

उदाहरण स्वरूप मध्य प्रदेश में हाल ही में हुए सी-वोटर सर्वेक्षण से पता चला है कि 57 फीसदी लोगों ने पीएम के लिए अपनी पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में मोदी पर भरोसा जारी रखा है, जबकि इससे कहीं बहुत कम 18फीसदी लोग राहुल के पक्ष में हैं। ऐसी स्थिति ही कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों दोनों को एक राष्ट्रीय चुनाव को राज्य स्तरीय चुनावों की श्रृंखला में बदलते हुए एक शक्तिशाली सत्ताधारी के खिलाफ साझा मंच बनाने की ओर धकेलता है।

यह बहुत संभव है कि कांग्रेस द्वारा गांधी को अपने प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में पेश करने का कोई भी कठोर प्रयास भारत गठबंधन द्वारा शुरू की गई व्यापक विपक्षी एकता के लक्ष्य को, कम से कम, इसके वर्तमान विन्यास में विफल कर देगा। अयोग्यता ने न केवल विपक्षी दलों के बीच एक साझा खतरे की धारणा को बढ़ावा दिया, बल्कि इसने पीएम उम्मीदवार के जटिल मुद्दे को भी आसानी से खत्म कर दिया था, जिससे साथी पीएम पद के दावेदारों अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी और नीतीश कुमार का प्रवेश संभव हो गया था। इस प्रकार, गांधी के संसदीय कॅरियर का स्वागत भारत गठबंधन से जुड़े नाजुक राजनीतिक समीकरणों को जटिल बनाता है।

अपने गठबंधन सहयोगियों की चिंताओं को दूर करने का एक सीधा तरीका राहुल गांधी को विवाद से बाहर करना होगा। फिर भी, प्रधानमंत्री कार्यालय का ऐसा त्याग कांग्रेस की रणनीति के दूसरे लक्ष्य-'कांग्रेस स्पेस' की पुन:प्राप्ति- के लिए हानिकारक हो सकता है।

कांग्रेस स्पेस से हमारा क्या तात्पर्य है? सीधे शब्दों में कहें तो, यदि आप समग्र रूप से भारतीय राजनीतिक स्थान लेते हैं, और हिंदू राष्ट्रवाद, मंडल राजनीति और विशिष्ट उप-राष्ट्रवाद को हटा देते हैं, तो उदारवादी केंद्र-वाम राजनीति का शेष स्थान कांग्रेस स्थान कहा जा सकता है।

पिछले तीन दशकों में कांग्रेस सिकुड़ गई है क्योंकि उसने कई पार्टियों के हाथों अपनी जगह खो दी है। इसमें से कुछ को पुन: प्राप्त करने के लिए कांग्रेस गांधी परिवार की बढ़ती राष्ट्रीय प्रासंगिकता को साधन बनाने की कोशिश कर रही है।

कोई यह तर्क दे सकता है कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में पेश करने से पार्टी को कुछ राज्यों में मदद मिल सकती है जहां उसे इस क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी दावेदारों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री पद के लिए प्रमुख दावेदार के रूप में गांधी पर जोर देने से पंजाब, दिल्ली और तेलंगाना में त्रिकोणीय लड़ाई में कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ सकता है।

द्विध्रुवीय राज्य केरल में, पार्टी पिछले संसदीय चुनावों में वामपंथियों की हार को दोहराने के लिए काफी हद तक गांधी पर निर्भर है। उनके चारों ओर राष्ट्रीय नेतृत्व की आभा संभावित रूप से यूपी और बंगाल जैसे राज्यों में आंशिक रूप से मुसलमानों और दलितों के बीच पारंपरिक रूप से कांग्रेस के आधार की लामबंदी पर प्रभाव डाल सकती है।

ध्यान रहे कि 2009 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में आश्चर्यजनक रूप से 21 लोक सभा सीटें जीती थीं, जो आंशिक रूप से गांधी की स्पष्ट नेतृत्व भूमिका के कारण थी, जिसे एक तरह से 'प्रतीक्षारत पीएम' के रूप में प्रस्तुत किया गया था।

# उठ रही है वृहदनागालिम की मांग

■ आशीष विश्वास

हाल ही में नागा आदिवासियों ने भारत सरकार और पूर्वोत्तर राज्यों को याद दिलाया था कि मणिपुर की समस्याओं का कोई अंतिम समाधान 'वृहदनागालिम' की मांग को संबोधित किये बिना संभव नहीं होगा, जिस पर कोई उल्लेखनीय सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं हुई है।

अधिकांश पूर्वोत्तर-आधारित पर्यवेक्षकों ने कहा कि चूंकि मणिपुर में रहने वाले नागाओं को हमेशा ही गैर-आदिवासी बहुसंख्यक मैतेई लोगों की तरह राज्य का 'मूलनिवासी' माना जाता है, इसलिए यह केवल समय की बात है कि वे अपना रुख स्पष्ट करें क्योंकि एक ताजा जातीय संघर्ष छिड़ गया है, जिसमें इस बार कुकी शामिल हैं।

हिंसा के वर्तमान दौर में सीधे तौर पर शामिल नहीं होने के बावजूद, ज्यादातर ईसाई होने के कारण नागा लोग मणिपुर में व्याप्त स्थिति के कुछ पहलुओं से परेशान थे। कुछ चर्चों और अन्य पूजा स्थलों को जला दिया गया, जिससे समुदाय चिंतित हो गया। नागालैंड मीडिया ने घटनाओं का विस्तृत ब्यौरा दिया और प्रमुख नागा संगठनों ने चर्चों में आग लगाने की निंदा की।

> **अधिकांश पूर्वोत्तर-आधारित पर्यवेक्षकों ने कहा कि चूंकि मणिपुर में रहने वाले नागाओं को हमेशा ही गैर-आदिवासी बहुसंख्यक मैतेई लोगों की तरह राज्य का 'मूलनिवासी' माना जाता है, इसलिए यह केवल समय की बात है कि वे अपना रुख स्पष्ट करें क्योंकि एक ताजा जातीय संघर्ष छिड़ गया है, जिसमें इस बार कुकी शामिल हैं।**

हाल के सप्ताहों में, कुछ पर्यवेक्षकों के अनुसार, कुकी जनजाति और नागाओं के बीच कुछ हद तक सहमति बनती दिख रही है। वृहदनागालैंड की लंबे समय से चली आ रही मांग पर तत्काल सरकारी निर्णय के लिए नागाओं की नवीनीकृत अपील को अब कुकियों ने समर्थन दिया है। यह इस साल 3 मई को भड़की हिंसा के शुरुआती चरण के दौरान कुछ नागा संगठनों द्वारा अपनाये गये पहले के रुख से बदलाव का संकेत देता है।

जैसे-जैसे जातीय हिंसा नियंत्रण से बाहर होती गई, कुकी समुदाय की ओर से मणिपुर के भीतर एक अलग क्षेत्र की जोरदार मांग उठी, जो मैतेई और भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित (भाजपा) राज्य प्रशासन के एक वर्ग द्वारा लक्षित महसूस कर रहा था। ऐसा राज्य विधानसभा में कुकी नेताओं की अच्छी-खासी संख्या के बावजूद है, जो भाजपा के टिकट पर चुने गये थे।

इन नेताओं ने मणिपुर प्रशासन से बेहतर सुरक्षा की मांग करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और अन्य से मिलने के लिए दिल्ली का दौरा किया। उन्होंने कुकी और अन्य आदिवासियों के लिए एक नये क्षेत्र के लिए भी दबाव डाला।

पड़ोसी राज्य मिजोरम में, जहां कई डरे हुए कुकी परिवार सशस्त्र हमलावरों से भाग गये थे, नई कुकी मातृभूमि के आह्वान ने नई गति पकड़ ली। कोई और नहीं बल्कि मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा, जिन्होंने मुश्किल में फंसे बेघर प्रवासियों को आश्रय प्रदान करके कुकी का दिल जीत लिया, ने सार्वजनिक रूप से मणिपुर को तीन अलग-अलग क्षेत्रों में विभाजित करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। इतना बड़ा बदलाव करने का तर्क मैतेई और कुकी, जो, हमार, चिन और नागा जैसी विभिन्न जनजातियों के बीच भविष्य में जातीय शांति और सद्भाव सुनिश्चित करना था।

आश्चर्य की बात नहीं, भारत सरकार और भाजपा नेता बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली मणिपुर राज्य सरकार दोनों ने इस विचार को तुरंत खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री श्री सिंह को पद छोड़ने की मांग भी खारिज कर दी गई। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद कुकी नेताओं के साथ और विभिन्न मंचों पर अपनी बैठकों में प्रस्तावित बदलावों को खारिज कर यिा।

यही वह समय था जब मणिपुर मीडिया के कुछ हिस्सों ने इस मामले पर कुछ नागा नेताओं के विचारों को प्रसारित किया। उन्होंने तर्क दिया कि केवल गैर आदिवासी मैतेई और नागा ही मणिपुर के मूल और सबसे पुराने निवासी थे। जहां तक कुकियों का सवाल है, ऐतिहासिक संदर्भों से पता चलता है कि वे उन्नीसवीं सदी के मध्य या उसके आसपास बर्मा से आये थे। किसी भी अन्य चीज़ से अधिक, यह संदेश पूर्वोत्तर क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में सभी सक्रिय हितधारकों के लिए एक सौम्य अनुस्मारक था, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि किसी भी शीर्ष स्तर के निर्णय लेने की प्रक्रिया में कुकियों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

जब विभिन्न जातियों द्वारा क्षेत्रीय या अन्य दावों से संबंधित मुद्दों को निपटाने की बात आती थी, तो वे मैतेई लोगों की तरह ही अपनी राजनीतिक स्थिति पर जोर देने के लिए उत्सुक थे। जटिल पूर्वोत्तर राजनीतिक परिदृश्य में यह हमेशा एक अति संवेदनशील मुद्दा रहा है।

वृहदनागालैंड मुद्दे पर नागाओं को समर्थन कुकी और हमार से मिला। नागा संगठनों ने अपनी लंबे समय से लंबित मांग पर केंद्र से तत्काल कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के लिए 9 अगस्त को मणिपुर के चार जिलों- चंदेल, तामेंगलांग, उखरुल और सेनापति - में सार्वजनिक रैलियां आयोजित कीं, जहां संख्या के लिहाज से उनकी उपस्थिति महत्वपूर्ण है। भारत के प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन में, उन्होंने 3 अगस्त, 2015 को समुदाय के नेताओं और भारत सरकार के बीच हुए रूपरेखा समझौते के प्रावधानों का उल्लेख किया।

कुकी समुदाय की ओर से, कुकीइनपी मणिपुर (केआईएम) और हमार के लिए हमारइनपुई ने रैलियों के प्रायोजक यूनाईटेड नागा काउंसिल (यूएनसी) के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। बाद के एक बयान में, कुकी नेताओं ने क्षेत्र में विभिन्न जनजातियों द्वारा समय-समय पर उठाई जाने वाली आम शिकायतों पर जोर दिया, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र में भेदभाव, मौलिक और संवैधानिक अधिकारों की हानि और नीति निर्माताओं, प्रशासकों और प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा आदिवासी हितों की उपेक्षा का आरोप लगाया गया।

रिकॉर्ड के लिए, मणिपुर में 3 मई से शुरू हुई जातीय हिंसा में अब तक कम से कम 160 लोग मारे गये हैं। 700 से अधिक लोग घायल हुए और अनुमानित 10,000 लोग विस्थापित हुए क्योंकि भीड़ की हिंसा के कारण सैकड़ों घर, कार्यालय और दुकानें जल गईं।

## पावन प्रसंग

### परिवर्तन से नए अवसर की उत्पत्ति

जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है।

जब जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। इस अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस-आई हैव ए ड्रीम की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था-'यस वी कैन' ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था। जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलत: परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का स्वयं इस बात का साक्ष्य है कि परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई जाए तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था और उसी समय जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था।

**संजीव कुमार**

## आपके पत्र

### एक जिज्ञासा सभी से

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी भवनों पर रोशनी की गई परंतु निजी व्यावसायिक भवनों, दुकानों और आवासों पर अंधेरा छाया रहा। क्या आजादी का उत्सव केवल सरकार के लिए है? क्यों आम नागरिक, विशेषकर दुकानदार अपनी दुकानों पर और निजी व्यापारिक कार्यालयों के संचालक एवं अधिकारी अपने कार्यालय भवनों पर दीपावली की तरह स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर रोशनी नहीं करते? एक जिज्ञासा।

**- एल. एस. हरदेनिया**
**पत्रकार एवं संयोजक राष्ट्रीय सेक्युलर मंच**

### हिमाचल में सदी की सबसे बड़ी त्रासदी, कुदरत का रौद्ररूप

हिमाचल प्रदेश में कुदरत ने कहर ढाया है जिसकी क्षति की पूर्ति करना शायद इसलिए संभव नहीं है कि भवनों, रेलवे लाइन और मन्दिर की क्षतिपूर्ति करना कठिन तो है,फिर भी मुमकिन है, लेकिन लोगों की मौत की क्षतिपूर्ति मनुष्य के हाथ में नहीं है। हर एक व्यक्ति कुदरत के रौद्ररूप से लाचार है। शिमला पर पहाड़ गिरने से मलबे में दबे लोगों की मौत हुई है। महीने भर में बारिश में करीब दो सौ लोग मारे गए हैं। मन्दिर के गर्भगृह में दबे लोगों के लिए बचाव के कार्य युद्ध स्तर से किये गए हैं,लेकिन अभी तक कोई जीवित शायद ही निकल पाए। यह कुदरत की मार है जिसके चलते करीब तीन सौ पर्यटकों के फंसने का अनुमान था। पहाड़ बारिश का कहर नहीं झेल पा रही है। सुखविंदर सुक्खू के लिए मेन्टेन्स करना मुश्किल होता जा रहा है। दस हजार करोड़ का नुकसान सदी की बड़ी त्रासदी बताया गया। उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के मार्ग टूटे हैं तो मन्दिर जाने वाले रूट की रेल पटरी हवा में झूलती नजर आई थी। नीचे से पहाड़ खिसक गया। शिमला और समारहिल पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर पहाड़ दरकने से मलबे की ढेर में समा गया था और मन्दिर के मलबे को करीब एक किमी दूर ले गया है। भूस्खलन की चपेट में आ गया है। तेज बारिश के कारण पहाड़ की गलन बढ़ गई है जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने हालात का जायजा लिया और यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया है। भारी भरकम नुकसान ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। लोगों की जान जाने से स्थिति दयनीय बन गई है। चट्टानों की दरारों से पानी रिसने के कारण नुकसान बढ़ता जा रहा है। देश में शिमला की त्रासदी बहुत ज्यादा है। 12 सौ सड़कें बन्द हैं। 120 साल पुराना ट्रेक बारिश के कारण दहक गया है। इस आफत से बचने के लिए लोगों की हर तरह की मदद दी जा रही है। सरकार की मदद किसी भी हालत से मिलनी चाहिए। जो लोग बेघर हुए हैं ।उनके पुनर्वास की जवाबदेही सरकार की है, लेकिन अभी उनके खाने-पीने और रहने की व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता पर ध्यान देना आवश्यक है। कालका-शिमला ट्रेक पर रेल पटरी हवा में झूलती जा रही है। इस लाइन के रिनोवेशन और फिर से ट्रेन सुचारू रूप से चालू करने करना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## नाइजीरिया के राष्ट्रपति ने नए कैबिनेट सदस्यों की सूची जारी की

**अबुजा।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने लगभग तीन महीने पहले पदभार संभालने के बाद बुधवार को कैबिनेट मंत्रियों की एक सूची जारी की। राष्ट्रपति के प्रवक्ता अजुरी नगेलेले ने यहां मीडिया को बताया कि कैबिनेट को अभी घोषित तारीख पर शपथ दिलाई जाएगी। श्री टीनुबू के सबसे करीबी सलाहकारों में से एक, वेले एडुन को वित्त मंत्री नामित किया गया। अन्य कैबिनेट सदस्यों में विदेश मामलों के मंत्री यूसुफ तुग्गर , रक्षा मंत्री मोहम्मद बदरू अबुबकर और परिवहन मंत्री एडेगबॉयेगा ओयेटोला शामिल है। राष्ट्रपति के राष्ट्रीय एकता और सक्षम सरकार के वादे के अनुसार कैबिनेट में विपक्षी सदस्य भी शामिल है।

# देश विदेश

# अफगानिस्तान में सभी 70 राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध

■ तालिबान ने इन्हें इस्लामिक कानून के खिलाफ बताया ■ कहा, कानून में राजनीतिक पार्टियों का कोई वजूद नहीं

**काबुल,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में तालिबान ने सभी राजनीतिक दलों पर बैन लगा दिया है। तालिबान के मुताबिक, ये शरिया (इस्लामिक) कानून के खिलाफ है।

तालिबान सरकार में मिनिस्टर ऑफ जस्टिस अब्दुल हकीम शरेई ने कहा- मुस्लिमों के लिए बना शरिया कानून ही उनके जीवन का आधार होता है। इस कानून में पॉलिटिकल पार्टीज का कोई वजूद नहीं है। वॉइस ऑफ अमेरिका के मुताबिक, काबुल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जस्टिस मिनिस्टर ने कहा- शरिया में राजनीतिक दलों की कोई जगह नहीं है। इसे देश के हित में नहीं माना जाता है और न ही देश इसे पसंद करता है। तालिबान के सत्ता में आने पर करीब 70 राजनीतिक दलों ने जस्टिस मिनिस्ट्री में रजिस्टर करवाया था। उस वक्त तालिबान ने इन्हें बैन करने के संबंध में कुछ नहीं कहा था।



### *मान्यता की मांग कर रहा तालिबान*

*अफगानिस्तान लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। जुलाई के आखिरी हफ्ते में तालिबान के कार्यकारी रक्षा मंत्री मुल्लाह मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने एक साक्षात्कार में कहा था कि सरकार ने मान्यता हासिल करने के लिए सारी जरूरतों को पूरा किया है।*

### तालिबान की वापसी को 2 साल पूरे

मंगलवार को तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था- हम काबुल पर जीत की दूसरी सालगिरह पर अफगानिस्तान और यहां के लोगों को बधाई देना चाहते हैं। अल्लाह की मदद से ही हम ये जीत हासिल कर सकते हैं। मुजाहिद ने कहा था- अब जब देश में पूरी तरह से सुरक्षा सुनिश्चित की जा चुकी है, हम एक लीडरशिप के नेतृत्व में रह रहे हैं। देश में हर जगह इस्लामिक सिस्टम के आधार पर काम किया जाता है और इसी के हिसाब से फैसले भी लिए जाते हैं।

## लीबिया में त्रिपोली के संघर्ष प्रभावित इलाकों से 300 परिवारों को निकाला



**बेंगाजी,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। लीबिया की राजधानी त्रिपोली में सशस्त्र संघर्ष से प्रभावित इलाकों से लगभग 300 परिवारों को निकाला गया है। लीबिया की राष्ट्रीय एकता सरकार (जीएनयू) के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन चिकित्सा और सहायता केंद्र के प्रवक्ता मलिक मार्सिट ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री मार्सिट ने कहा, आपातकालीन चिकित्सा और सहायता केंद्र ने त्रिपोली के कई इलाकों में झड़पों में फंसे 296 से अधिक परिवारों को निकाला है।

**सहायता केंद्र के प्रवक्ता दी जानकारी**

प्रवक्ता ने कहा कि बुधवार को त्रिपोली में शांति रही एवं झड़प प्रभावित क्षेत्रों में नियमित आवाजाही बहाल हो गई है और दुकानें फिर से संचालित होने लगी हैं। स्थानीय मीडिया ने पहले दिन में रिपोर्ट दी थी कि त्रिपोली में दो दिनों की झड़पों में कुल 55 लोग मारे गए हैं।

### झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 55 पहुंची

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में सोमवार को हुई झड़पों में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 55 हो गयी और 126 घायल हो गये। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों में नागरिक और सुरक्षाकर्मी शामिल हैं, जबकि कई शव अज्ञात हैं।

## सुडोकू 6289

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | 3 | 8 |
| 8 | | | 5 | | | 1 | | |
| | | 1 | | | 3 | 4 | 5 | |
| 6 | | | | | 5 | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 6 | |
| | 8 | | 2 | | | | | 7 |
| | 7 | 2 | 1 | | | 6 | | |
| | | 8 | | | 2 | | | 3 |
| 3 | 6 | | | 4 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 18 अगस्त, 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 15

### राशिफल

मेष -स्वभाव में उग्रता और जिद्दीपन पर संयम रखें। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम के अंत में कम सफलता से निराशा पैदा होगी। संतान के मामले में चिंता पैदा होगी। पेट संबंधी बीमारियों से परेशान होंगे।

वृषभ -आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और अटल मनोबल के साथ कर सकेंगे। पिता या पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। सरकार अथवा उनके साथ के आर्थिक व्यवहार से लाभ होगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

मिथुन -नई योजनाओं को अमल में लाने के लिए शुभ दिन है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों तथा सरकार की तरफ से परिश्रम का खूब अच्छा फल मिलेगा। पड़ोसियों, भाई-बहनों तथा मित्र मंडल के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा।

कर्क -गलतफहमी और नकारात्मक व्यवहार आपके चित्त में ग्लानि का भाव पैदा करेंगे। स्वास्थ्य में विशेषरूप से आंख की तकलीफ होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। काम के संबंध में संतोष की भावना जागेगी।

सिंह -आज किसी भी काम के संबंध में आत्मविश्वास के साथ त्वरित निर्णय ले सकेंगे। पिता तथा बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपके स्वभाव में क्रोध और व्यवहार में उग्रता रहेगी। इस पर अंकुश रखें।

कन्या -आज आपके इगो के कारण तकरार होने की आशंका है। शारीरिक और मानसिक चिंता के साथ आज का दिन व्यतीत होगा। स्वभाव में उत्तेजना से काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ अनबन होगा।

तुला -आपका आज का दिन शुभफलदायक और लाभप्रद है। मित्रों के साथ मिलना-जुलना या पर्यटन का आनंद मिलेगा। परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पुत्र और पत्नी से सुख संतोष का अनुभव होगा।

वृश्चिक -आज गृहस्थजीवन की सार्थकता आपको समझ में आएगी। घर में आनंद उल्लास का वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरा होंगे। व्यापारियों को व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे।

धनु -आज आपको तबीयत का ध्यान रखने की जरुरत है। काम करने में उत्साह उमंग का अभाव रहेगा। मन चिंता में रहेंगे। संतानों की समस्या इसका कारण हो सकती है। व्यवसाय और नौकरी में तकलीफ खड़ी होगी।

मकर -नकारात्मक विचार हावी न होने दें। क्रोध को काबू में रखने से बहुत सी आफतों से बच जाएंगे। भागीदारों के साथ संबंध खराब होगा। अचानक प्रवास करने के संयोग खड़े होंगे। उनके पीछे खर्च करने पड़ेंगे।

कुंभ -आपका आज का दिन प्रसन्नतापूर्वक बीतेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, इस कारण कार्य सफलता में सरलता होगी। स्वभाव में बिंदासपन आपको मन से ताजा रखेगा।

मीन -मन की दृढ़ता और आत्मविश्वास आपका काम सफल बनाएंगे। परिवार में सुख-शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। गुस्से के कारण आपकी वाणी व्यवहार में उग्रता न आए इसका ख्याल रखें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नाइजर में सशस्त्र हमले में 31 लोगों की मौत

**नियामे,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। नाइजर में हाल ही में हुए सशस्त्र बलों द्वारा हमलों में करीब 31 लोग मारे गए। एक्टुनिगर समाचार पोर्टल ने गुरुवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया कि नाइजीरियाई गांवों पर 15 अगस्त को सशस्त्र बलों ने हमला किया था, जिसमें करीब 31 लोग मारे गए।

सभी पीड़ित टिल्लाबेरी के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के नागरिक थे। 26 जुलाई को नाइजर में तख्तापलट हुआ। राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को जनरल अब्दौराहमाने त्चियानी के नेतृत्व में उनके ही गार्ड ने अपदस्थ कर दिया और हिरासत में ले लिया। तख्तापलट के बाद, पंद्रह देशों का एक क्षेत्रीय राजनीतिक और आर्थिक संघ (इकोवास) ने नाइजर की सभी वित्तीय सहायता निलंबित कर दी और विद्रोहियों की संपत्ति जब्त कर ली। इसके अलावा, देश से आने-जाने वाली वाणिज्यिक उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया। अगस्त की शुरुआत में, इकोवास नेताओं ने नाइजीरिया की राजधानी अबूजा में शिखर सम्मेलन के दौरान बज़ौम को बहाल करने के लिए एक अतिरिक्त बल को सक्रिय करने पर सहमति व्यक्त की।

## अमेरिका में हवाई प्रांत के जंगलों में भीषण आग, मरने वालों की संख्या बढ़कर 110 हुई

**हवाई,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में हवाई प्रान्त के जंगलों में लगी भीषण आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 110 तक पहुंची।


प्रांतीय गवर्नर जोश ग्रीन ने कहा कि अमेरिका के इतिहास में जंगलों में आग लगने की यह सबसे भीषण घटना है। श्री ग्रीन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक सौ दस लोगों के मरने की पुष्टि की गई है। हम जंगल की आग पर काबू पाने और लोगों को बचाने के लिए और अधिक आपदा स्थल की तैनात कर रहे हैं। गवर्नर ने ट्वीट किया कि अधिकारियों ने बुधवार तक करीब 910 लोगों को 369 किराए के कमरों में शरण दी है। उन्होंने कहा कि हमारे पास दीर्घकालिक किराये के लिए 700 प्रस्ताव हैं और 13 परिवारों को पहले ही रखा जा चुका है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने बुधवार को कहा था कि राष्ट्रपति जो बिडेन और प्रथम महिला जिल बिडेन क्षेत्र में सबसे भीषण जंगल की आग से बचाए गए लोगों और अधिकारियों से मिलने के लिए 21 अगस्त को माउ के दौरे पर जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हवाई में जंगल की आग शुष्क और गर्म मौसम के कारण लगी। इसके अलावा, यहां तूफानी हवाओं से यह आग और अधिक फैल गयी।



### अमेरिकी राष्ट्रपति माउ का दौरा करेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन हवाई के जंगलों में लगी भीषण आग के मद्देनजर 21 अगस्त को माउ का दौरा करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने बुधवार कहा कि राष्ट्रपति और प्रथम महिला 21 अगस्त को माउ की यात्रा करेंगे और द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग से जीवित बचे लोगों सहित संघीय, राज्य और स्थानीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

## वर्ग पहेली 6289



**बायें से दायें:-**

१. अपने ऊपर बीती घटनाओं का वृत्तांत
३. रणनायक
५. बल्कि, लेकिन. फिर भी
६. कारण, हेतु, उद्देश्य (उर्दू)
७. शर्म, लज्जा
९. सड़ी-गली वस्तुएं आदि की दुर्गंध
१०. मदिरालय
१२. ललक, गहरी इच्छा
१३. उपचार, चिकित्सा (उर्दू)
१४. सुकुमारता (उर्दू)
१५. संग रहने वाला
१८. ज्ञात-मालूम
२०. प्रतिष्ठा, सीमा
२१. रसीला
२३. रुधिरवर्ग (ब्लड ग्रुप)

**ऊपर से नीचे:-**

१. भरोसा देना, विश्वास दिलाना
२. अज्ञानी से ज्ञानभरी बातें करना, मुहावरा है भैंस के आगे...
३. पुल
४. पावन, शुद्ध
५. मौका, समय
८. श्रीकृष्ण
१०. पवित्र (उर्दू)
११. नष्ट, तबाह (उर्दू)
१२. शर्म, हया
१३. वगैरह
१४. घोंसला, रहने की जगह (उर्दू)
१५. ऋणी (उर्दू)
१७. बादल (उर्दू)
१८. तरक्की
१९. भांति, प्रकार
२२. खुदा, ईश्वर (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6288



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## तटरक्षक बल ने समुद्र में फंसे बीमार चीनी नागरिक को सुरक्षित निकाला



**चीनी नागरिक को पड़ गया था दिल का दौरा**

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय तटरक्षक बल ने तत्परता दिखाते हुए बुधवार मध्यरात्रि अरब सागर में एक समुद्री पोत के चालक दल में शामिल बीमार चीनी नागरिक को प्रतिकूल परिस्थितियों में सुरक्षित बचा लिया।

चीनी नागरिक अनुसंधान पोत एमवी डोंग फैंग कॉन टैन नंबर 2 के चालक दल का सदस्य है। जब यह पोत मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर अरब सागर में था तो चीनी नागरिक को दिल का दौरा पड़ गया।

मुंबई में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को जब चालक दल में शामिल यिन वेइगयांग को दिल का दौरा पड़ने की जानकारी मिली तो उसे तत्काल चिकित्सा सहायता देने का निर्णय लिया गया। केन्द्र ने चीन से संयुक्?त अरब अमीरात जा रहे जहाज के साथ तुरंत संवाद कायम किया और आवश्यक टेलीमेडिसिन सलाह प्रदान की। चीनी नागरिक को तत्काल सुरक्षित निकालने के बाद एयरलिफ्ट कर प्राथमिक उपचार दिया गया। बाद में उन्हें समुचित उपचार के लिए जहाज के एजेंट के पास भेज दिया गया। भारतीय तटरक्षक ने इस ऑपरेशन को प्रतिकूल मौसम और अंधेरे में अजाम दिया।

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। ताइवान के उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार लाई चिंग-ते गुरुवार को बीजिंग की पारगमन यात्रा की निंदा के बावजूद पराग्वे से वापस आते समय सैन फ्रांसिस्को पहुंचे। चीन में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ निदेशक लौरा रोसेनबर्गर और अमेरिका में ताइवान के प्रतिनिधि ह्सियाओ बी-खिम ने लाई का स्वागत किया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**चौथी बार चाचा-भतीजे ...**

हैं। वहीं भाजपा ने अपने सबसे बड़े आदिवासी चेहरे राम विचार नेताम की सीट बदल दी है। उन्हें अब बलरामपुर के बजाय रामानुजगंज सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के रिश्तेदार विक्रांत सिंह को खैरागढ़ से टिकट दिया गया है। वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तमाम बड़े नेताओं के नाम पहली सूची से बाहर हैं।

**परिवारवाद की छाया ...**

धुर्वे नारायण सिंह पर भी पार्टी ने दांव लगाया है। भाजपा के दिग्गज नेता दिलीप सिंह भूरिया की बेटी निर्मला भूरिया को पार्टी ने पेटलावद से मैदान में उतारा है। कांग्रेस प्रवक्ता अब्बास हफीज का कहना है कि भाजपा हमेशा परिवारवाद की बात करती है। मगर, उनकी कथनी-करनी अलग-अलग है। यह बात भाजपा की 39 उम्मीदवारों की जारी की गई सूची को देखकर समझी जा सकती है।

## आज का इतिहास

1800-लार्ड वेलेजली के द्वारा कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना।
1868-फ्रांस के खगोलविद पियरे जेनसीन ने हिलियम की खोज की।
1891-कैरेबियाई द्वीप मार्टिनीक्यु में चक्रवाती तूफान से 700 लोगों की मौत।
1936-प्रसिद्ध गीतकार, कवि और फ़िल्म निर्देशक गुलज़ार का जन्म।
1945-स्वतन्त्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस का निधन।
1949-हंगरी ने संविधान अंगीकार किया।
1951-पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना।
1959-भारतीय जनता पार्टी की प्रसिद्ध महिला नेत्री निर्मला सीतारमण का जन्म।
1963-अमेरिका में जेम्स मेरीडिथ मिसिसीपी विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाला पहला अश्वेत व्यक्ति।
1982-सोवियत संघ द्वारा एक महिला अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन सेल्युत-7 के लिए भेजी गई।
1985-भारत की प्रसिद्ध महिला पहलवान गीतिका जाखड़ का जन्म।
1999-तुर्की में भूकम्प से लगभग 45000 लोगों की मौत।
2000-इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर दो दिन में टेस्ट जीतने का इतिहास रचा।
2006-बंगलादेश के पूर्व राष्ट्रपति एच.एम. इरशाद को विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में बरी किया।
2007-विवादास्पद ब्रिटिश गायिका लिली एलेन के अमेरिका में घुसने पर प्रतिबन्ध लगा।

**राहत** *18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए लाई गई योजना*

## बांग्लादेश में यूनिवर्सल पेंशन योजना का शुभारंभ

**ढाका, 17 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए यूनिवर्सल पेंशन योजना का गुरुवार को शुभारंभ किया। सुश्री हसीना ने अपने सरकारी आवास गणभवन में प्रगति, सुरोक्खा, समता और प्रबासी पेंशन योजना की लॉचिंग की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन योजना के तहत चार योजनाओं का आज शुभारंभ किया गया तथा अन्य योजनाएं बाद में लॉन्च की जाएगी।**

उन्होंने कहा, राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की आत्मा यह देखकर प्रसन्न होगी कि उनकी सरकार देश के लोगों को एक सुंदर और बेहतर जीवन देने की कोशिश कर रही है, जिसके लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन योजना का मुख्य लक्ष्य देश के 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को इसके दायरे में लाना है और वे 60 वर्ष की आयु के बाद जीवन भर पेंशन सुविधा का आनंद लेंगे। पेंशन योजना के लिए आयु सीमा प्रारंभ में 50 वर्ष निर्धारित की गई थी जिसे बाद में संशोधित किया गया। 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग भी लगातार 10 वर्षों तक किस्तें चुकाकर पेंशन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। प्रगति योजना निजी नौकरी धारकों के लिए, सुरोक्खा स्व-रोज़गार व्यक्तियों के लिए, समता कम आय वाले लोगों के लिए और प्रबाशी योजना प्रवासी बंगलादेशियों के लिए लागू होगी। ार्यक्रम को वित्त मंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल और बंगलादेश बैंक के गवर्नर अब्दुर रौफ तालुकदार ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव मोहम्मद टोफाजेल हुसैन मिया ने समारोह का संचालन किया।



### बांग्लादेश में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोटों की 18वीं बरसी मनाई

**ढाका।** बांग्लादेश के 63 जिलों में सिलसिलेवार बम विस्फोटों की 18वीं बरसी गुरुवार को मनाई गई। वर्ष 2005 में आज ही के दिन 63 जिलों में 434 स्थानों पर लगभग 500 बम विस्फोट हुए थे। विस्फोट की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस तबाही के पीछे प्रतिबंधित समूह जमात-उल-मुजाहिदीन बंगलादेश (जेएमबी) का हाथ था। पुलिस मुख्यालय के अनुसार बम विस्फोटों के संबंध में देश भर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में लगभग 159 मामले दर्ज किए गए थे। कुल 94 मामलों की सुनवाई पहले ही पूरी हो चुकी है, जिनमें से 334 को अलग-अलग जेल की सजा सुनाई गई।

## दुनिया को जानें

### डॉक्टरों ने महिला के शरीर से 15 किलो से भारी सिस्ट निकाला

**लंदन,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। डॉक्टरों ने ब्रिटेन की एक महिला के पेट से 15 किलोग्राम से अधिक वजन का एक बड़ा सिस्ट निकाला है, जो उसके अनुसार इतना बड़ा था कि वह गर्भवती लग रही थी। न्यूयॉर्क पोस्ट ने बताया कि 26 वर्षीय सियोभान फोस्टर को मार्च 2022 में कष्टदायी पेट दर्द शुरू हुआ। डॉक्टरों को बाद में एक विशाल 40 सेमी (लगभग 15.7 इंच) सिस्ट का पता चला, जिसमें उसके चौड़े लिगामेंट पर, जिसमें अंडाशय, फैलोपियन ट्यूब और गर्भाशय की रक्त वाहिकाएं होती हैं, 16 लीटर तरल पदार्थ था। यह खबर सबसे पहले साउथ वेस्ट न्यूज सर्विस द्वारा रिपोर्ट की गई थी। फोस्टर के हवाले से कहा गया, यह बहुत बड़ा था और मुझे सांस लेने, खाने में दिक्कत हो रही थी। उन्होंने कहा, लोग सोच रहे थे कि वह गर्भवती है। हालांकि, फोस्टर के लिए सर्जरी की राह आसान नहीं थी। प्रक्रिया को 11 महीने के लिए स्थगित कर दिया गया क्योंकि उसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा, देश की सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा प्रणाली द्वारा सिस्ट को हटाने के लिए प्रतीक्षा सूची में रखा गया था। उन 11 महीनों में, फोस्टर का सस्टि एक बच्चे के आकार का हो गया।

# खेल जगत

## सिनसिनाटी मास्टर्स : रयबाकिना, सबालेंका प्री-क्वार्टर में पहुंचे

**सिनसिनाटी ( अमेरिका ),** 17 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियन, नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना ने जेलेना ओस्टापेंको को 6-7(6), 6-2, 6-4 से हराया। पिछले साल की विंबलडन चैंपियन रयबाकिना को बुधवार रात को पिछड़ने के बाद जीत हासिल करने में 2 घंटे और 17 मिनट का समय लगा। 2017 रोलैंड गैरां टाइटलिस्ट जेलेना ओस्टापेंको के साथ आमने-सामने की भिड़ंत में वह 3-2 से आगे हो गईं। क्वार्टरफाइनल स्थान के लिए रयबाकिना का गुरुवार को इटालियन क्वालीफायर जैस्मीन पाओलिनी से मुकाबला होगा। पाओलिनी ने बुधवार को क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-3 से हराया। दूसरी ओर, दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को भी अपने पहले मैच में तीन सेट तक हार का सामना करना पड़ा और उन्होंने नंबर 192 एन ली को 7-5, 2-6, 6-4 से हराकर 2 घंटे और 3 मिनट में बाद बढ़त बना ली।



# आयरलैंड के खिलाफ भारत की निगाहें चोट के बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज बुमराह व प्रसिद्ध पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 17 अगस्त (देशबन्धु)। भारत की निगाहें मालाहाइड(डबलिन) में शुक्रवार को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से शुरू हो रही तीन मैचों की सीरीज में चोट के बाद ऑपरेशन करा फिट होकर वापसी करने वाले कप्तान तेज गेंदबाज और प्रसिद्ध कृष्ण की गेंदबाजी पर रहेंगी। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण के लिए मेजबान आयरलैंड के खिलाफ यह टी-20 सीरीज अपने देश में शुरू हो रहे आईसीसी वनडे विश्व कप से पहले यह साबित करने का मौका है कि वे अब % फिट हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बीते बरस घरेलू सीरीज में सितंबर में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद से भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है। बुमराह न्यूजीलैंड में अपनी पीठ की सर्जरी कराने के बाद के बाद पिछले करीब ढाई महीने से एनसीए में धीमे-धीमे गेंदबाजी की अपनी पूरी लय पाने में जुटे थे। एनसीए में वीवीएस लक्ष्मण खासतौर पर बुमराह की चोट के बाद बतौर गेंदबाज प्रगति से संतुष्ट नजर आए और इसी कारण उन्हें आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया। भारत ने आयरलैंड से बेशक अपने पिछले सभी पांचों टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीते हैं। भारत को मौजूदा टी-20 सीरीज में मेजबान आयरलैंड के खिलाफ अपना वर्चस्व बनाया रखना है तो उसके ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा जैसे नवोदित बल्लेबाजों को कसौटी पर खरा उतरना होगा।

हार्दिक पांडया की अगुआई में भारत ने दीपक हुड्डा के शतक की बदौलत डबलिन के इसी मैदान पर बीते बरस जून में दो टी-20 मैचों की सीरीज का दूसरा व आखिरी मैच मात्र चार रन से जीत सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। भारत को आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग और एंडी बलबिर्नी की सलामी जोड़ी के साथ , हैरी टैक्टर, जॉर्ज डॉकरैल और मार्क एडेयर कर्टिस कैम्फर जैसे बल्लेबाजों से चौकस रहना होगा।भारत के खिलाफ पिछले और आखिरी टी-20 मैच में शतकीय भागीदारी करने वाले स्टर्लिंग और बलबिर्नी की सलामी जोड़ी के लिए चोट के बाद वापसी करने वाले भारत के कप्तान तेज गेंदबाज बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा , अर्शदीप सिंह के साथ शिवम दुबे जैसे तेज गेंदबाजों की चौकड़ी से पार पाना आसान नहीं होगा। साथ ही भारत के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर, लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के साथ तिलक वर्मा अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन और यशस्वी जायसवाल लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी से आयरलैंड के बल्लेबाजों को स्पिन का जाल बुनकर उसमें फसाने का दम रखते हैं।



भारत ने कप्तान बुमराह को छोड़ आयरलैंड के खिलाफ इस तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए दूसरे भी नहीं बल्कि तीसरे दर्जे की टीम उतारी है। बुमराह की अगुआई में भारत ने इस आयरलैंड दौरे के लिए अपनी करीब करीब वही तीसरे दर्जे की टीम चुनी है, जो उन्हें छोड़ अगले महीने हांग्जो (चीन) में सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई में एशियाई खेलों में खेलेगी। भारत की हार्दिक पांड्या की अगुआई में वेस्टइंडीज से उसके घर में पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 2-3 से हारने वाली टीम में सबसे ज्यादा 173 रन बना सीरीज की खोज रहे बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के नवोदित बल्लेबाज तिलक वर्मा और दमदार प्रदर्शन करने वाले यशस्वी जायसवाल के लिए आयरलैंड के खिलाफ यह टी-20 सीरीज अपने ही घर में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी दावेदारी और मजबूत करने का मौका होगा। भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने अपनी टीम की वेस्टइंडीज के हाथों टी-20 सीरीज हारने के बाद इस बात की जरूरत बताई कि टीम को अगले टी-20 विश्व कप के लिए ऑलराउंडरों की ज्यादा जरूरत है। खासतौर पर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट यानी टी 20 में उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ इस टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी करने वाले वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे को आजमाने की पैरवी की है। साथ ही बल्ले के साथ गेंद से भी दो-दो ओवर फेंकने में सक्षम बल्लेबाज को बतौर गेंदबाज ज्यादा तवज्जो देने की बात की थी। भारत की बल्लेबाजी आयरलैंड के खिलाफ ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के साथ आईपीएल में निचले मध्यक्रम में उतर कर धमाल मचाने वाले रिंकू सिंह पर निर्भर करेगी। साथ ही बतौर ऑलराउंडर शिवम दुबे और वाशिंगटन सुंदर से भारत मध्यक्रम में बड़ी पारी की आस करेगा। भारत के बल्लेबाजों को आईपीएल में खेल चुके आयरलैंड के तेज गेंदबाज जोश लिटिल और बॉलिंग ऑलराउंडर मार्क अडेयर ,बेन व्हाइट के साथ स्पिन ऑलराउंडर जॉर्ज डॉकरेल से चौकस रहना होगा।

■ भारत के ऋतुराज,यशस्वी और तिलक जैसे बल्लेबाज कसौटी पर होंगे


■ स्टर्लिंग-बलबर्नी के लिए भारत के बुमराह व प्रसिद्ध से पार पाना आसान नहीं

# दुबई में अपने ऐतिहासिक मेडल का रंग बदलना चाहता हूं : परमजीत

**दुबई,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के शीर्ष पावरलिफ्टर परमजीत कुमार पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। उन्होंने 2021 में कांस्य पदक जीता था और इस बार मेडल में सुधार को लेकर आश्वस्त हैं। परमजीत कुमार को पैरा पावरलिफ्टिंग में पहचान तब मिली, जब उन्होंने 2018 में एशियन पैरा गेम्स में 11 साल के इंतजार को कांस्य पदक के साथ खत्म किया। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय पदक था। इसके तीन साल बाद, उन्होंने त्बिलिसी-2021 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों के 49 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। अब, दुबई विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग-2023 के लिए एक सप्ताह से भी कम समय बचा है। ऐसे में एक बार फिर उनके ऐतिहासिक विश्व पदक की यादें ताजा हो गई हैं। यह मेडल भारत में पैरा-पावरलिफ्टिंग के लिए बहुत बड़ा था, जो पैरालंपिक खेल में तेजी से बढ़ रहा है। विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में यह पहला पदक है। परमजीत के लिए व्यक्तिगत रूप से, यह एक सपने के सच होने जैसा क्षण था।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने परमजीत के हवाले से कहा, वह पदक भारत में कई उभरते पैरा-एथलीटों के लिए एक बड़ी प्रेरणा थी। परमजीत को जिस बात पर गर्व है वह यह है कि कई युवा उनके नक्शेकदम पर चल रहे हैं और प्रमुख प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। उनमें से एक सीमा रानी हैं जो आगामी दुबई-2023 वर्ल्ड कप में महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

परमजीत ने कहा, मुझे खुशी और गर्व है कि मैं किसी को पैरा खेल के लिए प्रेरित कर सका और उसके करियर को आकार देने में भूमिका निभा सका। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। भारत के एकमात्र पैरालंपिक पदक विजेता राजेंद्र सिंह रहेलू काफी समय से पमजीत के कोच हैं। भारतीय पैरा पावरलिफ्टिंग स्टार परमजीत भी हांगझोऊ एशिया खेल में हिस्सा ले रहे हैं और उन्हें पूरा भरोसा है कि वो इस बार अपने मेडल का रंग बदलने में जरूर कामयाब होंगे। परमजीत ने कहा, दुबई हमेशा मेरे लिए अच्छा रहा है। पिछले साल फ़ज़ा 2022 विश्व कप में, मैंने रजत पदक जीता था। इस साल एक और रोमांचक चैंपियनशिप की उम्मीद कर रहा हूं। दुबई में परमजीत 20 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। जिसमें 2010 एशियाई पैरा खेलों के रजत पदक विजेता अनुभवी फरमान बाशा भी शामिल हैं। दुबई 2023 पैरा पावरलिफ्टिंग वर्ल्ड कप में 80 से अधिक देशों के 555 पावरलिफ्टर भाग लेंगे।



## डूरंड कप में दिल्ली के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी चेन्नईयिन एफसी



**गुवाहाटी,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। डूरंड कप 2023 में अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में शुक्रवार को चेन्नईयिन एफसी यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में दिल्ली एफसी के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी।

फारुख चौधरी, रहीम अली और राफेल क्रिवेलारो के गोल की मदद से ओवेन कॉयले की टीम ने त्रिभुवन आर्मी के खिलाफ 3-0 से जीत के साथ टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मरीना मचान्स वर्तमान में छह अंकों के साथ ग्रुप ई तालिका में शीर्ष पर हैं। हालाँकि, डिफेंडर आकाश सांगवान ने कहा कि उनका ध्यान नॉकआउट चरण से पहले अपने आखिरी ग्रुप मैच को जीतने पर है। आकाश ने दिल्ली एफसी के खिलाफ मैच से पहले कहा, हम अपने पिछले मैच से बहुत सारी सकारात्मक बातें लेते हैं। हमने लगातार दो जीतें दर्ज कीं। आगामी संघर्ष के लिए हमारी मानसिकता नहीं बदली है क्योंकि हम जीत के लिए जा रहे हैं। मैं मैच के लिए बहुत उत्साहित हूं। आप जानते हैं कि मैंने दिल्ली एफसी के अधिकांश खिलाड़ियों के साथ खेला है। मैं पहले मिनर्वा का प्रतिनिधित्व करता था। इसलिए मैं सभी पंजाबी लोगों के खिलाफ खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरा उनके साथ बहुत अच्छा रिश्ता है और मैं यह साबित करना चाहता हूं कि हम बेहतर टीम हैं। डूरंड कप के 132वें संस्करण में आईएसएल, आई-लीग और सशस्त्र बलों की कुल 24 टीमें शामिल हैं, जिन्हें चार टीमों के छह समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष टीम और सभी छह समूहों में दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

# पीसीबी ने की भूल सुधार, अपडेटड वीडियो में इमरान शामिल

**लाहौर** 17 अगस्त (एजेंसियां)। क्रिकेट के मैदान पर देश की उपलब्धियों का जश्न मनाने वाले वीडियो से इमरान खान को बाहर रखने पर तीखी प्रतिक्रियाओं के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 1992 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान इमरान खान के फुटेज का एक अपडेटड संस्करण जारी किया है। गुरुवार को अपडेटेड वीडियो को दोबारा जारी करते हुए पीसीबी ने इसे 'मूल संस्करण' बताते हुये कहा कि पहले के वीडियो में समय की कमी के कारण महत्वपूर्ण क्लिप शामिल नहीं गये थे। पीसीबी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नए वीडियो के साथ लिखा पीसीबी ने क्रिकेट विश्वकप 2023 के लिए एक प्रचार अभियान शुरू किया है। एक वीडियो 14 अगस्त 2023 को अपलोड किया गया था। वीडियो संक्षिप्त था और कुछ महत्वपूर्ण क्लिप गायब थे। इसे वीडियो के पूर्ण संस्करण में ठीक कर दिया गया है।



अद्यतन संस्करण में वीडियो में चार भाग जोड़े गए हैं जिनमें इमरान के क्रिकेट के लिये योगदान,1992 में कप्तान के रूप में प्रतिष्ठित ट्रॉफी उठाना, मिस्बाह-उल-हक की टेस्ट गदा जीत, एशिया कप में महिला टीमों की जीत और निदा डार की 100 विकेट की उपलब्धि शामिल है। इससे पहले इमरान की टीम के साथी और 1992 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य वसीम अकरम ने वीडियो में इमरान खान को शामिल नहीं करने के लिए पीसीबी पर हमला बोला था। पीसीबी से वीडियो हटाने और माफी मांगने के लिए कहते हुए अकरम ने 'एक्स' पर लिखा, श्रीलंका पहुंचने के बाद जब मैंने पीसीबी की छोटी क्लिप देखी तो मुझे अपने जीवन का सबसे बड़ा झटका लगा। राजनीतिक मतभेद अलग हैं लेकिन इमरान खान विश्व क्रिकेट के प्रतीक हैं और उन्होंने अपने समय में पाकिस्तान को एक मजबूत इकाई के रूप में विकसित किया और हमें एक रास्ता दिया। पीसीबी को वीडियो हटा देना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए।

क्रिकेटर से नेता बने इमरान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की स्थापना की और 2018 से 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया और हाल ही में उन्हें कथित भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में डाल दिया गया।

## सार संक्षेप

### आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** आइनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया साल के अंत में जी-20 आइनबॉल स्पोर्टस् इंटरनेशनल लीग 2023 की मेजबानी करेगा। आईनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं नौसेना स्टाफ के पूर्व उपप्रमुख वाइस एडमिरल एस एन घोरमडे और फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रताप सिंह ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जी-20 आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग चैंपियनशिप में करीब एक दर्जन देशों के अंतरराष्ट्रीय खेल क्लब हिस्सा ले रहे हैं। आइनबॉल एक उभरता हुआ खेल है जो दुनिया भर में गति पकड़ रहा है, जिसने भारत को इस खेल में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया है।

### 2023 फीबा विश्व कप के लिए तीन महिला रेफरी चयनित

**बर्न।** आगामी 2023 बास्केटबॉल विश्व कप के लिये तीन महिला रेफरियों का चयन कर लिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) ने बुधवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर यह जानकारी साझा की है। फीबा के कार्यक्रम के इतिहास में पहली बार, तीन महिला रेफरी, एमी बोनर, ब्लैंका बर्न्स और जेना रेनेउ को 25 अगस्त को शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए नामांकित किया गया है। सभी पांच क्षेत्रों के कुल 44 रेफरी को मनीला में एक प्री-प्रतियोगिता शिविर के बाद विभिन्न स्थानों पर भेजा जाएगा ताकि उनकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा सके।

### यूरोस्पोर्ट इंडिया ने अफगानिस्तान- पाकिस्तान सीरीज के प्रसारण अधिकार हासिल किए

**मुंबई।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने गुरुवार को अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 22 अगस्त से खेली जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए विशेष प्रसारण अधिकार हासिल करने की घोषणा की है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 22 अगस्त से खेली जाएगी।

# 'धवन को नहीं मिलता श्रेय जिसके वो हकदार'

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2023 के नजदीक होने के साथ ही भारतीय टीम प्रबंधन और चयनकर्ता लाइनअप में शीर्ष सात स्थानों के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के चयन के लिए गहन चर्चा कर रहे हैं। इस साल टीम इंडिया को कई बड़े टूर्नामेंट में भाग लेना है। लेकिन, टीम इंडिया अब तक एक स्टेबल टीम तैयार नहीं कर पाई है। चाहे बात प्लेइंग-11 की हो या कॉम्बिनेशन, हर पैमाने पर भारतीय टीम संघर्ष कर रही है।

सबसे बड़ा सवाल ये है कि कप्तान रोहित शर्मा के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में कौन साझेदारी करेगा। इस रोल के लिए ईशान किशन और शुभमन गिल प्रबल दावेदार हैं। इस बीच भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आगामी एशिया कप 2023 और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप पर अपना दृष्टिकोण साझा किया है।



स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्शन डे शो पर बोलते हुए रवि शास्त्री ने इस बारे में बात की कि एशिया कप 2023 के लिए ईशान किशन बल्लेबाजी क्रम में कहां होंगे और अनुभवी खिलाड़ी शिखर धवन का टीम पर क्या प्रभाव पड़ा है, जो 2019 वर्ल्ड कप में इंजरी के कारण चूक गए थे। टीम के पिछले अनुभवों, विशेषकर 2019 विश्व कप अभियान पर विचार करते हुए, शास्त्री ने अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज द्वारा टीम की संरचना में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

रवि शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स पर एक चर्चा में साफतौर पर कहा कि शिखर धवन को वो सम्मान नहीं मिलता, जिसके शायद वह हकदार रहे हैं। उन्होंने कहा, लोगों ने कभी शिखर धवन को उतना क्रेडिट नहीं दिया, जो उन्हें मिलना चाहिए था। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। जब साल 2019 में हम वर्ल्ड कप सेमीफाइनल हारे तो टीम ने उन्हें बहुत मिस किया। बता दें कि उस वर्ल्ड कप में धवन शुरुआती फेज के बाद चोटिल हो गए थे और उन्हें बाहर होना पड़ा था। शास्त्री ने आगे कहा कि टॉप ऑर्डर में एक बाएं हाथ के बल्लेबाज के होने से आपको मदद मिलती है। जब गेंद स्विंग होती है तो दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए वो अंदर आती है लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए बाहर जाती है और रन बनाने में आसानी होती है।

पिछले महीने, बीसीसीआई ने सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आगामी हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए मुख्य रूप से युवा प्रतिभाओं से बनी एक टीम की घोषणा की। घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप की तैयारियों में व्यस्त पहली पसंद के खिलाड़ियों के साथ, चीन में भारत की दूसरी टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी 37 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज धवन के कंधों पर आने की उम्मीद थी। हालांकि, चयनकर्ताओं ने एशियाई खेलों में टीम की कप्तानी के लिए युवा ऋतुराज गायकवाड़ को चुना। भारत के लिए धवन का आखिरी मैच पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश दौरे के दौरान था।

## एक दशक बाद बांग्लादेश का दौरा करेगी कीवी टीम

**ढाका,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। लगभग एक दशक के लंबे अंतराल के बाद न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम एशियाई देश बांग्लादेश में एक दिवसीय और टेस्ट श्रृखंला खेलने आयेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के बहुप्रतीक्षित दौरे के कार्यक्रम का खुलासा किया है। वर्ष 2013 के बाद यहां आने वाली कीवी टीम तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी। दो चरणों में होने वाला यह दौरा 21 सितंबर को शुरू होगा जिसमें तीनों एकदिवसीय मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे जिसके बाद दोनो टीमें एक दिवसीय विश्व कप में मशगूल हो जायेंगी। दौरे के दूसरे चरण में टेस्ट श्रृंखला नवंबर के अंत में शुरू होगी जिसके आयोजन स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी। 2019 विश्व कप फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड अपने आगामी विश्वकप अभियान की शुरुआत पांच अक्टूबर को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। वहीं बांग्लादेश विश्व कप के सफर की शुरुआत सात अक्टूबर को धर्मशाला के सुरम्य हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।



# चोट के कारण बाहर कप्तान उत्तम की जगह विष्णुकांत जर्मनी में चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भारत के कप्तान

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्कीमर विष्णुकांत सिंह की अगुआई में भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम डसेलडर्फ (जर्मनी) में चार देशों के डसेलडर्फ हॉकी टूर्नामेंट में अपने अभियान का आगाज शुक्रवार को स्पेन की जूनियर टीम के खिलाफ मैच करेगी। नियमित कप्तान उत्तम सिंह प्रशिक्षण शिविर में चोट के चलते जूनियर भारती टीम की कप्तानी के लिए उपलब्ध नहीं थे और इसीलिए कप्तानी विष्णुकांत को सौंपी गई है। बेशक भारत को बतौर स्ट्राइकर उत्तम सिंह की कमी जर्मनी में टूर्नामेंट में अखरेगी लेकिन स्कीमर विष्णुकांत सिंह के रूप में भारत के पास टीम का मार्गदर्शन करने में सक्षम अनुभवी कप्तान है। उत्तम सिंह की कप्तानी में भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को फाइनल में 2-1 से हराकर ओमान में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप जीत कर सीधे क्वालालंपुर में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई किया था।

**हमें जर्मनी में टूर्नामेंट में भी बढ़िया प्रदर्शन जारी रखन का भरोसा : विष्णुकांत**

भारत के की जूनियर हॉकी टीम के कप्तान विष्णुकांत सिंह ने कहा, %हमारे लिए जर्मनी में होने वाला यह टूर्नामेंट जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप से पहेल यूरोप की कुछ श्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेल अनुभव हासिल करने और अपनी प्रगति जारी रखने का मौका है। हमारी टीम में अनुभवी और मजबूत खिलाड़ी हैं। हमें जर्मनी में इस टूर्नामेंट में हाल ही के टूर्नामेंटों की तरह बढ़िया प्रदर्शन जारी रखने का भरोसा है। हमारे लिए इस टूर्नामेंट में सकारात्मक नतीजे हासिल कर आत्मविश्वास पाना अहम है।'



चार देशों के इस हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान जर्मनी, भारत, स्पेन और इंग्लैंड की जूनियर टीमें शिरकत करेंगी। भारत की जूनियर टीम 19 अगस्त के मेजबान जर्मनी से तथा 21 अगस्त को इंग्लैंड से भिड़ेगी। फाइनल 22 अगस्त को खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट मेजबान जर्मनी सहित इस टूर्नामेंट में शिरकत करने वाली चार देशों की जूनियर हॉकी टीमें के लिए खुद को इस साल क्वालालंपुर (मलयेशिया) में 5 से 16 दिसंबर तक खेले जाने एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के लिए तैयारियों का हिस्सा है। भारतीय जूनियर हॉकी टीम साई सेंटर, बेंगलुरू में जून और अगस्त में लगे जूनियर राष्ट्रीय हॉकी शिविर में शिरकत करने के बाद डसेलडर्फ(जर्मनी) पहुंची है।

■ भारत की जू. टीम अपने अभियान का आगाज स्पेन के खिलाफ मैच से करेगी

**ध्यान अपनी योजना को अमली जामा पहनाने पर : सीआर कुमार**

भारत की जूनियर हॉकी टीम के हेड कोच सीआर कुमार ने हा, %स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड की जूनियर टीमें खासी मजबोत हैं और हमने हाल ही में इन टीमों के पिछले कुछ मैचों का बारीकी से विश्लेषण किया है। हमारा ध्यान मुख्य तौर पर अपनी ताकत के मुताबिक खेल कर अपनी योजना को अमली जामा पहनाने पर रहेगा। हमने शिविर में अपनी खामियों को दूर करने पर मेहनत की है। हम अच्छे और सकारात्मक नतीजे हासिल करने के लिए अपनी रणनीति पर काबिज रहेंगे।'

**जर्मनी और स्पेन के खिलाफ हावी रही भारतीय जूनियर हॉकी टीम**

भारतीय जूनियर हॉकी टीम स्पेन के खिलाफ आखिरी बार 2018 में आठ देशों के टूर्नामेंट में उसके खिलाफ उसके घर मैड्रिड में खेली थी जहां स्पेन की जूनियर टीम 3-1 से जती थी, 2016 के बाद भारत और स्पेन की जूनियर टीमें चार बार आमने सामने हुई हैं और इनमें तीन बार भारतीय जूनियर टीम जीती है जबकि स्पेन की टीम मात्र एक बार भारत की जूनियर टीम से पार पा सकी है। वहीं भारतीय टीम मेजबान जर्मनी से 2021 के एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भिड़ी थी और तब उसे 2-4 से हार झलनीपड़ी थी।

## सुडोकू 6289 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 2 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नयी दिल्ली** 17 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# भारत में युवा स्टार्टअप अब सामान्य को बदल रहे हैं : चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने गुरुवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का गुरुत्वाकर्षण केंद्र आखिरकार ओपन सोर्स सिस्टम की ओर बढ़ रहा है और देश में युवा स्टार्टअप अब सामान्य को बदल रहे हैं।

मंत्री ने बेंगलुरु में जी20 डिजिटल इनोवेशन अलायंस शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप की रुचि तीन प्रकार के ट्रेंड्स में है जो नवाचार अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं।

उन्होंने सभा को बताया, तकनीक का गुरुत्वाकर्षण का केंद्र, जो पहले कुछ देशों में ही हुआ करता था और कुछ ही कंपनियों के आसपास केंद्रित था, ओपन सोर्स सिस्टम की ओर बढ़ रहा है और युवा तथा युवा स्टार्टअप सामान्य को बदल रहे हैं।

मंत्री ने कहा, ये रुझान देश में बढ़ते डिजिटलीकरण और तेजी से डिजिटलीकरण की व्यापक प्रवृत्ति का लाभ उठा रहे हैं।



कनीक का गुरुत्वाकर्षण का केंद्र, जो पहले कुछ देशों में ही हुआ करता था और कुछ ही कंपनियों के आसपास केंद्रित था, ओपन सोर्स सिस्टम की ओर बढ़ रहा है और युवा तथा युवा स्टार्टअप सामान्य को बदल रहे हैं :- **राजीव चंद्रशेखर, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी राज्यमंत्री**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 14,903 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को मंजूरी दी थी।

रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फ्यूचरस्किल्स प्राइम कार्यक्रम के तहत 6.25 लाख आईटी पेशेवरों को फिर से कुशल और उन्नत किया जाएगा।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम पहली बार केंद्र द्वारा 2015 में शुरू किया गया था और अब इसके दायरे में, सूचना सुरक्षा और शिक्षा जागरूकता चरण कार्यक्रम के तहत 2.65 लाख लोगों को सूचना सुरक्षा में प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए देश में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की सराहना की, जो विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है।

- 14,903 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को मंजूरी
- डिजिटल इंडिया कार्यक्रम पहली बार केंद्र द्वारा 2015 में शुरू किया था

मोदी ने कहा था, हमारी नीतियां युवा शक्ति को और अधिक ताकत दे रही हैं। उनकी ताकत ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनने में मदद की है। इस साल अप्रैल तक, सरकार द्वारा 98,119 संस्थाओं को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई थी। दरअसल देश में पिछले आठ साल से तेजी से स्टर्टअप बढे हैं। कोरोना काल में जरूर इन पर ब्रेक लग गया था और कई स्टार्टअप बंद भी हो गए थे। लेकिन कोरोना की लहर बीत जाने के बाद स्टार्टअप में फिर से तेजी आना शुरू हो गई है।

# घायल कर्मचारियों को गोदामों में काम करने के लिए मजबूर कर रहा अमेजन : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी पत्रिका वायर्ड की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेज़न गोदामों में स्थित प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक घायल कर्मचारियों को उपचार के बाद काम पर वापस जाने का निर्देश दे रहे हैं, जिससे उन्हें और अधिक चोट लगने का खतरा पैदा होता है। हाल ही में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रशासन (ओएसएचए) की जांच और अमेज़ॅन के ऑन-साइट प्राथमिक चिकित्सा क्लिनिक, जिसे एमकेयर के नाम से जाना जाता है, में काम करने वाले 11 ऑन-साइट मेडिकल रेप्रिजेंटेटिव (ओएमआर) के साथ वायर्ड के साक्षात्कार में एक ऐसी प्रणाली का पता चला जो कर्मचारियों को जोखिम में डाल सकती है। उन्हें उचित चिकित्सा देखभाल के लिए रेफर करने की बजाय काम पर रखने से और अधिक चोट का खतरा हो सकता है।

ओएमआर, आमतौर पर आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन, को कभी-कभी श्रमिकों को गोदामों में उपलब्ध उपचार के लिए भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। नेवादा एमकेयर में काम करने वाले एक ईएमटी (आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन) को यह कहते हुए उद्धृत किया गया, हम जो कुछ भी कर रहे थे वह एक तरह से छद्म चिकित्सा था, जो चिकित्सा होने का दिखावा करने के लिए पर्याप्त था। ईएमटी ने कहा, जब हम



ईएमटी के रूप में एम्बुलेंस में होते हैं, तो पूरा उद्देश्य लोगों को निश्चित देखभाल प्रदान करना होता है। फिर मैं अमेज़ॅन पहुंचता हूं, और ऐसा लगता है, नहीं, हम उन्हें डॉक्टर के पास नहीं ले जा रहे हैं। तो तुम्हें मेरी क्या जरूरत थी मैं वह व्यक्ति हूं जो लोगों को डॉक्टरों के पास ले जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, एमकेयर कर्मचारी चोटों का निदान और उपचार करने के लिए योग्य नहीं हैं। आधिकारिक तौर पर, वे केवल प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करते हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने निष्कर्षों पर विवाद करते हुए कहा कि कंपनी चोटों को छिपाने की कोशिश नहीं करती है। प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, हम जानबूझकर या व्यवस्थित रूप से कर्मचारियों को आवश्यक चिकित्सा देखभाल लेने में देरी या हतोत्साहित करते हैं, गलत है। ओएसएचए ने चिकित्सा कुप्रबंधन के लिए अप्रैल में एजेंसी के 53 साल के इतिहास में अमेज़न को तीसरा पत्र जारी किया।

# व्यापारियों के लिए ड्रोन डिलीवरी सेवा के लिए शिपरॉकेट का स्काई एयर से समझौता

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता शिपरॉकेट ने गुरुवार को ई-कॉमर्स परिदृश्य में क्रांति लाने और भारत में ड्रोन के माध्यम से शिपमेंट वितरण की क्षमता पेश करने के लिए सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) आधारित ड्रोन डिलीवरी समाधान प्रदाता स्काई एयर के साथ समझौते की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, साझेदारी स्काई एयर के स्वायत्त ड्रोन लॉजिस्टिक्स समाधानों की मदद से शहरी यातायात भीड़ के भीतर तेजी से ऑर्डर पूर्ति को सक्षम बनाती है। यह साझेदारी पांच से अधिक ड्रोन के साथ गुड़गांव में शुरू होगी। शिपरॉकेट के सह-संस्थापक और सीईओ साहिल गोयल ने एक बयान में कहा, स्काई एयर के साथ हमारा समझौता उस लक्ष्य को प्राप्त करने और पूरे भारत में भविष्य की प्रगति के लिए ई-कॉमर्स परिदृश्य को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गुरुग्राम में ड्रोन डिलीवरी सेवाओं की शुरुआत करके, हम ई-कॉमर्स के भविष्य को फिर से परिभाषित कर रहे हैं और अपने विक्रेताओं को बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि ड्रोन डिलीवरी सेवाओं की शुरूआत न केवल शिप्रॉकेट विक्रेताओं को उसी दिन और अगले दिन डिलीवरी की पेशकश करने की क्षमता प्रदान करेगी, बल्कि पूरी डिलीवरी प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, इससे यह अधिक कुशल, पर्यावरण-अनुकूल और ग्राहक केंद्रित बन जाएगी।

# भारतीय बाजार में एफआईआई के अधिक पैसा डालने की संभावना कम

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। डॉलर इंडेक्स 103.5 पर और अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड 4.27 प्रतिशत पर होने के कारण, एफआईआई द्वारा जून और जुलाई की तरह भारतीय बाजार में अधिक पैसा डालने की संभावना नहीं है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है।

सूचकांक को देखने के बजाय, निवेशक पूंजीगत सामान, ऑटोमोबाइल और निर्माण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जहां प्रदर्शन अच्छा है। उन्होंने कहा, उच्च गुणवत्ता वाले बैंकिंग स्टॉक



गिरावट पर खरीदारी के अवसर पेश करते हैं।

बाजारों के लिए वैश्विक संकेत लगातार कमजोर बने हुए हैं। वैश्विक शेयर बाजारों पर अब दो नकारात्मक प्रभाव पड़ रहे हैं - एक, यूएस फेड मिनट्स से संकेत मिलता है कि इंफ्लेशन को कंट्रोल करने के लिए एक और रेट हाइक हो सकती है। उन्होंने कहा, कि दूसरी बात ये कि चीनी मैक्रो डेटा से संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है और इसका वैश्विक आर्थिक विकास पर असर पड़ेगा।

इस परिदृश्य में भारतीय बाज़ार के निरंतर आधार पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और दुनिया से अलग होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, हालांकि, तेज सुधार की संभावना नहीं दिखती।


गुरुवार सुबह के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 173 अंक गिरकर 65,366 अंक पर है। आईटीसी में 1.7 फीसदी और पावरग्रिड में 1.2 फीसदी की गिरावट है।

# शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई** 17 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों से वैश्विक बाजार में जारी गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, यूटिलिटीज और कैपिटल गुड्स समेत सोलह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले दिनों को तेजी आज थम गई। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 388.40 अंक लुढ़ककर 65,151.02 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 99.75 अंक की गिरावट लेकर 19,365.25 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 30,390.10 अंक और स्मॉलकैप 0.19 प्रतिशत की तेजी लेकर 35,364.28 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3740 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1834 में लिवाली जबकि 1741 में बिकवाली हुई वहीं 165 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 15 कंपनियां हरे जबकि 34 लाल निशान पर रही वहीं दो के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 16 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.09, ऊर्जा 0.79, एफएमसीजी 0.93, वित्तीय सेवाएं 0.17, हेल्थकेयर 0.26, इंडस्ट्रियल्स 0.31, आईटी 0.34, दूरसंचार 0.08, यूटिलिटीज 1.03, ऑटो 0.13, बैंकिंग 0.17, कैपिटल गुड्स 0.75, धातु 0.25, तेल एवं गैस




0.77, पावर 0.73 और टेक समूह के शेयर 0.38 प्रतिशत लुढ़क गए।

विश्व बाजार में बिकवाली का दबाव रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.29, जर्मनी का डैक्स 0.16, जापान का निक्केई 0.44 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.01 प्रतिशत फिसल गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.43 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 35.57 अंक की गिरावट लेकर 65,503.85 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,535.14 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 65,046.10 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,539.42 अंक की तुलना में 0.59 प्रतिशत लुढ़ककर 65,151.02 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 14 अंक फिसलकर 19,450.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,461.55 अंक के उच्चतम जबकि 19,326.25 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,465.00 अंक के मुकाबले 0.51 प्रतिशत टूटकर 19,365.25 अंक पर रहा।

सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में आईटीसी 2.04, पावर ग्रिड 1.67, रिलायंस 1.44, एलटी 1.40, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.89, टाटा मोटर्स 0.85, एनटीपीसी 0.76, एचडीएफसी बैंक 0.55, इंफोसिस 0.51, आईसीआईसीआई बैंक 0.51, टीसीएस 0.47, मारुति 0.36 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.10 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, टाइटन 2.10, बजाज फिनसर्व 1.19, टेक महिंद्रा 0.43, एक्सिस बैंक 0.35, टाटा स्टील 0.13 और सन फार्मा ने 0.12 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 69 रिंगिट उबलकर 3884 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.03 सेंट की तेजी लेकर 63.84 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गुड़ और चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल = 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4000-4100 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## सार संक्षेप

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक का मुनाफा 143 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र का प्रमुख फिनटेक एयरटेल पेमेंट्स बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध मुनाफे में इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 143 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बैंक ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि उसने एक और तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में पहली बार बैंक का तिमाही राजस्व वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए 400 करोड़ रुपये तक बढ़ गया, जो गत वर्ष की तुलना 41 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए, बैंक का मुनाफा पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 143 फीसदी बढ़ा है। बड़ी संख्या में नए उपयोगकर्ताओं के जुड़ने से ग्राहक जमा राशि बढ़कर 1,922 करोड़ रुपये हो गई। बैंक के पास अब 5.54 करोड़ मासिक लेनदेन करने वाले उपयोगकर्ता हैं। वार्षिक सकल वाणिज्यिक मूल्य (जीएमवी) 2,381 अरब रुपये है और वार्षिक आधार पर 1,600 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुब्रत बिस्वास ने कहा, हमने इस तिमाही के दौरान अपनी विकास यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पहली बार हमारा राजस्व बढ़कर 400 करोड़ रुपये हो गया है। हमारे ब्रांड की विश्वसनीयता और हमारे द्वारा विभिन्न अत्याधुनिक उत्पाद पेशकश, एक अद्वितीय वितरण नेटवर्क और उन्नत तकनीक ने मिलकर हमें अपने विस्तार में तेजी लाने के लिए अनुकूल स्थिति प्रदान की है। हमने जो उल्लेखनीय सफलता हासिल की है वह पेमेंट्स बैंक मॉडल और देश की डिजिटल और वित्तीय समावेशन आवश्यकताओं को पूरा करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करती है।

### स्वतंत्रता दिवस पर टाटा टी प्रीमियम ने 3डी इंटरेक्टिव एनामॉर्फिक अनुभव के साथ 'देश के धागे' अभियान को किया जीवंत

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, टाटा टी के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो के प्रमुख ब्रांड, टाटा टी प्रीमियम ने अपने 'देश के धागे' अभियान के साथ भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत के प्रति श्रद्धापूर्ण भेंट अर्पित की। देश में सबसे बड़े 3डी एनामॉर्फिक आउटडोर एक्टिवेशन में से एक के माध्यम से जीवंत, इस अद्वितीय ऑन-ग्राउंड इंस्टॉलेशन ने 13 से 17 अगस्त, 2023 तक गुरुग्राम के डीएलएफ साइबरहब में टाटा टी प्रीमियम के विशेष संस्करण पैक के माध्यम से प्रदर्शित भारतीय हथकरघा की जीवंत कहानियों को प्रदर्शित किया। लक्ष्य मीडिया ग्रुप के सहयोग से तैयार, इस ने उपभोक्ताओं को भारत की कुछ प्रतिष्ठित हथकरघा बुनाई की कलात्मकता का शानदार अनुभव प्रदान किया। उत्तर प्रदेश के बनारसी सिल्क की भव्यता से लेकर मध्य प्रदेश की पेचीदी चंदेरी तक, पंजाब की जीवंत फुलकारी से लेकर तेलंगाना के उत्कृष्ट पोचमपल्ली तक, हरियाणा की शानदार पंजा दरी से लेकर गुजरात के शानदार पाटन पटोला तक, उपभोक्ता इन्हें देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

# इस साल दशक के निचले स्तर रहेगी स्मार्टफोन की वैश्विक शिपमेंट : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्मार्टफोन शिपमेंट के लिए 2023 एक दशक में सबसे खराब वर्ष हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल छह प्रतिशत की गिरावट के साथ इसके 1.15 अरब इकाई पर रहने की संभावना है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, एशिया सकारात्मक विकास के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक है, क्योंकि प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण साल की शुरुआत में चीन के लिए प्रत्याशित आर्थिक बदलाव रुक गया है, और इस व्यापक क्षेत्र के उभरते बाजारों में तीव्र गिरावट देखी जा रही है।

उत्तरी अमेरिका वैश्विक सुधार पर एक बड़ा दबाव बनाये हुए है। साल की पहली छमाही में वहां निराशाजनक स्थिति के कारण पूरे साल में 10 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि



नौकरियों के बाजार में मजबूती और मुद्रास्फीति में गिरावट के बावजूद, उपभोक्ता अपने उपकरणों को अपग्रेड करने में झिझक रहे हैं, जिससे अमेरिका और वैश्विक स्तर पर रिप्लेसमेंट रेट रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं।

हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रीमियम और अल्ट्रा-प्रीमियम फोनों की बिक्री बढ़ रही है। यह पूरी दुनिया में हो रहा है और ऐप्पल जैसे विक्रेताओं को इसका फायदा हो रहा है जिनकी ज्यादातर बिक्री इसी सिग्मेंट में है। यह वर्ष एक लचीले प्रीमियम बाजार के रूप में एप्पल के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक हो सकता है और अमेरिका में मजबूत प्रदर्शन इसे पहली बार वार्षिक शिपमेंट के मामले में विश्व स्तर पर नंबर एक बनने में मदद कर सकता है।

उत्तरी अमेरिका के अनुसंधान निदेशक जेफ फील्डहैक ने कहा, यह एप्पल के शीर्ष स्थान के सबसे करीब है। हम उस प्रसार के बारे में बात कर रहे हैं जो वस्तुत: कुछ दिनों की बिक्री के बराबर है। यह मानते हुए कि एप्पल को पिछले साल की तरह उत्पादन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ा, इस बिंदु पर यह वास्तव में एक टॉस-अप है। विश्लेषक साल की चौथी तिमाही को दिलचस्पी से देख रहे हैं क्योंकि आईफोन 15 लॉन्च होने वाला है।

फील्डहैक ने कहा, बड़े आईफोन 12 के इंस्टॉल किए गए बेस के साथ प्रोमो आक्रामक होने जा रहे हैं, जिससे एप्पल अच्छी स्थिति में आ जाएगा। चीन के एसोसिएट डायरेक्टर एथन क्यूई ने कहा, चीन में एप्पल अच्छी स्थिति में है क्योंकि प्रीमियम सिग्मेंट में अधिक हिस्सेदारी हासिल करना जारी है।

## भारत के पारंपरिक पीसी बाजार में जून तिमाही में 15.3 प्रतिशत की गिरावट, एचपी सबसे आगे

**नई दिल्ली।** भारत में पारंपरिक पीसी बाजार (डेस्कटॉप, नोटबुक और वर्कस्टेशन) लगातार संघर्ष कर रहा है, क्योंकि जून तिमाही में 3.2 मिलियन यूनिट की बिक्री हुई, जो कि 15.3 फीसदी (साल-दर-साल) की गिरावट है। गुरुवार को जारी एक नई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। अप्रैल-जून की अवधि में सभी उत्पाद श्रेणियों में साल-दर-साल गिरावट आई। आईडीसी के अनुसार, जहां नोटबुक श्रेणी में 18.5 फीसदी की गिरावट आई, वहीं डेस्कटॉप श्रेणी, जो पिछली तिमाही तक विकास पथ पर थी, में भी 7 फीसदी की गिरावट आई। उपभोक्ता और वाणिज्यिक दोनों खंड क्रमश: 17 और 13.8 फीसदी की गिरावट के साथ लाल रंग में थे। एचपी ने 31.1 फीसदी की हिस्सेदारी और उपभोक्ता और वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन के साथ बाजार का नेतृत्व किया। लेनोवो 16.2 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही, लेकिन सालाना आधार पर इसमें 30.2 फीसदी की गिरावट आई। डेल टेक्नोलॉजीज 15.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर थी। साल-दर-साल दोहरे अंकों में गिरावट के बावजूद भारत के उपभोक्ता पीसी सेगमेंट ने तिमाही-दर-तिमाही मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की। आईडीसी इंडिया के वरिष्ठ बाजार विश्लेषक भरत शेनॉय ने कहा, पीसी विक्रेताओं ने सफलतापूर्वक कॉलेज अभियान चलाया और उन्हें अच्छा आकर्षण मिला। उनके ई-टेल चैनलों के बेहतर प्रदर्शन ने उपभोक्ता वर्ग को बहुत जरूरी राहत प्रदान की है। शिक्षा और सरकारी खंड ने पीसी बाजार को आगे बढ़ाना जारी रखा।

# पर्यटकों ने किया वन रक्षक पर बीयर की बोतल से जान लेवा हमला, सिर में लगे 14 टांके

■ पुलिस ने शिनाख्त कर 5 आरोपी को किया गिरफ्तार

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के आसपास गांव से बुधवार को तुरतुरिया पहुँचे पर्यटकों ने शराब के नशे में वन रक्षक विकास बुडेक से जबरदस्त मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसमें कसडोल पुलिस ने वनकर्मी की शिकायत पर तत्काल एक्शन लेते हुये शिनाख्त कर घेराबंदी करते हुये 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम 7 बजे के आसपास तुरतुरिया पहुँचे बलौदाबाजार के कुछ युवकों द्वारा तुरतुरिया में वन विभाग के द्वारा रामवन गमन पथ अंतर्गत टीआईसी का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार का एक मिस्त्री काम कर रहा था जिससे युवकों द्वारा उक्त मिस्त्री से माचिस मांगने लगे। जिसमे ठेकेदार के कर्मचारी ने माचिस नही होने की बात कही। साथ ही कहा कि उसके द्वारा नशा नही किया जाता इसलिए उसके पास माचिस नही है, इसके बाद मनचले युवक नशे में ठेकेदार के कर्मचारी के साथ मारपीट प्रारंभ कर दिया इसी बीच तुरतुरिया बैरियर में ड्यूटी में तैनात वनकर्मी विकास बुडेक गाली गलौच और मारपीट को सुनकर जब घटना स्थल में पहुँचकर समझाने लगे, तभी शराब के नशे में मदहोश युवक ने बियर की बोतल से अचानक विकास के सिर में ताबड़ तोड़ हमला कर दिया। जिससे वनकर्मी वही बेहोस हो गया। इधर मारपीट के बाद मिस्त्री ने नेटवर्क में पहुँचकर ठाकुरदीया सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जय किशन यादव को सूचना दी जिसके बाद डिप्टी रेंजर मौके पर पहुँचकर तत्काल विकास को कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल लाया गया। जहाँ डॉक्टर ने तुरंत उपचार कर सर में गंभीर चोट होने के कारण 14 टाके लगाये गए, इसके बाद सुबह अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इधर वन विभाग की रिपोर्ट पर कसडोल पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। साथ ही कसडोल पुलिस भी तत्काल तत्परता दिखाते हुये कुल 9 आरोपियों को पकड़कर कसडोल थाना लाया गया जहाँ आरोपियों को पीड़ित के समक्ष शिनाख्त कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



यह हुये गिरफ्तार- पीड़ित वनकर्मी विकास बूढ़ेक कि रिपोर्ट पर कसडोल पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर संदेह के आधार पर 9 लोगो को हिरासत मे लिया गया। थाना प्रभारी लखेश केवट ने बताया कि 9 संदेही मे से 5 लोगो की शिनाख्तती भी की जा चुकी है। जिसमे विजय टंडन पिता दीपक टंडन 23 वर्ष, हरीश चंद बांधे पिता पीलू राम 35 वर्ष, समारु बांधे पिता तिजू राम 23 वर्ष, सरदार महबूब पिता शेख अब्दुल 45 एवं संतोष खैरवार पिता शिव कुमार है, सभी बलौदाबाजार के निवासी है इनके विरुद्ध अपराध क्र 454/23 मे धारा 294, 506, 323, 146, 48, 49, 353, 332, 186 भा द वि लगाकर, विवेचना की जा रही हैं। तुरतुरिया बना शराबखोरी का अड्डा- जिले सहित प्रदेशभर में तुरतुरिया माता गढ़ का नाम पर्यटन में शामिल हो चुका है। जिसपर लोगों की आस्था समाहित है, साथ ही लोग आने मन्नत लेकर मतगढ़ तुरतुरिया पहुँचते है, लेकिन अब यह जगह शराब खोरी का अड्डा बनता जा रहा है, लगातार लोग यहाँ पिकनिक मनाने तो आते है लेकिन यहाँ लोग शराब के नशे में मदहोश होकर पवित्र धाम को कलंकित कर रहे है, लगातार लोग यहाँ शराब खोरी कर आएदिन मारपीट करते है, जिससे अब यहाँ लोग आने से भी कतरा रहें है, लगातार उक्त स्थल में शराब खोरी की बात सामने आ रही है, क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शासन से इस ओर पवित्र धाम में शराब पीने में पाबंदी लगाने की मांग की है। जिससे लगातार हो रही दुर्घटना सहित मारपीट में लगाम लगाई जा सकें।

इनका कहना है- पीड़ित की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर शिनाख्त के आधार पर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। विवेचना जारी है-लकेश केवट, थाना प्रभारी, कसडोल।

# परिवहन विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने दिया जा रहा वाहन के मूल्य का 10 प्रतिशत सब्सिडी

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के इलेक्ट्रिक पॉलिसी की वजह से राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में उतरोत्तर वृद्धि दर्ज हो रही है। परिवहन विभाग के अंतर्गत राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 के बाद अब तक 71 हजार 736 इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हो चुके हैं।

इस संबंध में परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप हर संभव पहल की जा रही है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति जो इलेक्ट्रिक व्हीकल ख़रीदता है, वह राज्य शासन से सब्सिडी प्राप्त कर सकता है। इसके लिए वाहन विक्रेता डीलर को अपना अकाउंट नंबर और आईएफएस कोड देना होगा। वाहन के मूल्य का 10 प्रतिशत जो अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक हो सकता है, इलेक्ट्रिक वाहन क्रेता के खाते में परिवहन विभाग द्वारा सीधे हस्तांतरित किए जाएंगे।



■ राज्य में अब तक 71736 इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हो चुके हैं

परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में राज्य में अब तक 71 हजार 736 इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत किए जा चुके हैं। इनमें परिवहन कार्यालय अंतर्गत रायपुर में 27 हजार 110, दुर्ग में 8 हजार 272, बिलासपुर में 7 हजार 438, अंबिकापुर में 4 हजार 302, राजनांदगांव में 3 हजार 461, कोरबा में 3 हजार 311, रायगढ़ में 3 हजार 243, बलौदाबाजार में 2 हजार 415 तथा जांजगीर-चांपा 2 हजार 367 वाहन मालिक इलेक्ट्रिक पॉलिसी से लाभान्वित हो चुके हैं। इसी तरह सूरजपुर में एक हजार 86, धमतरी में एक हजार 40, महासमुन्द में एक हजार 4, जगदलपुर में 782, बैकुण्ठपुर में 680, जशपुर मे 634, मुंगेली में 627, कवर्धा में 603, बलोद में 596 तथा बेमेतरा में 517 वाहन मालिक इलेक्ट्रिक पॉलिसी से लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा दंतेवाड़ा में 500, कांकेर में 429, कोण्डागांव में 330, बलरामपुर में 279, गरियाबंद 213, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 170, बीजापुर में 134, नारायणपुर में 97 तथा सुकमा में 96 वाहन मालिकों ने इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी कर इलेक्ट्रिक पॉलिसी से लाभान्वित हो चुके हैं।

# गोबर, बांस और मोती से बने आकर्षक राखियों से सजेगी भाईयों की कलाईयां

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी 30 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर गरियाबंद जिले के स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर, बांस और मोती से निर्मित आकर्षक इको फ्रेंडली राखियां भाइयों की कलाईयों पर सजेगी। इसके लिए समूह की महिलाओं द्वारा जोर-शोर से राखियों के निर्माण लगी हुई है। राखियां निर्माण में जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से मदद की जा रही है। ताकि उन्हें त्यौहार के सीजन में बाजार की उपलब्धता करा सके।

गरियाबंद जिला प्रशासन की अधिकारियों ने चर्चा के दौरान बताया कि पैरी बंधन के तहत व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिले की 13 महिला समूहों के द्वारा बांस की कलात्मक राखियां, गोबर, मोती, रत्नजड़ित राखियों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों में बड़े एवं बच्चों की कलात्मक पैरी राखियां का विविध कलाकृतियों के माध्यम से व्यापक स्तर पर समूह द्वारा सुंदर, आकर्षक व पर्यावरण सुरक्षित राखियों का निर्माण किया जा रहा है। समूह की महिलाओं द्वारा अब तक 7000 राखी का निर्माण किया जा चुका है। 2,235 राखियाँ विक्रय कर 26 हजार 285 रूपये आय प्राप्त कर चुका है।



■ गरियाबंद जिले की महिला समूहों को आकर्षक राखी निर्माण से मिली एक नई पहचान

समूह की दीदियां द्वारा राखी तैयार करने में अनाज, धान, चावल, दालों के अलावा कुमकुम, मौली धागा का उपयोग किया जा रहा है। समूह की दीदियों द्वारा बड़े पैमाने पर रत्नजड़ित मोती, गोबर, बांस से भी राखी बनाई जा रही है। इन राखियों की गरियाबंद सहित पद्रेश के अन्य जिलों में भी काफी मांग है। दीदियों ने इस साल लगभग 40 हजार राखियां तैयार करने का लक्ष्य रखा है। रक्षाबंधन के बाद भाई चाहें तो बीजों से बनी राखियों को गमले में लगा सकते है। इन बीजों से निकलने वाले पौधे लंबे समय तक भाई बहन के स्नेह के प्रतीक के रूप में दिखते रहेंगे। महिला स्व-सहायता समूहों को राखी तैयार करने से लेकर बाजार उपलब्ध कराने तक में जिला प्रशासन मदद कर रहा है। इन इको फ्रेंडली राखियों की कीमत 30 रूपये से लेकर 250 रूपये तक है।

बंधन नेह का, बहनों के स्नेह का, पुनीत बंधन, बढ़ेगा गौधन, आओ बच्चों बांधे, पैरी का पवित्र रक्षा सूत्र, बच्चों का हाथ, पैरी बन्धन के साथ, मोतियों से बंधा, पैरी का अटूट बंधन, रत्नों से जड़ा, पैरी का अटूट बंधन जैसे स्लोगन के साथ इस पैरी बंधन अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। इन समस्त राखियों के विक्रय हेतु सी-मार्ट, जिला गरियाबंद को विक्रय केन्द्र बनाया गया है।

# शिक्षक हटाने की मांग को लेकर छात्रों ने की जमकर नारेबाजी, बंद किया स्कूल का मुख्य द्वार

**कोण्डागांव** 17 अगस्त (देषबन्धु)। स्कूल में पदस्थ कुछ नाकारा शिक्षकों से नाराज विद्यार्थियों के द्वारा शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं होने पर अपनी नाराजगी को जाहिर करने तथा षासन-प्रषासन का ध्यान इस अहम मुद्दे की ओर आकर्शित करने के लिए अनोखा रास्ता अख्तियार करते हुए 17 अगस्त 2023 को स्कूल के मुख्य द्वार को बंद कर दिया और स्कूल में पदस्थ कुछ नाकारा शिक्षकों को हटाने सम्बन्धी नारे लगाने लगे। सुचना मिलते ही कव्हरेज करने के लिए पहुंचे प्रेस प्रतिनिधि।

स्कूल नहीं आने वाले षिक्षकों व उनके द्वारा किए जाने व्यवहार से नाराज शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल सम्बलपुर जिला कोण्डागांव के विद्यार्थियों ने ऐसे षिक्षकों को स्कूल से बाहर करने की मांग करते हुए 17 अगस्त को विरोध प्रदर्शन करते हुए स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और नारेबाजी करते रहे। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं ने कहा कि स्कूल में पढ़ाई तो लगभग ठीक ही चल रहा है। लेकिन यहाॅ कुछ टीचर ऐसे हैं जिनकी शिकायत उच्चधिकारियों से करते हैं, तो हम पर ही नाराज होते हुए हमें व हमारे पालकों पर दबाव बनाते हैं, जिससे हम मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। ऐसे षिक्षकों को स्कूल से बाहर किया जाना चाहिए जो विद्यार्थियों से भेदभाव की भावना रखते हैं। प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं ने कहा कि हमने इससे पहले भी कलेक्टर व डीईओ से अपनी शिकायत की है, लेकिन कोई परिणाम निकलता नहीं दिख रहा है। वहीं हमारे शिकायत के संबंध में जांच करने आई टीम के जाने के बाद हम विद्यार्थियों पर ही दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसका ही विरोध करते हुए आज हमें प्रदर्शन करने सड़क पर उतरना पड़ा है।



**पीटीआई रहते हैं स्कूल से नदारद**

प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने बताया कि यहाॅ पदस्थ पीटीआई स्कूल आते ही नहीं हैं। वहीं वे यहां कई वर्षों से पदस्थ हैं, लेकिन आजतक स्कूल के किसी भी छात्र-छात्राओं को वे खेलकूद नहीं करवाते हैं। वहीं जब स्पर्धाएं होती हैं, तो वे एक स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों की छटनी भी अपनी मर्जी से करके सीधे स्पर्धाओं में शामिल कर देते हैं, जिसके चलते हममें खेल प्रतिभा होने के बावजूद भी हम स्पर्धाओं में अच्छे पोजिशन नहीं ला पाते हैं। यहां पदस्थ एक प्यून व लिपिक के द्वारा भी हमें परेशान किया जाता है, जिसकी शिकायत हमने पहले ही विभागीय अधिकारियों को किया है। हमें ऐसे शिक्षक व कर्मचारी स्कूल में नहीं चाहिए जो विद्यार्थियों के हित में न सोचें और जबरिया परेशान करते हुए प्रताड़ित करें।

**सूचना पाकर पहुंचे बीईओ व सहा.संचालक**

मामले की सूचना मिलने के तकरीबन एक घंटे के बाद सहायक संचालक श्री तारम, बीईओ मनोज दुबे सहित दो अन्य विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे और अपनी मांगों के समर्थन में वे नारेबाजी करते रहे। लेकिन मौके पर पहुंचे अधिकारियों व एसएमबीसी सदस्यों की समझाईश के कुछ देर बाद वे स्कूल के हाल में बैठकर बात करने को राजी हुए और मुख्य द्वार पर लगाए गए ताले को खोला। इसके बाद सभी की बीच विद्यार्थियों ने एक-एककर अपनी बातें रखी।

मनोज दुबे बीईओ ने कहा कि संकूल समन्वयक व प्राचार्य से हमें प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिली और बच्चों से बैठकर चर्चा किया गया। जिसमें पीटीआई व एक-दो अन्य मामलों को लेकर बातें सामने आई है, जिसकी रिर्पोट तैयार कर उच्चधिकारियों को सौंपी जाएगी।

# मवेशी छोड़ने जंगल जा रहे अज्ञात लोगों ने पीटा अतरिया के ग्रामीणों को



**खैरागढ़,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जंगल में मवेशी छोड़ने जा रहे बाजार अतरिया के दर्जन भर से अधिक ग्रामीण मारपीट व लूटपाट के शिकार हो गये है। जानकारी अनुसार बाजार अतरिया में 150 से अधिक लावारिश मवेशी खेतों का फसल खराब कर रहे थे जिन्हें जंगल में चारवाहे के पास छोड़ने गांव में बैठक आयोजित कर सहमति बनाई गई और पुलिस प्रशासन, एसडीएम व जनपद पंचायत सीईओ से परमिशन लेकर रविवार 13 अगस्त को गांव वालों ने सभी लावारिस मवेशियों को छोड़न छुईखदान के आगे बिरुटोला व हटबजा के बीच पहुंचते ही 30-40 की संख्या में पहुंचे लोगों ने बाजार अतरिया के ग्रामीणों को लाठी डंडे से पीटने लगे वहाँ लूटपाट भी करने लगे, मारपीट से कई लोगों का सिर फट गया। शाम तक यहीं मजमा चलता रहा जिसके बाद मवेशियों को वापस गांव ले जाने दबाव बनाया गया। ग्रामीणों को परेशानी न हो इसलिये पुलिस सुरक्षा लिया गया लेकिन कुछ देर बाद पुलिस वापस भी हो गई। जैसे तैसे ग्रामीणों ने रात 11 बजे तक सभी मवेशियों को वापस गांव ला लिया पुलिस व अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में निर्णय लिया गया 14 अगस्त को घटना से

■ 20 हजार रुपये व मोबाइल सहित अन्य सामान लूटे

परेशान बाजार अतरिया के ग्रामीणों व पंचायत सहित व्यापारी संघ द्वारा बंद का आव्हान किया गया जिसके बाद चेतावनी दी है। सुबह से लेकर शाम तक बाजार अतरिया बंद रहा। मामले की जानकारी विधायक, एसडीएम व थाना प्रभारी को दे दी गई थी वहीं ग्रामीणों द्वारा बैठक बुलाकर मामले के निराकरण के लिये अधिकारियों को जानकारी भी दी गई जिसके बाद एसडीओपी तहसीलदार, टीआई व एसआई की मौजूदगी में आवारा मवेशी को 13 अगस्त को मवेशी ले जाने का आदेश होने के बावजूद अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट की गई जिसको कड़ी निंदा करते हुये छुईखदान पुलिस को कार्य प्रणाली से नाराज ग्रामीणों द्वारा बाजार अतरिया में चंद का आव्हान किया गया था जिसका संपूर्ण समर्थन मिला, आरोपियों पर कार्यवाही कराने बैठक भी लिया खैरागढ़ पुलिस प्रशासन द्वारा पीड़ित लोगों का मेडिकल कर खैरवान सरपंच का पहचान करते हुये उसके नाम पर एफआईआर दर्ज किया गया लेकिन 24 घंटे से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से कार्यवाही नहीं की गई। मवेशियों का उचित व्यवस्था बनाने खेरागढ़ एवं छुईखदान थाना से पेट्रोलिंग गाड़ी की सुरक्षा में देवरचा जंगल छोड़ने निर्णय लिया गया वहीं अधिकारियों द्वारा मारपीट करने या जिसके बाद पर उचित कार्यवाही करने एवं लूटपाट की सामग्री को वापस दिलाने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने दो-तीन दिन में मामले का निराकरण तथा मारपीट करने वाले आरोपियों पर कारवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तीसरे चरण की शुरूआत आज से

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तीसरे चरण की शुरूआत 18 अगस्त से विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता से होगी। यह स्पर्धा दूसरे चरण में आयोजित जोन स्तरीय विजेता प्रतिभागियों एवं दलों के मध्य होगी। प्रतियोगिता का समापन 23 अगस्त को होगा। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक एवं दूसरे चरण में जोन स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक किया गया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की गई। प्रथम छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को अभूतपूर्व लोकप्रियता मिली थी और गांवों से लेकर शहरों तक बूढ़े, बच्चों एवं महिलाओं ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। अभी चल रहे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को लेकर लोगों में भारी उत्साह है।



■ 23 अगस्त तक चलेगी प्रतियोगिता
■ विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर होगी प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तीसरे चरण की स्पर्धा में ग्रामीण क्षेत्रों के जोन स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी एवं दल विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में एवं नगरीय क्षेत्रों के जोन स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी एवं दल नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। नगरीय स्तर की प्रतियोगिता में जिन जिलों में नगर निगम हैं, वहां यह प्रतियोगिता नगर निगम मुख्यालय पर नगरीय क्लस्टर स्तर पर होगी, जो कि विकासखंड स्तर के समतुल्य मानी जाएगी। जिले के सभी नगर पंचायतों तथा नगर पालिका क्षेत्र के जोन स्तर के विजेता सम्मिलित रूप से वर्चुअल नगर निगम क्षेत्र में समाहित मानते हुए किसी उपयुक्त नगरीय निकाय में आयोजित वर्चुअल नगर पालिक निगम में निगम स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

राजीव युवा मितान क्लब स्तर, जोन स्तर एवं विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर प्रतियोगिता होने के बाद चौथे चरण में जिला स्तर पर इसका आयोजन 27 अगस्त से 04 सितंबर तक, पांचवे चरण में संभाग स्तर पर 10 सितंबर से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर स्पर्धाएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

# सातवे वेतनमान पर अब निगम कर्मियों को 9 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता

**भिलाई नगर** 17 अगस्त (देशबंधु)। नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारियों को हर माह 3 से 4 हजार का फायदा मिलेगा। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने कर्मचारियों को 9 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता देने के आदेश दिए है। रिसाली निगम में यह आदेश अगस्त से लागू होगा।

उल्लेखनिय है कि पूर्व में निगम कर्मियों को छटवे वेतमान के पहले से 10 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता मिल रहा था। शासन का नया आदेश आते ही निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने अगस्त 2023 से कर्मचारियों को सातवे वेतनमान पर 9 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता देने का आदेश जारी किया है। बढ़े हुए गृह भाड़ा भत्ता दिए जाने पर निगम कर्मियों में हर्ष का माहौल है।



**डीए भी 42 प्रतिशत**

नए आदेश जारी होते ही कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष गोपाल सिन्हा ने आयुक्त से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने संगठन की ओर से आयुक्त का आभार व्यक्त किया। संगठन के अध्यक्ष गोपाल सिन्हा ने कहा कि नियमित वेतन के साथ कर्मचारी अधिकारियों को बढ़ा हुआ 42 प्रतिशत डीए मिल रहा है।

**57 कर्मचारियों को मिला लाभ**

वर्तमान में रिसाली नगर पालिक निगम में 57 नियमित अधिकारी कर्मचारी है। गृह भाड़ा भत्ता बढ़ने से 3 से 4 हजार रूपए का फायदा होगा। वर्तमान में रिसाली निगम में द्वितीय श्रेणी के 3, तृतीय श्रेणी 41 और चतुर्थ श्रेणी के 13 कर्मचारी पदस्थ है।

**NECC**

| 18.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.38 | 75 | 160 |
| चिल्हर | 5.50 | 90 | 185 |

डिलीवरी 453 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

दादा जी पोते से बोले, फौरन मेरे दांत लेकर आ
**पोता बोला-** अभी तो रोटी भी नहीं बनी, दांत का क्या करोगे?
**दादा जी-** रोटी को मार गोली, पड़ोसन स्माइल दे रही है।
मुझे भी उसको कातिलाना स्माइल देनी है।



# आजादी से संबंधित तीन शिलालेख शहर में पड़े हैं उपेक्षित

## एक बस्तर हाई स्कूल के कोने में, दो टूटे पड़े हैं जिला संग्रहालय में



**जगदलपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर में आजादी से संदर्भित तीन शिलालेख उपेक्षित पड़े हैं। आजादी की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर मिला एक शिलालेख बस्तर हाई स्कूल के कोने में तो दो शिलालेख जिला पुरातत्व संग्रहालय परिसर में टूटे पड़े हैं। वर्ष 1972 में आजादी का रजत जयंती वर्ष मनाया गया था। देश भर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा ताम्रपत्र भेंट किया गया था, साथ ही पूरे देश के शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिलालेख स्थापित किए गए थे। बस्तर में इस तरह का एक शिलालेख पहले बस्तर हाई स्कूल के पुराने द्वार के पास स्थापित था। उसे हटाकर कोने में खड़ा कर दिया गया है। वहीं दो शिलालेख जो जिला कार्यालय परिसर में रखे गए थे और रखरखाव के अभाव में टूट गए। इन्हें सिरहासार के सामने जिला पुरातत्व संग्रहालय परिसर में छोड़ दिया गया है। ज्ञात हो कि बस्तर हाई स्कूल में स्थापित शिलालेख में बस्तर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का नाम अंकित है किंतु शहर की 90 प्रतिशत आबादी को इसकी जानकारी ही नहीं है।

**गोल बाजार में स्थापित करने की हो रही मांग:** लंबे समय से यह मांग की जा रही है कि शिलालेखों को व्यवस्थित कर बस्तर के ऐतिहासिक गोल बाजार में स्थापित किया जाए। चूंकि गोल बाजार में ही बस्तरवासियों ने 15 अगस्त 1947 की रात आजादी का पहला जश्न मनाया था। गोल बाजार के इमली पेड़ पर ही गुंडाधुर के साथियों को अंग्रेजों ने सरेआम फांसी पर लटकाया गया था। गोल बाजार परिसर में ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भस्म कलश झंडाचौरा के नीचे वर्ष 1948 में दबाया गया है, किंतु शिलालेखो को व्यवस्थित कर गोल बाजार में स्थापित करने कोई पहल नहीं हुई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.बिलखनारायण अग्रवाल के पुत्र डॉ. पीएन अग्रवाल ने कहा है कि देश की आजादी के प्रतीक चिन्हों, स्मारकों या शिलालेखों की अपेक्षा देश का अपमान है। इनकी सुरक्षा और स्थापना की दिशा में जिला प्रशासन को विशेष पहल करनी चाहिए।

# जेसीआई जगदलपुर सिटी द्वारा फुटबॉल चैंपियनशिप टूर्नामेंट का हुआ आगाज



**जगदलपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई क्लब द्वारा फुटबॉल चैंपियनशिप टूर्नामेंट का आयोजन किया गया यह आयोजन 17 अगस्त से 20 अगस्त तक चलेगा। उद्घाटन समारोह में मैं दो मैच आयोजित किए गए पहला मैच यंग स्टार एवं स्पोर्ट्स क्लब नगरनार के बीच हुआ जिसमें 5- 1 से यंग स्टार ने जीत हासिल की, वही दूसरा मैच मॉर्निंग स्टार एवं बस्तर फुटबॉल क्लब के बीच हुआ जिसमें मॉर्निंग स्टार ने जीत हासिल की। आज के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जगदलपुर के पूर्व विधायक संतोष बाफना, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, मलकीत सिंह गैदु, शकील रिजवी, शंकर राव, नगर पालिका निगम के अध्यक्ष कविता साहू मौजूद थे। आज के उद्घाटन समारोह में दीप्ति कान्वेंट द्वारा विशेष बैंड का आयोजन किया गया। जिससे दर्शकों एवं अतिथियों मंत्रमुग्ध हो गए। क्लब से अध्यक्ष विशाल दुल्हानी, सचिव नितिन खत्री क्लब सदस्य अनिल राव, प्रतीक चिखलीकर, नितेश चौहान, श्रीपाल जैन, निलेश चंद, पीयूष हेलिवाल, निखिल दीवान, दिलीप शुक्ला, अमरदीप एवं अन्य मौजूद थे।

# आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी



**जगदलपुर के लालबाग मैदान में 19 अगस्त तक प्रदर्शनी एवं कला जत्था दल की प्रस्तुति**

**जगदलपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जनसंपर्क विभाग द्वारा आजादी की 76 वीं वर्षगांठ पर बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर के लालबाग मैदान में छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। बीते 15 से 19 अगस्त तक आयोजित इस प्रदर्शनी में राज्य शासन की महत्वपूर्ण जनहितकारी योजनाओं- कार्यक्रमों को रेखांकित किया गया। उक्त प्रदर्शनी स्थल पर कला जत्था दल के द्वारा सन्देशपरक प्रस्तुति दी गई।

आजादी की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस फोटो प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, सुपोषण अभियान, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना, वनांचल के रहवासियों को वनाधिकार पत्र प्रदाय इत्यादि योजनाओं को समाहित किया गया था। साथ ही प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं और इसके क्रियान्वयन से प्रदेशवासियों के जीवन में हुए सकारात्मक बदलाव की झलक भी सम्मिलित किया गया था। वहीं कला जत्था दल द्वारा शासन की योजनाओं पर केंद्रित गीत, नाटक, प्रहसन की आकर्षक प्रस्तुति दी गयी। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा का चुनाव घोषणा पत्र अभियान आरंभ

## संभागीय बैठक में रामविचार नेताम व चंद्रशेखर साहू ने भाजपा जिलाध्यक्षों को सौंपी घोषणा पत्र सुझाव पेटी



**भाजपा के चुनावी घोषणापत्र तैयार करने आमजनता से लिये जायेंगे सुझाव**

**जगदलपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी घोषणा पत्र समिति का संभागीय अभियान आरंभ हो गया है। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित संभागीय बैठक में बस्तर संभाग की सभी 12 विधानसभा क्षेत्र के लिये चुनाव घोषणा पत्र सुझाव पेटी का वितरण घोषणा पत्र समिति के सहसंयोजक पूर्व सांसद रामविचार नेताम व पूर्व मंत्री चंन्द्रशेखर साहू के द्वारा भाजपा जिला अध्यक्षों को किया गया जिसमें भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने सीधे आम जनता से सुझाव आमंत्रित किये जायेंगे।

घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक पूर्व मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ की जनता की भावनाओं के अनुरूप घोषणा पत्र तैयार करने के लिए भाजपा तेजी से जुटी हुई है। इसी तारतम्य में राजधानी सहित चार संभागों में भाजपा द्वारा जनता के सुझाव प्राप्त करने पेटिका लेकर विभिन्न संगठनों, विभिन्न वर्गों से सम्पर्क किया जा रहा है। इनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता, चिकित्सक, व्यावसायिक संगठन, छोटे-छोटे कारोबार करने वाले लोगों से लेकर श्रमिकों और रिक्शा वालों तक से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे।

घोषणा पत्र समिति के सहसंयोजक पूर्व मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र के प्रति आम जनता आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। हर वर्ग को यह जानने की उत्सुकता है कि भाजपा उनकी जरूरतों और भावनाओं के आधार पर घोषणा पत्र तैयार कर रही है। भाजपा ऐसा घोषणा पत्र जारी करेगी जो छत्तीसगढ़ की जनता के लिए राहत और छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रतिबद्ध होगा। भाजपा घोषणा पत्र के प्रति लोगों में अपार उत्साह है क्योंकि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में हवा हवाई घोषणाएं करके 5 साल तक छत्तीसगढ़ की जनता के हर वर्ग को धोखा दिया है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिये भाजपा के कार्यकर्ता प्राणप्रण से संकल्पित है। संभागीय बैठक में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी, दिनेश कश्यप, किरण देव, डा. सुभाऊ कश्यप, संतोष बाफना, भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी, चैतराम अट्टामी, धनीराम बारसे, श्रीनिवास मुदलियार, रुपसाय सलाम, दीपेश अरोरा, सतीश लाठिया, सुमित्रा मारकोले, लच्छुराम कश्यप, ओजस्वी मण्डावी, शिवनारायण पाण्डेय, कमल चंद भंजदेव, वेदवती कश्यप, मनीराम कश्यप, सुधीर पाण्डेय, बृजमोहन देवांगन, निखिल राठौर, नवीन विश्वकर्मा, आलोक ठाकुर, विद्याशरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, गोदावरी साहू, वेदप्रकाश पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, सुब्रतो विश्वास, सतीश सेठिया, संतोष बघेल, उदबोराम नाग, फूल सिंह सेठिया, उमाकांत सिंह, आर्येन्द्र सिंह आर्य, संग्राम सिंह राणा, अविनाश श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, मनोज पटेल, अमर झा, अभिषेक तिवारी आदि सहित बस्तर संभाग से आये भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आरोपी के पास से चोरी हुए सबमर्सिबल पम्प को पुलिस ने जप्त किया**



**जगदलपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। वाहन से चोरी हुए सबमर्सिबल पंप के साथ आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। मुखबीर सूचना के आधार पर थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में बोधघाट पुलिस टीम द्वारा चोरी के प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने 11 अगस्त को लगभग 10ः00 बजे करीबन अपने पिकप वाहन से आड़ावाल गोदाम से सीमेंट लोड कराने जलाराम मंदिर से 02 हमाल लेकर गया था। गाड़ी में सीमेंट लोड होने कके बाद उसके द्वारा मोटर पम्प जिसे ठीक कराने दिया था को भी गाड़ी में लोड किये थे जिसे लेकर नानगुर जा रहे थे रास्ते में कुम्हारपारा चौक में हमालों को गाड़ी से उतार दिये और नानगुर चले गये, वहां जाकर देखे तो पता चला कि उनका मोटर मप्म जिसे वह पीकप में डाला था वह नहीं हैं, जिसकी कीमत लगभग 10,000/- रूपये हैं, को चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट 11 अगस्त को थाना बोधघाट में दर्ज कराया गया। थाना बोधघाट पुलिस द्वारा सूचना मिलने उपरान्त त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल में लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर संदेही का पहचान कर उक्त आरोपी त्रिनाथ बघेल पिता दिवाकर बघेल द्वारा घटना को अंजाम देना स्वीकार किया तथा चोरी की गई एक नग सबमर्सिबल पम्प किमती लगभग 10,000/- रूपये को आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना बोधघाट में 379 भा. द.वि. के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में न्यायालय भेजा।

# चाकू लहराकर आम नागरिक में भय उत्पन्न करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**जगदलपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में 17 अगस्त को मुखबीर सूचना के आधार पर थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में चाकू लहराकर आम नागरिक में भय उत्पन्न करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक नग लोहे का धारदार हथियार चाकू को पुलिस ने जप्त किया। गिरफ्तार हुए आरोपी का नाम सूरज उर्फ गजरा पिता सुशील मंडावी निवासी गांधी नगर वार्ड, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) का निवासी है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया।

# पत्रकार पंकज दाऊद का निधन



**अंतिम संस्कार आज मसीही कब्रिस्थान शांतिनगर में**

**जगदलपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर संभाग के वरिष्ठ पत्रकार पंकज दाऊद का आकस्मिक निधन गुरूवार शाम अस्पताल में उपचार के दौरान हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी उम्र 57 वर्ष थी। उन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दी। उनके निधन से बस्तर पत्रकारिता को अपूरणीय क्षति हुई है। वे बीते कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने महारानी अस्पताल में करीब साढ़े चार बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर लगते ही पत्रकार व मसीह जमात में शोक की लहर दौड़ गई।

मिलनसार व्यक्तित्व के धनी पंकज नगर के प्रतिभासंपन्न पत्रकार थे। उन्होंने दैनिक भास्कर, नईदुनिया व राजस्थान पत्रिका समूह में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2003 से वे बीजापुर में रहकर स्वतंत्र पत्रकारिता से जुड़े थे। दाउद की अंतिम यात्रा शुक्रवार शाम चार बजे कमिश्नर दफ्तर के पास उनके निवास से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार शांतिनगर मसीही क्रबिस्थान किया जाएगा।

# सशक्त नारी, समाज का आधार स्तंभ : बीके भगवान भाई



**जगदलपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। सशक्त नारी समाज का आधार स्तंभ है। जहां सशक्त नारी वहीं समाज, परिवार, देश राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। उक्त उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू से आए राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे। वे स्थानीय ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय की शाखा में सशक्त नारी समाज की धरोवर विषय पर एक दिवशीय राजयोग साधना उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने बताया कि नैतिक और आध्यात्मिक द्वारा हम स्वयं को सशक्त बनाकर फिर पूजनीय बन सकते है। उन्होंने बताया कि राजयोग के अभ्यास द्वारा स्वयं को तनावमुक्त बनाकर सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नारी जागी तो समाज जागा और नारी सोई तो समाज सोया। अब आध्यात्मिक ज्ञान से स्वयं को जागृत सशक्त बनाए। भगवान भाई ने कहा कि आज के समाज में रूढ़ियां, कुरीतियां, रीतिरिवाज, साम्प्रदायिकता बढ़ने लगी है। इस कुचक्र में नारी फसंती गयी। नारी के अधोपतन से समाज का भी पतन होने लगा है। नारी परिवार की धुरी और समाज की ईकाई है। उन्होंने कहा कि माता संतान की प्रथम गुरू है। वह स्वयं यदि शिक्षित है, गुणवान है, सर्मथ है, सशक्त है। आत्मबल आत्म सम्मान महसूस करती है तो वही संस्कार वो संतान को देती है। बी के मंजूषा बहन ने आगे बताया कि वर्तमान समय यह देखने में आ रहा है कि नारी अपना कर्तव्य करने में पूर्ण सक्षम >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आगामी चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताने जी-जान से जुटे कार्यकर्ता : भूपेश

**करंदोला में कांग्रेस कार्यालय का लोकार्पण किया सीएम ने**



**जगदलपुर/भानपुरी,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने ग्राम करंदोला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानपुरी के कार्यालय राजीव भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान नारायणपुर के विधायक एवं हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप तथा अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

कार्यालय का उदघाटन करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले चुनाव में जिस तरह हमने पिछले चुनाव में भाजपा को हराया था, उसी तरह इस संवेदनशील क्षेत्र में नक्सलवाद को भी परास्त किया है। आने वाले चुनाव में भी हम सब मिलजुल कर भाजपा को करारी शिकस्त देंगे। भूपेश बघेल ने कहा कि अबूझमाड़ और नारायणपुर के मतदाता जागरूक हो चुके हैं, वे भाजपा के छल प्रपंच और झांसे में नहीं आएंगे। बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के विकास, आदिवासियों, गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए समर्पण भाव से काम किया है। हमारी सरकार की योजनाएं दूसरे राज्यों के लिए नजीर बन गई हैं।

छत्तीसगढ़ मॉडल की पूरे देश में चर्चा हो रही है और यह हमारे लिए खुशी की बात है कि गैर कांग्रेस शासित राज्य भी छत्तीसगढ़ की योजनाओं को अपने यहां अमल में ला रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस ऊर्जा और जोश के साथ आप लोगों ने नारायणपुर में कांग्रेस का विधायक और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाई, उसी ऊर्जा और जोश के साथ 2023 में भी कांग्रेस के विधायक और प्रदेश में सरकार बनाना है। कांग्रेस की सरकार के रहते बस्तर विकास और शांति की ओर लौट रहा है। बस्तर में अमन और शांति लाने की दिशा मे हम बेहतर कार्य कर रहे हैं। नारायणपुर में आपके विधायक के नेतृत्व में हमने आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रजी माध्यम विद्यालय, 4 नवीन तहसीलें खोली, नवीन महाविद्यालय, सड़क पुलिया बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने मे सफल रहे। ऐसा संभव है तो केवल कांग्रेस की सरकार में।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद बस्तर दीपक बैज ने केदार कश्यप पर निशाना साधते हुए कहा कि 15 साल तक उन्होंने केवल हेलिकॉप्टर से घूमने का कार्य किया इन्होंने नारायणपुर का विकास करने के बारे मे सोचा ही नहीं। अपने शासनकाल में उन्होंने आदिवासियों के घरों को जलाने, आदिवासियों की जमीन को हड़पने का कार्य किया। आदिवासियों के हित में कुछ नहीं किया और आज यही भाजपा आदिवासी हितैषी होने का ढोंग कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भाजपा पर जमकर बरसे। विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि आज हम प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व के विकास की दिशा में अग्रसर हैं। हमने आज नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में नवीन तहसील, अस्पताल, महाविद्यालय, आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रजी माध्यम विद्यालय बनाए। प्रदेश की कांग्रेस सरकार से सभी वर्ग के लोग खुश हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व मे हम नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की ओर अग्रसर हैं। कार्यक्रम में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल, अंतागढ़ के विधायक अनूप नाग सहित कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# सुबह दंतेश्वरी दर्शन व दोपहर टिकट का आशीर्वाद

**दंतेवाड़ा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा ने आज विधानसभा चुनाव के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर टिकट चयन के मामले में बढ़त बना ली है। अचानक हुए इस ऐलान से भाजपा ही नहीं कांग्रेस में भी हलचल मची है। चुनाव में चार महीने से भी ज्यादा का वक्त है, लेकिन भाजपा ने पहली सूची जारी कर सबको चौका दिया है।



दोपहर जैसे ही सूची जारी हुई दंतेवाड़ा में भी सियासी चर्चा तेज हो गई। पहली सूची में बस्तर से कांकेर और बस्तर विधानसभा के लिए उम्मीदवारों का नाम घोषित किया गया। वहीं रामानुजगंज से पूर्व गृहमंत्री रामविचार नेताम को टिकट मिली है। यह भी सुखद संयोग है कि घोषणा पत्र समिति के संयोजक होने के नाते संभागीय बैठक के सिलसिले में पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू और राम विचार नेताम आज दंतेवाड़ा माई दंतेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचे थे। श्री नेताम को माई दंतेश्वरी का आशीर्वाद मिल गया। आज घोषित 21 नामों में अधिकतर नये चेहरे हैं। ऐसे में कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि भाजपा इस बार नये चेहरों पर दांव लगाएगी। बात दंतेवाड़ा विधानसभा की करे तो यहां भाजपा में आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार हैं और सभी की अपने-अपने क्षेत्र में अच्छी पकड़ भी है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी ओजस्वी मंडावी, जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी, भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत सदस्य और मंडल पदाधिकारी रामू नेताम, श्रवण कड़ती सहित कई नाम प्रमुखता से समय-समय पर उठते रहे हैं। 2018 में विधायक भीमा मंडावी ने पूरे प्रदेश में कांग्रेस की प्रचंड लहर के बावजूद पूरे बस्तर से 12 में से केवल एक मात्र दंतेवाड़ा सीट से भाजपा का परचम लहराया था और शानदार जीत दर्ज की थी। दुर्भाग्यवश चार महीने बाद ही लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान नक्सल हमले में वे शहीद हो गए। इसके बाद हुए उप चुनाव में भाजपा ने दिवंगत भीमा मंडावी की पत्नी ओजस्वी मंडावी को टिकट दी, लेकिन उप चुनाव में उनकी हार हुई और देवती कर्मा यहां से विधायक निर्वाचित हुई। 2018 में भीमा मंडावी ने देवती कर्मा को ही हरा कर शानदार जीत दर्ज की थी। इस बार 2023 में भाजपा ओजस्वी को दोबारा मैदान में उतारेगी या नहीं इस पर काफी संशय है। पूरी चुनाव भाजपा, दिल्ली से लड़ने वाली है। प्रदेश की एक-एक सीट पर राष्ट्रीय नेतृत्व की नजर है। समय से पहले टिकट का ऐलान कर भाजपा ने अपने इरादे जता दिये हैं कि इस बार वह किस अंदाज में चुनाव लड़ने वाली है। दंतेवाड़ा में सत्ताविरोधी माहौल को भाजपा किस हद तक भुना पाती है, यह भी उसकी जीत के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। जिस तरह नये चेहरों को भाजपा ने आज की सूची में मौका दिया है, उससे यह भी माना जा सकता है कि दंतेवाड़ा में किसी गैर पारम्परिक नये चेहरे को ही टिकट दे दी जाए। बहरहाल आज 21 सीटों पर उम्मीदवारों के ऐलान के बाद दंतेवाड़ा के दावेदारों की धड़कने भी तेज हो गई हैं। अगली सूची कब आएगी ? इस सवाल का जवाब हर दावेदार जानने की कोशिश में है। कांग्रेस में आज से ही ब्लाक स्तर पर दावेदारों से आवेदन लेने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है।

- पूर्व गृहमंत्री रामविचार के लिए सुखद रहा दंतेवाड़ा प्रवास
- समय से काफी पहले भाजपा ने जारी की 21 उम्मीदवारों की सूची

# चिकपाल, परचेली व मारजूम पहुंचे नंदलाल

**दंतेवाड़ा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी ने मारजूम में राशन लेने पहुंचे ग्रामीणों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी मुफ्त राशन योजना की जानकारी ली। इस योजना के तहत हर परिवार को कोरोना काल से मुफ्त में राशन मिल रहा है।



श्री मुड़ामी ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी मूलभूत समस्याओं पर बात की। ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान की स्थिति बहुत ही जर्जर अवस्था में है। उसके पश्चात मुड़ामी ने चिकपाल आश्रम भवन का भी मुआयना किया। आश्रम भवन की स्थिति भी बहुत ही दयनीय और बदतर है। बहुत ही सीमित संसाधनों में जैसे तैसे बच्चे वहां रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। शौचालय की स्थिति भी बहुत ही जर्जर है, जिस वजह से बच्चों को आश्रम से बाहर जाकर के शौच करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अंदरूनी क्षेत्र के बच्चे इतनी विपरीत परिस्थिति में रहकर भी पढ़ाई करना चाहते हैं, मगर शासन-प्रशासन बड़े-बड़े दावे कर रहा है मगर दावे और हकीकत एक दूसरे से बहुत ही जुदा है।

प्राथमिक शाला चिकपाल में चार शिक्षकों में एक भी शिक्षक स्कूल में उपलब्ध नहीं थे। बच्चे जरूर वहां पर शिक्षा ग्रहण करना चाह रहे हैं, मगर शिक्षकों का स्कूल से नदारद होना शिक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़ा करता है। उसके पश्चात परचेली में संचालित डीएवी आवासीय परिसर का भी निरीक्षण किया। यहां पर 300 से अधिक बच्चे रहकर अध्ययन करते हैं, मगर बच्चों को सुविधा उपलब्ध नही है। डीएवी पब्लिक स्कूल पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की सरकार की महत्वपूर्ण योजना थी, मगर उस योजना को किस तरह से बर्बाद कर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। यह देखना है तो परचेली के आवासीय परिसर उसका जीता जागता उदाहरण है। ऐसे आवासीय परिसर में जहां 300 बच्चे रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कमरों में ना लाइट है ना पंखा हैं और ना खिड़की में पल्ला है। मच्छरदानी तक उपलब्ध नहीं करा पाए हैं। मगर हमारे देश के भविष्य प्रदेश के होनहार बच्चों के साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा है, यह इस सरकार की संवेदनहीनता का एक बहुत बड़ा प्रमाण है। कांग्रेस की सरकार स्थानीय विधायक बड़ी-बड़ी बातें करती हैं, मैं दावे के साथ कहना चाहूंगा एक बार चिकपाल छात्रावास और परचेली के आवासीय परिसर में जरूर आइए और देखिए वहां की हकीकत क्या है। इस निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष कटेकल्याण राजमन ठाकुर, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदौरिया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बंटी टेकाम, मासा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

- सुविधा के बगैर नव निहालों का भविष्य
- शौचालय सहित बुनियादी जरूरतों का अभाव

# बैलाडीला ट्रक आनर्स एसोसिएशन ने स्वतंत्रता दिवस पर सफाई कर्मियों का किया सम्मान



**बचेली,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। बैलाडीला ट्रक आनर्स एसोसिएशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया ध्वजारोहण के बाद बिटिओए संस्था द्वारा बचेली के 70 और किरंदुल के 140 स्वच्छता दीदीयों का साड़ी व मिठाई भेट कर उनका सम्मान किया गया। बचेली निवासी युवक कैंसर पीड़ित को 51000 रुपय की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई, वही एक वाहन चालक के देहांत होने पर 21000 रुपय की आर्थिक सहायता प्रदान की गई बता दे की बैलाडीला ट्रक आनर्स एसोसिएशन दंतेवाड़ा जिले का एनएमडीसी के बाद सबसे बड़ा रोजगार प्रदान करने वाला संस्था है यह संस्था समाज के हित के लिए हमेशा अपना कर्तव्य निभा रही है संस्था के सचिव गौरंग साहा व अध्यक्ष अनिल ने बताया की संस्था हमेशा आगे भी अच्छे समाज की प्रगति में अपना योगदान प्रदान करते रहेगी वही इस कार्यक्रम में किरंदुल नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, राजेंद्र मिलान कौर, बचेली पालिका अध्यक्ष पूजा साव, उस्मान खान और पार्षद गन व यूनियन के सदस्य उपस्थित थे !

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंटक में विविध कार्यक्रम आयोजित



**बचेली,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा बचेली में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सुबह सबसे पहले इंटक कार्यालय में गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण के पश्चात यूनियन के सचिव श्री आशीष यादव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर यूनियन के सभी सम्मानिय सदस्य एवं उनके परिजनों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। जिसमें सुबह 11 बजे से नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए विभिन्न श्रेणियों में चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई थी। सांय 4 बजे से म्यूजिकल सर्किल प्रतियोगिता जिसमें महिला,पुरुष तथा बच्चे तीनों वर्गों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इसके पश्चात महिला तथा बच्चों के लिए की क्विज कंपीटिशन का आयोजन किया गया। अंतिम आयोजन के रूप में सभी प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों के लिए पुरुस्कार वितरण के साथ एक शाम शहीदों के नाम संगीत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें नगर के प्रख्यात गायकों के साथ यूनियन सदस्यों ने भी देशभक्ति गानों के साथ अपनी गायकी का प्रदर्शन किया। पूरे दिन के इस कार्यक्रम में यूनियन के सदस्य व उनके परिजनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अंत में यूनियन के अध्यक्ष श्री देवाशीष पाल ने उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की।

# भाजपा जिला कार्यालय में चैतराम ने किया ध्वजारोहण

## आजादी के अमृत महोत्सव की चर्चा



**दंतेवाड़ा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सुबह 9 बजे हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। देश आजादी की 76 वीं वर्षगांठ का उत्सव आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान से जुड़ने को कहा है। राष्ट्रगान के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की। भाजपा जिला कार्यालय में ध्वाजारोहण कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## सार-संक्षेप

### नाम जोड़ने व हटाने मतदान केन्द्रों में शिविर

**दंतेवाड़ा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में 18 मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत इन मतदान केंद्रों में नाम विलोपन, नाम जोड़ना संशोधन, स्थानांतरण का दावा आपत्ति प्राप्त किया जाना है। इसके अंतर्गत 19 तथा 20 अगस्त को समस्त मतदान केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समस्त मतदान केंद्रों में मतदान संबंधी जागरूकता कार्यक्रम की आयोजित किए जाएंगे। मतदान जागरूकता के अन्तर्गत अब तक जिले के कारली, कतियाररास, धुरली-1, मोलसनार-2, पोदुम-2, मेटापाल-4, गाटम, बेगलूर, परचेली-1, परचेली-2, नाडेनार। बड़ेलखापाल-1, बड़ेलखापाल-2, धनीकरका, बड़ेगुडरा-2 बड़ेगुड़रा-3 छोटेगुडरा एवं भूसारास मतदान केंद्र में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

### पुलिस वीरता पदक से सम्मानित हुए दंतेवाड़ा के पुलिस अधिकारी



**दंतेवाड़ा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के पुलिस विभाग में पदस्थ निरीक्षक संजय पोटाम, निरीक्षक रामावतार पटेल, उप निरीक्षक हजारी लाल मौर्य को स्वतंत्रता दिवस पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में आज डीआईजी कमलोचन कश्यप एवं एसपी गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन द्वारा सभी अधिकारियों को भारत सरकार गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त प्रशस्ति पत्र एवं पदक से अलंकृत कर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# रिमझिम बारिश के बीच छलक उठा विभाजन का दर्द



- भाजपा ने निकाला मौन जुलूस
- राष्ट्र प्रेम के बीच विभाजन की त्रासदी का स्मरण

**दंतेवाड़ा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्वाधीनता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त की शाम भाजपा ने अम्बेडकर पार्क से जय स्तम्भ चौक दंतेवाड़ा तक रिमझिम बारिश के बीच मौन जुलुस निकाला।

जिला संयोजक दुर्गा सिंह चौहान के नेतृत्व में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। आजादी के दीवानो एवं आजाद भारत के सपने के लिये अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर बलिदानियों को जयस्तम्भ चौक में मौन श्रद्धांजलि दी गयी। लगातार हो रही रिमझिम बारिश में भी देशप्रेम और विभाजन का दर्द लोगो के दिल में छिप न सका। इसके साथ ही विभाजन के सन 1947 के दृश्यों को दर्शाती एक चित्र प्रदर्शनी भी भाजपा कार्यालय में लगायी गयी। इसमे जनता के दर्द एवं करुणा की स्पष्ट झलक है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भाजपा नेताओं समेत आम लोगो ने भी इस कार्यक्रम में शामिल होकर स्वतंत्रता के वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी तारतम्य में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का बैनर बनाकर हाथ में तिरंगा झंडा लेकर मौन जुलुस मण्डल स्तर पर दंतेवाड़ा, गीदम, बचेली, किरंदुल एवं कुआकोंडा मण्डल में भी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ द्वारा निकाला गया। इसमे समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ठ कार्य करने वाले पुरस्कृत



**चारामा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय सेवाओं में बेहतर कार्य करने एवं दिए गए लक्ष्य को तय समय सीमा पर पूर्ण करने पर विकासखंड के एक अधिकारी सहित तीन कर्मचारियों का सम्मान 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह में जिला कलेक्टर की उपस्तिथि में अतिथियों के कर कमलों से प्रदान किया गया।जिसमे अनुविभागीय अधिकारी राकेश कुमार गोलछा को शासन की महत्वपूर्ण आयुष्मान योजना के निर्माण हेतु दिए गए लक्ष्य को समय सीमा पर पूर्ण करने एवं विकासखंड के अन्य कार्यों में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।वहीराजस्व निरिक्षक श्री रविशंकर सिन्हा को सीमांकन प्रकरणों के मामलो के उत्कृष्ट निराकरण में योगदान के लिए, लिपिक संवर्ग में श्रीमति बिंदेश्वरी दर्रो को सुराजी अभियान अंतर्गत जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने के क्षेत्र में योगदान लिए, श्री चंद्रशेखर सेवता को स्कूली छात्रों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं सभी को आने वाले समय में शासकीय कार्यों में और बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इन सभी शासकीय कर्मचारियों के सम्मान किए जाने पर विकासखंड के सभी शासकीय कर्मचारियों ने सभी को बधाई प्रेषित की है एवं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# रेडक्रास सोसाइटी द्वारा ब्लड ग्रुप परीक्षण शिविर आयोजित

## वाल्मीकि महाविद्यालय में शिविर आयोजित



**भानुप्रतापपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में रेडक्रास सोसाइटी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्त समूह (ब्लड ग्रुप) परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया! संस्था प्रमुख डॉ रश्मि सिंह ने सभी नवप्रवेशी छात्र छात्राओं से अपना ब्लड ग्रुप परीक्षण कराने की अपील की! इस शिविर में कुल 118 छात्र छात्राओं ने अपना ब्लड ग्रुप परीक्षण कराया, जिसमें 116 पॉजिटिव एवं 02 निगेटिव ब्लड ग्रुप के विद्यार्थी हैं! रक्त परीक्षण कार्य स्वास्थ्य विभाग से अधिकृत कर्मचारी श्री सुरेन्द्र कुमार भुआर्य (आरएचओ-कराठी )व सुश्री शशिकला जुर्री (एलटी) द्वारा किया गया! शिविर का आयोजन श्रीमती सुषमा चालकी (रेडक्रास प्रभारी) एवं श्री टुपेश कोसमा (सहायक कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो) द्वारा किया गया! इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्र छात्राएं उपस्थित थे!

# मतदान के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने की मुहिम

## गांव-गांव ईवीएम का प्रदर्शन



**दंतेवाड़ा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने मद्देनजर कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के निर्देश पर स्वीप प्लान की गतिविधियां लगातार जारी है। इस क्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के लिये निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रथ तैयार किया गया है। रथ का उपयोग मतदाताओं को जागरूक कराने तथा मत प्रतिशत बढ़ाने में किया जा रहा है।

इस कड़ी में ग्राम बड़े गुडरा में मौके पर ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ईवीएम मशीन के बारे में न केवल जानकारी ली बल्कि वोट डालने की प्रक्रिया से भी अवगत हुए। ज्ञात हो कि दूरस्थ क्षेत्रों में जिस समुदाय एवं मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम है वहां मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किए जाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने इस अभियान के तहत विशेष कार्य योजना के साथ कार्य किया जा रहा है इसके अन्तर्गत स्वीप गतिविधियों के माध्यम से अलग-अलग पंचायत में मतदान के संबंध में जानकारी भी दी जा रही है।

# राजीव भवन में वीरेंद्र गुप्ता ने किया ध्वजारोहण



**दंतेवाड़ा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कार्यालय राजीव भवन में स्वतंत्रता दिवस पर सांसद प्रतिनिधि व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। उसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष का संदेश वाचन कर जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान संसदीय सचिव व विधायक जगदलपुर रेखचंद जैन, विधायक देवती महेंद्र कर्मा, पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा, जिपं सदस्य सुलोचना कर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी पीएन उरकुड़े, अरुण गुप्ता, शकील रिजवी, विवेक देवांगन, प्रवीण राणा, राजकुमार तामो, मनोज कौरव, मुकुंद ठाकुर, एन नागराज, मन्नू वर्गीश, संजय विश्वकर्मा, सत्यभान जादौन, जयदीप मालवीय, आशिफ रजा, अजय मरकाम, भास्कर राठौर, इंदिरा शर्मा, सरस्वती नाग, राधा नाग, राधा साहू, शिवकुमारी ध्रुव, जितेंद्र कश्यप, कमलू अतरा, विश्वनाथ विश्वकर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

# एनएमडीसी, बचेली ने राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस का हर्षोल्लास से किया आयोजन



**बचेली,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। एनएमडीसी, बचेली ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त को डी ए व्ही स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया। जिसके मुख्य अतिथि बी वेंकटश्वरलु अधिशासी निदेशक, एनएमडीसी बचेली थे। उनके अतिरिक्त संजय बासु, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), पी रामायन, मुख्य महाप्रबंधक (अनु. एवं से.)अनु., धर्मेंद्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) तथा अन्य विभागाध्यक्ष शामिल हुए थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। ततपश्चात मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई अपने उदबोधन में दी। कार्यक्रम की आगे की कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें बचेली परियोजना के अंतर्गत आने वाली शालाओं के बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया जिसमें नेहरू श्रम पुरस्कार(2022-23),श्रेष्ठ श्रमिक पुरस्कार(2022-2023),सर्वश्रेष्ठ सी आई एस एफ कर्मी पुरस्कार (2022-2023), इत्यादि दिए गए। कार्यक्रम में शामिल हुए स्कूली बच्चे, सभी शिक्षक, आये हुए अतिथिगण काफी उत्साहित दिखे।

# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...




## जन शिक्षण संस्थान में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**कोण्डागांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव में 15 अगस्त 2023 को आजादी के 77 वीं वर्षगांठ (आजादी का अमृत महोत्सव) पर श्रीमती मोहितेश्वरी पटेल (पार्षद न.पा.कोंडागांव), श्रीमती संध्या देवांगन (सदस्य ज.शि.सं.) पुष्पराज अनंत (निदेशक जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव), उत्तम मानिकपुरी (कार्यक्रम अधिकारी), वासुदेव कटेन्द्र, प्रिताम्बर नेताम, राम नेताम व ब्यूटी पार्लर के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति में भुपेश तिवारी (उपाध्यक्ष ज.शि.सं.) के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी अतिथियों का जन शिक्षण संस्थान के कर्मचारीयों द्वारा गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने बारी-बारी से उपस्थितजनों को सम्बोधित किया। भूपेश तिवारी ने तिरंगे की आन-बान और शान के बारे में कहा कि ष्केसरिया बल भरने वाला, सफेद है सच्चाई, हरा रंग है, हरी हमारी धरती की अंगड़ाई। इस आजादी से हमें कई अधिकार मिले हैं जिसका उपयोग हम करते हैं, पर हमारा कुछ कर्तव्य भी है, जिसे हम न भूलें और देश को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर करें, हर दिन कम से कम 1 घंटा देश सेवा में लगायें और 1 घंटा खुद के स्वास्थ्य में लगायें क्योंकि हम स्वस्थ रहेंगे, तो देश स्वस्थ रहेगा, हम मिलजुलकर देश को निरंतर आगे बढ़ायें। अन्त में निदेशक पुष्पराज अनंत ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।



## कोंडागांव पेंशनर संघ ने मनाया स्वतंत्रता दिवस, झंडारोहण कर गाया राष्ट्रगान

**कोण्डागांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांव के पेंशनर भवन में सभी पेंशनरों की उपस्थिति में वरिष्ठ पेंशनर आर.एस.पांडे द्वारा झंडारोहण किया, तत्पश्चात सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाया।

भवन में एकत्रित होकर आजादी पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इसी अवसर पर पेंशनर्स सदस्य जयलाल देवांगन ने देशभक्ति गीत 'ऐ मेरे प्यारे वतन' गीत प्रस्तुत किया तथा वरिष्ठ सदस्य हरेंद्र यादव ने आजादी पर कविता प्रस्तुत किया। 'पेंशनर्स अध्यक्ष एस.पी.विश्वकर्मा ने 'कैसे मिली हमें आजादी की मैं बात बताता हूं' शीर्षक पर काव्य प्रस्तुत किया, जिसे सभी लोगों ने मुक्त कंठ से सराहना करते हुए ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। स्वल्पाहार के बाद प्रांताध्यक्ष डॉ.डी.पी.मनहर से पेंशनरों के हित में प्राप्त दिशा निर्देशों के संबंध में सभी पेंशनर्स को बताया गया। इस दौरान विगत वर्षों के कार्यक्रमों की तुलना में सबसे अधिक संख्या में पेंशनर उपस्थित होकर देशभक्ति का परिचय देते हुए पेंशनर्स संघ की एकता तथा एकजुटता का परिचय दिया। आमंत्रण पर सभी पेंशनर्स सरगीपालपारा स्थित ज्ञानोदय विद्या मंदिर के पास शांति फाउंडेशन जाकर मनोरोगियों से मिलकर हाल-चाल जाना तथा कुछ लोगों ने उनके सहायतार्थ कुछ राशि दान स्वरूप भेंट किया। उक्त जानकारी छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांव के अध्यक्ष प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि इंजीनियरिंग एस.पी.विश्वकर्मा सृजेता द्वारा दिया गया।







## प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में शान से लहराया तिरंगा

**कोण्डागांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया और शहीदों की याद में पौधे रोपकर सुरक्षा का संकल्प लिया गया। आजादी के पर्व की 77 वीं वर्षगाँठ प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में धूमधाम से मनाई गई। आजादी के अमृत काल मे वसुधा का का वन्दन देश का अभिनंदन मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत स्वतंत्रता के अमर शहीदों को याद कर मातृ भूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा के गगन भेदी नारों से प्रांगण गूंज उठा। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका स्मिता नेताम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी महिला स्वसहायता स्मूह के सदस्य ग्रामीण पुरुष महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





संपादकीय

## चुनाव तैयारियों में आगे की जंग

दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं की बैठक होती है और दूसरे ही दिन छत्तीसगढ़ विधानसभा की 21 सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी अपने प्रत्याशी घोषित कर देती है। ये सीटें ऐसी हैं, जहां से प्रत्याशियों के नाम पर संशय की कोई स्थिति नहीं थी। नाम लिए जाने के साथ सभी नेताओं की 'हां' को महत्व दिया गया और पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी के रूप में उनके नामों की घोषणा कर दी गई। चुनाव तैयारियों में आगे निकलने का जो मनौवैज्ञानिक लाभ होता है, उस दृष्टि से भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर यह लाभ उठाने की कोशिश में सफल हो गई। हालांकि इससे पहले बहुजन समाज पार्टी नौ सीटों पर अपने प्रत्याशी काफी पहले घोषित कर चुकी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव की जो स्थिति बनती दिखाई दे रही है, उसमें अनुमान यह है कि यह चुनाव पिछले चुनावों से एकदम अलग होगा। हालांकि असली टक्कर हर बार की तरह कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होना है। पिछले चुनाव के नतीजों को देखकर भाजपा की स्थिति बहुत कमजोर आंकने वाले भी पार्टी की तैयारियों में कुछ सुधार के रूप में देख रहे हैं। प्रत्याशियों की नामों की घोषणा पर पार्टी की अच्छी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर आई है और नेता कह रहे हैं कि इनसे श्रेष्ठ नाम हो नहीं सकते थे। एक दो नाम पर हालांकि संघ की ओर से पहले से विरोध किया जा रहा था। पार्टी के लोगों का कहना है कि इस मामले में जीत की संभावना देखी गई है। सभी वर्गों में यह संदेश भी देने का प्रयास किया गया है कि भाजपा का किसी वर्ग से विरोध नहीं है। हालांकि पार्टियों के टिकट के फैसले तब बदल भी जाते हैं जब तक पार्टी का बी-फार्म जारी नहीं हो जाता। यानी प्रत्याशी के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम समय तक प्रत्याशी बदले जा सकते हैं। चूंकि भाजपा के प्रदेश स्तर के नेता नेतृत्व के समक्ष नामों पर सहमति जता चुके हैं इसलिए 21 सीटों पर घोषित प्रत्याशियों के नामों में कोई फेरबदल होने की संभावना कम ही है। सत्तारूढ़ पार्टी के लिए प्रत्याशियों का फैसला करना थोड़ा कठिन हो जाता क्योंकि दावेदारों की संख्या बढ़ जाती है। कांग्रेस के लिए यही स्थिति है। कांग्रेस में स्क्रीनिंग की प्रक्रिया शुरू हुई है। पहले ब्लाक स्तर पर और फिर जिला स्तर पर दावेदारों की स्क्रीनिंग होगी और उसके बाद प्रदेश स्तर पर उनकी सूची तैयार की जएगी। अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान से होगा। इस प्रक्रिया में अगस्त माह निकल जाने की संभावना है। हालांकि जिनका नाम शीर्ष पर होता हो उसे संकेत मिल जाता है कि उसे चुनाव की तैयारियों में लग जाना चाहिए। ऐसे कितने उम्मीदवार हैं, फिलहाल कह पाना कठिन है मगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयान से साफ है कि सभी विधायकों को पार्टी टिकट देने नहीं जा रही है। इनमें से एक तिहाई विधायकों का टिकट काटा जा सकता है और उनकी जगह नए चेहरों को आगे लाया जा सकता है। इन बयानों ने भी दावेदारों की संख्या कांग्रेस में बढ़ाई है। इस स्थिति को देखते हुए पार्टी की प्रदेश प्रभारी ने पहले ही साफ कर दिया है कि टिकट एक को ही मिल सकती है और बाकी सभी को उसे जिताने के लिए काम करना होगा। विरोध या भितरघात की कोई शिकायत मिलती है तो पार्टी उस पर कार्रवाई करने में देर नहीं करेगी। आम आदमी पार्टी राज्य विधानसभा सभी 9 सीटों पर और आदिवासी नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविन्द नेताम की हमर राज पार्टी भी चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। अभी इन पार्टियों के अलावा कुछ अन्य क्षेत्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों का ऐलान होना बाकी है।

उल्टा पुल्टा

एक बार सोनू लगातार 4 दिनों से स्कूल में देर से आने पर मैडम ने कहा, तुम इतना लेट स्कूल क्यों आते हो?
**सोनू**–मैडम, आप मेरी इतनी चिंता मत किया करें बच्चे गलत समझते हैं!

# तेज बारिश से राजधानी हुई तरबतर

## शहर में जगह-जगह भरा पानी, लोगों ने ली उमस व गर्मी से राहत







**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में गुरूवार की शाम हुई तेज बारिश से शहर में जगह जगह पानी भर गया। इस दौरान यातायात में जाम की स्थिति निर्मित हो गई लोग बरसते पानी में भीगते हुए घर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिन से पड़ रही गर्मी और उमस से राजधानी वासी परेशान हो गए थे। भरे सावन में भी लोगों को कूलर पंखे और एसी छुटकारा नही मिल पा रहा था। उमस और गर्मी से निजात पाने के लिये लोगों को कूलर पंखे और एसी का सहारा लेना पड़ रहा था मौसम विभाग ने भी राजधानी में तेज बारिश का पूर्वानुमान जारी किया था जिसके बाद गुरूवार की शाम राजधानी तेज बारिश शुरू हुई लगभग 1 घंटे की तेज बारिश ने राजधानी वासियों को भीगों कर रख दिया इस दौरान तेज बारिश से राजधानी तरबतर हो गई। शहर में कई जगहो पानी भर गया।

राजधानी में बरसात के मौसम जब कभी तेज बारिश होती है तो निगम की पोल खुल जाती है यही हुआ जब गुरूवार की शाम राजधानी में तेज बारिश हुई। शहर के आकाशवाणी के पास, बंजारी बाबा की मजार के पास जयस्तंभ चौक और पचपेडी नाका के पास पानी भर गया। जिससे कि यातायात में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान दुपहिया से कार तक जाम में फंसी रही।

**प्रदेश में अगले दो दिन भारी बारिश का अलर्ट**

आज व कल भारी वर्षा की चेतावनी

प्रदेश के कई जिलों में अगले दो दिन 18 और 19 अगस्त को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। रायपुर में गुरुवार शाम के बाद करीब एक घंटे तक बारिश हुई। मौसम विभाग से जारी आदेश के मुताबिक धमतरी, गरियाबंद, बस्तर, कोंडागांव और कांकेर जिलों के कुछ जगहों पर कल सुबह साढ़े 8 बजे तक भारी बारिश का अलर्ट है। बीजापुर, नारायणपुर जिले में भी भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। 19 अगस्त को दंतेवाड़ा, बस्तर, राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, धमतरी और रायपुर जिले के कुछ जगहों पर तेज वर्षा हो सकती है। बीते तीन दिनों प्रदेश के अंबिकापुर जशपुर और बलरामपुर जिले में कई जगहों पर तेज बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में उतार.चढ़ाव बना हुआ है और फिलहाल यही स्थिति की रहने की संभावना है। बुधवार को राजधानी रायपुर और दुर्ग में उमस ने लोगों को परेशान किया। दोनों ही जगहों में तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**प्रदेश में बीते 24 घंटों में कहां हुई बारिश**

पेंड्रा रोड. 6 सेंटीमीटर, राजपुर . 5 सेंटीमीटर, रामानुजनगर.4 सेंटीमीटर, मनोरा करतला, अंबिकापुर. 3 सेंटीमीटर, नगरीए लोहांडीगुडा, रामानुजगंज, कुनकुरी.2 सेंटीमीटर, बैकुंठपुर, जशपुरनगर, तमनार, सारंगढ़, भैरमगढ़, शंकरगढ़, डभरा तखतपुर .1 सेंटीमीटर और कुछ और स्थानों पर इससे कम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

# प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति बढ़ा रूझान



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के इलेक्ट्रिक पॉलिसी की वजह से राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में उतरोत्तर वृद्धि दर्ज हो रही है। परिवहन विभाग के अंतर्गत राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 के बाद अब तक 71 हजार 736 इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हो चुके हैं। इस संबंध में परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप हर संभव पहल की जा रही है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति जो इलेक्ट्रिक व्हीकल ख़रीदता है वह राज्य शासन से सब्सिडी प्राप्त कर सकता है। इसके लिए वाहन विक्रेता डीलर को अपना अकाउंट नंबर और आईएफएस कोड देना होगा। वाहन के मूल्य का 10 प्रतिशत जो अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक हो सकता है इलेक्ट्रिक वाहन क्रेता के खाते में परिवहन विभाग द्वारा सीधे हस्तांतरित किए जाएंगे। परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में राज्य में अब तक 71 हजार 736 इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत किए जा चुके हैं। इनमें परिवहन कार्यालय अंतर्गत रायपुर में 27 हजार 110, दुर्ग में 8 हजार 272ए बिलासपुर में 7 हजार 438, अंबिकापुर में 4 हजार 302, राजनांदगांव में 3 हजार 461, कोरबा में 3 हजार ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

**इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने 10 प्रतिशत मिल रही सब्सिडी**

# विस चुनाव किसके चेहरे पर लड़ेंगे राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेगा : प्रीतम सिंह

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के सीनियर आब्जर्वर प्रीतम सिंह रायपुर के दौरे पर हैं। जहां वे मुख्यमंत्री सहित सीनियर नेताओं से मुलाक़ात करेंगे। रायपुर आए प्रीतम सिंह ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुझे छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी है और मैं अपने दायित्व का निर्वाहन करूंगा। साथ ही उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, इस चुनावी मैदान में हमारे तरकस में इतने तीर हैं, हम तीरों से भारतीय जनता पार्टी की छाती को भेदने का काम करेंगे।

उन्होंने चुनाव को लेकर कहा, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, मंत्रियों, प्रभारी और तमाम कांग्रेस के साथियों से संवाद स्थापित करके एक रणनीति बनाएंगे कि, किस दिशा में हमें किस तरीके से आगे बढ़ना है। भाजपा के चुनाव समिति की बैठक को लेकर उन्होंने कहा, प्रदेश की सरकार ने भूपेश बघेल नेतृत्व में जिस तरीके से जनहित के कार्य किए हैं, उसके आधार पर हम कह सकते हैं हम ए कैटेगरी में है। हम बी, सी और डी में नहीं है. वह भाजपा को मुबारक हो. राष्ट्रीय नेतृत्व में स्वयं ही स्वीकार कर लिया है। घोषणा पत्र को लेकर उन्होंने कहा कि, कांग्रेस ने पूर्व में जो विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र बनाया था। उसी अनुरूप कार्य किया है। छत्तीसगढ़ मॉडल पूरे देश के अंदर जाना जाता है। आमजन उसको देख भी रहा है और उसका लाभ भी आमजन को मिल भी रहा है। हम चुनावी घोषणा पत्र बनाएंगे और उसको पूरा करने का काम करेंगे। कांग्रेस छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव किसके चेहरे पर लड़ेगी, इस सवाल पर उन्होंने कहा, यह सब चीजें राष्ट्रीय नेतृत्व तय करता है इसको तय करने का अधिकार मेरा नहीं है। इस चुनाव मैदान में हमारे तरकस में इतने तीर हैं, हम तीरों से भारतीय जनता पार्टी की छाती को भेदने का काम करेंगे।



**भाजपा पर निशाना साधते हुए किया जीत का दावा**

# भाजपा ने तीन बार के घोषणा पत्र में से 25 वायदों को पूरा नहीं किया



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के लिये घोषणा पत्र जनता को ठगने का दस्तावेज होता है। भाजपा हर चुनाव के पहले घोषणा पत्र बनाती है जिसको संकल्प पत्र नाम देती है लेकिन कभी घोषणा पत्र के वायदों को पूरा नहीं करती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्षसुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकार वार्ता में कहा तीन बार 2003, 2008, 2013 के चुनाव में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जो वायदे किया था। यह वह घोषणायें है जिसे उसने तीनों बार फ्रंट पेज में छापा था। तीन चुनावों में 31 वायदे किये जिनमें 25 को पूरा नहीं किया। कांग्रेस और भाजपा में यही अंतर है। हमारे लिये घोषणा पत्र वायदा निभाने का पवित्र दस्तावेज होता है, भाजपा के लिये यह एक चुनावी हथियार मात्र होता है।

**भाजपा का घोषणा पत्र 2003**

हर जरूरतमंद बेरोजगार 12वी पास युवाओं एवं युवतियों को 500 रुपये मासिक बेरोजगारी भत्ता देंगे – नही दिया, लघु एवं सीमांत किसानों को कर्जा माफ नहीं किया। छत्तीसगढ़ के 146 विकासखण्डों में 1500 से अधिक दाल भात सेन्टर खोले जायेंगे। इन सेन्टरों पर मात्र पांच रूपये में उपलब्ध होगा दाल-भात – एक साल में सभी बंद हो गये। 2003 के ही प्रमुख वायदो में एक पूरा किया, एक आधा पूरा किया, 7 पूरा नहीं किया।

**भाजपा का घोषणा पत्र 2008**

अंत्योदय राशन कार्ड-1 रू. किलो चांवल, मुफ्त नमक (32 लाख परिवारों को), धान पर 270 रू. बोनस – नहीं दिया। किसानों को 1,2,3,4,5, हार्स पावर पम्पों पर मुफ्त बिजली – नहीं दिया। किसानों को ब्याज मुक्त ऋण – नहीं दिया इस तरह भाजपा ने 2008 के 8 वायदो में 6 पूरा नहीं किया।

**भाजपा का घोषणा पत्र 2013**

गरीब जनता को अब एक रुपये किलो में चावल, 2100 रू. धान के समर्थन मूल्य हेतु पहल – नहीं दिया 300 रू. प्रति क्विंटल प्रतिवर्ष बोनस – नहीं दिया, किसानों को ब्याज मुक्त ऋण – नहीं दिया। इस तरह 2013 के 15 वायदों में से 13 पर कुछ नहीं किया, 2 में से एक वायदा केन्द्र सरकार की योजना थी, दूसरा हर चुनाव में भुनाते थे 1 रू. किलो चावल का।

संकल्प पत्र के नाम पर जनता को बार-बार ठगने वाली भाजपा एक बार फिर से जनता की आंखों में धूल झोंकने फिर से घोषणा पत्र बनाने की नौटंकी कर रही है। भाजपा कुछ भी कर ले जनता अब उनके बहकावे में नहीं आयेगी। पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह, सुरेंद्र वर्मा, वंदना राजपूत, नितिन भंसाली, अमित श्रीवास्तव, उपस्थित थे।

# भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर बनाई बढ़त : साव



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि 21 नाम की घोषणा के साथ ही भाजपा ने चुनावी शंखनाद कर जीत की ओर कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने सभी चयनित साथियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि पहली सूची से स्पष्ट हो गया है कि छत्तीसगढ़ की सभी 90 विधानसभा सीटों पर सभी वर्गों का ठोस संतुलन हमारी प्रत्याशी सूची की पहचान बनेगा। भाजपा ने युवाओं के साथ अनुभवी नेतृत्व को मैदान में उतारने का फैसला लिया है। भाजपा ने अपने प्रत्याशियों को पर्याप्त अवसर देने के लिए चुनाव से 3 माह पहले घोषणा का दौर शुरू कर दिया है इससे भाजपा प्रत्याशियों को जनता से सीधे जुड़ने ज्यादा समय मिलेगा। भाजपा ने सभी सीटों पर जनता की कसौटी पर खरे उतरने योग्य प्रत्याशियों का चयन किया है। पहली सूची यह संदेश लेकर आई है की आने वाले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में शानदार बहुमत के साथ कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस की ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# राजधानी के बाजार में टमाटर के दाम में आई गिरावट

## आवक ने घटाई कीमत, 40 रुपए किलो बिका टमाटर



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में कुछ दिनों पहले तक 200 रूपये किलो बिकने वाले टमाटर के भाव में गिरावट आ गई हैं बाजार में आज टमाटर 40 रूपये किलो के भाव से बिका इसका कारण टमाटर आवक बढ़ना बताया जा रहा है उल्लेखनीय है कि अचानक से टमाटर की आवक कम होने से टमाटर का रेट आसमान को छूने लगा था।

मौसम में 10 रूपये किलो बिकने वाला टमाटर पिछलें दिनों कम आवक की वजह से सब्जी मंडी में 200 किलो के भाव से बिक रहा था जिससे रसोई में गृहणी परेशान रहने लगी। हर सब्जी में स्वाद के रूप में उपयोग लाया जाने वाला टमाटर के मंहगे दाम के कारण रसोई से टमाटर ओझल हो गया था। इधर सब्जी का व्यवसाय करने वाले व्यवसायी भी टमाटर के दाम बढ़ने से उनके माथे में भी चिंता की लकीरे खीचने लगी थी वही अब जबकि टमाटर की आवक बढ़ गई हैं तो राजधानी में आज दिन में टमाटर सस्ती भाव में बिका। शहर के सब्जी मंडी शास्त्री बाजार में टमाटर 40 रूपये किलो के हिसाब से बिका। जिसके चलते सब्जी का व्यसाय करने वाले व्यवसीयों ने भी राहत की सांस ली उन्होंने बताया कि टमाटर का उपयोग दैनिक रसोई में हर कोई करता है टमाटर के भाव बढ़ने से लोग टमाटर भाव पूछकर बिना लिये लौट जाए करते थे वही फूटकर व्यवसायी मंहगे दाम होने के कारण खरीदकर चिल्हर में बेचने से कतराने लगे थे।

इधर जबकि टमाटर की आवक बढ़ गई है तो जहां एक ओर टमाटर भाव गिर गए है जहां टमाटर 200 रूपये किलो बिकना शुरू हो गया था वही टमाटर आज सब्जी बाजार 40 रूपये किलो के भाव से बिका इससे टमाटर का रेट मायूस होकर लौटने ग्राहक बाजार में टमाटर की जमकर खरीददारी की। व्यवपारियों के अनुसार आगामी दिनों में टमाटर की कीमतों में और कमी आएगी। उन्होंने बताया कि पड़ौसी राज्यों से टमाटर की आवक शुरू हो गई है इससे टमाटर का भाव आने वाले दिनों में और भी सस्ता हो जायेगा।

## नेपाल से पहुंचा 5 टन सस्ता टमाटर

*टमाटर के भाव आसमान छू रहे हैं, लेकिन अब आम आदमी के लिए अब राहत की खबर है। नेपाल से आयातित करीब पांच टन टमाटर अभी रास्ते में है और उत्तर प्रदेश में इसकी बिक्री गुरुवार से 50 रुपए प्रति किलो के रियायती भाव पर की जाएगी। राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) ने नेपाल से 10 टन टमाटर के आयात का अनुबंध किया है।*

*एनसीसीएफ के प्रबंध निदेशक एनीस जोसेफ चंद्रा ने कहा कि हमने नेपाल से 10 टन टमाटर आयात का अनुबंध किया है। तीन से चार टन मंगलवार को उत्तर प्रदेश में वितरित किया गया। लगभग पांच टनज रास्ते में है और इसकी बिक्री गुरुवार से प्रदेश में की जाएगी। उन्होंने कहा कि टमाटर जल्दी खराब हो जाता है। इस वजह से देश के अन्य हिस्सों में इसकी बिक्री नहीं की जा सकती है। जोसेफ ने बताया कि टमाटर को विशेष आउटलेट और मोबाइल वैन के माध्यम से बेचा जाएगा।*

*गुरुवार को भी सरकारी दर पर 50 रुपए किलो टमाटर बेचा जाएगा। टमाटर के भाव को कंट्रोल करने के लिए एनसीसीएफ ने नेपाल से भी टमाटर मंगा लिया है, जो पहड़िया मंडी में आ गया है। बेंगलुरु, अंबिकापुर के बाद अब नेपाल से भी टमाटर आते ही भाव और नीचे आने की उम्मीद है। सूत्रों की मानें तो जल्दी ही टमाटर का भाव 30 से 40 रुपया प्रति किलो होने वाला है। अब भी कुछ लोग सस्ता टमाटर लेने के लिए लंबी लाइन लगाकर 50 रुपये प्रति किलो के भाव से खरीद रहे हैं।*

# विजय बघेल को पाटन से बलि का बकरा बनाया गया भाजपा को इन सीटों पर दावेदार नहीं मिल रहा था : दीपक

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिये 21 उम्मीदवारों की सूची जारी करके भाजपा ने मान लिया है कि इन 21 सीटों पर उसकी जमानत नहीं बचने वाली है वहां पर कोई दूसरा दावेदार नहीं है इसलिये इन सीटों पर उम्मीदवार घोषित करके भाजपा चुनाव लड़ने की औपचारिकता निभा रही है। भाजपा ने 21 सीटों पर उम्मीदवार नहीं बलि का बकरा खोजा है।



उन्होने कहा कि सारा प्रदेश जानता है कि पाटन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकप्रियता उनके द्वारा किये गये विकास कार्यों के सामने भाजपा के उम्मीदवार की दुर्गति होना तय है तो वहां पर विजय बघेल को बलि का बकरा बनाया गया है। भाजपा ने गरीबों के पैसा गबन कर इंदिरा बैंक के घोटाले में घूस के आरोपी रामविचार नेताम को भी प्रत्याशी बनाया है। इंदिरा बैंक के मुख्य अभियुक्त उमेश सिन्हा अपने नार्को टेस्ट में तत्कालीन मंत्री रामविचार नेताम को 1 करोड़ रू. घूस देना स्वीकार किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की 21 उम्मीदवारों की सूची से मोदी के तथाकथित भाई, भतीजावाद, परिवारवाद के संबंध में की जा रही दंभोक्ति की भी पोल खुल गयी। भाजपा ने खैरागढ़ से रमन सिंह के भांजे को टिकिट दिया है। मोदी और भाजपा को यहां परिवारवाद नहीं दिख रहा। रमन का बेटा सांसद बनेगा, भांजा विधायक चुनाव लड़ेगा। जब उपचुनाव लड़ने की बारी आती है तो लोधी समाज के कोमल जंघेल को प्रत्याशी बनाया जाता है। आम चुनाव में अपने भांजे को उपकृत करते है। भाजपा का खैरागढ़ में महल के खिलाफ हल का नारा भी खोखला साबित हो गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा दावा करती है कि उसने नये चेहरों को मौका दिया है लेकिन उसके अधिकांश घोषित प्रत्याशी 2018 के पहले की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार, कुशासन, कमीशनखोरी के भागीदार रहे है। 15 साल तक विभिन्न पदों पर रहकर रमन राज के भ्रष्टाचार में संलिप्त रहे है इनको नया प्रत्याशी बताकर भाजपा अपने 15 साल के भ्रष्टाचार पर पर्दा नहीं डाल पायेगी। जनता भाजपा के 15 सालों के कुशासन, वायदाखिलाफी को भूली नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने भाजपा की पहली प्रत्याशी की सूची पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने बिना दूल्हा के बारातियों की सूची जारी कर दी। चुनाव आदर्श आचार संहिता लगते तक भाजपा की सूची में कई बार संशोधन होगा, कई लोगों के नाम काटे जाएंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के आगे भाजपा को कुछ सूझ नहीं रहा है भाजपा की विधानसभा चुनाव में करारी हार अभी से नरेंद्र मोदी ने भाप लिया है इसीलिए रायगढ़ की सभा में आने से इंकार कर दिया ताकि इज्जत बची रहे।

## सद्भावना दिवस के तौर पर मनाई जाएगी राजीव गांधी की जयंती

**रायपुर,** 17 अगस्त। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। 19 और 20 अगस्त को शासकीय अवकाश होने की वजह से 18 अगस्त को शासकीय कार्यालयों में सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा ली जाएगी। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी इस संबंध में सभी शासकीय विभागों को पत्र जारी किया गया है. इसमें बताया कि राज्य शासन ने सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकीकरण की भावना जागृत करने और हिंसा के विचार को छोड़ते हुए लोगों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देने के ध्येय से सद्भावना दिवस मनाया जाता है. 19 एवं 20 अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण 18 अगस्त को शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा अपने कार्यालय-कक्ष में शाम 4.30 बजे शपथ ली जायगी।

# होलसेल कॉरिडोर को लेकर एनआरडीए अध्यक्ष एसएस बजाज से मिला चेंबर प्रतिनिधिमंडल



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। होलसेल कॉरिडोर की प्रक्रिया तेज करने एवं प्रस्तावित भूमि में विस्तार करने हेतु चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने एनआरडीए अध्यक्ष एसएस बजाज से मुलाकात की जिसमे डॉ. राकेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि होलसेल कॉरिडोर को लेकर एनआरडीए के अध्यक्ष एस एस बजाज से चैंबर प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। होलसेल कोरिडोर को मूर्त रूप प्रदान करने हेतु आगामी प्रक्रियाओं को शीघ्रता शीघ्र पूरा करने निवेदन किया।

श्री पारवानी ने आगे बताया कि होलसेल कॉरिडोर हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 1000 एकड़ भूमि का लैंड यूज चेंज किया गया है जिसके लिए हम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का प्रदेश के समस्त व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। बैठक में एस एस बजाज को यह भी अवगत कराया गया कि होलसेल कोरिडोर को लेकर व्यापारियों में बहुत उत्साह है। वर्तमान में चेंबर के पास 8000 से अधिक व्यापारियों के आवेदन प्राप्त हुए है जिसके लिए लगभग 1300 एकड़ भूमि की आव्यश्यकता होगी। होलसेल कॉरिडोर के बनने से लगभग डेढ़ से दो लाख लोगों को रोजगार मिलेगा और छत्तीसगढ़ देश के सबसे बड़े ट्रेडिंग हब के रूप में जाना जाएगा। बैठक में श्री बजाज ने उक्त चर्चा पर सकारात्मकता दिखाते हुए कहा कि हम होलसेल कॉरिडोर को प्राथमिकता के तौर पर क्रियान्वित करेंगे इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, राम मंधान, उपाध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी, निलेश मूंदड़ा, शंकर बजाज एवं डॉ. राकेश गुप्ता सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजपत्रित अधिकारी की मांग 300 दिन मिले अवकाश

### ऑनलाइन लिखी जाए सीआर भर्ती नियमों में हो समानता

**रायपुर,** 17 अगस्त। विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश के राजपत्रित अधिकारी संघ ने राष्ट्रीय पार्टियों को अपनी मांगों और सुझावों को घोषणा पत्र में शामिल करने को कहा है। अधिकारियों के मुताबिक कुछ विभागों के भर्ती नियमों को बदलकर सभी विभागों में नियमों में एकरूपता लाई जाए। उन्होंने शासन के आदेशों में सरलीकरण करने सात सदस्यीय कमेटी बनाने का फैसला भी लिया गया ।सरकार के घोषणापत्र में चार स्तरीय समयमान वेतनमान, अर्जित अवकाश 240 दिन के स्थान पर 300 दिन करने शासन को पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। विभागों की ओर से कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट की आड़ में समय पर प्रमोशन और समयमान वेतनमान नहीं देने की समस्या का हल निकालने के लिए कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट लिखने की प्रक्रिया को मंत्रालय की तरह ऑनलाइन करने का प्रस्ताव भी दिया है। छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ की प्रांतीय बैठक में विधानसभा चुनाव को देखते हुए कई राष्ट्रीय पार्टी के घोषणा पत्र के लिए मुद्दे तय किए गए। राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा और संगठन मंत्री नंदलाल चौधरी ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देश के बावजूद उनके अधिकार के हनन का मुद्दे भी उठाया गया। उन्होंने कई नियमों का सरलीकरण करने आवश्यक संशोधन करने के भी सुझाव दिए। शासन को ऐसे निर्णय लेने से किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं आएगा।

# केपीएस स्कूल में बच्चों को दिए नशा मुक्ति यातायात नियम व हाईजीन पर टिप्स

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में नशे के चंगुल में फंसे युवाओं को बाहर निकालने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई भी रायपुर पुलिस के साथ मिलकर जिंदगी न मिलेगी दोबारा अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत सिंधी काउंसिल ने रायपुर के केपीएस स्कूल में बच्चों को कई अलग-अलग तरह की जानकारी दी। जिसमें बच्चों को नशा मुक्ति,ट्रैफिक नियम के साथ-साथ हेल्थ और हाइजीन बनाए रखने के बारे में बताया गया।



इस मौके पर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया की नशा मुक्ति,ट्रैफिक नियमों और हेल्थ हाइजीन का पता होना। जीवन में बहुत जरूरी है। हमारी संस्था इसके लिए रायपुर के अलग-अलग स्कूलों में बच्चों को लगातार ट्रेनिंग दे रही है। इसके अलावा उनके कैरियर गाइडेंस पर भी फोकस होगा। हमने इस अभियान के लिए 15 स्कूलों का चयन किया है,जिसमें बच्चों को शुरुआत में ट्रैफिक नियमों से जुड़ी छोटी-छोटी जानकारी दी जाएगी। साथ ही इन स्कूलों में मोटिवेशनल स्पीकर बच्चों को नशा के खिलाफ, और उससे दूर रहने के फायदे बताएंगे।

आगे उन्होंने बताया कि जिंदगी ना मिलेगी दोबारा अभियान अगस्त के पहले हफ्ते से शुरू हो चुका है।

### सिंधी काउंसिल व रायपुर पुलिस का जिंदगी न मिलेगी दोबारा अभियान

जिसे पूरे अगस्त महीने तक चलाया जाएगा। इसके तहत सिंधु डॉक्टर फोरम की टीम बच्चों को हेल्थ हाइजीन के बारे में भी जानकारी देगी।

**मोबाइल की लत से बचना ही होगा : हिमांशु**

मुख्य अतिथि हिमांशु द्विवेदी ने अपने उद्बबोधन में कहा आज मुझे खुशी है की मैं एक अच्छे विषय पर आपके बीच आया हु और आपके साथ जो समय बिता रहा हु तो ऐसा लग रहा है भाग दौड़ के जीवन में छात्र जीवन का एक अलग ही महत्व है आप की उम्र में एक टर्निंग प्वाइंट है। आप को खुद ही अपने रास्ते का चयन करना है आज बहुत ही रोचक विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई है ट्रैफिक पर आप हेलमेट पहने , कार पर सीट बेल्ट लगाए ,नशा मुक्ति पर खास तौर पर बड़े बच्चो को मोबाइल के नशे से दूर रहना चाहिए साथ में हेल्थी खान पान का सेवन करना चाहिए । उन्होंने कहा मोबाइल का जो एडिक्ट हुआ उसका असफल होना तय है मोबाइल जिंदगी के उपयोग के लिए एक वस्तु है, है पूरी जिंदगी नही।

**रायपुर पुलिस ने चलाया हैलो जिंदगी अभियान**

रायपुर पुलिस भी लोगों के बीच नशे के खिलाफ हेलो जिंदगी अभियान चला रही थी। ये अभियान 15 अगस्त तक चला। इस अभियान में पुलिस द्वारा बड़े-बड़े पोस्टरों, जागरूकता के लिए वाहनों, गली मोहल्लों में छत्तीसगढ़िया अंदाज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की गई।

## सत्ता से विदाई देखकर मुख्यमंत्री अपनी हताशा कुंठा में इस तरह की बयानबाजी कर रहे : केदार

**रायपुर,** 17 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा विपक्षियों के गठबंधन को शुरू से ठगबंधन मानती रही है जिसने देश को और छत्तीसगढ़ के ठगने का काम सरकार और विपक्ष में रहते हुए किया है। श्री कश्यप ने कहा कि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन भाजपा के लिए जब कोई चुनौती है ही नहीं तो भाजपा नेतृत्व के उससे परेशान होने की बात कहकर मुख्यमंत्री बघेल मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। दरअसल घपलों-घोटालों, झूठ, वादाखिलाफी, कुशासन के चलते अपनी सरकार की सत्ता से तयशुदा विदाई देखकर मुख्यमंत्री अपनी हताशा और कुंठा में इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि देश को ठगने के काम में कांग्रेस और अन्य विरोधी दल लगे हुए हैं। अपने धत्कर्मों के चलते जब यूपीए को पिछले दो लोकसभा चुनावों में सफलता नहीं मिली तो अब नाम बदलकर नया ठगबंधन खड़ा करने की हास्यास्पद कोशिश की गई है, जिसकी सच्चाई से पूरा देश वाकिफ है। देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास है, इसे साबित करने की आवश्यकता ही नहीं है। सन 2024 के अगले लोकसभा चुनाव में देश ऐसे ठगबंधन को उसकी राजनीतिक हैसियत दिखा देगा। श्री कश्यप ने कहा कि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन को लेकर मुख्यमंत्री बघेल पहले यह सच प्रदेश को बताएँ कि छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच कैसा राजनीतिक रिश्ता रहेगा ? दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठजोड़ करने वाली कांग्रेस प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ ताल ठोक रही है, इसलिए आई. एन.डी.आई.ए. ठगबंधन को लेकर मुख्यमंत्री बघेल दिन-रात बेचैन हैं और अपनी आदत के मुताबिक अपनी चिंता भाजपा पर मढ़ रहे हैं।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग, आज सामूहिक अवकाश पर जाएंगे पॉवर कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। 9 विभिन्न युनियन/ संगठनों से जुड़े प्रदेश भर के करीब 9 हजार अधिकारी कर्मचारी अवकाश पर रहकर प्रबंधन तक अपनी बात पहुंचाएंगे।



कार्यालयीन अधिकारी और कर्मचारी के साथ ही बड़ी संख्या में मैदानी अमले के सामूहिक अवकाश में शामिल होने से बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका है इस बीच कंपनी प्रबंधन द्वारा सामूहिक अवकाश पर रहने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का परिपत्र जारी किया गया है ।परिपत्र को कर्मचारी संगठनों ने अनुचित और श्रम कानूनों का उल्लंघन बताया है। इससे पहले अपनी मांगों को लेकर छग.रा.वि.मं. पत्रोपाधि अभियंता संघ, छ.ग.स्टे.पा.कं. आफिसर्स एसोसिएशन, छ.रा.वि.मं. आरक्षित वर्ग अधि/ कर्म.संघ, छ.रा.वि. कर्म. जनता यूनियन, छ.ग. विद्युत कर्म. संघ (फेडरेशन), विद्युत कर्म. संघ (फेडरेशन), छ.ग. तक. विद्युत कर्म. एकता यूनियन, छ.रा.पा.क. डॉक्टर एसोसिएशन और छ.ग.स्टे.पा.कं. स्टेनोग्राफर एसोसिएशन के संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर कर्मी 16 जुलाई 2023 से विरोध प्रर्दशन करते हुए काली पट्टी लगाकर कार्य कर रहे हैं. इसके साथ ही 28 जुलाई 2023 को पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने की मांग को लेकर कंपनी मुख्यालय में बड़ी आमसभा कर चुके हैं. मोर्चा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सामूहिक अवकाश के बाद भी कंपनी प्रबंधन द्वारा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के संबंध में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी 6 सितंबर 23 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे। कांग्रेस शासित राज्यों में राजस्थान, हिमांचल आदि प्रदेशों में राज्य शासन के कर्मचारियों के साथ-साथ संबंधित राज्य की पॉवर कंपनियों में भी पुरानी पेंशन योजना बहाल की जा चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य शासन के 3 लाख से अधिक कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजन पहले ही लागू कर दी है। वहीं पावर कंपनी प्रबंधन द्वारा एन.पी.एस. वाले कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू ना करके कुछ मामलों में केन्द्र सरकार के निर्णयानुसार 23 दिसंबर, 2003 के पूर्व विज्ञापित पदों पर नियुक्त कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। इस प्रकार पावर कंपनी प्रबंधन मनमर्जी से एन.पी.एस. वाले राज्य विद्युत कर्मियों के हितों के साथ खिलवाड़ करते हुए केन्द्र और राज्य दोनों में लागू होने वाले कम लाभप्रद नियमों को ही खिचड़ी बनाकर लागू कर रहा है।

# कोपलवाणी चाइल्ड वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन को पात्रा इंडिया ने प्रदान किया ई-रिक्शा

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कोपलवाणी चाइल्ड वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन को पात्रा इंडिया द्वारा ई रिक्शा प्रदान किया गया ।कोपलवाणी की संस्थापक श्रीमती पदमा शर्मा ने बताया की ई-रिक्शा आ जाने से संस्था में अध्ययन कर रहे दिव्यांग बच्चों को लाने ले जाने में सुविधा मिलेगी।




यहां निवासरत रहकर अध्ययन कर रहे दिव्यांग बच्चे जिन्हें विभिन्न जगहों में परीक्षा हेतु सेंटर प्रदान किया जाता है, वहां से आवागमन अब सुविधाजनक हो जाएगा साथ ही बच्चे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक संदेश देने हेतु सदैव तत्पर रहते हैं,ई-रिक्शा आ जाने से इन सभी का आवागमन अत्यंत सुविधाजनक हो जाएगा ।विशेष बात यह रहेगी कि इस ई रिक्शा को चलाने वाला व्यक्ति भी एक दिव्यांग रहेगा और इसके माध्यम से एक दिव्यांग को संस्था द्वारा रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा ।इस अवसर पर पात्रा कंपनी द्वारा बच्चों के साथ मिलकर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया एवं उन्हें नाश्ता कराया गया ।बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस की थीम पर नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।इस दौरान संस्था द्वारा कोपलवाणी में कार्य कर रहे कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष शेषा गुहा सक्सेना,सुनीता चंसोरिया,डॉ प्रीति उपाध्याय एवं संस्था के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## कैपिटल जोन का शेष...

### प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति ...

311,रायगढ़ में 3 हजार 243, बलौदाबाजार में 2 हजार 415 तथा जांजगीर.चांपा 2 हजार 367 वाहन मालिक इलेक्ट्रिक पॉलिसी से लाभान्वित हो चुके हैं। इसी तरह सूरजपुर में एक हजार 86 धमतरी में एक हजार 40 महासमुन्द में एक हजार 4, जगदलपुर में 782, बैकुण्ठपुर में 680, जशपुर मे 634, मुंगेली में 627,कवर्धा में 603, बलोद में 596 तथा बेमेतरा में 517 वाहन मालिक इलेक्ट्रिक पॉलिसी से लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा दंतेवाड़ा में 500, कांकेर में 429, कोण्डागांव में 330, बलरामपुर में 279, गरियाबंद 213, गौरेला.पेण्ड्रा.मरवाही में 170, बीजापुर में 134, नारायणपुर में 97 तथा सुकमा में 96 वाहन मालिकों ने इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी कर इलेक्ट्रिक पॉलिसी से लाभान्वित हो चुके हैं।

### भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर बनाई...

वादाखिलाफी से त्रस्त हो चुकी है और भाजपा की तरफ विश्वास के साथ बढ़ चुकी है। छत्तीसगढ़ का राजनीतिक माहौल बदल गया है। श्री साव ने कहा कि यह सुनिश्चित हो गया है कि अब भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार जड़ मूल से उखड़ने वाली है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी इस बार पाटन से पलायन करना पड़ सकता है। जैसे उनके नेता राहुल गांधी अमेठी में सुनिश्चित हार को देखते हुए केरल के वायनाड पलायन कर गए, भूपेश बघेल भी पाटन में अपनी तयशुदा हार को देखते हुए पाटन के साथ किसी और सीट से भी चुनाव लड़ सकते हैं। क्योंकि पाटन में अब उनके लिए कोई गुंजाइश नहीं रह गई है। भाजपा आने वाले चुनाव में मुख्यमंत्री सहित पूरी कांग्रेस को हराकर एक नया इतिहास रचेगी।

# कांग्रेस झूठे आरोप लगाकर भाग खड़ी होती है : सुनील सोनी

**रायपुर,** 17 अगस्त। सांसद सुनील सोनी ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस भगोड़ों की पार्टी, झूठे आरोप लगाकर भाग खड़ी होती है। उन्होंने विपक्षीय गठबंधन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सामना नहीं कर पाया घंमडिया गठबंधन। कांग्रेस की स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब कांग्रेस 2028 के मानसून सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लायेगी और मुंह की खायेगी।



सांसद सुनील सोनी ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित पत्रवार्ता में संसद के मानसून सत्र के दौरान मोदी सरकार द्वारा पारित कराये गए राष्ट्रहित के विधेयकों की जानकारी देते हुए कांग्रेस सहित विपक्ष के गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। श्री सोनी ने कहा कि संसद के मानसून सत्र में कांग्रेस नेता अधीररंजन चौधरी और राहुल गांधी ने देश के टुकड़े होने, देश के जलने और भारतमाता के हत्यारे जैसी अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। देश की जनता समय आने पर कांग्रेस को इसका जवाब देगी।

### प्रधानमंत्री मोदी का सामना नहीं कर पाया घमंडिया गठबंधन

श्री सोनी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष चौधरी को उनकी अमर्यादित व असंसदीय टिप्पणी के लिए निलंबित किया गया। नेता प्रतिपक्ष चौधरी को तो उनकी पार्टी ने संसद में बोलने के लिए पाँच मिनट का समय तक नहीं दिया, उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निवेदन पर लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें बोलने का समय दिया। देश ने देखा कि कि मौका मिलते ही नेता प्रतिपक्ष ने कैसे गुड़ का गोबर किया! गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री सोनी ने कहा कि कांग्रेस भगोड़ों की पार्टी है, झूठे आरोप लगाकर संसद से भाग खड़ी होती है। संसद में कांग्रेस और उसके साथ ही विपक्ष के घमंडिया गठबंधन का चरित्र बेपर्दा हो गया। देश ने देखा कि मणिपुर पर उकसावे की राजनीति कर शांति के प्रयासों में बाधक बने विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाया और चर्चा से भाग गया। वोटिंग से भाग गया।

श्री मोदी ने मणिपुर की जनता को आश्वस्त करते हुए कसम खाई है कि मणिपुर के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए कार्य कर रहे हैं और वहां शांति का सूरज जरूर निकलेगा। मणिपुर के मामले में देश के गृह मंत्री अमित शाह एक-एक तथ्य से देश को अवगत करा चुके हैं। विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव को लोकसभा चुनाव का सेमी फायनल बताया था और भाजपा की केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा में सेमी फायनल जीता। विपक्ष अब 2028 के मानसून सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लाएगा और मुँह की खाएगा।

पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ,प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी,रायपुर जिलाध्यक्ष जयंती पटेल माजूद रहे।

# शिक्षक द्वारा सफाई कर्मी का सम्मान



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नगर माता बिन्नी बाई सोनकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाटा गांव में पदस्थ राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक बिहारी लाल शर्मा द्वारा शाला में पदस्थ सफाई कर्मीओ का सम्मान किया गया सम्मान में उन्हें साड़ी श्री फल एवम मिस्ठान प्रदान किया गया उन्होने कहा कि शिक्षा के मन्दिर में बिना सफाई के शिक्षा देना सम्भव नहीं है उनके कार्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मान किया गया इस आजादी के पर्व पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद एवं माइक सदस्य श्री सतनाम सिंह पनाग एवं प्राचार्य डॉक्टर मंजू अग्रवाल ने शिक्षक के इस कार्य को सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया उल्लेखनीय है कि उल्लेखनीय है कि शिक्षक द्वारा कोविद-19 के समय भी सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया था वह प्रतिवर्ष साल के लगभग 350 विद्यार्थियों को जूता मौजा स्कूल ड्रेस स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान करते हैं इसी तरह गरीब विद्यार्थियों को फीस भी जमा करते हैं

# राखियों से सजा बाजार

## आकर्षक गिफ्ट के साथ बजट में मिल रहे सोने-चांदी की राखियां



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन का त्योहार आने में बस कुछ ही दिन शेष है और ऐसे में राखियों का बाजार भी सज गया है। राखियों के बाजार के साथ ही सराफा संस्थानों में सोने.चांदी की राखियां व आकर्षक उपहार आए हुए है। वहीं दूसरी ओर गोलबाजार, गुढ़ियारी, टिकरापारा, आमापारा सहित कई क्षेत्रों में राखी के संस्थान भी सजने शुरू हो गए है और खरीदारी बढ़ने लगी है। राखी बाजार में इस बार तरह.तरह की राखियां आई हुई है। सबसे ज्यादा चर्चा इस वर्ष भी कार्टून राखियों को लेकर है और ये राखियां आकर्षण का केंद्र भी बनी हुई है। वैसे तो रक्षाबंधन भाई.बहन के प्रेम का प्रतीक है और सभी भाई.बहन एक दूसरे से अटूट प्रेम करते हैं। लेकिन बड़ी बहनों को अपने छोटे भाइयों से ज्यादा प्रेम रहता है और उनके लिए कार्टून वाली राखियां स्पेशल होती है। बहनें अपने क्यूट से भाई के कलाई में कार्टुन वाली राखियां बांधना ज्यादा पसंद करती है। इसके साथ ही गुलाब के डिजाइन वाली राखी रेशम की राखी की भी काफी चर्चा है। इसमें बाल गोपाल कृष्ण की राखी हनुमान की राखी छोटा भीम मोटू.पतलू की राखी भी मिल रही है। इन राखियों की रेंज 50 रुपये से लेकर 400 रुपये है। कारोबारियों का कहना है कि इस वर्ष राखी में पिछले वर्ष की तुलना में काफी ज्यादा कारोबार की उम्मीद है। सराफा संस्थानों में इन दिनों चांदी की राखियां आई हुई है। ये राखियां 300 रुपये से लेकर दो हजार रुपये तक उपलब्ध है। इसके साथ ही बहनों को उपहार देने के लिए तीन चांदी के सिक्कों का सेट बाक्स में आया हुआ है। इसकी कीमत 1100 रुपये है। कारोबारी वैभव मालू ने बताया कि चांदी की राखियों के साथ ही उपहार काफी पसंद किए जा रहे है ये सभी लोगों के बजट में भी उपलब्ध है।

### सोने की राखियां भी उपलब्ध

सराफा संस्थानों में सोने की राखियां भी उपलब्ध है। सोने के राखियों की रेंज भी एक हजार रुपये से शुरू है। इसके साथ ही उपहार के लिए सोने के टाप्स भी छह

# सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश, दो युवक पकड़ाए



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में मुजगहन थाने की पुलिस ने सामाजिक सोहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश के मामले में पुलिस ने दो इंजीनियरिंग छात्र को पकड़ा हैं ।

बताया गया कि प्रार्थी सुदीप साहू ने थाना मुजगहन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सेजबहार मुजगहन में रहता है। कल रात कोई अज्ञात असमाजिक तत्वों द्वारा जी ई सी कॉलेज चौक यूनियन बैंक के सामने सेजबहार में ध्वज फहराने के लिए बने चबुतरा में पूर्व से लगा भगवा ध्वज को हटाकर उस पर मटके में उर्दू भाषा में लिखकर सामाजिक एवं धार्मिक सौहाद्र को बिगाड़ने के उद्देश्य से उक्त कृत्य किया गया है। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना मुजगहन में धारा 153,295, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा प्रार्थी सहित आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त अज्ञात आरोपियों को पकड़ने हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये।

इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सेजबहार निवासी आरोपी अभिषेक मिश्रा को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी जो विधि के साथ संघर्षरत बालक है के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत बालक की भी पतासाजी कर पकड़ा गया।

दोनों लड़के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेज़बहार रायपुर के फर्स्ट ईयर के छात्र हैं। टीम के सदस्यों द्वारा दोनो को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

# ऑनलाइन सट्टा संचालित करते आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर जिले में सट्टा एवं जुआ पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपतित्र अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एसीसीयू को निर्देशित किया गया हैं। इस दौरानसूचना प्राप्त हुआ कि थाना आरंग क्षेत्रांतर्गत इंद्रा चौक स्थित बिजली पोल के नीचे मछली पारा के पास दोपहिया वाहन में सवार एक व्यक्ति ऑनलाईन सट्टा खिला रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नीरज चंद्राकर तथा नगर पुलिस अधीक्षक माना सुश्री कल्पना वर्मा द्वारा थाना प्रभारी आरंग को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को रंगेहाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी आरंग के नेतृत्व में थाना आरंग पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन एवं हुलिये को व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अनीश चंद्राकर निवासी आरंग रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे मोबाईल फोन की तलाशी लेने पर मोबाईल फोन में डायमण्ड आई.डी लेकर ऑनलाईन सट्टा खिलाना पाया गया ऑनलाईन सट्टा के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी सौरभ चंद्राकर के साथ मिलकर उससे डायमण्ड आई डी लेकर ऑनलाईन सट्टा खिलाना बताया गया। जिस पर आरोपी अनीश चंद्राकर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग आईफोन तथा घटना से संबंधित 01 नग दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एनटी 8274 जुमला कीमती लगभग 2 00 000६. रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना धारा 4;कद्ध जुआ एक्ट तथा छ ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6,7 एवं 08 का अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी सौरभ चंद्राकर फरार है जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के प्रयास किये जा रहे है।

# गबन के पैसों से खरीदे शेयर, 50 लाख की वापसी

### 17 साल पुराना इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी के चर्चित 17 साल पुराने इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले में पुलिस ने बुधवार को एक कंपनी से 50 लाख रुपए वापस करवाए। घोटाला फूटने के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी की थी इन लोगों ने पूछताछ में बताया था कि उन्होंने इस गबन के पैसों से कई कंपनियों के शेयर खरीदे थे। पुलिस ने उस समय तो उन कंपनियों से पूछताछ नहीं की थी लेकिन अब पुलिस ने दोबारा फाइल खोली और उन कंपनियों को तलब किया जिसमें बैंक से पैसे जमा किए गए हैं तो कारोबारी और कंपनी तुरंत पैसे लौटाने को राजी हो गए। पुलिस ने 6 दिन पहले 28 लाख एक अन्य कारोबारी से जमा करवाए थे। इस तरह एक हफ्ते में अब तक दो उद्योगपतियों से 78 लाख वसूले जा चुके हैं। इन उद्योगपतियों को यह पैसे आरोपियों ने बैंक से घोटाला कर दिए थे। बरामद पैसे बैंक के पीडितों को लौटाए जाएंगे क्योंकि अभी भी 525 खाताधारकों को पैसा वापस नहीं मिल पाया है। इनके 15 करोड़ बैंक में डूबे हैं। घोटाले के पैसों को आरोपियों ने छत्तीसगढ़.महाराष्ट्र के 42 उद्योगपतियों की 35 से ज्यादा कंपनियों में शेयर खरीदकर निवेश किया है। घोटाले का भंडाफोड़ होने पर आरोपियों ने शेयर बेच दिए। पुलिस ने उन सभी कंपनियों की जानकारी निकाल ली है। कंपनी के मालिक और डायरेक्टरों को नोटिस जारी किया गया है। उनसे पैसा वापसी का प्रयास किया जा रहा है। पैसा वापस नहीं करने की दशा में संचालकों के खिलाफजालसाजी का केस दर्ज किया जाएगा। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इंदिरा बैंक के पैसों से शेयर खरीदने वालों की पूरी जानकारी मिल चुकी है। पुलिस की कोशिश है कि पीडितों के साथ न्याय हो। उनका डूबा पैसा वापस किया जाए। अब तक लगभग 80 लाख रुपए वापस कराया जा चुका है।

### शेयर बेचने वाली कंपनी ने कहा– जानकारी नहीं थी

बुधवार को जिस कारोबारी ने 50 लाख जमा किए हैं उसने हाईलैंड फायनेंस एंड ट्रेडिंग कंपनी में शेयर खरीदा था। पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर को नोटिस जारी किया गया। उसे पूछताछ की गई। उनका जवाब था कि उन्हें जानकारी नहीं थी कि घोटाले के पैसों से शेयर खरीदा गया है। उनका आरोपियों से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने पीडितों को पैसा लौटाने की बात कही और आनन.फानन में इंदिरा बैंक के खाते में 50 लाख जमा कर दिया।

### दो हजार से ज्यादा लोगों का पैसा डूबा था

पुलिस अफसरों ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि बैंक में दो हजार से ज्यादा लोगों का पैसा जमा था। इन सभी का पैसा डूब गया था। अब तक इसमें आधे से ज्यादा लोगों को 12 करोड़ लौटा दिया गया। पैसा वापसी के लिए सिस्टम बनाया गया है कि जिनका बैंक में एक लाख या उससे कम पैसा जमा है। उन्हें पहले पैसा लौटाया गया। पुलिस और बैंक के पास सभी का नामए नंबर है। सरकार का प्रयास किया है। पीडितों को पूरा पैसा वापस किया जाएगा।

### कोर्ट ने दिया आरोपियों को उपस्थित होने का निर्देश

कोर्ट ने घोटाले के 18 आरोपियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया है। 17 साल से रायपुर कोर्ट में केस की सुनवाई चल रही है। आरोपी जमानत पर जेल से बाहर हैं। इसमें से कुछ की मौत हो गई। पिछले कई सालों से आरोपी पेशी में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। मेडिकल आधार पर आवेदन लगा रहे है। इस पर सरकारी अधिवक्ता ने आपत्ति की है। कोर्ट ने आरोपियों को कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। चर्चा है कि इस मामले में पुलिस कुछ और लोगों की गिरफ्तारी कर सकती है। कुछ लोगों की भूमिका घोटाले में पाई गई है लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उनसे पुलिस पूछताछ कर चुकी है। कुछ उद्योगपति पर भी कार्रवाई हो सकती है। वे पैसा लौटाने से इंकार कर रहे है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की तैयारी है।

# नकली उत्पाद बिक्री, 2 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में गोलबाजार थाने की पुलिस ने नकली सामान बेचन के मामले में पुलिस ने गोलबाजार क्षेत्र दो दुकानदारों की दुकान में छापा मारकर कंपनी के नकली सामान को जब्त किया है । बताया गया किप्रार्थी शाहिद हुसैन शाह निवासी लक्ष्मी नगर नई दिल्ली जो डिजनी इंटरप्राइजेस एवं मार्वल कैरेक्टर्स कंपनी का प्रतिनिधि है तथा कम्पनी की ओर से नकली समान बिक्री करने वालों के विरूद्ध शिकायत देने हेतु अधिकृत है उसके द्वारा थाना गोलबाजार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि नयापारा स्थित नकोड़ा ट्वॉयेज के संचालक प्रशांत जैन द्वारा डिजनी इंटरप्राइजेस एवं मार्वल कैरेक्टर्स कंपनी का नकली समान बिक्री किया जा रहा है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा निरी योगेश कुमार कश्यप थाना प्रभारी गोलबाजार को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गोलबाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त दुकान पर जाकर प्रतिनिधि डिजनी इंटरप्राइजेस एवं मार्वल कैरेक्टर्स कंपनी के सामग्रियों को चेक करने पर सामग्रियां नकली होना पाया गया। जिस पर नकोड़ा ट्वॉयेज के संचालक प्रशांत जैन के कब्जे से कंपनी के नकली उत्पाद बच्चों के विभिन्न स्कूल बैग, कंपास, पेंसिल, टॉयस, डायरी, पानी बॉटल जुमला कीमती लगभग 45,000 रूपये जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत स्थित न्यू बॉम्बे ट्रेडर्स के संचालक आशीष थारवानी द्वारा डिजनी इंटरप्राइजेस पदब एवं मार्वल कैरेक्टर्स पदब कंपनी के नकली सामग्रियों का बिक्री करना पाया गया जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी आशीष थारवानी के कब्जे से डिजनी इंटरप्राइजेस एवं मार्वल कैरेक्टर्स पदब कंपनी के नकली उत्पाद बच्चों के विभिन्न टॉयस डायरी पानी बॉटल जुमला कीमती लगभग 25,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 63, 65 कॉपी राईट एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# रायपुर रेलवे स्टेशन में गुंडागर्दी

- कैब ड्राइवर ने की यात्री से बहस शुरू हो गई मारपीट
- ड्राइवरों ने कर दिया थाने में हंगामा

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों को ओला ड्राइवरों की बदसलूकी का शिकार होना पड़ गया। सामान लादने की बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ गुस्साए यात्रियों ने भी ओला ड्राइवर के साथ मारपीट की जवाब में ड्राइवरों के गुट ने यात्रियों को पीट दिया।

रायपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के बाहरी यह विवाद हुआ यह विवाद हुआ घटना के बाद गुस्सा आए ड्राइवर ने जीआरपी थाने का घेराव कर दिया। सभी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने सिर्फयात्रियों की बात सुनी और ड्राइवर के खिलाफकार्रवाई की। ये भी आरोप लगे कि प्राइवे कार से जांच के लिए ले जाया गया। हंगामा बढ़ा तो पुलिस भी हरकत में आई। इसके बाद दोनों गुटों पर कार्रवाई करने की बात की गई। जीआरपी थाने के प्रभारी एलएस राजपूत ने बताया कि हरिप्रसाद नाम के यात्री बनारस से लौटे। उनके साथ पत्नी बेटी और बेटा थे। उन्होंने ओला कैब बुक की। सीजी 04एलयु 7784 कैब के ड्राइवर सर्वेश कुमार से हरिप्रसाद की बहस हो गई। पुलिस के मुताबिक सामान अधिक होने की वजह से ड्राइवर ने कह दिया कि दूसरी गाड़ी करलो, या फिर एक्स्ट्रा पैसे देने होंगे। दोनों के बीच इसी बात को लेकर बुरी तरह से बहस शुरू हो गई। बात इस कदर बिगड़ी ने बात हाथापाई तक पहुंच गई। यात्री ने ड्राइवर को पीट दिया। इसके बाद ड्राइवर का गुट जमा हो गया। सभी ने मिलकर यात्री से भी बदसलूकी की। दोनों ही पक्ष के लोग घायल हो गए। पुलिस ने अब दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# मोबाइल फोन की चोरी आरोपी युवक हिरासत में



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी के मामले को सुलझा लिया हैं इस दौरान आरोपी युवक हिरासत में लेकर मोबाइल फोन को जब्त कर लिया हैं । प्रार्थी मंजीत यादव ने थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह नंदन स्टील के पास बहेसर रोड चौगड्डा धरसींवा में रहता है। 30 जुलाई को प्रार्थी अपने नानी का गांव मुरेठी काम से गया था दोपहिया वाहन से वापस घर आते समय प्रार्थी नंदन स्टील के पास बहेसर रोड पास किसी कार्य से रूका था कि इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के मोबाईल फोन को चोरी कर लिया गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना धरसींवा में धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना धरसींवा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में आरोपी विधानसभा निवासी घनश्याम सोनी को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर आरोपी घनश्याम सोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का 01 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 30,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# कालेजों में प्रवेश बंद, ग्रेजुएशन में 40 और पीजी में 20 प्रतिशत सीटें खाली

### दाखिले के लिए लिखेंगे पत्र

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों में 14 अगस्त को प्रवेश प्रक्रिया का अंतिम दिन था। 14 अगस्त को कालेजों में खाली सीटों में ओपन काउंसिलिंग के जरिए प्रवेश दिए गए यहां तक कि जिन छात्रों ने पोर्टल से आनलाइन रजिस्ट्रेशन भी नहीं करवाया था उसे भी प्रवेश देने के आदेश विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कालेजों को भेजा था। इसके बावजूद स्नातक की लगभग 40 से 45 प्रतिशत और पोस्ट ग्रेजुएशन की 15 से 20 प्रतिशत सीटें खाली रहने का अनुमान है। रविशंकर विश्वविद्यालय से संबद्ध प्रदेश में लगभग 150 कालेज है। इसमें तीन जैसे डिग्री गर्ल्स कालेज साइंस कालेज और छत्तीसगढ़ कालेज आटोनामस कालेज है। ये तीनों ही राजधानी में हैं। इनमें अधिकतर पाठ्यक्रमों की लगभग सभी सीटें भर गई हैए लेकिन मैथ्स गुप्र की सीटें सभी जगह खाली है। कालेजों में इतनी ज्यादा सीटें खाली होने के कारण छात्र संगठन और एसोसिएशन आफ प्राइवेट प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस आफ छत्तीसगढ़ प्रवेश की तिथि बढ़ाने की मांग की है। छात्रों की मांग के अनुसार विश्वविद्यालय प्रबंधन शासन को पत्र लिखने की तैयारी कर रहा है। वहां से अनुमति मिलने के बाद ही खाली सीटों पर प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। जानकारों का मानना है कि छात्र रेगुलर से ज्यादा प्राइवेट आवेदन करके पढ़ाई कर रहे है। इसकी वजह से कालेजों में सीटें ज्यादा खाली है।

**भारतीय इतिहास और दर्शनशास्त्र की सीटें खाली:** छत्तीसगढ़ कालेज में ग्रेजुएशन की लगभग सारी सीटें फुल हो गई है। बीएससी मैथ्स गुप्र में 163 में से 150 प्रवेश हुए हैं। इसमें सिर्फ13 सीटें बच गई है। बीए, बीकामए एलएलबी की सभी सीटें भर गई है। पोस्ट ग्रेजुएशन में भारतीय इतिहास दर्शनशास्त्र सहित अन्य कक्षाओं में सीटें खाली है इसी तरह डा राधाबाई नवीन गर्ल्स कालेज में भी बीएम्यूजिकए डांस जैसे पाठ्यक्रमों में सीटें खाली है।

**बीए, बीकाम की सीटें भरी, बीएससी मैथ्स में खाली:** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय ;डिग्री गर्ल्स कालेज में बीए में 400 सीटें हैं। बीकाम और बीएससी बायो में 240.240 सीटें है। ये सभी सीटें भर गई है। बीएससी मैथ्स में 115 सीटें हैं, जिनमें 110 सीटों में प्रवेश हो गए है इसी तरह पोस्ट ग्रेजुएशन में साइंस और कामर्स की सीटें भर गई है। एमएम पालिटिकल साइंसए अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की कुछ सीटें खाली है।

**हर वर्ष खुल रहे कालेज बढ़ रही हैं सीटें:** प्रदेश में हर वर्ष नए कालेज खुल रहे हैं। चल रहे कालेजों में कोर्स और सीटें बढ़ाई जा रही है। इस वजह से भी कालेजों में सीटें ज्यादा बच रही है। बारहवीं पढ़कर निकलने वाले छात्रों की संख्या वहीं है लेकिन नए कालेज लगातार खुल रहे हैं। छात्र अच्छे और शासकीय कालेजों में प्रवेश लेना पहली प्राथमिकता रहती है। यहां पर प्रवेश न मिलने के बाद ही निजी कालेजों में प्रवेश लेते हैं। इस वजह से भी निजी कालेजों की सीटेंज्यादा खाली है। रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा शैलेंद्र कुमार पटेल ने कहा छात्र संगठनों की तरफ से प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग की गई है। कालेजों में सीटें भी बहुत ज्यादा खाली है। खाली सीटों में प्रवेश की अनुमति के लिए शासन को पत्र लिखेंगे। वहां से अनुमति मिलने के बाद ही खाली सीटों में प्रवेश दिया जा सकता है।

# मामूली बात पर जानलेवा हमला, 6 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। शोर मचाने पर मना करने के दौरान चाकू व अन्य घातक हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने 6 आरोपी युवकों को पकड़ा है। प्रार्थिया कुमारी साहू ने थाना अभनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह भगत सिंह चौक वार्ड नंबर 07 अभनपुर में रहती है। 15 अगस्त की रात अभनपुर स्थित सरकारी अस्पताल के पीछे भगत सिंह चौक के पास यशवंत साहू उर्फसोनू अपने साथी शिलेन्द्र साहू, समीर टण्डन, कुणाल तिवारी, नमन भारत उर्फ हनी, भोला गिलहरे, नंदू साहू, दिलीप साहू, शैलेन्द्र मसीह उर्फबाबा के साथ अपने पास चाकू एवं हॉकी स्टीक, डण्डा रखकर कह रहे थे कि हम लोगों के खिलाफचोरी की शिकायत कौन किया है इस मोहल्ले के लोगों में जिसमें दम है वो हमारे पास आकर बात करे कहकर शोर मचा रहा था। जिस पर प्रार्थिया के पुत्र द्वारा उन्हें मना किया गया किन्तु उनके द्वारा प्रार्थिया के पुत्र को ही तुम हमें बोलने वाले कौन होते हो कहते हुए उनके द्वारा प्रार्थिया के पुत्र के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की नियत से उस पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गये। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना अभनपुर में धारा 147,148, 149,307 भादवि 25 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थिया तथा घटना के दौरान उपस्थित लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करते हुए उनके छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही कर घटना में संलिप्त 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू, हॉकी स्टीक, डण्डा एवं अन्य आलाजरब जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त 03 आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के प्रयास किये जा रहे है।

# हॉलिडे बुकिंग के नाम पर लाखों की ठगी



### महिला सहित 2 अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। हॉलिडे बुकिंग के नाम पर लाखों रूपये की ठगी के मामलें में पुलिस ने दो ठग को गिरफ्तार किया है जिनसे ठगी की रकम बरामद कर ली गई हैं । बताया गया कि प्रार्थी रितेश सोनी ने थाना न्यू राजेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एम.आइ.जी 45 सेक्टर 4 दीनदयाल उपाध्याय नगर जिला रायपुर में रहता है तथा उसका स्वयं का एक्रॉस ओसियन हॉलिडे के नाम से स्पार्क प्लाजा के प्रथम तल पर ट्रेवल्स एजेंसी का कार्यालय है। प्रार्थी भारत देश एवं अन्य देशो में यात्रा करने वाले लोगो के लिये रूकने एवं घूमने की व्यवस्थाओ का कार्य करता है। जिसके कारण प्रार्थी का इस काम से जुड़े देश एवं विदेश में ट्रेवल एजेंटो सें संपर्क है। प्रार्थी द्वारा दिल्ली स्थित युग हालीडे के संचालक कंचन कश्यप एवं अनिल शर्मा के साथ नेपाल सिंगापुर एवं कश्मीर जाने वाले यात्रियों के लिये विभिन्न तारीखों में बुकिंग कर कुल 3,39,900६. रू कंचन कश्यप एवं अनिल शर्मा के बताये अनुसार ऑनलाईन नेट बैकिंग के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजा था किन्तु उनके द्वारा उक्त राशि से यात्रियों की बुकिंग न करते हुए बुकिंग की रकम को हड़प कर प्रार्थी के साथ ठगी की गई है। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में धारा 420 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर के नेतृत्व में थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपी कंचन कश्यप एवं अनिल शर्मा की लगातार पतासाजी की जा रही थी कि इसी दौरान टीम के सदस्यों को आरोपियों की उपस्थिति दिल्ली में होना ज्ञात हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दिल्ली रवाना होकर आरोपियों की पतासाजी करते हुए प्रकरण में आरोपी कंचन कश्यप एवं अनिल शर्मा को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

**उल्टा पुल्टा**

एक बार सोनू लगातार 4 दिनों से स्कूल में देर से आने पर मैडम ने कहा, तुम इतना लेट स्कूल क्यों आते हो?

**सोनू**-मैडम, आप मेरी इतनी चिंता मत किया करें बच्चे गलत समझते हैं!

## संपादकीय

### चुनाव तैयारियों में आगे की जंग

*दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं की बैठक होती है और दूसरे ही दिन छत्तीसगढ़ विधानसभा की 21 सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी अपने प्रत्याशी घोषित कर देती है। ये सीटें ऐसी हैं, जहां से प्रत्याशियों के नाम पर संशय की कोई स्थिति नहीं थी। नाम लिए जाने के साथ सभी नेताओं की 'हां' को महत्व दिया गया और पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी के रूप में उनके नामों की घोषणा कर दी गई। चुनाव तैयारियों में आगे निकलने का जो मनौवैज्ञानिक लाभ होता है, उस दृष्टि से भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर यह लाभ उठाने की कोशिश में सफल हो गई। हालांकि इससे पहले बहुजन समाज पार्टी नौ सीटों पर अपने प्रत्याशी काफी पहले घोषित कर चुकी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव की जो स्थिति बनती दिखाई दे रही है, उसमें अनुमान यह है कि यह चुनाव पिछले चुनावों से एकदम अलग होगा। हालांकि असली टक्कर हर बार की तरह कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होना है। पिछले चुनाव के नतीजों को देखकर भाजपा की स्थिति बहुत कमजोर आंकने वाले भी पार्टी की तैयारियों में कुछ सुधार के रूप में देख रहे हैं। प्रत्याशियों की नामों की घोषणा पर पार्टी की अच्छी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर आई है और नेता कह रहे हैं कि इनसे श्रेष्ठ नाम हो नहीं सकते थे। एक दो नाम पर हालांकि संघ की ओर से पहले से विरोध किया जा रहा था। पार्टी के लोगों का कहना है कि इस मामले में जीत की संभावना देखी गई है। सभी वर्गों में यह संदेश भी देने का प्रयास किया गया है कि भाजपा का किसी वर्ग से विरोध नहीं है। हालांकि पार्टियों के टिकट के फैसले तब बदल भी जाते हैं जब तक पार्टी का बी-फार्म जारी नहीं हो जाता। यानी प्रत्याशी के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम समय तक प्रत्याशी बदले जा सकते हैं। चूंकि भाजपा के प्रदेश स्तर के नेता नेतृत्व के समक्ष नामों पर सहमति जता चुके हैं इसलिए 21 सीटों पर घोषित प्रत्याशियों के नामों में कोई फेरबदल होने की संभावना कम ही है। सत्तारूढ़ पार्टी के लिए प्रत्याशियों का फैसला करना थोड़ा कठिन हो जाता क्योंकि दावेदारों की संख्या बढ़ जाती है। कांग्रेस के लिए यही स्थिति है। कांग्रेस में स्क्रीनिंग की प्रक्रिया शुरू हुई है। पहले ब्लाक स्तर पर और फिर जिला स्तर पर दावेदारों की स्क्रीनिंग होगी और उसके बाद प्रदेश स्तर पर उनकी सूची तैयार की जएगी। अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान से होगा। इस प्रक्रिया में अगस्त माह निकल जाने की संभावना है। हालांकि जिनका नाम शीर्ष पर होता हो उसे संकेत मिल जाता है कि उसे चुनाव की तैयारियों में लग जाना चाहिए। ऐसे कितने उम्मीदवार हैं, फिलहाल कह पाना कठिन है मगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयान से साफ है कि सभी विधायकों को पार्टी टिकट देने नहीं जा रही है। इनमें से एक तिहाई विधायकों का टिकट काटा जा सकता है और उनकी जगह नए चेहरों को आगे लाया जा सकता है। इन बयानों ने भी दावेदारों की संख्या कांग्रेस में बढ़ाई है। इस स्थिति को देखते हुए पार्टी की प्रदेश प्रभारी ने पहले ही साफ कर दिया है कि टिकट एक को ही मिल सकती है और बाकी सभी को उसे जिताने के लिए काम करना होगा। विरोध या भितरघात की कोई शिकायत मिलती है तो पार्टी उस पर कार्रवाई करने में देर नहीं करेगी। आम आदमी पार्टी राज्य विधानसभा सभी 90 सीटों पर और आदिवासी नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविन्द नेताम की हमर राज पार्टी भी चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। अभी इन पार्टियों के अलावा कुछ अन्य क्षेत्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों का ऐलान होना बाकी है।*

# एक बार फिर छिड़ेगी पाटन में चाचा भतीजे की चुनावी जंग

■ प्रकाश जैन

- पाटन ने भाजपा ने बनाया विजय बघेल को चौथी बार प्रत्याशी
- जश्न उत्साह में डूबे भाजपाई
- भाजपा की रणनीति भूपेश बघेल को पाटन तक सिमित रखा जाए



**दुर्ग,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। आने वाले विधानसभा चुनाव में दुर्ग जिले की पाटन विधानसभा सीट पर एक बार फिर चाचा भतीजे की जोड़ी एक दूसरे को टक्कर देगी। यह चाचा भूपेश बघेल मुख्यमंत्री कांग्रेस तथा भतीजे विजय बघेल सांसद भाजपा के बीच सीधी चौथी टक्कर होगी। इससे पूर्व यह जोड़ी तीन बार टकरा गई है जिसमें एक बार विजय बघेल और दो बार भूपेश बघेल ने जीत दर्ज की है। आज शाम भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची घोषित की है उसमें दुर्ग जिले से सिर्फ एक ही नाम पाटन से विजय बघेल का है। इस नाम की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह छा गया। लोगों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर आतिशबाजी व ढोल नगाड़ों से उत्साह दिखाया। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को खुलू चुनौती देते हुए कहा कि पाटन क्षेत्र में कांग्रेस फिर एक अपनी करारी हार के लिये तैयार रहें।

आज दोपहर लगभग 3 बजे वाट्सएप में जैसे भाजपा के 21 प्रत्याशियों के नाम घोषित किये। उनमें से दुर्ग जिले के एक ही नाम सांसद विजय बघेल का पाटन क्षेत्र के लिये है। इस प्रथम सूचना मिलते राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा का बाजार गर्म हो गया।

आज प्रतिक्रिया रही कि भाजपा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बार वह पिछली बार की तरह चुनाव हल्के में नहीं लेगी और सभी प्रतिष्ठापूर्ण क्षेत्र में अपने दमदार प्रत्याशी खड़ा करेगी। विजय बघेल लोकसभा चुनाव से पूरे छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले प्रत्याशी रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पहले भी तीन बार पाटन क्षेत्र में मुकाबला किया है। वे दो बार पराजित हुए है एक बार जीतकर रमन सिंह के मंत्रिमंडल में मंत्री थे। उनके इस रिकार्ड को देखते हुए ही भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री के सामने खड़ा किया है। इससे यह भी पार्टी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह प्रदेश में कांग्रेस को पिछली बार की तरह वाक ओव्हर नहीं देगी बल्कि इस बार सभी प्रतिष्ठापूर्ण सीटों पर कांग्रेस से कड़ा मुकाबला करेगी।

भाजपा ने इस प्रदर्शन से एक संदेश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उन्हीं के क्षेत्र में इस तरह घेरने का दाव चला है कि वे अपने क्षेत्र से ही बाहर न निकल सकें और पूरे प्रदेश की 90 सीटों पर केम्पेन करने की बजाय सिर्फ पाटन में ही सिमटकर रह जायें। इस पर दूसरे कुछ लोगों की राय है कि भाजपा का यह दावें तब ज्यादा कारगर होता कि नामांकन भरने की पूर्व संध्या पर ही विजय बघेल का नाम घोषित किया जाता। पहले उन्हें चुनाव लड़ने व तैयारी करने का इशारा कर दिया जाता। अब मुख्यमंत्री को भी उतना ही समय मोर्चेबंदी के लिये मिल गया जितना विजय बघेल को मिल गया है। अभी तो चुनाव कीघोषणा के लिये भी समय है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा संगठनिक तौर पर विजय बघेल को चुनावी जवाबदारी देते हुए मजबूत बना रही है। उन्हें चुनाव घोषणा पत्र समिति का संयोजक बनाया और समय समय पर मतदाताओं से रूबरू होने के लिये विशे, कार्यक्रम भी सौंपे है।

**भाजपा में जश्न :** बारिश में भींगते हुए भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, कांतिलाल बोथरा, डॉ. सुनील साहू, व अनूप गटागट, सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के सामने फटाके फोड़कर, मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। जिला भाजपा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा एवं केन्द्रीय चुनाव समिति को विजय बघेल के चयन के लिये धन्यवाद देते हुए जीत के लक्ष्य का संकल्प घोषित किया।

## बसपा के धरना प्रदर्शन में जुटेंगे प्रदेशभर के बसपाई



- राजधानी रायपुर के बूढ़ातालाब में आज होगा आयोजन

**दुर्ग,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के तत्वधान में केन्द्र की भाजपा व राज्य की कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफएक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन 18 अगस्त को बूढ़ातलाब रायपुर में किया जाएगा स जिसमे प्रदेश भर के बसपाईयो के साथ दुर्ग जिले से भी सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे स कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अशोक सिद्धार्थ पूर्व राज्य सभासांसद व प्रदेश प्रभारी बसपा छत्तीसगढ होंगे, धरना प्रदर्शन पश्चात राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

यह जानकारी दुर्ग विधान सभा ईकाई के अध्यक्ष सचिन गवई ने दी।

## दस दिनों के बाद वर्षा के रूप में बरसा अमृत शहरी जनजीवन व ग्रामीण किसानों को राहत

### बाजार प्रभावित : पर उमस व गरमी कम, मौसम हुआ सुहावना





**दुर्ग,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में लगभग दस दिनों के बाद हुई तेज बारिश ने पूरे मौसम का मिजाज ही बदल दिया है। विगत 10 दिनों से जिस तरह लोग गर्मी और उमस से परेशान थे। यहीं नहीं खेतों में जमा बारिश का पानी सूखने के बाद खेतों में दरार पड़नी शुरू हो गई थी।

धान के पौधे मुरझाने लगे थे। इस वर्षा से खेतों में नमी आई है और धान के पौधों में जान लौटने की उम्मीद बढ़ी है। आज की बारिश से बाजार भी काफी हद तक प्रभावित हुआ।

आज दिन धूप चिलचिलाती रही। लगभग 4 बजे एकाएक रिमझिम रिमझिम वर्षा शुरू हुई जो करीब आधा घंटा में ही बंद हो गई। इसके फिर कुछ देर बाद रिमझिम वर्षा शुरू जिसने देखते ही देखते शाम साढ़े 7 बजे तक झड़ी का रूप ले रखा है। राखी को कुल 12 दिन शेष रह गये सभी तरफ राखियों की दूकानें भी सज गई है। एकाएक बारिश से लोगों को वाटर प्रुफ के सहारे दूकानें बचानी पड़ी। फुटपाथ पर दूकानें लगा रहे लोगों ने दुकानें समेटकर आसपास की परछियों बरामदों जैसी सुरक्षित जगहों में दूकाने समेट कर रखीं। मौसम से निश्चित जो लोग बाहर घूम रहे थे उन्होंने भी इधर उधर सुरक्षित जगह खोजकर स्वयं को भींगने से बचाया। गाड़ियों की डिग्गी में रेनसूट, छाते लेकर चलने वालों ने तो साधन निकालकर स्वयं को भींगने से बचाया। वे लोग जो शाम को घूमने के लिये घर से बाहर निकलते है वे घर पर ही रूक गये। इधर बाजारों में भी लोगों ने शो रूम से बाहर रखें सामान, साड़ियां सूट व कपड़े जो बाहर बिक्री के लिये बाहर टांग रखे थे आनन फानन में भीतर दूकान में रख लिया।

इधर विगत कुछ दिनों से अवर्षा की स्थिति देखकर किसानों में चिंता नजर आ रही थी वे आज फिर से अच्छी वर्षा और फसल के लिये आश्वस्त नजर आये शाम को जैसे ही बारिश की बूंदे गिरी किसानों ने कहना शुरू कर दिया कि चल बरस भाई कुछ तो राहत मिलेगी।

## जिला प्रशासन ने गेहूं स्टाक की शुरू की मानीटरिंग

**दुर्ग,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता की मानीटरिंग के लिए राज्य शासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा जिले के 33 गेहूं व्यापारियों द्वारा धारित गेहूं के स्टाक का सत्यापन किया गया।

खाद्य नियंत्रक दीपांकर के अनुसार व्यापारियों की बैठक लेकर गेहूं स्टाक मानीटरिंग पोर्टल में संस्था के व्यापार की स्थिति के अनुसार थोक विक्रेता, फुटकर विक्रेता, बिग चैन रिटेलर तथा प्रसंस्करणकर्ता के रूप में अपनी संस्था का पंजीयन वेब पोर्टल के यूआरएल में अविलंब कराने हेतु समझाईश दी गई। मौके पर 7 व्यापारियों का नया पंजीयन कराया गया।

गेहूं व्यापारियों को अवगत कराया गया कि गेहूं के व्यापार के अनुसार गेहूं स्टाक मानीटरिंग पोर्टल में अपनी संस्था का पंजीयन कराना एवं प्रत्येक शुक्रवार को संस्था द्वारा धारित स्टाक का पोर्टल में दर्ज कर घोषित किया जाना अनिवार्य है।

गेहूं व्यापारियों एवं उनके संगठन द्वारा उपरोक्तानुसार पंजीयन शीघ्र कराये जाने हेतु अपनी सहमति दी गई।

## स्वतंत्रता दिवस पर शहर में लहराया तिरंगा

**दुर्ग,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। शहर में स्वतंत्रता दिवस का पर्व काफी धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न संस्थानों के अलावा निजी भवनों में भी लोगों ने ध्वजारोहण किया। सांसद विजय बघेल की उपस्थितिमें जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की उपासना कन्नौजे एवं विजय लक्ष्मी कन्नौजे ने भाजपा की सदस्यता ली।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की बधाईयां देने के साथ ही आने वाले चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रमशीला साहू, उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, विनायक नातू, कांतिलाल बोथरा, मनोज मिश्रा, मनोज सोनी, राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, चैनसुख भट्टड़, डॉ. सुनील साहू, मनोज अग्रवाल, रजा खोखर, रोमनाथ साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

**मछली व्यवसाई संघ :** इंदिरा मार्केट स्थित मछली मार्केट में मछली व्यवसायी कल्याण संघ द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर वार्ड पार्षद एवं एमआईसी प्रभारी भोला महोबिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष टुमन लाल ढीमर ने की एवं पूर्व अध्यक्ष भागीरथी मटियारा ने विशेष आतिथ्य में किया। इस अवसर पर खुशबू द्वारा दी गई देशभक्ति के गीतों ने अनूठा समा बांधा।

इस अवसर पर संघ द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज व संघ के सदस्यों के साथ ही अन्य व्यवसाई एवं नागरिकगण शामिल हुए। आभार प्रदर्शन दिलिप ढीमर ने किया।

**नागरिक सहकारी बैंक :** सिद्धि विनायक मंदिर रोड पचरी पारा स्थित नागरिक सहकारी बैंक में बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कमलनारायण रूंगटा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रूंगटा ने बैंक की उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में बैंक के सदस्यगण मनोज ताम्रकार, वेंकट सांई शास्त्री राव, पवन बड़जात्या, थानेश्वर ठाकुर, अशोक अग्रवाल, मंगल सिंह ठाकुर, एवं बैंक के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

## सरपंच पर तालाब को गहरीकरण कराने के बाद पटवाकर मनमानी करने का आरोप

- जनदर्शन में शिकायत

**दुर्ग,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। पाटन तहसील के ग्राम फेकारी के ग्रामवासियों ने कलेक्टर जनदर्शन में सरपंच टिकेश्वर साहू एवं उपसरपंच पवन पटेल के साथ 6 अन्य ग्रामीणों पर गांव के शासकीय तालाब का रोजगार गारंटी योजना के तहत तालाब गहरीकरण कराने व उसी के कुछ समय बाद उसे पटवाकर समतल करने की शिकायत की गई है। शिकायत में कहा गया है कि तालाब गहरीकरण कार्य में ग्रामीणों से श्रमदान भी लिया गया है मगर पटवाने के लिये किसी को भी सूचना नहीं दी। ग्रामीणों ने कलेक्टर से पूरे मामले की जांच कर सरपंच व उनके साथियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है।

कलेक्टर जनदर्शन में गांव के सैकड़ों निवासियों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपते हुए आवेदक जलराम साहू, हेमंत कुमार यादव, खिलेन्द्र साहू, कृष्ण कुमार छगना, पुनारद साहू, राजकुमार, सोहन लाल, लालमणि साहू, एवं बड़ी संख्या में हस्तारकर्ता आवेदकों ने अपनी उपस्थिति दी। ज्ञापन में बताया गया कि उक्त तालाब से गांव भर की निस्तारी की जाती है। तालाब का पानी नहाने कपड़ा धोने, मवेशियों को नहाने, व पानी पिलाने के उपयोग में किया जाता है। उक्त तालाब का इसी वर्ष 2023 में रोजगार गारंटी योजना तथा श्रमदान के तहत तालाब गहरीकरण कराया गया है। ग्रामीणों ने इस कार्य में शासकीय राशि का उपयोग करने का आरोप लगाया है। जनदर्शन में सौपे ज्ञापन में आगे यह भी बताया गया है कि उक्त तालाब से लगी भूमि सरपंच के रिश्तेदार की है। रिश्तेदार उसी तालाब के किनारे की जमीन पर मकान व मंदिर बना रहा है। अब अपने रिश्तेदार को रास्ता देने के लिये उक्त तालाब को पाटकर रास्ता बना दिया है। इसके लिये सरपंच ने न तो ग्राम सभा बुलाई और न ही किसी की भी अनुमति ली। सरपंच ने पूरी तरह मनमानी की। ग्रामीणों ने अपनी लिखित शिकायत में सरपंच टिकेश्वर साहू, उपसरपंच पवन पटेल, योगेश साहू, दिनेश साहू, हेमलाल साहू, गोविंद साहू, धनेन्द्र पटेल को भी आरोपी बनाया है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के पटने से लोगों को आवश्यक एवं निस्तार में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## आज से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तीसरे चरण की शुरूआत

- विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर होगी प्रतियोगिता

**दुर्ग,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तीसरे चरण की शुरूआत कल 18 अगस्त से विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता से होगी। यह स्पर्धा दूसरे चरण में आयोजित जोन स्तरीय विजेता प्रतिभागियों एवं दलों के मध्य होगी। प्रतियोगिता का समापन 23 अगस्त को होगा। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक एवं दूसरे चरण में जोन स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक किया गया था।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तीसरे चरण की स्पर्धा में ग्रामीण क्षेत्रों के जोन स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी एवं दल विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में एवं नगरीय क्षेत्रों के जोन स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी एवं दल नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। नगरीय स्तर की प्रतियोगिता में जिन जिलों में नगर निगम है, वहां यह प्रतियोगिता नगर निगम मुख्यालय पर नगरीय क्लस्टर स्तर पर होगीए जो कि विकासखंड स्तर के समतुल्य मानी जाएगी। जिले के सभी नगर पंचायतों तथा नगर पालिका क्षेत्र के जोन स्तर के विजेता सम्मिलित रूप से वर्चुअल नगर निगम क्षेत्र में समाहित मानते हुए किसी उपयुक्त नगरीय निकाय में आयोजित वर्चुअल नगर पालिक निगम में निगम स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

राजीव युवा मितान क्लब स्तर, जोन स्तर एवं विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर प्रतियोगिता होने के बाद चौथे चरण में जिला स्तर पर इसका आयोजन 27 अगस्त से 04 सितंबर तकए पांचवे चरण में संभाग स्तर पर 10 सितंबर से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर स्पर्धाएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा। छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो.खो, रस्साकसी और बांटी ;कंचा जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

## जिले में पेयजल परिरक्षण अधिनियम शिथिल

**दुर्ग,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने पर्याप्त वर्षा को देखते हुए जिले में लागू पेय जल परिरक्षण अधिनियम 1986 को आगामी आदेश तक शिथिल कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। ज्ञात हो कि जिले में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 लागू किया गया था। आदेशानुसार दुर्ग जिले को 30 जून 2023 तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था।

## लियाकत के सेवाभावी इलाज से सैकड़ों लकवा के मरीजों का हुआ लाभ

- अब इनके लकवा पाइंट सेक्टर को संसाधन उपलब्ध कराने कोशिश संस्था ने की कलेक्टर से पहल

**दुर्ग,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। लगभग डेढ़ दशक पहले लियाकत अली द्वारा जिस दादा-दादी, नाना-नानी पार्क के सामने खुले मैदान में लकवा के मरीजों का सेवाभावी रूप से इलाज शुरू किया गया था उसने आज वृहत रूप ले लिया है। बड़ी संख्या में यहां लकवा के मरीज बेहतर इलाज की उम्मीद से आते है और लियाकत की सेवाओं के मुरीद होकर स्वास्थ्य लाभ होकर लौट जाते है। यह शहर का एक महत्वपूर्ण रोग निदान सेंटर बन गया है मगर आज भी यहां नागरिक सुविधाओं का भारी अभाव है। अब यहां इसी कार्य को विस्तार देने समाज सेवियों द्वारा कोशिश नाम की एक संस्था गठित कर ली गई है। कोशिश की पहल से अब एक नई दिशा मिलेगी।

आज कोशिश के अध्यक्ष बहादुल अली थारानी के नेतृत्व में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा से मिलकर यहां पर नागरिक जरूरतों की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करने की मांग की। ट्रेनर, लियाकत अली पहले स्वयं लकवा (पैरालिसिस) के मरीज थे जब स्वस्थ हो गये तो स्वयं इसी पद्धति से मरीजों का ना सिर्फ इलाज



शुरू किया बल्कि उन्हें योग सिखाने लगे। लगभग पंद्रह वर्ष पूर्व लियाकत अली नामक एक सेवाभावी व्यक्ति ने दादा दादी, नाना नानी पार्क के पास लोगों को नि:शुल्क लकवा जैसे लगभग असाध्य सी बीमारी से मरीजों का योगासन सहित अन्य तरीके उपचार कराना शुरू किया था। लियाकत भाई की मेहनत रंग लाने लगी और उनकी सेवाओं से रोग ठीक होने लगा। योग कवायत, ध्यान इत्यादि के माध्यम से लोग स्वस्थ्य होने लगे। धीरे धीरे इसका प्रचार बड़ा और लकवाग्रस्त मरीज ही नहीं स्वस्थ्य शरीब बनाये रखने की कामनाओं को लेकर भी लोग दादा दादी, नाना नानी पार्क में पहुंचने लगे। आज कोशिस संस्था के अध्यक्ष बहादुर अली थाराना के नेतृत्व में लोग कलेक्टर से मिले और उनेहंने वहां पर चल रहे रोगों से छुटकारा दिलाने सिखाये जाने वाले योग एवं उपचार से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दादा दादी, नाना नानी पार्क के सामने उक्त जगह पर शेड का निर्माण, रोड निर्माण, फैंसिंग पानी उपलब्ध कराने व टायलेट की व्यवस्था करने की मांग की। कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने कोशिश के प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र ही वहां सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को भी जरूरी निर्देश दिये।

ज्ञापन सौंपने वालों में कोशिश के अध्यक्ष बहादुर अली थारानी, उपाध्यक्ष नवीन खत्री, सहसचिव नवीन पाटणकर, ट्रेनर लियाकत अली, रंजीता साहू, शमा खान, अजय तिवारी, बुशरा खान, किशोर ओबरानी, पिंकी जोशी, रतना देवी, सहित अन्य लोग शामिल रहें।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में भिलाई के साहित्यकार करेगें शिरकत

**भिलाईनगर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के 20 से 22 अगस्त तक व्यंग्य पुरोधा हरिशंकर परसाई के जन्म शताब्दि वर्ष पर जबलपुर में आयोजित 18 वां राष्ट्रीय सम्मेलन में भिलाई सहित छत्तीसगढ़ से प्रगतिशील लेखक संघ के अनेक साहित्यकार भाग लेंगे। इसमें छग प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष नथमल शर्मा, अध्यक्ष मंडल के सदस्य वेदप्रकाश अग्रवाल, लोकबाबू, रवि श्रीवास्तव, प्रांतीय प्रलेसं महासचिव परमेश्वर वैष्णव, कोषाध्यक्ष डॉ. सत्यभामा अवस्थी सहित प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग से गुलवीर सिंह भाटिया, विमल शंकर झा, डॉ.कोमल सिंह शारवा, योगेंद्र शर्मा, शरद कोकास, राजेश श्रीवास्तव, मणिमय मुखर्जी समेत राज्य की विभिन्न इकाइयों के 54 पदाधिकारी व सदस्य शिरकत करेंगे।

# चुनाव : सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण



**भिलाईनगर,** 17 अगस्त जिले में विधानसभा निर्वाचन प्रशासनीक स्तर की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इसी कड़ी में आज कला मंदिर भिलाई में जिले के विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, पाटन, अहिवाराए वैशाली नगर, भिलाई नगर एवं बेमेतरा (आंशिक) के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित कार्यों का बोध कराया गया। उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विहित निर्देशों की जानकारी दी गई। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जवाबदारी के साथ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है उनका नाम स्पेशल कंडिशन होने पर ही निर्वाचन ड्यूटी से नाम हटाया जाएगा। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए व्यवस्थित तरीके से कार्य करना सुनिश्चित करने को कहा। निर्वाचन के कार्यो में छोटी सी लापरवाही से बहुत बड़ी कार्रवाई हो सकती है। निर्वाचन का कार्य देश में सर्वोच्च कामों में से एक माना जाता है। उन्होंने मतदाताओं को शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने बीएलओ के साथ-साथ सेक्टर अधिकारियों को भी घर-घर जाकर सर्वे करने को कहा। सेक्टर अधिकारियों को बीएलओ के साथ मिलकर कार्य संपादित करने को कहा। सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ना, विलोपित करना एवं त्रुटिसुधार आदि कार्य 31 अगस्त तक प्राथमिकता के साथ करने को कहा। अधिकारियों को निर्वाचन कार्य के सभी बिन्दुओं का महत्व समझते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। सेक्टर अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर आचार संहिता समाप्त होने तक उनके दायित्वों की जानकारी दी गई। इस दौरान ए.डी.एम. अरविंद एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के दुबे, संयुक्त कलेक्टर एच.एस. मिरी सहित सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

## पाटन से विजय भाजपा प्रत्याशी



**भिलाईनगर।** इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिये भाजपा की पहली सूची में भाजपा के दुर्ग सांसद विजय बघेल को भाजपा ने दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा प्रत्याशी घोषित किया है। ज्ञात हो कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के वर्तमान में पाटन से कांग्रेस के विधायक है। भाजपा की पहली सूची में विजय बघेल के नाम आने से अब पाटन विधान सभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री विजय बघेल का मुकाबला मुख्यमंत्री के बीच होगे। आप पार्टी के प्रत्याशी चुनाव मैदान में आ सकती है।

## डेंगू रोकथाम व नियंत्रण हेतु यादव को सौंपी कमान



**भिलाईनगर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। डेंगु बीमारी की आशंका में ऐतिहातन एवं इसके रोकथाम के साथ ही जन-मानस में जागरूकता लाने जन स्वास्थ विभागए नगर सेवाएए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जिला मलेरिया विभाग दुर्ग से भुगतान के आधार पर प्राप्त 100 ब्रीडिंग चेकर्स के माध्यम से सर्वेक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इन प्रयासों के बावजूद भिलाई टाउनशिप में डेंगु के कुछ प्रकरण सामने आने पर इस अभियान को और भी प्रभावी बनाने संयंत्र ने इस अभियान की कमान पूर्व में डेंगू नियंत्रण में निर्णायक भूमिका निभा चुके महाप्रबंधक प्रवर्तन के.के. यादव को सौप दी है। श्री यादव के दिशा निर्देश में जन स्वास्थ विभाग की टीम रमेश गुप्ता वरिस्ठ प्रबंधक के नेतृत्व में सभी डेंगु के संदिग्ध मरीजो के घरों सहित आसपास 200 मीटर के दायरे में सघन रूप से कीटनाशको का छिडकाव सहित फागिंग कर रहे है। साथ ही ब्रीडिंग चेकर्स द्वारा प्रत्येक आवास सहित सभी भवनों में जाकर ऐसे स्थल जहां मच्छर पनप सकते है, जैसे पशुओ एवं पक्षियों के लिए रखे पानी के पात्र, कूलर, पुराने टायर, नारियल के खोल, पुराने बर्तन, पानी की टंकिया, तथा अन्य जल पात्र व जल जमाव के अन्य स्थानों का निरिक्षण कर मच्छरों के लार्वा विनिष्टीकरण के साथ ही निरोधक उपायों हेतु लोगों को जागरूक करने जानकारीयुक्त पाम्पलेट एवं नियशुल्क लार्वानाशी का वितरण किया जा रहा है। डेंगु सर्वेक्षण हेतु अभी 96 ब्रीडिंग चेकर्स का दल सर्वेक्षण का कार्य कर रहा है। आज नगर सेवाये टीम द्वारा सेक्टर.2, 4, 5, 6 में सर्वेक्षण के अलावा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, ऑयलिंग व फोगिंग किया गया। टीम ने 61794 घरों में, 61140 कूलर एवं जल पात्रों का निरिक्षण, 6156 घरों में लार्वा मिले, तथा 49027 घरों में टेमीफोस का वितरण किया गया। ऐसे स्थान जहा पानी एकत्र होता है, को नाली बनाकर खाली करने के साथ ही रुके पानी पर आयलिंग का कार्य आरंभ किया गया है, ताकि मच्छर को लार्वा स्टेज में ही समाप्त कर मच्छर की संख्या पर नियंत्रण रखा जा सके। इसके अलावा भिलाई के सभी स्कूलों सहित संयंत्र भी में चरणबद्ध रूप से कीटनाशको का सघन छिडकाव किया जा रहा है। अभियान को और आक्रामक बनाने फागिंग आपरेशन आरंभ किया गया है जो सम्पूर्ण टाउनशिप को कव्हर किये जाने तक जारी रहेगा। इसके अलावा भिलाई टाउनशिप में स्थित सभी निजी, शासकीय एवं बी.एस.पी.के स्कूलों में डेंगू के प्रति जागरूकता के लिए व्याख्यान एवं स्कूलों का निरिक्षण सतत रूप से किया जा रहा है। इस कड़ी में शंकर विद्यालय व बी एस पी स्कूलों में बच्चो व स्टाफ को जन स्वास्थ्य विभाग, नगर सेवाये, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा व्याख्यान देकर समझाइश दिया गया व बच्चो को लार्वा दिखाकर पहचान करवाया गया बच्चो को अपने पेरेंट्स से घरों के कूलर, टैंक के पानी हर पांचवे दिन बदलने कहा गया है। साथ ही यदि घरों के आसपास पानी का जमाब हो तो जला हुआ तेल डालने कहा गया है। कूलर्स में तीन ढक्कन टेमिफोस दावा डालने बोला गया है। जन स्वास्थ विभाग ने लोगों से अपील की है कि मच्छर नियंत्रण हेतु व्यक्तिगत स्तर पर किये जा सकने वाले उपाय जैसे कूलर एवं पानी की टंकियों को प्रति सप्ताह एक बार पूरी तरह खाली करना, खाले पड़े बर्तनों, पुराने टायरों में पानी का जमाव ना होने देनाए रुके हुए पानी जिसे खाली करना संभव ना हो उसपर किसी भी प्रकार के तेल की कुछ बुँदे डालने, एवं मच्छर दानी का नियमित उपयोग कर डेंगु एवं मच्छरों से होने वाले बीमारियों के रोकथाम में सहयोग करें व स्वयं भी सुरक्षित रहें व औरों को भी सुरक्षित रखें। टीम ने कह कि यदि घर में किसी को बुखार आया हो तो तत्काल हॉस्पिटल लेकर जाए व घरों में मच्छरदानी व फूल बाहों वाला कपड़ा पहने व शरीर के खुले भागो में नारियल तेल लगाएं ।

## स्वदेशी युद्धपोत निर्माण के लिए स्पेशल स्टील की आपूर्ति



**भिलाईनगर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। सेल ने भारत के छठे स्वदेशी युद्धपोत विंध्यगिरि के ज़रूरी लिए पूरे 4000 टन विशेष स्टील की आपूर्ति करके देश की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। यह युद्धपोत भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई परियोजना च17। पहल का हिस्सा है और इसका निर्माण मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इस युद्धपोत का लांच भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 17 अगस्त 2023 को किया जाना निर्धारित है। सेल द्वारा विंध्यगिरि युद्धपोत के लिए आपूर्ति किए गए स्टील में डीएमआर 249 ए ग्रेड की एचआर शीट्स और प्लेट्स शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट पी17, की महत्वपूर्ण परियोजना के तहत सात युद्दपोतों का लांच होना है। विंध्यगिरि का यह आगामी लांच, इस तरह के छठे युद्धपोत के सफल निर्माण का उदाहरण है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में सेल की भागीदारीए भारत के रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देने की दिशा में, कंपनी के दृढ़ समर्पण का उदाहरण है। यह महत्वपूर्ण मील का पत्थरए देश के गौरव और उल्लास के प्रतीक आईएनएस विक्रांत की कमीशनिंग में सेल के उल्लेखनीय योगदान के बाद आया है। जिसमें सेल ने विमान वाहक पोत के निर्माण के लिए आवश्यक पूरे 30,000 टन स्पेशल स्टील प्रदान किया था।

# सामान्य सभा में सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित



**भिलाईनगर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। निगम भिलाई की सामान्य सभा निगम सभागार में आयोजित हुई। सभा में 18 विषय निगम के सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें से 2 विषय पर चर्चा उपरांत शेष 16 विषय को बहुमत के आधार पर पारित किया गया। सभा के प्रारंभ में आयुक्त रोहित व्यास ने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सदन में उपस्थित महापौर, अध्यक्ष, पार्षद, जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात महापौर नीरज पाल ने भिलाई निगम के सदन के 23 वर्ष पूर्ण होने पर इसके गरिमामय इतिहास के अपने अनुभव को सदन में साझा किए। वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व महापौर स्वण् विद्यारतन भसीन के निधन पर सदन ने उन्हें अपनी मौन श्रद्धांजलि अर्पित किए। अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू ने सदन को 5 मिनट के लिए स्थगित करने की घोषणा की। सदन की कार्यवाही अध्यक्ष द्वारा पुन: प्रारंभ की गई। सामान्य सभा में 18 विषय का एजेंडा प्रस्तुत किया गया जिसमें जोन 3 वार्ड 37 संत रविदास नगर में स्थित उद्यान का नाम स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर नामांकरण एवं मूर्ति स्थापना करने के प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित किया गया। इसके अलावा वार्ड-25 संतोषीपारा तेल्हानाला (करूणा अस्पताल से गौरव पथ तक) विकास कार्य पर चर्चा करने के बाद विषय को पारित किया गया। सदन में प्रस्तुत शेष विषय जिसमें निगम भिलाई अंतर्गत 500 सीट शहरी महिला आजीविका केन्द्र का निर्माण कार्य, जातिध्मूल निवास की उद्घोषणा, निगम भिलाई के नए लोगो, मोनो के सृजन, टाउनशिप क्षेत्रान्तर्गत आने वाले वार्डो में स्कोप ऑफवर्क के अन्तर्गत नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्श, ई.रिक्शा से आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य, निगम के विभिन्न क्षेत्रों में रिक्त आवासीय, व्यवसायिक, आवास सह व्यवसायिक भूखण्डों के अंतरण के संबंध में घासीदास नगर मैदान का नामकरण, विश्व स्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन निर्माण कार्य, साडा भिलाई के समय आबंटित व्यवस्थापित प्रकरण जिसमें ऑफर की पूर्ण राशि जमा हो चुकी है किन्तु पंजीयन नही हुआ के संबंध में, सुपेला पुरानी बस्ती आबादी भूमि में निवासरत परिवारों को आबादी पट्टा, स्थायी मालिकाना हक प्रदान करने, निगम द्वारा विभिन्न आवासीय, आवास सह व्यवसायिक एवं व्यवसायिक योजनाओं में आबंटित 300 भूखण्डों के संबंध में विचार, निगम भिलाई क्षेत्र में निर्मित सामाजिक भवन जो बिना भू.आबंटन बिना अनुमति के निर्मित किये गये है उनके आबंटन के संबंध में, जोन 4 खुर्सीपार क्षेत्र में बीपीओ कॉल सेंटर खोले जाने, जोन-1 नेहरू नगर जी.ई. रोड से लगे हुये उद्यान 3 के व्यवसायिक उपयोग, संचालन एवं संधारण कार्य, केनाल रोड निर्माण में प्रभावित व्यवसायिक का वैकल्पिक व्यवस्थापन, मदर्स मार्केट पावर हाउस में सी मार्ट संचालन एवं संधारण करने बहुमत के आधार पर पारित किया गया।

## आजादी में अगर कुर्बानी देना पड़े तो पीछे नहीं होंगे



**भिलाईनगर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी ने 76वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर भिलाई के विभिन्न स्थानों सेक्टर-1 ओवर ब्रिज के नीचे इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा, सेक्टर-6 एसएचसीएल कॉलोनी, चंदूलाल चंद्राकर रिक्शा स्टैण्ड, गांधी चौक केम्प-1, पोटटू श्रीरामलू चौक, जवाहर लाल नेहरू चौक, केम्प नं-1 मेटाडोर स्टैण्ड में ध्वजारोहण किया। श्री कुरैशी ने कहा कि देश की आजादी के लिए हमारे लाखों बुजुर्ग जेल गए। सैंकडों लोगों ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक कुर्बानी दिये उसके बाद हमारा देश आजाद हुआ। आज के दिन तिरंगे झण्डे के नीचे हम लोगों को भी संकल्प लेना चाहिए कि देश की आजादी को बरकरार रखने हमें भी अगर कुर्बानी देना पड़े तो कुर्बानी देंग, लेकिन देश को आंच नहीं आने देंगे। झण्डारोहण में समयलाल साहू, तुलसी साहू, आर.एस.शर्मा, अब्दुल कादिर सिद्धिकी, सज्जन प्रसाद दिक्षित, नईम बेग, बैजनाथ शुक्ला, दीदार भाई, बी.जोगा राव, दुर्गासाहू, रामा विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र वैष्णव, मृत्युंजय भगत, जवाहर भाई, जब्बार भाई, रघुवीर, श्री कोसरे शैलेश, तुषार देवांगन, गायत्री देवांगन, लक्ष्मी, गरीबदास, राजेश शर्मा, मिक्के भाई, सलीम, दुर्गेश गुप्ता, रमन मिश्रा, संजय लाखे, राजू, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, उषा, मुन्नी, इश्वर राव, अपाले, चंद्रमणि साहू, मेरिक सिंह, उस्मानी, गिरजा साहू, जोहन सिन्हा, अनिता यादव, सरस्वती साहू, श्रीमति देवांगन, मोहन साहू, चेतन साहू, बृजलाल ठाकुर, लीलांबर सिंह, एस.भास्कर राव, पी.मुरहरी, वाई. भास्कर राव, कन्नम राजेन्द, जी. ईश्वरराव, हेमराजू, के.यरैन्ना, तुलसी राव, पी.महेश राव, जे जेश्वर राव. एम.कोरमा राव, एम.कृष्ण, हरिकृष्ण, एम.के. राव, मोहम्मद शहाबुदीन, मोहम्मद सिराज आदि उपस्थित थे।

## कुम्हारी स्थित बड़े तरिया में 15 अगस्त को रही 20 हजार से भी अधिक भीड़



**भिलाईनगर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कुम्हारी स्थित बड़े तरिया में दिन.ब.दिन जिस तरह लोगों की तादाद बढ़ रही है जिससे स्थानीय ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में लोग बड़े तरिया को देखने लालायित दिखाई दे रहे हैं। 15 अगस्त को छुट्टियां होने की वजह से यहां बेतहाशा भीड़ दिखाई दी। जानकारी के मुताबिक इस दिन करीब 20 हजार से भी अधिक लोगों की भीड़ यहां दिखाई दी। छुट्टी होने की वजह से लोग सपरिवार यहां पहुंचे थे । बच्चों ने जहां झूला व टॉयज ट्रैन का आनंद लिया वहीं लोगों ने सपरिवार म्युजिकल फाउंटेन का भी आनंद लिया। यातायात को दुरुस्त करने यातायात पुलिस पूरी तरह चाक चौबन्ध दिखाई दी। वे लोगों से लगातार अपील कर रहे हैं कि निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़ा की जाय। क्योंकि लोगों के सहयोग के बिना व्यवस्था संभव नहीं हो पाएगा। जानकारी के मुताबिक लोगों की भीड़ इतनी रही कि देर शाम को लोगों को बिना टिकट के ही छोड़ना पड़ा। लगातार बढ़ती भीड़ से ही बड़े तरिया के लोकप्रियता का अंदाज़ा लगाया जा सकता है।

## अंगदान करने वालों का किया गया सम्मान



**भिलाईनगर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर सामाजिक संगठन सर्वधर्म सेवा संस्था भिलाई द्वारा संस्था के संरक्षक वीरेंद्र सतपथी के मार्गदर्शन में विगत दो वर्षो से चलाये जा रहे अभियान में अब तक 105 लोगों द्वारा अंगदान व देहदान किया गया। जिनका सम्मान संस्था द्वारा किया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र बनछोर अतिथि के रूप में भारत श्री व भारत भूषण सम्मान से सम्मानित समाज सेविका श्रीमती बी. पोलम्मा व अतिथि डॉक्टर उदय कुमार जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर 9 द्वारा द्वारा देह दानियों का सम्मान शाल व श्रीफल भेंट कर किया गया। संस्था द्वारा इस अभियान को चलाने का मुख्य उद्देश्य बढ़ते प्रदूषण व आधुनिक अनियमित जीवन शैली से बढ़ती बीमारियों की वजह से खराब होते मानव अंग तथा बढ़ते मेडिकल कॉलेजों की संख्या में प्रेक्टिकल के लिए मानव देह का अभाव है। इसलिए संस्था द्वारा इस बात पर बल दिया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा अंग व देह दान लोग कर।जिस से जरूरत मंदों की आँखों की रोशनी सहित लोगों की जान बचाई जा सके तथा चिकित्सा विज्ञान को ज्यादा से ज्यादा बेहतर बनाया जा सके। इस सम्मान समारोह में सभी ने एक स्वर में वैधानिक रूप से अंगदान प्रक्रिया जो वर्तमान में जो जटिल है उसे सरलीकरण व सुचारु रूप से चलाने हेतु सरकार से मांग की गयी। सरलीकरण से निश्चित रूप से अंग दाताओं की संख्या कई गुना बढ़ेगी। जिससे जरूरत मंदों को नया जीवन प्राप्त होगा। इस समारोह में श्रीमती शकुंतला पाल, श्रीमती सुष्मिता चक्रवर्ती, श्रीमती संगीता अग्रवाल, श्रीमती प्रीति पोद्दार, श्रीमती विशाली वाखले, श्रीमती सीमा सिन्हा, श्रीमती कुसुम खांडवे, श्रीमती पद्मिनी प्रधान, प्रतीक भोई, सुरेश खांडवे, वेनु गोपाल देवांगन, विलास वाखले, आनंद चक्रवर्ती, अनुज कुमार सिन्हा, सज्जन अग्रवाल, डॉक्टर ओमेश खुराना, सुकून विश्वास, स्वतंत्र तिवारी, राहुल प्रधान, इंद्रजीत सिंह आदि अंग व देह दानियों का सम्मान किया गया। आयोजन में श्रीमती निर्मला देवी रत्नाकर, श्रीमती तनु चंद्राकर, श्रीमती फरीदा बेगम, चंद्रकला लिखारे, श्रीमती सुधा शर्मा, वंदना बजड़, श्रीमती योजना दाहके, ज्योति भोइ, ,कु. श्रिस्टी, सहित अनेक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक भोई द्वारा तथा आभार प्रदर्शन घनश्याम पांडे द्वारा किया गया।

## विधायक की पहल से हुडको में लग रहे हैं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर



**भिलाईनगर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। हुडको संघर्ष समिति के संयोजक जावेद खान, आर बी के राव, अरूण ठवकर, बी एल मालवीय ने बताया कि हुडको मे ओवर लोडिंग की समस्या से निजात दिलाने विधायक देवेंद्र यादव एंव निगम भिलाई के राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी के प्रयास से मुख्यमंत्री शहरी विद्युतिकरण योजना के माध्यम से सी एस पी डी सी एल रिसाली जोन द्वारा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर निरन्तर लगाए जा रहे हैं ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध गति से एंव पर्याप्त वोल्टेज मिल सके। हुडको वासियों ने ओवर लोडिंग के कारण कुछ क्षेत्रों मे बार बिजली गुल होने की शिकायत विधायक देवेंद्र यादव से की थी। जिसके तहत ही विधायक की पहल पर भारत माता उद्यान के सामने एक 100 के वी का और एम आइ जी 2.433 के पास एक 100 के वी का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है, इस से पूर्व भी चार जगहो पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगा कर ओवर लोडिंग और बार बार डी ओ उड़ जाने की समस्या से हुडको के उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गयी है। जिसके लिए संघर्ष समिति द्वारा विधायक देवेंद्र यादव,सीजू एंथोनी का अभार व्यक्त किया है।

# कसौंधन वैश्य समाज ने मनाई बागेश्वर पूजा महोत्सव



**भिलाईनगर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कसौंधन वैश्य समाज ने 18 वर्षो के प्रयत्न के पश्चात समाज ने अपने स्वयं के भवन में पूजा महोत्सव संपन्न कराया। इसके लिए समाज में अनेक नेताओं से संपर्क किया, किन्तु भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने पिछले वर्ष सामाजिक कार्यक्रम में समाज से यह वादा किया था कि अगले बागेश्वर पूजा महोत्सव आप अपने खुद के भवन में बनाएंगे और उन्होंने अपना वादा पूर्ण निभाया समाज अपने उन्हें बधाई प्रेषित की। अध्यक्ष नमित गुप्ता ने बताया कि समाज के बैठक हेतु भवन हो जाने से अब दूसरे समाज के भवनों पर आश्रित नहीं रहना पड़ेगा समाज ने अब अपने दानदाताओं से लगभग 80 कुर्सियां सोफा अलमारी से लेकर सभी बैठक हेतु आवश्यक समान एकत्रित कर लिए हैं सुलभ शौचालय की भी आवश्यकता दो महीना में पूर्ण कर ली जाएगी एवं बोरिंग भी समाज को उपलब्ध करा दी जाएगी। कैलाश नगर स्थित बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज के प्रांगण में आयोजित कसौंधन वैश्य समाज के श्री बागेश्वर पूजा महोत्सव पर भगवान बागेश्वर बाबा की मूर्ति स्थापना की गई साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, संरक्षक मोतीलाल गुप्ता, जवाहर गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष योगेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष शारदा गुप्ता थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पूर्व अध्यक्ष शारदा गुप्ता ने कहा कि विगत 18 वर्षों से बागेश्वर कसौंधन वैश्य समाज निरंतर कार्यक्रम करते आ रहा है मगर समाज के लिए भूमि पहली बार पूजा होने से सामाजिक लोगों में अभूतपूर्व उत्साह है। वर्तमान अध्यक्ष नमित गुप्ता के प्रयास से यह संभव हो पाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि कि निश्चित रूप से कसौंधन वैश्य समाज की मांग बहुत पुरानी थी यह बहुत बड़ी उपलब्धि है और समाज को जो भी आवश्यकता हो उसे राष्ट्रीय कमेटी सहयोग करेंगी संरक्षक संतोष गुप्ता ने कहा कि लगभग हर समाज के पास अपना खुद का भवन है मगर कसौधन वैश्य समाज के भवन ना होना हमारे लिए आत्मग्लानि का विषय था। प्रदेश अध्यक्ष योगेश गुप्ता ने कहा कि यहां पर डोम की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा। समाज की महिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण महिलाओं की जागरूकता महिलाओं के समाज के प्रति कार्य करने के लग्न को और बढ़ाया जाएगा समाज में लगभग 51 वृक्ष लगाकर। राष्ट्रीय संयोजक राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि समाज को और जागरूक करने पर बल दिया आह्वान। संरक्षक जवाहर गुप्ता ने कहा कि हमें आपसी मतभेद भूलकर समाज को और संगठित होने की आवश्यकता है। शाम 6 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली गई। मचं संचालन नेहा गुप्ता ने किया कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, नेहा गुप्ता, अलका गुप्ता, नीतू गुप्ता, सुनीता गुप्ता, भागीदारी प्रमुख रूप से रही। आभार प्रदर्शन नमित गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष नमित गुप्ता डॉ प्रमोद गुप्ता डॉक्टर प्रफुल्ल गुप्ता रामाधार गुप्ता डॉ प्रशांत गुप्ता डॉ विनोद गुप्ता विजय गुप्ता श्रीमती उमा गुप्ता किशोर गुप्ता रञ्जन गुप्ता प्रशांत गुप्ता जयप्रकाश गुप्ता धनीराम गुप्ता अशोक गुप्ता सुशील सुशील गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे।

## मनरेगा राशि में कटौती से ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ी बेरोजगारी: नंदी

**भिलाईनगर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। केंद सरकार द्वारा मनरेगा के आबंटन राशि में लगातार किए जा रहे कटौती के चलते ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ रही है और ग्रामीण जनता की इस योजना के तहत पर्याप्त रोजगार नही मिल रही है। उक्त बातें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व राज्य समिति सदस्य सुखरंजन नंदी ने जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि 2006 में तत्कालीन मनमोहन सिंह की सरकार ने ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 100 दिनो के लिए रोजगार की गारंटी देने के उद्देश्य से यह कानून को बनाया था। वर्तमान केन्द्र सरकार इस मद में लगातार आबंटन राशि में कटौती कर रही है। श्री नंदी ने कहा कि इस मद पर जहा वर्ष 2020 में एक लाख ग्यारह हजार करोड़ रुपए आवंटित किया गया था वही वर्ष 2023-24 में सिर्फ साठ हजार करोड़ रूपये ही आबंटित किया गया है। जहा पिछले वर्ष इस मद पर 89 हजार करोड़ रुपए आवंटित था वही इस वर्ष 60 हजार करोड़ रुपए आवंटित किया गया है। जबकि महंगाई और मजदूरी दर में हुई वृद्धि के मद्देनजर आबंटन राशि में बढ़ोतरी करना आवश्यक था। उन्होंने कहा कि आज देश में भयानक बेरोजगारी का मार युवाओं को झेलना पड़ रहा है। देश में बेरोजगारी दर जहा 8.3प्रतिशत है। वही मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को रोजगार देकर बेरोजगारी की गहराती हुई संकट से कुछ राहत दिया जा सकता था। उन्होंन कहा कि इस मद पर आबंटन राशि की कटौती का मार छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परिवारों को भी झेलना पड़ रहा है। मनरेगा के तहत प्रदेश में ग्रामीण परिवार की औसतन रोजगार में कमी आई है।प्रदेश में जहा इस योजना के तहत वर्ष 2021 में औसतन प्रति परिवार को 60.85 दिन रोजगार उपलब्ध हुआ करता था वही पर वर्ष 2022 में प्रति परिवार को औसतन 51.4 दिन ही रोजगार प्राप्त हुए है।

# कुम्हारी में 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

**कुम्हारी,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नगर में स्वतंत्रता दिवस के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनेक सरकारी संस्थाओं, विभिन्न स्कूलों व नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर तिरंगा फहराया गया। कई प्रतिष्ठित संगठनों ने भी इस स्वतंत्रता दिवस को बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाया। नगर में सुबह से ही लोगों में देश प्रेम का उत्साह देखा गया सुबह से ही झंडा फहराने की उत्सुकता एवं स्वतंत्रता दिवस का उल्लास देखा गया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपने हाथों में तिरंगा लिए स्कूल जाते दिखे। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उत्कृष्ठ कर्मचारियों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने अपने उद्बोधन में आजादी की लड़ाई में शहीद हुए वीर सपूतों को नमन करते हुए नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे योजनाओ को बताया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने च्मेरी माटी मेरा देशज्ज कार्यक्रम अंतर्गत देश की मिट्टी को हाथ में लेकर पंच प्राण की शपथ ली। इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधियों, अधिकारी एवं एल्डरमैन, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहें। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुम्हारी में शाला विकास समिति अध्यक्ष मनहरण यादव ने ध्वजारोहण किया जिनका नेतृत्व प्राचार्या श्रीमती लता रघु कुमार द्वारा किया गया। सेजस जंजगिरी में वरिष्ठ नागरिक एवं एस.एम.डी.सी के सदस्य दुजेराम साहू, टीका राम साहू, परदेशी राम साहू, द्वारा ध्वजारोहण किया गया इसके साथ ही सदस्य रूपराम साहू, तीरथ राम देवांगन, लोकेश साहू, एल्डरमैन अशोक साहू, पार्षद अरुणा साहू, एवं तामेश्वर साहू के द्वारा श्रेष्ठा में चयनित कुमारी ज्योति बंजारे एवं एकता बंजारे को पांच-पांच हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। शिक्षिका अंजना सिंह को उनकेउत्कृष्ट कार्य हेतु शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान गया। इस मौके पर बच्चों ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मिनी गोपीनाथन एवं तृप्ति सिंग ने आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं। नगर स्थित विश्व विद्यालय आई.सी.एफ.ए.आई में कुलपति डॉ सत्यप्रकाश दुबे ने ध्वजारोहण किया एवं डॉ रविकिरण ने आभार व्यक्त किया। वार्ड क्रमांक 15 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में पार्षद रागिनी राजू निषाद के द्वारा देश के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। नगर के प्रतिष्ठित संस्था सियान सदन में ध्वजारोहण उपरांत उपस्थित जनों द्वारा राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत गाया गया, कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को 15 अगस्त की बधाई दी गई। इस दौरान मुख्य रूप से मुरारी



लाल साव बी एल साहू लक्ष्मी राव पत्रकार राम बिहारी मिश्रा केजऊ यादव पदमावती साहू आर.डी.राव, पार्षद ओमनारायण वर्मा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित हुए संस्था द्वारा बच्चों पुरस्कृत किया गया। पुलिस थाना में थाना प्रभारी केशव कोसले द्वारा ध्वजारोहण किया गया। व्यापारी संघ द्वारा स्टेशन चौक में ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर नगर के व्यापारी बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बद्री नारायण शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वार्ड क्रमांक 22 सत्य नगर कुगदा में पार्षद ओमकार मारकंडे द्वारा झंडा फहराया गया। नगर स्थित भारतीय विद्यालय में बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत गाकर स्वतंत्रता दिवस सेलिब्रेट किया गया वहीं विद्या दिप पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र- छात्राओं के पालक सुशील सिंग एवं टिकेंद्र साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस मौके पर स्कूल प्रबंधक रामेश्वर सोनकर प्राचार्य सहित स्कुल के शिक्षकगण व बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहें इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने सुंदर गीत व कविताएं प्रस्तुत की। विचक्षण जैन विद्यापीठ में हर्सोल्लास के साथ यह पर्व मनाया गया यहां संस्था के उपाध्यक्ष पंकज चोपड़ा द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

नगर स्थित उदय कान्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय ने संयुक्त रूप से शाला परिसर में ध्वजारोहण किया गया। जन सेवाश्रम में संजय पांडे द्वारा एवं झंडा चौक वार्ड 10 में पार्षद सुधाकर त्रिपाठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया सेक्टर प्रभारी भरत वर्मा ने पाहंदा गौठान में ध्वजारोहण किया जिसमें गौठान समिति के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु मंदिर में भी स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया बच्चों द्वारा भाषण दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बबला चंद्राकर थे साथ ही हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक अवधेश दुबे सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष संजय पांडे हरि दास वैष्णव राम बिहारी मिश्रा राजकुमार शुक्ला एवं स्कूल की प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। स्प्रिगडेल्स पब्लिक स्कूल शंकरनगर में वरिष्ठ नागरिक शिव शंकर मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुति दी।

शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला बाजार चौक कुम्हारी में संकुल स्तर पर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया यहां संयुक्त रूप से सुरेंद्र शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी सहित शासकीय आयुर्वेद अस्पताल में भी वार्ड निवासी राधेलाल यादव के द्वारा झंडा फहराया गया। नगर स्थित व्यापारी संस्था गौरव टिम्बर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोग जुटें। प्रेस क्लब कुम्हारी में भी स्वतंत्रता दिवस जोशिले अंदाज में मनाया गया यहां वरिष्ठ पत्रकार विक्रम शाह ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकारगण शामिल हुए। संध्या को च्एक शाम शहीदों के नामज्ज के थीम पर देश भक्ति गीतों का आयोजन सम्पन्न हुआ।

# बांध में डूबने से कॉलेज छात्र की मौत



**डोंगरगढ़,** 17 अगस्त। नगर के करीब भर्रीटोला स्थित डैम में डूबनें से कॉलेज स्टूडेंट की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शहर के बुधवारी पारा वार्ड नं. 14 निवासी युवक आर्यन राव पिता रामू राव (20 वर्ष) जो नेहरू कॉलेज में बीए फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था।रोजाना की तरह पढ़ाई करनें गुरूवार को कॉलेज गया हुआ था। क्लास खत्म होनें के बाद शहर से लगें ग्राम भर्रीटोला डैम में घूमनें जानें की प्लानिंग बनी। इसके बाद अपनें अन्य पांच दोस्तों के साथ डैम चलें गए। आर्यन के साथ उसके अन्य साथी भी थे। लड़के नहानें के लिए उतर गए। तभी आर्यन का पैर फिसल गया और वह पानी की गहराई में चलें गया। आर्यन सहित उसके अन्य दोस्तों में किसी को तैरना नहीं आता था। आर्यन को डूबता देख दोस्तों में चीख पुकार मच गई। मौके पर कुछ लोग मछली पकड़ रहे थे। चीख सुनकर लड़कों की तरफ दौड़े और पानी में छलांग लगाकर डूबतें हुए युवक को बाहर निकाला। उसकी सांस चल रही थी लेकिन पानी पीनें की वजह से बेहोश हो गया था। जिसके बाद आनन-फानन में डोंगरगढ़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# गोलबाजार में भाजपा शहर अध्यक्ष अमित ने फहराया तिरंगा



**डोंगरगढ़,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। देश की आजादी के 77 वा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर के गोलबाजार में शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन ने ध्वजारोहण कर सभी को पर्व की बधाई दी है। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री जैन ने देशवासियों को पर्व की बधाई देते हुए कहा कि महापुरुषों के बलिदान से देश को आजादी मिली है जनता को देश में स्वतंत्र रूप से रहने का अधिकार दिलाने में महापुरुषों ने अहम योगदान दिया है। इस दौरान पूर्व विधायक रामजी भारती विनोद खांडेकर शशिकांत द्विवेदी महामंत्री राकेश अग्रवाल, संतोष राव महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ, अमित छाबडा, डा बाफना कैलाश तिवारी, तुलसी मिश्रा, सुषमा कोठारी, अचला ठाकुर, लक्ष्मी यादव, वत्सला श्रीवास्तव, अनिता इंदुरकर, अनुराधा श्रीवास्तव, हेमलता तिवारी, सत्य प्रकाश मिश्रा, रमन डोंगरे सतीश तिवारी, लोकेश इंदुरकर, डी एकेश राव, हरीश मोटघरे, विजेंद्र सिंह ठाकुर, सुमित मिश्रा, अमित बोस, हिमांशु सेन, दुर्गेश साहू, नमिता चौबे, सुरेश शर्मा, तारा गोरले, मनीष सोनी, पप्पू नामदेव अजय दुबे विजय सिंग भोला जय देवगन रघुनाथ गजेंद्र जीतू हिरवानी एस एन मूर्ति डिम्पी महापत्रो महेंद्र तिवारी, पार्थ गेंद्रे गीता दुबे, सुधा श्रीवास्तव, कमलेश उजवने, मुकेश रामटेके, श्याम तिवारी, विनय बंसल, मयंक डोंगरे, अतीश निगम, सोमांशु गजेंद्र राहुल नामदेव, संतोषी यादव, दिनेश सोनी, तेजु राव, श्रेया मिश्रा, ऋषि मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# करोड़ों के शासकीय जमीन पर अतिक्रमण

**छुईखदान,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत छुईखदान से लगे हुए ग्राम पंचायत श्यामपुर में करोड़ों रुपए का शासकीय जमीन में अतिक्रमण किए जाने का सनसनीखेज समाचार प्राप्त हुआ है।नगर पंचायत से जुड़े हुए ग्राम पंचायत श्यामपुर में रामपुर नवागांव मार्ग में नगर पंचायत का मणि कंचन केंद्र के आसपास करोड़ों रुपए का शासकीय भूमि पर कब्जा कर बे धड़क पक्का मकान भवन बना लिया गया है और उक्त कृत्य आज भी बेधड़क जारी है ज्ञात हो कि नवीन जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला बनने के बात खाली पडे शासकीय भूमि का महत्व काफी बढ़ गया है।यहां यदि कोई सरकारी नया कार्यालय खुलता है तो शासकीय भवन इन्हीं खाली पड़े शासकीय भूमि पर ही निर्माण किया जाएगा।पूर्व वर्षों में मणिकंचन केंद्र के आसपास कुछ लोगों द्वारा भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास किया गया था जिसे शक्ति से प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्यवाही किया गया था परंतु 1, 2 वर्षों मे करोड़ों के शासकीय भूमि में बड़ा-बड़ा पक्का मकान बन चुका है आखिर यह किसके शह पर बनाया गया है यह एक जांच का विषय है अतिक्रमण कार्यों के विरुद्ध कार्यवाही के नाम में अब तक से संबंधित अधिकारी आंख मूंद कर बैठे हुए हैं एवं कुंभकरण की नींद में सो रहे हैं।इसी प्रकार उस स्थान के आसपास बघरन पाठ पहाड़ी के पीछे शाला नंबर 2 के पीछे एवं खैरागढ़ मार्ग पर रपटा के आसपास नगर पंचायत की जमीन पर बेधड़क मकान भवन एवं दुकान निर्माण किया गया है। जिस पर लेनदेन का चर्चा भी बाजार में गर्म है कुछ स्थानों में शासकीय भूमि पर कब्जा कर प्रधानमंत्री आवास बनाया गए हैं अब शासकीय भूमि पर प्रधानमंत्री आवास कैसे बन गया यह सब जांच एवं कार्यवाही का विषय है ज्ञात हो कि पूर्व काल काल में नगर पंचायत के तथाकथित एक अधिकारी द्वारा बड़े भ्रष्टाचार के माध्यम से बड़े-बड़े कब्जा धारियों को पटा दिया गया है जिसमें बड़ी गड़बड़ी झाला करने का मामला सामने आया है वर्तमान समय में भी नगर पंचायत की भूमि पर कब्जा कर मकान भवन का निर्माण बेधड़क शासकीय भूमि पर किया जा रहा है जो अब तक कार्यवाही के नाम पर शुन्य है।इसी प्रकार से छुईखदान नगर के बीचो-बीच वार्ड क्रमांक 6. एवं वार्ड क्रमांक 8 .में प्रधानमंत्री आवास का बिक्री का मामला सामने आया है जो आपसी रजामंदी से हो गया जिसका खरीदार एक शासकीय सेवक है जो कि एक प्रतिष्ठित पद पर कार्यरत है उक्त कर्मचारी ने जानते हुए भी प्रधानमंत्री आवास को खरीदा है यह शासकीय सेवक तीन प्रधानमंत्री आवास खरीद लिए गरीबों के बेबसी का फायदा उठाकर यह शासकीय सेवक गरीबों के आशियाने उजाड़ने में लगे हुए हैं एक प्रधानमंत्री आवास का हितग्राही तीन किस्त लेकर अधूरा हुआ आवास इनके पास बेच दिया। केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजना गरीबों को मकान दिलाना प्रधानमंत्री आवास कार्य, का यह शासकीय कर्मचारी बट्टा लगा रहे हैं। इस मामले की जांच होने से और बहुत सारा मामला के खुलासा होने की जानकारी होगी इनके खिलाफ मुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्यवाही किया जाएगा।



**चंद्रेश सेन** ग्राम पंचायत सचिव श्यामपुर—श्यामपुर पंचायत के उक्त स्थान में बनाया गया मकान पूरा अतिक्रमण में है किसी प्रकार से मकान बनाने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत द्वारा नहीं किया गया है।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग बालिका से अनाचार, करने वाले आरोपी को मिली उम्रकैद की सजा

**खैरागढ़,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर व शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ अनाचार करने वाले आरोपी युवक को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। ज्ञात हो कि 4 वर्ष पूर्व छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाली नाबालिंग कन्या जिसकी उम्र 15 वर्ष थी व कक्षा 10वीं की छात्रा थी ग्राम साल्हेकला निवासी आरोपी युवक बिरेन्द्र यादव द्वारा बहला- फुसलाकर व शादी का प्रलोभन देकर भगा लिया गया। देर शाम तक जब नाबालिग कन्या अपने घर नहीं पहुंची तो उसके पिता सहित परिजनों ने छुईखदान थाने पहुंचकर उसके अपहरण की शंका जताकर रिपोर्ट दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आईपीसी की धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और नाबालिग बालिका की खोजबीन शुरू की और संदेह के आधार पर आरोपी बिरेन्द्र यादव के मकान से गवाहों के समक्ष पीड़ित बालिका को बरामद किया गया। पुलिस की पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया जबकि वह जानता था कि कन्या नाबालिग है। इसके बावजूद वह बालिका को भगाकर पुणे ले गया और मंदिर में विवाह किया जिससे वह गर्भवती हो गई और वर्तमान में उसका एक शिशु भी है। पुलिस ने विवेचना के दौरान पीड़िता का कथन दर्ज कर चिकित्सकीय मुलाहिजा करवाया है।

# कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कार्यक्रम 24 से 29 तक जुंगेरा में

बालोद, 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जुंगेरा में 24 से 29 अगस्त तक आयोजित प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज अपने कक्ष में जिला प्रशासन के आला अधिकारियों एवं आयोजन से जुड़े लोगों की बैठक लेकर कार्यक्रम के सफल आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आयोजन से जुड़े लोगों को जिला मुख्यालय बालोद में पहली बार आयोजित होने वाली इस वृहद कार्यक्रम को सफल, शान्तिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से आयोजन सुनिश्चित करने जरूरी व्यवस्थाएं करने को कहा। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव, अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय, एडीशनल एसपी सुशील नायक, एसडीएम बालोद श्रीमती शीतल बंसल, अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी सहित आयोजन से जुड़े लोग उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर शर्मा ने आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की बारी-बारी से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल में भोजन, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में समुचित रूप से पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रात्रि विश्राम करने वाले श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए उनके लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। श्री शर्मा ने आयोजन समिति के द्वारा सफल कार्यक्रम के आयोजन हेतु बनाए गए मास्टर प्लान की भी जानकारी ली। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को बेहतर से बेहतर मास्टर प्लान बनाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने वी.आई.पी. एवं कथावाचक पंडित मिश्रा के लिए मार्ग निर्धारण के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित किए गए मार्ग तथा पार्किंग आदि के निर्धारित स्थलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पुलिस एवं आयोजन समिति के समन्वय से यातायात प्लान बनाने को कहा। शर्मा ने कार्यक्रम स्थल में पर्याप्त शौचालयों का भी निर्माण कराने को कहा। कलेक्टर शर्मा ने इस वृहद कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में कंट्रोल रूम का निर्माण करने तथा कार्यक्रम स्थल में सीसीटीवी कैमरा लगाने को भी कहा। इसके अलावा उन्होंने कार्यक्रम के वालंटियरों को पहचान पत्र जारी करने तथा समुचित मात्रा में वालंटियरों की तैनातगी सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में हेल्पडेस्क स्थापित कर यहाँ पर पर्याप्त संख्या में लोग तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम श्रीमती शीतल बंसल को कार्यक्रम स्थल में फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कार्यक्रम स्थल में चलित शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने शांतिपूर्ण एवं सफल कार्यक्रम के आयोजन हेतु अलग-अलग समितियों का निर्माण करने का भी सुझाव दिया। इस दौरान उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को सफल एवं बेहतर कार्यक्रम के आयोजन तथा श्रद्धालुओं को जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद कराने का भी आश्वासन दिया।

# कृषि उपज मंडी गंडई में में होगी भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम



**गंडई पंडरिया,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। गंडई नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं महिला कांग्रेस कमेटी गंडई 18 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे से भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन होंगे।

प्रात जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की पूरी तैयारी की जा चुकी है। कार्यक्रम में भरी संख्या में कार्यकर्ता और आम जनता की उपस्थित होने की संभावनाएं है। कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचायेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष यशोदा नीलांबर वर्मा विधायक खैरागढ़ होंगी। अति विशिष्ट अतिथि नवाज खान अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव, पदम कोठारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि गिरवर जंघेल पूर्व विधायक, नीना विनोद ताम्रकार अध्यक्ष जनपद पंचायत छुईखदान, लालटाकेश्वर साहब खुसरो पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी गंडई, मोतीलाल जंघेल सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, रमेश साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई, रामकुमार पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान, गंडई चेतन देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत गंडई और संजू सिंह चंदेल अध्यक्ष कृषि उपज मंडी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# छुरिया में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार का हुआ सम्मान

## एक शाम शहीदों के नाम संगीतमय कार्यक्रम में, देशभक्ति गीतों पर झूम उठे नगरवासी



**छुरिया,** 17 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला पर नये बस स्टैण्ड में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी परिवार के परिजनों को सह सम्मानपूर्वक सॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, अध्यक्ष राज्य युवा आयोग जितेन्द्र मुदलियार, अध्यक्ष अंत्याव्यसायी सह वित्त एवं विकास निगम धनेश पाटिला, पूर्व विधायक प्रकाश यादव, ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन, अब्दुल खान, डॉ. सतीश आहूजा, श्रीमती सरला गुप्ता, राहुल तिवारी, विपिन यादव, छबि यादव, ने भारत माता के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिला महिला कांग्रेस सचिव श्रीमती सीमा यादव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.विद्याप्रसाद यादव, स्व. बिशेसर प्रसाद यादव, स्व. गोपालदास टावरी, स्व.तुलसी प्रसाद मिश्रा, स्व. विश्राम दास बैरागी, स्व. कन्हैया अग्रवाल, स्व. रामाधीन गोंड़, के त्याग, बलिदान एवं वीरगाथा को नमन करते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने आयोजनकर्ता श्रीमती सीमा यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस आयोजन से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों का सम्मान होना गर्व की बात है। उनके संघर्ष से ही देश आज ही के दिन आजाद हुआ था। कार्यक्रम को राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने भी संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों के परिजनों का सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित होना मेरे लिए गर्व की बात है। देश के शहीदों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम पश्चात एक शाम शहीदों के नाम राजनांदगांव के मेलॉडी आर्केस्ट्रा में देशभक्ति गीत पर नगरवासी तिरंगे झण्डे के साथ झूम उठे। कार्यक्रम में आईटीबीपी के ऑफिसर कमाण्डेड ज्ञानचंद, असिस्टेण्ड कमाण्डेड दलबीर सिंग, एनसीसी कैडेट के छात्र-छात्राएं, नगरवासी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणजन बड़ी संख्या उपस्थित थे।

# जिला बेमेतरा पुलिस की प्रताड़ना से राधेश्याम चौहान को सदमा

## जिला चिकित्सालय में एडमिट शिवसेना ने लगाया आरोप

**बेमेतरा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश पदाधिकारी दाऊ राम चौहान ने कहा कि लगभग एक महापूर्व राधेश्याम चौहान विद्यानगर वार्ड नंबर 1 निवासी बेमेतरा के मकान दीवाल पर गंदी गंदी उनके परिवार महिलाओं के नाम एवं उसके बच्ची के संबंध में गलत शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लेखन किया गया था जिसकी शिकायत थाना बेमेतरा सिटी कोतवाली में की गई थी जहां उक्त पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर दीवाल में गंदी गंदी गलत शब्दों का लेखन का मौका जांच किया गया साथ ही फोटो एवं वीडियो बनाया गया उनके पश्चात राधेश्याम चौहान रिटायर कर्मचारी लगभग 75 वर्ष के द्वारा सूचना व जानकारी के माध्यम से कल्याणी सेन के नाम से लिखित शिकायत दर्ज की गई थी जिनका आज तक जांच नहीं हुआ और ना ही कोई कार्यवाही की गई जिला बेमेतरा पुलिस अधीक्षक के द्वारा समाधान शिकायत शाखा ग्रुप बनाया गया है जिसमें उक्त महिला कल्याणी सेन लगभग 30 वर्ष के द्वारा समाधान शिकायत शाखा में मोबाइल के माध्यम से शिकायत करने पर जिला बेमेतरा पुलिस बिना जांच पड़ताल किए पुलिस अध्यक्ष क के आदेश अनुसार उक्त राधेश्याम चौहान एवं उनकी पत्नी शांति चौहान व उनके बहू उषा चौहान के खिलाफ पुलिस के द्वारा धारा 294, 506, 323, 34 कार्यवाही की गई उनके उनके पश्चात 1 सप्ताह के भीतर उक्त कल्याणी सेन द्वारा पुलिस अधीक्षक समाधान शिकायत शाखा में दोबारा शिकायत मोबाइल के द्वारा की गई जिस पर बेमेतरा पुलिस के द्वारा बिना जांच पड़ताल किए उक्त राधेश्याम चौहान, शांति बाई, उषा के विरुद्ध कार्यवाई की गई जिसमें पुलिस के द्वारा धारा 107 16 लगाया गया उनके पश्चात 15 दिवस के भीतर उक्त कल्याणी सेन द्वारा पुलिस की समाधान शिकायत शाखा में राधेश्याम चौहान के नाती शेखर चौहान के नाम से शिकायत किया गया था जिस पर पुलिस ने बिना जांच पड़ताल किए अधिक शिकायत होने की हवाला देते हुए 110 धारा लगाकर कार्यवाई की गई उनके पक्ष लगभग एक से डेढ़ माह बाद कल्याणी सेन के द्वारा जिला बेमेतरा पुलिस अधीक्षक कि समाधान शिकायत शाखा में पुन: राधेश्याम चौहान के तीसरे नंबर नाती अजय चौहान के खिलाफ शिकायत की गई थी जिस पर जिला बेमेतरा के पुलिस प्रशासन एवं थाना बेमेतरा सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी के द्वारा पुलिस की समाधान शिकायत शाखा ग्रुप माध्यम से बिना जांच पड़ताल किए उक्त चौहान एवं उनके परिवार के ऊपर लगातार जिला बेमेतरा पुलिस प्रशासन किया गया जिसके चलते एक शासकीय कर्मचारी रिटायरमेंट राधेश्याम चौहान लगभग 75 वर्ष को सदमा एवं हार्ड पेशेंट हो चुका है जिला चिकित्सालय बेमेतरा में 5 अगस्त से इलाज चल रहा है उक्त चौहान के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने से जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों के द्वारा 10 अगस्त 2023 को भर्ती किया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है जिस पर शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के पदाधिकारी दाऊ राम चौहान ने कहा की जिला बेमेतरा पुलिस प्रशासन व सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा प्रभारी के उदासीनता के चलते उक्त राधेश्याम चौहान, आज सदमा के साथ हार्ट बीमारी से जूझ रहे हैं आगे छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख ने जिला बेमेतरा पुलिस प्रशासन एवं समस्त थाना प्रभारी से अपील करता है कि इस प्रकार महिलाओं एवं पुरुषों की शिकायतों पर जांच किया जाना चाहिए बिना जांच किया किसी महिला व पुरुषों के ऊपर कार्यवाही की जाती है तो छत्तीसगढ़ शिवसेना विरोध प्रदर्शन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी

## जिले में अब तक 491 मिमी. औसत वर्षा

बेमेतरा, 17 अगस्त (देशबन्धु)। चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 17 अगस्त 2023 सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 491.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील बेरला में 562.3 मि.मी. तथा न्यूनतम 407.7 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 496.8 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 411.6 मि.मी. वर्षा, भिंभौरी तहसील में 498.8 मि.मी, साजा तहसील मे 544.2 मि.मी., थानखम्हरिया तहसील में 490 मि.मी. वर्षा एवं देवकर तहसील में 518 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।



# बेरला अनुभाग अंतर्गत किया गया मतदाता जन जागरूकता स्वीप महारैली का आयोजन

■ 1500 से अधिक छात्र छात्राओं ने 'वोट डालबो बेमेतरा' के थीम पर किया मानव श्रृंखला का निर्माण



**बेमेतरा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला बेमेतरा तथा स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना मण्डावी के निर्देशानुसार, बीते दिनों विधानसभा 69-बेमेतरा के अनुभाग बेरला क्षेत्रांतर्गत नगर पंचायत बेरला में मतदाता जन जागरूकता स्वीप महारैली का आयोजन किया गया। महारैली का प्रारंभ नवीन महाविद्यालय बेरला से दोपहर 01:00 बजे से किया गया जिसमें नवीन महाविद्यालय बेरला, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बेरला, आईटीआई बेरला, सेजस अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम बेरला तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला के विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए नारों के साथ कदमताल करते हुए रैली तहसील कार्यालय बेरला के मैदान में पहुंची, जहां पर शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला के छात्राओं द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया, जिसके उपरांत रैली कर्मा चौक पहुंची, जहां पर शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय बेरला के छात्राओं द्वारा समूह नृत्य एवं गायन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। उक्त रैली नारों के साथ कदम ताल करते हुए बाजार चौक पहुंची जहां पर साप्ताहिक बाजार में सेजस अंग्रेजी माध्यम बेरला के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन कर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने एवं उनके वोट के महत्व के लिए जागरूक किया गया, जिसके उपरांत रैली सरकारी अस्पताल परिसर पहुंची जहां पर भी सेजस अंग्रेजी माध्यम बेरला के छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। उसके बाद रैली का समापन नगर पंचायत बेरला स्थित गौठान मैदान पर किया गया तथा सभी संस्थाओं के लगभग 1500 छात्र-छात्राओं के द्वारा ''वोट डालबो बेमेतरा'' मानव श्रृंखला का निर्माण कर नगरवासियों को मतदान एवं मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा) बेमेतरा सुश्री सुरूचि सिंह के द्वारा मतदाता शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (रा) बेरला श्री युगल किशोर उर्वशा, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बेरला श्रीमती सरिता मढ़रिया, नायब तहसीलदार श्री चन्द्रकांत राही, अनुभागस्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री भूपेन्द्र कुमार परगनिहा एवं श्री विकेश यादव, श्री गिरवर भारद्वाज तथा उक्त समस्त संस्थाओं की टीम उपस्थित थे।

## चिकित्सा के क्षेत्र में शोध हेतु जिले के 3 व्यक्ति करेंगे मृत्यु उपरांत देहदान, कलेक्टर ने प्रदान किया प्रमाणपत्र

**बालोद,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के 03 व्यक्तियों ने चिकित्सा के क्षेत्र में शोध कार्य के लिए मृत्यु उपरांत अपने देह को दान करने का निर्णय लिया है। जिसके लिए तीनों ने बुधवार 16 अगस्त को जिला चिकित्सालय बालोद से फॉर्म भरकर सभी प्रक्रिया पूरी की है। उल्लेखनीय है कि 16 अगस्त को अपने मृत्यु के पश्चात् देहदान करने वाले नगर पंचायत अर्जुंदा निवासी श्री भरत लाल निर्मलकर, सांकरा ज निवासी श्री थानसिंग देशमुख और प्रहलाद चंद्राकर से कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अपने कक्ष में भेंटकर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। श्री शर्मा ने जिले के इन तीनों विभूतियों के कार्यों को अतुलनीय बताते हुए उनके इस कार्य को मानवता के सेवा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने उनके कार्यों की भूरी-भूरी सराहना करते हुए सभी के लिए प्रेरणादायी बताया। शर्मा ने कहा कि इन तीनों लोगों का देहदान चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नए अनुसंधान के लिए अत्यंत मददगार साबित होगा।



■ उनके इस कार्य की सराहना करते हुए सभी के लिए अनुकरणीय बताया

देहदान करने वाले श्री थानसिंह देशमुख ने बताया कि वह कृषि विभाग में कृषि विकास अधिकारी भूमि संरक्षण के पद पर थे। विभाग से सेवानिवृत्त हुए 03 वर्ष हो गए है। उन्होंने देहदान के संबंध में लिए गए निर्णय के संबंध में बताया कि मृत्यु उपरांत शरीर को जला या दफना दिया जाता है जिससे शरीर अंत में राख या मिट्टी में मिल जाता है। लेकिन यदि मृत्यु उपरांत शरीर को दान में दे दिया जाए तो जरूरत मंद लोगों को शरीर के अंग काम आएगा साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए नए अनुसंधान में भी निर्णायक साबित होगा। इसी प्रकार देहदान करने वाले श्री भरत लाल निर्मलकर ने बताया कि पैरालिसिस से पीड़ित मरीज की मेडिकल क्षेत्र में अभी तक ईलाज संभव नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि मैंने उन लोगों को भी देखा है जिनके पास पैसा तो होता है लेकिन पैरालिसिस होने के कारण इस पैसे का उपभोग भी नही कर पाते ना ही उनका ईलाज हो पाता है। पैरालिसिस की समस्या से निजात दिलाने और चिकित्सा के क्षेत्र में और अधिक शोध करने हेतु मैनें शरीर को दान में देने का निर्णय लिया है।

## महाविद्यालय छात्राओं का बस किराया फ्री करने पर मुख्यमंत्री का माना आभार

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशास्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के महाविद्यालय आने जाने में बस का किराया फ्री किए जाने के घोषणा के पश्चात आज एन एस यू आई जिला अध्यक्ष जितेंद्र पांडे के निर्देशानुसार डौंडी एन एस यू आई अध्यक्ष भाई साहिल रजा के नेतृत्व में कांग्रेस के साथियों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा छात्र हित में निर्णय लेने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया ।गया साथ ही कहा की भूपेश है तो भरोषा है,जिसका प्रदेश में पैमान भी बढ़ रहा है। आज युवाओं महिलाओं श्रमिक किसान सभी वर्गों को लिए सुदृढ़ आर्थिक योजनाएं प्रदेश में संचालित किया जा रहा है जिससे छत्तीस गढ़ की अधिकांश गरीबों की आर्थिक योजनाओं की चर्चा पुरे देश के साथ अन्य विकासशील देशों में होती है आभार व्यक्त करने वालों में एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्षा साहिल रजा ,विधानसभा उपाध्यक्ष रविकांत देशमुख,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश राज,जिला युवा कांग्रेस बालोद संयुक महासचिव शोएब रजा, कुम्मू यादव, नर्रोतम यादव,सत्यम दुग्गा,कु.साहिन, कु.खुशी.एवं अधिक संख्या में एनएसयूआई के साथी व महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



■ भूपेश है तो भरोशा है,सभी वर्गों के लिए सुदृढ़ आर्थिक योजनाएं हो रही संचालित

## उदयपुर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**छुईखदान,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। उदयपुर में 77वीं स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर के शाला प्रांगण में संस्था के प्राचार्य श्रीश कुमार पांडे ने महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण जनपद सदस्य श्री गुलशन तिवारी ने ध्वजारोहण किया, उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉ मनमोहन सिंह ने ध्वजारोहण किया, जिला सहकारी समिति कार्यालय में चंद्रिका साहू ने ध्वजारोहण किया ग्राम पंचायत में श्रीमती अनीता नायडू राम धुर्वे ने ध्वजारोहण किया,पूर्व माध्यमिक शाला में प्रधान पाठक ढाल सिंह भारती ने ध्वजारोहण किया एवं स्कूली छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली तत्पश्चात मुख्य कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रांगण में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्री गुलशन तिवारी एवं अध्यक्षता प्राचार्य एस के पांडे विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य ललित चोपड़ा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामानंद साहू एवं राजकुमार जंघेल थे स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा कविता, भाषण, देशभक्त गीत एवं विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए इस अवसर पर ग्राम पटेल उभे राम साहू, उपसरपंच देवेन्द्र जंघेल,सी आर साहू ,एम एल जंघेल, चंद्रकांत साहू, जयचंद वर्मा ,तामेश्वर साहू, ,श्रीमती विजयारानी श्रीमती कंचन देशमुख झामेश्वरी ठाकुर ,श्रीमती रेणु चौबे, श्रीमती अनुराधा सिंह, कुमारी रजवंती साहू एवं स्कूली छात्र-छात्राएं सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन सी के साहू ने किया।



## जन्मदिन पर बेल पौधे का रोपण



गुरूर, 17 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम दानीटोला निवासी 13 वर्षीय चंचल साहू ने अपनी जन्मदिन के अवसर पर शिव मंदिर के पास बेल के पौधे का रोपण किया। और उनकी सुरक्षा का संकप्ल लिया। उन्होंने कहा अपने हर जन्मदिन में एक पौधा जरूर लगाऊंगी । आज पर्यावरण का जो हाल है, इसे स्वच्छ करने का मात्र एक उपाय है कि अधिक से अधिक पौधा लगायें। चंचल की इस कार्य को देखते हुए ग्रामीणों ने काफी सराहनीय कार्य बताया। आपको बता दें कि प्रदूषण लगातार हमारी सांसें कम कर रहा है। इसलिए पौधरोपण आवश्यक हो गया है।

## लो वोल्टेज की समस्या से परेशान है कोलिहामार के निवासी,शिकायत दर्ज कराने के बावजूद नही हो रही सुधार

**गुरूर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम कोलिहामार रेस्ट हाउस के पीछे के मोहल्ले में विगत 10 दिन से सुबह 6 बजे से 11 बजे तक लो वोल्टेज की समस्या आ रही है। मोहल्ले के निवासियों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई किंतु बिजली मिस्त्री 11 बजे के बाद आकर चेक किये तब तक पूरी वोल्टेज आ जाती है। जबकि शिकायत में स्पष्ट किया गया कि यह लो वोल्टेज समस्या सुबह 6 से 11 बजे के बीच होती है। इसका स्थायी समाधान नहीं होने से मोहल्ले के लोग अत्यंत परेशान हैं। सुबह वोल्टेज डाउन होने से घर मे रखे बिजली के उपकरण खराब हो रहे हैं तथा,जीवन निर्वाह की गतिविधियों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह सभी के घर मे बहुत सारे कार्य होते है जो बिजली से संचालित होते हैं, वो सभी कार्य विगत 10 दिन से अवरुद्ध है।

कोलिहामार रेस्ट हाउस के पीछे वाले मोहल्ले के निवासियों ने मांग की है कि बिजली विभाग इस समस्या का अविलंब समाधान करे, जिससे छ्ग शासन के द्वारा 24 घण्टे पर्याप्त बिजली के वादे को पूरा किया जा सके।

## तहसील गुरूर सदन में कोषाध्यक्ष खेदू राम साहू ने फहराया ध्वजारोहण

■ छग प्रदेश साहू संघ नेतृत्व पर प्राकृतिक हरियाली पर तहसील सदन पर आंवला वृक्ष का पौधारोपण की

**गुरूर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी के 77वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर तहसील साहू संघ गुरूर द्वारा तहसील साहू सदन में कोषाध्यक्ष खेदू राम साहू के द्वारा ध्वजारोहण फहराया। ध्वजारोहण पश्चात छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार प्राकृतिक हरियाली हेतु तहसील साहू सदन में आवला पेड का पौधारोपण किया गया। इस शुभ अवसर पर जिला उपाध्यक्ष साहू संघ बालोद रामदयाल साहू, छ.ग. हरदिया साहू समाज प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोकी राम साहू, सचिव घना राम साहू, यादव राम साहू, सह सचिव भारत सार्वा, सचिव न्याप्रकोष्ठ योगेश साहू, सह संयोजक केशर गजपाल, संयोजिका महिला प्रकोष्ठ नन्दनी साहू, संगठन सचिव जानकी साहू, मीडिया प्रभारी सूर्यकांत साहू, कार्यकारणीय सदस्य कुबेर साहू, समाज सेवक जागेशवर साहू, पूर्व समाज सेवक प्रभात महमल्ला, परिक्षेत्र अध्यक्ष गण दियाबाती धनसाय साहू, भरदा पारख साहू, सोरर पीलू राम साहू, परि. कोषाध्यक्ष गुरूर जीवन साहू, सविता साहू, मोहन साहू, नारायण साहू, सदन व्यापारी गण भूपेन्द्र सोनबोईर, नागेश साहू, उमेश साहू, पवन साहू, सहित स्कूली छात्र छात्राएं, शिक्षक गण, ग्रामीण कोलिहामार वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित रहे।



## गुरूर बस स्टैंड में व्यापारी संघ ने किया ध्वजारोहण



बस स्टैंड में व्यापारी संघ के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान कर तिरंगे को सलामी देते हुए भारत माता की जय कारे से पूरा बस स्टैंड गूंज उठा , व्यापारी संघ के द्वारा सभी नागरिकों के लिए मिठाई प्रसाद वितरण किया गया ,व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज सिन्हा,भूषण पुरी गोस्वामी ,तोशन साहू ,संतोष टावरी, समाजसेवी जयंत किरी,रेखराज साहू ,गोपाल खत्री, पुष्पेंद्र गंगबेर, कल्याणपुरी गोस्वामी ,मोतीलाल साहू ,बुलेनेश्वर सिन्हा और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, सभी नगर वासी एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दीये।

## थाना नवागढ स्टाफ द्वारा ग्राम झाल में जन चौपाल एवं समाधान शिविर का किया आयोजन

**बेमेतरा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा जन चौपाल एवं समाधान शिविर लगाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है इस अभियान तहत दिनांक 16.08.2023 को थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि तुलाराम देशमुख एवं अन्य स्टाफ, थाना नवागढ क्षेत्रांतर्गत ग्राम झाल में ग्रामवासियों को साइबर क्राइम से बचने तथा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा करने से व्यक्तिगत, शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से होने वाले नुकसान, साथ ही युवा वर्ग के भविष्य में पड़ने वाली प्रभाव से अवगत कराया गया। तथा मोबाईल गुम लिंक व हमर बेटी हमर मान के संबंध में जानकारी दिया गया। समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई। तथा आमजन को यातायात के नियमों का हमेशा पालन करनें एवं दुपहिया वाहन चालको को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित कर अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।



साथ ही मवेशी मालिको से अपील किया कि अपने मवेशीयों को बांध कर रखे। ताकि इनकी वजह से होने वाली दुर्घटना से बचा जा सके। मवेशी के सडक पर घुमने, बैठने से सडक दुर्घटना होती है। जिससे लोगो और मवेशीयों की जान चली जाती है। तथा चरवाहों की देखरेख में चराने के लिए भेजने, सडक पर स्वतंत्र रूप से घुमने हेतु न छोडने के संबंध में समझाईस दी गई।

इस दौरान थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि तुलाराम देशमुख, आरक्षक हेमप्रसाद साहू, छोटुराम तेंदुकर व अन्य थाना नवागढ स्टाफ एवं ग्राम झाल के वरिष्ठ व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समाधान हेल्पलाइन की शिकायतों पर पुलिस द्वारा की जा रही त्वरित कार्यवाही

**बेमेतरा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। बेमेतरा पुलिस के द्वारा एक हेल्प लाईन नंबर 9479257558 का शुभारम्भ किया गया जिसे समाधान नाम दिया गया है। इस नंबर पर आम नागरिकों के द्वारा कभी भी अपनी शिकायत गोपनीय रूप से दर्ज कराया जा सकता है।

एक व्यक्तिय से समाधान नंबर पर शिकायत प्राप्त हुआ कि थाना परपोडी क्षेत्रांतर्गत नीम पेड के नीचे वार्ड नं. 01 परपोडी, पान ठेला व मोबाईल दुकान के पास बस स्टैण्ड परपोडी में आमजगह पर विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है।

समाधान में उक्त शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) द्वारा समाधान सेल प्रभारी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं थाना प्रभारी परपोडी एवं सायबर सेल टीम को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व एसडीओपी बेमेतरा एवं सायबर सेल नोडल अधिकारी मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 16.08.2023 को थाना परपोडी क्षेत्रांतर्गत नीम पेड के नीचे वार्ड नं. 01 परपोडी, पान ठेला व मोबाईल दुकान के पास बस स्टैण्ड परपोडी में आमजगह पर विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है कि सुचना पर सायबर सेल टीम एवं थाना परपोडी स्टाफ पहुच कर शिकायत के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान अलग-अलग जगहो से तीन आरोपियो को विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते पकडा गया।उक्त कार्यवाही में थाना परपोडी प्रभारी निरीक्षक सी.आर. ठाकुर, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, लोकेश सिंह, शिवराज सिंह, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, राजेन्द्र जायसवाल, राजेश ध्रुव, पीयुष सिंह, पुरूषोत्तम कुम्भकार, टिकेन्द्र यादव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## नाबालिग को प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। प्रार्थी ने थाना नांदघाट में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 31.07.2023 को इसकी बहन स्कुल जा रही हू कहकर घर से निकली थी जो वापस नही आने पर आसपास ग्रामों एवं रिस्तेदारो में पता किया पता नही चलने एवं ओम प्रकाश ऊर्फ परदेशी चंदेल द्वारा भगा कर ले जाने की शंका कि रिपोर्ट पर थाना नांदघाट में अपराध सदर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी व एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की एवं डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के द्वारा थाना नांदघाट प्रभारी निरीक्षक जगदीश सिदार एवं थाना स्टाफ व सायबर सेल को गुम / अपहृता की पता तलास करने हेतु निर्देशित किया गया।




प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना नांदघाट एवं बेमेतरा सायबर सेल टीम की मदद से नाबालिग बच्ची गुम/अपहृता (बालिका) को आरोपी ओम प्रकाश ऊर्फ परदेशी चंदेल के कब्जे से पुलीवेंडेला जिला वयासर कडप्पा (आंध्रप्रदेश) से दस्तयाब कर बरामद किया गया है । आरोपी ओम प्रकाश ऊर्फ परदेशी चंदेल द्वारा पीडिता को नाबालिक होना जानते हुए भी प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर, मांग में सिंदुर भरकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। *आरोपी ओमप्रकाश ऊर्फ परदेशी चंदेल पिता सुखनंदन चंदेल उम्र 21 वर्ष के विरुद्ध* धारा 363, 366 क, 376, 376 (2) एन भादवि एवं 5(ठ),6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही कर आज दिनांक 17.08.2023 को माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी निरीक्षक जगदीश सिदार, सउनि शंकरलाल सोनवानी, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा, महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे, प्रधान आरक्षक दुर्गेश तिवारी, आरक्षक विक्रम सिंह, सुरेश साहू, प्रताप सिंह यादव, विरेन्द्र चंद्रवंशी एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

# रेडियो संगवारी एफ एम 90.8 ने अल्प समय मे अपने श्रोताओं के बीच बनाई अनूठी पहचान : कावरे





**राजनांदगांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। रेडियो संगवारी एफएम 90.8 राजनांदगांव में लगातार प्रसारण जारी रखे हुए हैं जहां विभिन्न शिक्षाप्रद , रोचक मनोरंजक और गीत संगीत के माध्यम से लगातार श्रोताओं के बीच अपनी अनूठी पहचान बनाए हुए हैं चाहे अंग्रेजी सीखने को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रम चाहे आम जनों के लिए सरकारी योजनाओं के माध्यम से जागरूकता के कार्यक्रम हो या उन्नत कृषि के क्षेत्र की बेहतर जानकारियां लगातार श्रोताओं तक पहुंचाने का अथक प्रयास हमारे द्वारा किया जा रहा है रेडियो संगवारी हमेशा बेहतर करने की दिशा में अग्रसर है उसी रचनात्मक दृष्टिकोण को लेकर एक शाम वीरों के नाम कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की संध्या को आयोजित किया गया जिसमें भूतपूर्व सैनिकों के द्वारा अपने कार्यों में किए गए अनोखे राष्ट्र के दायित्व को निभाने के कार्य में लगे हुए सैनिक जवानों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में सेना में सेवा दिए हुए सैनिकों ने अपने अनुभवों को साझा किया निश्चित रूप से सेना में तैनात जवानों के बूते आज हम महफूज हैं यही कारण है कि आज स्वतंत्रता के 76 वीं वर्षगांठ पर आपसी सौहार्द और भाईचारे को लेकर हम इस राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे रहे हैं देश का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों से बना हुआ है और निश्चित रूप से यह देश की एकरूपता है जो समूचे राष्ट्र को विभिन्न ने बोली भाषा जाति और धर्म के बावजूद राष्ट्रीयता की भावना हम सब को एक सूत मे पिरोए रखा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय कमिश्नर महादेव कांवरे और अध्यक्षता संभाग के पुलिस महाननिरीक्षक राहुल भगत को आमंत्रित किया गया था जिनके प्रतिनिधि के रूप में नगर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**■ एक शाम वीरो के नामकार्यक्रम मे देश के सेवानिर्वित जवानों का हुआ सम्मान**

कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त महादेव कावरे ने अपने उद्बोधन में कहा की कम्युनिटी रेडियो के माध्यम से एफएम रेडियो संगवारी ने अपने अल्प समय मे ही गांव के बीच श्रोताओं के बीच कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए इसके लिए वीडियो संगवारी के पूरी टीम को बधाई आज 15 अगस्त में वीरों के सम्मान में जो कार्यक्रम आयोजित किया गया वह निश्चित रूप से प्रशंसनीय है विषम परिस्थितियों के बावजूद भी हमारे सैनिक जवान हमारी रक्षा के लिए दिन-रात उन स्थानों पर मौजूद रहते हैं जहां आम जनों के लिए रह पाना मुश्किल है अपने परिवार से दूर वह हमें महफूज रखने के लिए हर समय अपने साहस का परिचय देते हैं देश की माटी और सुरक्षा के लिए हर पल तैनात हैं मैं सभी आए हुए सैनिकों का जिनका योगदान राष्ट्रीय सेवा के लिए रहा। राष्ट्र के लिए शहीद होने वाले सेना के परिजन थे जिनका मैं तहे दिल से आत्मीय नमन करता हूं निश्चित रूप से यह कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द देश के प्रति देश प्रेम और भाईचारे की मिसाल है स्तर के कार्यक्रम से निश्चित रूप से राष्ट्रप्रेम की भावना का सृजन होता है मेरी ओर से इस कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का सम्मान करता हूं खासकर संगवारी के डायरेक्टर शिशुपाल खोबरागडे और उनकी टीम को भी शुभकामनाएं प्रेषित करता।

# नवाज ने श्रमदान को बनाया महाअभियान विकास की डगर पर बढ़ चले है सैकडो हाथ

**राजनांदगांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। खुज्जी विधानसभा के छुरिया क्षेत्र मे पहुंच मार्ग की हालत को देखते हुए ग्रामीण जन लामबंद होते जा रहे है श्रमदान की आवाज तक जब ग्रामीण तक पहुंच रही है तो ऐसा लगता है मानो हर गांव अपनी नागरिक होने की जिम्मेदारी का निर्वहन करने और छोटी-मोटी समस्याओं को खुद ही निपटने का जज्बा तैयार कर लिए हैं यही कारण है कि खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के गांव में श्रमदान का सिलसिला शुरू हो गया है जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष किसान संपर्क अभियान में अपने दूसरे चरण पर लगातार किसानों के बीच मौजूद होकर उनकी समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं जहां-जहां ग्रामीण जल गांव के पहुंच मार्ग को जोड़ने की बात या लंबे समय से आवाज ही बाधित होने वाले सड़कों को लेकर समस्याओं से निपटने नवाज़ भाई अब श्रमदान की मुहिम का देवदूत बन चुके हैं ग्रामीणों की माने तो अब उन्हें ग्रामीणों ने देवदूत की उपाधि देनी है। ग्राम पंचायत केशोटोला के आश्रित ग्राम पड़रामटोला से करियाम पाठ के मार्ग में नवाज भाई ने ग्रामवासियों के साथ किया श्रमदान का महा अभियान शुरू कर दिया है वहां की सड़क विगत कई जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व देख चुकी है पर समस्याएं जस की तस ऐसा ग्रामीण बता रहे हैं गांव की सड़क 15 साल से बहुत खराब स्थिति में थी कई जनप्रतिनिधि से गुहार लगा चुके ग्रामीण अब खुद अपने बुते विकास का इतिहास रच रहे हैं



भाजपा शासन काल में भी सर्वे तो कराया गया था पर रोड को झांकने भी कोई नही आया पुल पुलिया का चिन्हांकित भी करवाया गया था पर अब तक किसी भी तरह सक्रियता नजर नही आई

**ब्लॉक मुख्यालय छुरिया जाने का मुख्य मार्ग**

पड़रामटोला मार्ग जीवनदायिनी है यहां से शाला में पढ़ने वाले बच्चे , स्वास्थ्य केंद्र में नियमित जांच के लिए जाने वाले ग्रामीण जन वृद्ध जन गर्भवती महिलाएं और नोनीहाल बच्चे भी रोड की अवस्था से परेशान रहते थे इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुए ग्रामीणों की मांग पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज भाई सड़क के श्रमदान में सहभागी बनने की सहमति दी और लोगों का काफिला श्रमदान के लिए तैयार हो गया और श्रमदान के माध्यम से सड़क का काम ग्रामीणों ने शुरू कर दिया है।

**मां करियाम पाठ मंदिर सिद्ध पीठ जाने का मार्ग भी है**

ग्राम पंचायत केशव टोला के आश्रित ग्राम पर राम ओला के हारून मानिकपुरी बताते हैं कि कई वर्षों से सड़क की मांग के बावजूद जनप्रतिनिधि आखिर मुंह क्यों मोड़ते रहे यह तो वही जाने पर कार्यक्रम पाठ मंदिर सिद्ध पीठ रियासत कालीन समय से मौजूद है यहां राजा स्व = दिग्विजय दास भी अपनी अर्जी लेकर पहुंचते थे आज भी मंदिर के चौखट पर जाने वाला व्यक्ति अपनी अर्जी विनती करने पर मनोकामना पूर्ण होने की बातें ग्रामीण जन बताते हैं सबसे बड़ी बात यह है कि आसपास अगर कोई चोरी भी हो गई तो वह उसे मंदिर पर जाकर पूजा अर्चना करते हैं तो उनके चोरी गए मवेशी भी मंदिर की कृपा से मिल जाने की बातें ग्रामीण में बताते हैं इस मंदिर से कई किवदंतियां जुड़ी हुई है।

आज सरकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज भाई के साथ श्रमदान करने वाले लोगो मे ग्राम सरपंच नीलम पुजेरी ग्राम पटेल ललित कुमार साहू,चुम्मन साहु,सुनील लारोकर,राधे ठाकुर,सलमान खान,अमित अग्रवाल, सोनू भाई,मदन साहु,देशराम कोर्राम, हारून मानिकपुरी,बीरबल दास साहु,मूलचंद लाउत्रे,टीकम साहु,मोहन लाल कवर,मीना कंवर,पवन साहु,सद्दाम हसन,निर्मल,शोभित,श्यामलाल, विजय कंवर,भागवत यादव,अंजोरी यादव, भानदास साहु,कन्हैया साहु,बोरडीह सरपंच पति ललित साहु,समस्त ग्रामवासियों बड़ी संख्या में श्रमदान करने उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर अजीज पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण एवं इन्वेस्टचर समारोह का आयोजन





**राजनानंदगांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। अज़ीज़ पब्लिक स्कूल ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण एवं इन्वेस्टचर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक श्रीमती तनाज आजीज और प्रिंसिपल सचिन सिंह ठाकुर मौजूद रहे। स्कूल निदेशक श्रीमती तनाज आजीज के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मार्च पास्ट करते हुए राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। श्रीमती तनाज आजीज इस महत्वपूर्ण दिन को और भी यादगार बनाने का संकल्प लेते हुए अपने भाषण में राष्ट्रीयता और स्वाधीनता की महत्त्वपूर्ण बातें साझा की।इन्वेस्टचर समारोह में स्कूल के हेड बॉय (शाफिन खान) और हेड गर्ल (शबाहत खान) के साथ एसिस्टन हेड गर्ल (शिरीन खान) और हेड बॉय (यश श्रीवास्तव) के प्रतिनिधियों को बैच व स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया। स्कूल निदेशक श्रीमती तनाज आजीज ने छात्रों को उनके कौशल और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की और उन्हें समर्पण और नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिकाओं प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया।

# ठा. प्यारेलाल स्कूल मे स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

**राजनांदगांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय ठाकुर प्यारेलाल सिंह नगर पालिक निगम 30 मा0 शाला राजनांदगांव मे 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्षता श्री जयनारायण सिंह एवं अन्य अतिथियो मे श्री एआर्जुर रहमान श्रीमती चन्द्रकला देवांगन पार्लर सहित गणमान्य नागरिक गठणं उपस्थित हुआ। अतिथियों द्वारा झण्डोतोलन पश्चात् शाला के भूतपूर्व शोर हुए छात्रों का श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया, तत्पश्चात् अतिथियों द्वारा छात्रों को शुभकामना संदेश दिया गया। उसके पश्चात शालेय छात्र - छात्राओ द्वारा गीत, कविता, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें देश भक्ति पर आधारित नृत्य नारिका को सभी के द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य श्री बी. एकसाथ सहित समस्त शिक्षक कर्मचारी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



# माही ने किया परिवार का नाम रौशन

**राजनांदगांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल राजनॉदगॉव 12वीं आईसीएसई बोर्ड की छात्रा कुमारी माही रामटेके का चयन सीयूईटी की परीक्षा पास कर परिवार सहित, नगर व जिले का नाम किया रौशन. विदित हो कि माही भी अब इस परीक्षा के पास हो जाने से कानून की पढ़ाई करेगी. माही का चयन पप्रदेश के एक मात्र सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी गुरूघासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के लिये हुआ है. बता दे कि माही के पिता लवकुमार रामटेके, श्रीमती दीपा रामटेके नगर के जाने माने अधिवक्ता के साथ ही अब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में वकालत कर रहें है वहीं माही की बडी बहन गौतमी रामटेके विधि की छात्रा है, और वे भी उसी विश्वविद्यालय से पढाई कर रही है. माही ने अपनी सफलता के लिये सर्वप्रथम डॉ बाबा साहब ऑम्बेडकर को, अपने स्वर्गीय दादा संतकुमार व दादी शांताबाई रामटेके को आशीर्वादक माना है. माही की इस सफलता के लिये जहॉ ईष्ट मित्रो ने बधाई दी है वहीं छोटे भाई अलैकिक रामटेके ने शुभेच्छा दी.।



# प्रदेश जूनियर अंडर-19 शतरंज प्रतियोगिता का समापन आज

## डॉ.रमन सिंह होगे मुख्य अतिथि

**राजनंदगांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जिला शतरंज संघ एवं अग्रवाल सभा राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश जूनियर अंदर 19 शतरंज प्रतियोगिता का समापन आज दिनांक 18 अगस्त 2023 को दोपहर 3:30 बजे से अग्रसेन भवन में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री छग, अध्यक्षता श्री सुनील अग्रवाल उद्योगपति व समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि सुश्री किरण अग्रवाल अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी एवं विक्रम अवार्ड प्राप्त, श्री मनोज भाई अध्यक्ष सकल जैन संघ राजनांदगांव, श्री मनोज गोलछा समाजसेवी, श्री नरेश भाई समाजसेवी के साथ ही जिला शतरंज संघ के आशीर्वाद एवं प्रेरणा स्त्रोत श्री विनोद राठी महासचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ, की उपस्थिति में संपन्न होगा।

जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ललित भंसाली एवं अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल ने एक जानकारी दे बताया कि दिनांक 15 अगस्त से 18 अगस्त तक 4 दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता स्थानीय अग्रसेन भवन में खेली जा रही है, जिसका समापन आज दोपहर को होगा। इस प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटिंग प्राप्त है। कुल 92 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, स्विस लीग पद्धति से खेले जाने वाले मैच में प्रथम चार-चार खिलाड़ियों का चयन गुजरात में होने वाले प्रतियोगिता के लिए किया जावेगा। चार दिन तक चली इस प्रतियोगिता में कुल 17 खिलाड़ी अग्रिम पंक्ति में बने हुए हैं।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा ने मनाया श्रृंगार सावन महोत्सव

**राजनांदगांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। उपसमिति महिला मंडल द्वारा हरित श्रृंगार सावन महोत्सव एवं युक्ति सम्मेलन गांधी सभा गृह, म्युनिसिपल स्कूल में संपन्न हुआ जिसमें महिलाओं का संस्कृतिक कार्यक्रम ग्रुप डांस एकल डांस नाटक की प्रस्तुति जिसमें छत्तीसगढ़ी वेशभूषा और छत्तीसगढ़ी गीतों का मिश्रण दिखाई दिया जिसमे सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया वही महापौर हेमा देशमुख ने अपनी संबोधन में महिलाओं को सावन उत्सव की बधाई दी तथा महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिऐ प्रेरित किया तथा केंद्रीय महिला सचिव छाया ठाकुर ने कहा कि महिलाओं को स्वालंबी होना चाहिए स्वरोजगार करना चाहिए सावन सुंदरी के रूप में संगीत राजपूत को चुना गया ग्रुप डांस में शशि चौहान ग्रुप को प्रथम दिया गया वही द्वितीय माधुरी ठाकुर ग्रुप को दिया गया एकल डांस में प्रथम पुरूस्कार निशा ठाकुर द्वितीय पुरूस्कार माया विनोद तथा तृतीय पुरूस्कार तृप्ति राजपूत को दिया गया थाली सजावट में सुनिता राजपूत प्रथम तथा द्वितीय मंजू सिहं ड्रामा में प्रथम बच्चों का ग्रुप द्वितीय शशि चौहान ग्रुप सलाद में रेखा राजपूत द्वितीय तृप्ति राजपूत रही. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती हेमा देशमुख महापौर राजनांदगांव रही तथा अध्यक्षता श्रीमती शशि चौहान उप समिति महिला अध्यक्ष राजनांदगांव थी विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय महिला सचिव श्रीमती छाया देवेंद्र सिंह थी वही श्रीमती शशि बघेल केंद्रीय महिला मंडल कोषाध्यक्ष थी कार्यक्रम महिला अध्यक्ष श्रीमती शशि चौहान महिला सचिव माधुरी ठाकुर रीना राजपूत , आरती गौतम,कविता गौतम, कीर्ति विनोद, ममता विनोद, छाया ठाकुर, संगीत राजपूत, ममता क्षत्रिय, सोनाली ठाकुर, निशा ठाकुर, रेखा राजपूत, तृप्ति राजपूत, ममता राजपूत, चांदनी राजपूत आदि बड़ी संख्या में महिला मंडल उपस्थिति थे।



# खुज्जी विधानसभा से भाजपा ने गीता साहू पर जताया भरोसा

**छुरिया,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जनवरी में छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव होने हैं और नए वर्ष में सरकार का गठन हो जाएगा आने वाले विधानसभा चुनाव मैं जिस तरह से तासीश जारी है उसके टिकट के दावेदारों की मांग के पहले ही भारतीय जनता पार्टी ने अपना पत्ता खोल दिया है और जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है यह अलग बात है कि अभी आचार संहिता की घोषणा नहीं हुई और भाजपा ने अपनी टिकट बांटने की प्रक्रिया में तेजी ला दी है।छत्तीसगढ़ मे विधानसभा चुनाव की तारीख के घोषणा के पहले ही भाजपा ने प्रदेश के लगभग 22 सिटो पर अपने प्रत्याशी का नामो का सूची जारी कर दिया राजनांदगांव जिला मे सबसे महत्वपूर्ण सिट खुज्जी विधानसभा मे भाजपा से जगजीत सिह भाटिया (लक्की),भेष साहू,एम डी ठाकुर ,चन्द्रीका साहू,इन्हें प्रमुख दावेदार माना जा रहा था जिसमे सबसे प्रमुख दावेदार जगजीत सिह भाटिया (लक्की) को मजबूत दावेदार मे चर्चा था मगर भाजपा ने गीता साहू जो वर्तमान मे जिला पंचायत की अध्यक्ष उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है ,भाजपा के टिकीट दावेदारों मे मायूसी देखा जा रहा है,



खुज्जी से गीता साहू का टिकीट फाईनल कांग्रेस मे पुरूष दावेदारों का बिगाड़ा समिकरण

खुज्जी विधानसभा मे भाजपा से गीता साहू का टिकीट फाईनल होने से विगत एक वर्ष पूर्व से अलग अलग टोली बनाकर संम्पूर्ण विधानसभा मे आधादर्जन नेता दौरा करने वाले दावेदार के लिए भी भाजपा का ये दाव भारी पढ़ सकता है.राजनीतिज्ञो का माने तो कांग्रेस मे सिटींग विधायक का टिकीट काटने का फार्मूला ठंडे बस्ते मे चला गया है.खुज्जी विधानसभा मे कांग्रेस का इतिहास रहा सिटींग विधायक के रहते हर बार चुनाव के एक वर्ष पूर्व आधादर्जन सिटींग विधायक का टिकीट कटने का सपना पाले दावेदारी कर पोस्टर बैड बाजा के साथ विधानसभा क्षेत्र मे दौरा कर दिल्ली मे जाकर डेरा जमा लेते है। अब चूकी भाजपा से महिला प्रत्याशी तय हो गया है, तब भाजपा प्रत्याशी के सामने कांग्रेस के लिए इस विधानसभा मे महिला प्रत्याशी उतारना मजबूरी हो गया है , अब समय ही बताएगा कांग्रेस से किसका तकदीर बुलंद होगा किसके सर पे होगा ताज।

# भाजपा नेता लीलाराम भोजवानी पंचतत्व में विलीन

**राजनांदगांव,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभ, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी का आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लीलाराम भोजवानी उन विरले नेताओं में शुमार थे, जिन्होंने भारतीय जनसंघ के प्रारंभिक काल में पार्टी की जड़ों को मजबूत बनाने के लिए भीषण संघर्ष किया। चना और मुरा की कहानी भोजवानी जी के जीवन में ही चरितार्थ रही। उन्होंने उस दौर में जब पूरे देश में ऊपर से लेकर नीचे तक कांग्रेस का बोलबाला था उस दौरान वे अविजित योद्धा की तरह नगर पालिका परिषद के चुनाव, एक पार्षद की हैसियत से जीतते चले आ रहे थे,उनके संघर्ष का आलम यह था कि 1984 में विधानसभा का पहला चुनाव लड़ते हुए उन्होंने तब पार्टी की जमानत बचाई थी,अगले चुनाव में भारी बहुमत से विजय हुए ।वह जन - जन के नेता थे .

राजनांदगांव शहर में पहली झुग्गी बस्ती इंदिरा नगर को उन्होंने अपने अथक प्रयासों से व्यवस्थित किया, व झुग्गी वासियों को पटा भी दिलाया उनके इस कार्य से ही उनकी कीर्ति फैली, उनकी लोकप्रियता का आलम यह था कि सुबह 6 बजे से जन समस्याओं से ग्रस्त फरियादी उनके घर पहुंच जाते थे, लुंगी और बनियान में ही भोजवानी जी उनकी समस्याओं को देर दोपहर तक सुना करते थे और उसका निराकरण भी किया करते थे। वे जन जन में काफी लोकप्रिय थे, उनके निधन से भारतीय जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के एक युग का अंत हो गया है ।वह राजनीति के ऐसे शख्स थे कि उनका कोई भीषण राजनीतिक संघर्ष में भी कोई कोई व्यक्तिगत दुश्मन नहीं हुआ। वह हमेशा सबको साथ लेकर चलने पर विश्वास करते थे, यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी की जिले की राजनीति में उनका एक छत्र राज कायम रहा, ऐसे जननायक को आज श्रद्धांजलि देने के लिए जिले व प्रदेश के कोने-कोने से लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज सुबह 11 बजे से ही उनके झूलेलाल नगर स्थित निवास में लोगों का तांता लगा रहा। अंतिम दर्शन के लिए लोग उमर पड़े, प्रदेश के सभी बड़े नेताओं ने भोजवानी जी के अंतिम दर्शन कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

तय समय दोपहर 3:30 बजे को झूलेलाल नगर से स्थित उनके निवास से उनकी अंतिम यात्रा के लिए एक खुली जीप में उनके पार्थिव शरीर को रखा गया और आसपास बड़ी संख्या में लोग उनके साथ चल रहे थे ,स्थान स्थान पर नागरिकों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। आज सुबह को 11:00 बजे से ही



उनकी पार्थीक देह को घर के बाहर एक बड़े स्टेज पर रखा गया, सभी उपस्थित हजारों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया, इस अवसर पर सिंधी समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने उन्हें पुष्प चक्र से श्रद्धांजलि अर्पित की।

भोजवानी जी की अंतिम यात्रा मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन,गंज चौक होते हुए भाजपा कार्यालय पहुंची, जहां पर हजारों की संख्या में भाजपा के प्रदेश स्तर के नेता एवं जिले भर के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

भोजवानी जी के अंतिम यात्रा में आसमान भी रो पड़ा और भाजपा कार्यालय के पहुंचने से पूर्व भारी वर्षा भी हुई।

पार्टी कार्यालय के प्रांगण में उनके लिए गोल टेबल पर पुष्प से आच्छादित आसन व्यवस्था की गई थी, जिस पर भोजवानी जी के पार्थिव शरीर को रखा गया, उपस्थित सभी नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया, इस दौरान भोजवानी जी अमर रहे के नारे भी गूंज उठे। तत्पश्चात अंतिम यात्रा मुक्तिधाम पहुंची जहां पर भोजवानी जी को पूर्व मंत्री होने के नाते गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह रायपुर एयरपोर्ट से सीधे मुक्तिधाम पहुंचे और उन्होंने अपने शोक संवेदना में भोजवानी जी की कार्यशैली की गंभीरता एवं उनके विराट व्यक्तित्व के कुछ संस्मरण भी सुनाएं,उन्होंने बताया कि भोजवानी जी की कुशल मार्गदर्शन में उन्होंने राजनीति के महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा, डॉ रमन सिंह ने कहा कि भोजवानी जी की कार्यशैली एवं जनसंघ से लेकर पार्षद एवं मंत्री पद तक की यात्रा में किए गए कार्यों को कोई भुला नहीं सकता।

84 वर्ष की आयु के बाद भी, वे लगातार राजनीति में सक्रिय रहे, भाजपा भी उनके बिना अधूरी है,उनकी जगह कोई नही ले सकता। इस दौरान शोक सभा को भाजपा से सांसद संतोष पांडे, खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव,गौरीशंकर अग्रवाल, कांग्रेस से श्रीकिशन खंडेलवाल,नंदकुमार साय, चेंबर ऑफ कॉमर्स से अमर परवानी, सिंधी समाज से ब्रह्मानंद बजाज एवं अर्जुन पंजवानी ने संबोधित किया।

भोजवानी जी को अंतिम विदाई देते देने के लिए भाजपा से शिवरतन शर्मा,संजय श्रीवास्तव,छगन मूंदड़ा,अशोक शर्मा, सुरेश एच लाल, संतोष अग्रवाल, सुरेश डूलानी, भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व विधायक रामजी भारती,

खेदूराम साहू,अशोक चौधरी, रविंद्र वैष्णव, तरुण लहरवानी रोहित चंद्राकर,सहित सैकड़ों नेता उपस्थित थे।

अंतिम श्रद्धांजलि सभा का संचालन राजेंद्र गोलछा ने किया एवं अंतिम अरदास डॉक्टर के. एस. काजवानी ने की।

कांग्रेस के सभी गणमान्य नेता भी उपस्थित थे जिसमें प्रमुख रूप से सुदेश देशमुख, सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, कुलबीर छाबड़ा, जितेंद्र मुदलियार, विवेक वासनिक,रूबी गरचा,हफिज खान,निखिल द्वेवेदी, कमलजीत सिंह पिंटू, सहित कई नेतागण उपस्थित थे।

प्रेस क्लब से भी संरक्षक सुशील कोठारी जितेंद्र मिश्रा अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, पुरुषोत्तम तिवारी,जितेंद्र सिंह सहित सभी पत्रकार गण भी उपस्थित थे। भोजवानी जी को पदमश्री डॉक्टर पुखराज बाफना सहित शहर के सभी डॉक्टर जन भी श्रद्धांजलि देने हेतु पहुंचे थे।

छत्तीसगढ़ सिंधी समाज के गणमान्य लोग भी शामिल हुए, जिसमें से भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक नेनवानी एवं मुरली शादीजा, उपस्थित हुए। बालाघाट से विशेष रूप से भोजवानी जी से लंबे समय से जुड़े रहे लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष रूपचंद भीमनानी भी उपस्थित थे।

भोजवानी जी की अंतिम यात्रा में प्रदेश सहित पूरे जिले भर के भाजपा कांग्रेसी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

उल्टा पुल्टा

दादा जी पोते से बोले, फौरन मेरे दांत लेकर आ
**पोता बोला**- अभी तो रोटी भी नहीं बनी, दांत का क्या करोगे?
**दादा जी**- रोटी को मार गोली, पड़ोसन स्माइल दे रही है।
मुझे भी उसको कातिलाना स्माइल देनी है।

# राजिम से रोहित साहू, अभनपुर से इंद्रकुमार साहू बने भाजपा के उम्मीदवार, बधाई देने वालों का लगा तांता

## जनता के आशीर्वाद ने भेजा विधानसभा चुनाव तक, उम्मीद पर उतरूंगा खरा : रोहित साहू



**राजिम/गरियाबंद,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। क्षेत्र की जनता ने मुझे यहां तक पहुंचाया है जनता के हर सुख एवं दुख में मैं हमेशा खड़ा रहा हूं इसलिए मुझे जनता का आशीर्वाद मिला और मैं यहां तक पहुंचा हूं भाजपा के केंद्रीय संगठन को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने मेरे ऊपर विश्वास किया उनके विश्वास पर मैं खरा उतर कर दिखाऊंगा। वहीं टिकिट की घोषणा होते ही रोहित साहू ने भगवान कुलेश्वरनाथ महादेव एवं भगवान श्रीराजीवलोचन भगवान के दर्शन का आशिर्वाद लिया.

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली से 17 अगस्त को छत्तीसगढ़ में 21 लोगो का विधानसभा के लिए प्रत्याशी घोषित किया गया है जिसमें राजिम से रोहित साहू और अभनपुर से इंद्रकुमार साहू का नाम शामिल है। बता दें कि नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस के दूसरे दिन 16 अगस्त को हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। मंथन के बाद छत्तीसगढ़ के 21 सीटो में नामो की घोषणा कर दी गइ है। हालांकि विधानसभा चुनाव के लिए तीन महीने का वक्त बचा हुआ है। लगता है भारतीय जनता पार्टी इस बार छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए कमर कस चुकी है लिहाजा तीन महीना पहले ही उन महत्वपूर्ण सीटो में प्रत्याशी चयन कर घोषणा भी कर दिया गया है और यह बताने की कोशिश की गई है कि ये प्रत्याशी अभी से पूरे विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ दौरा करे। जैसे ही राजिम में रोहित साहू के नाम का ऐलान किया गया वैसे ही यहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और रोहित के समर्थको में खुशी की लहर दौड़ गई। राजिम स्थित श्री साहू के निवास में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ शाम होने के बाद से देर रात तक लगी रही। कार्यकर्ता खूब आतिशबाजी करते रहे और मिठाइयां बटती रही। बधाई देने वालो का तांता लगा रहा।





श्री साहू सबसे पहले माता-पिता का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और श्री हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना कर समर्थको एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भगवान श्री राजीव लोचन का आशीर्वाद लेने पूजा करने पहुंचे।

यह बताना उचित होगा कि राजिम से 2 किमी दूर पीपरछेड़ी गांव के रहने वाले किसान पुत्र रोहित साहू गांव में सरपंच बनकर अपने राजनीतिक यात्रा की शुरूआत किया। पहले ही कार्यकाल में वे फिंगेश्वर ब्लाक सरपंच संघ के अध्यक्ष बन गए। वे ग्राम पीपरछेड़ी और सेम्हरतरा जो कि दोनो गांव मिलकर एक पंचायत है। यहां ताबड़तोड़ काम किया। छोटे से गांव में ग्राम पंचायत भवन और उससे लगे उद्यान बनवाया। इतना ही नही वे पीपरछेड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को लेकर सार्वजनिक शौचालय बनवाया। यह सोचकर कि गांव में आने वाले मेहमान, बाराती आखिर शौच के लिए कैसे बाहर जाएंगे। दोनो गांव में एलइडी लाइट लगवाकर रोशन करवाया। तालाबो की स्थिति को सुधारकर पंचायत के आय का जरिया बनाया। दोबारा फिर चुनाव लड़ा तो फिर जीते। दूसरी बार भी सरपंच संघ का अध्यक्ष बने। उसके बाद विधानसभा चुनाव में उन्हें जोगी कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया वे भले ही उस चुनाव को हार गए परंतु 25 हजार वोट पाकर सभी को चौका दिए। पिछले करीब पौने तीन साल पहले उन्होने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के सामने राजिम के मेला मैदान में 10 हजार कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रवेश किया था। बाकायदा हर कार्यकर्ताओं का नाम, मोबाइल नंबर, गांव मुहल्ला का नाम और उन कार्यकर्ताओं का हस्ताक्षर वाला पत्र डॉ रमन को सौंपा था। भाजपा में प्रवेश के बाद वे काफी मुखर होकर जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए हर बार सामने आए। वे जिस भी गांव में कार्यक्रम में पहुंचते चाहे वह कार्यक्रम राजनीतिक हो, धार्मिक हो, सामाजिक हो उनकी सभा में भारी भीड़ नजर आती रही। यही उनका टिकट मिलने का आधार रहा।

टिकट की घोषणा होने के बाद चर्चा करते हुए रोहित साहू ने साफ-साफकहा कि एक लंबे समय से किया जा रहा तपस्या का फल उन्हें भगवान श्री राजीव लोचन, कुलेश्वरनाथ महादेव और हनुमान जी महाराज की कृपा से पार्टी के बड़े नेताओं ने उस पर विश्वास करते हुए मैदान में उतारा है। वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह सहित पार्टी के सभी नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो मुझ पर विश्वास किया है उस पर पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करूंगा और राजिम के इस सीट में कमल का फुल हर हाल में खिलेगा और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। श्री साहू ने कहा कि वे कांग्रेस के कुशासन के खिलाफहर मंच पर विरोध किया है और जनता का विश्वास हासिल किया। कहा कि पार्टी के स्थानीय सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ सामंजस्य बिठाकर वे कांग्रेस के किला को ढहाएंगे।

अभनपुर विधानसभा से इंद्र कुमार साहू को भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है अचानक इंद्र कुमार की घोषणा से लोगों में एकबारगी अच्छा ही हुआ है क्योंकि इंद्र कुमार साहू क्षेत्रवासियों के लिए एग्जाम नए चेहरे हैं हालांकि राजनीतिक क्षेत्र में 2005 के 2010 तक जनपद सदस्य एवं 2015 से अब तक दूसरी भाव सरपंच बने हैं अभनपुर परीक्षेत्र साहू समाज के दो बार के अध्यक्ष अभनपुर भाजपा मंडल के महामंत्री का दायित्व निभाया तथा लगातार चार भारत संचालन भी करते आ रहे हैं श्री साहू को टिकट मिलने के बाद नयापारा भाजपा मंडल के सदस्यों ने बधाई दी.

# जिले को मिली दो नई अग्निशमन वाहन, अब और तेजी से होगी आपातकालीन सेवा की पहुंच



**बलौदाबाजार,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ नगर सेना विभाग द्वारा जिले को दो नई अग्निशमन वाहन आवंटित की गई है जिससे आगजनी की घटनाओ पर जल्द काबू पाने में मदद के साथ ही आपातकालीन सेवा की शीघ्र पहुंच उपलब्ध होगी। कलेक्टर चंदन कुमार ने बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में दोंनो अग्निशमन वाहन की चाबी जिला नगर सेनानी एसडी विश्वकर्मा को सौंपी। दो नई वाहन मिलने से अब जिले में अग्निशमन वाहन की संख्या बढ़कर 5 हो गई है।

**कलेक्टर ने जिला नगर सेनानी को सौंपी वाहन की चाबी**

कलेक्टर श्री कुमार ने जिला नगर सेनानी श्री विश्वकर्मा से अग्निशमन वाहनों के रख-रखाव एवं फायर ब्रिगेड टीम के सम्बन्ध में जानकारी ली। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि अग्निशमन वाहनो को शहर में रखने के लिए शेड युक्त स्थान नही मिल पाया है जिसके कारण जिला नगर सेनानी कार्यालय परिसर में ही रखा जा रहा है जो शहर से दूर में है। क्लेक्टर ने वाहनों को सुरक्षित रख-रखाव >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## सिरपुर में सोसाइटी अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**महासमुंद,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिरपुर के प्राधिकृत अधिकारी दिलीप जैन ने सोसायटी में ध्वजारोहण कर तिरंगे को दी सलामी। इस मौके पर उपस्थित कर्मचारियों ने राष्ट्रगान का गायन किया और भारत माता की जय घोष किए। पश्चात उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया। सिरपुर के वरिष्ठ नागरिक मोहनलाल टावरी के अलावा समिति के प्रभारी व्यवस्थापक राकेश देवदास समेत कर्मचारी गण चैतूराम ध्रुव, गोपी राम निषाद, जयप्रकाश निषाद, वीरेंद्र निषाद, जीवराखन साहू, नीलकंठ पटेल, लोकेश शर्मा, सोहन निषाद, वीणा साहू आदि उपस्थित थे।

# प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता से गौरवपथ का कार्य लटका

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। भटगांव नगर में गौरवपथ निर्माण के लिए दिसम्बर माह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बिलाईगढ में भेंट मुलाकात के दौरान भूमिपूजन किया गया था। जिसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता की वजह से गौरवपथ का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। एक तरफसरकार द्वारा विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं दुसरी तरफउनके ही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विकास मार्ग में रोडा बना हुआ है। इस संबंध में जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी आम लोगों से जुड़े विकास कार्य को नजर अंदाज किया जा रहा है।

इस संबंध में भाजपा के दिग्गज पार्षदगणों ने तीखे प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 1.97 करोड रुपए की स्वीकृति गौरव पथ निर्माण हेतु प्रदान की गई उक्त काल में भूमि पूजन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिसंबर 2022 में कर दिया गया किंतु आज पर्यन्त तक कार्य आरंभ ना हो पाना विभागीय अधिकारियों के उदासीनता पूर्ण रवैया को दर्शाता है मुख्यमंत्री के भूमि पूजन के बाद भी कार्य का आरंभ ना होना दुर्भाग्यपूर्ण घोर उपेक्षा है भाजपा पार्षद दल ने कहा है कि 1 सप्ताह के भीतर कार्य आरंभ नहीं होने पर उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा इस संबंध में नगर पंचायत भटगांव के उप अभियंता तारकेश्वर नायक से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा है कि वर्तमान में गौरव पथ की फाइल दर स्वीकृति हेतु सचिवालय नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग को >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# हरफतराई में अवैध शराब बिक्री कर रहे तीन आरोपियों पर की वैधानिक कार्रवाई

**धमतरी,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा जिले में असामाजिक गतिविधियों व जुआ सट्टा एवं अवैध शराब बिकी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारियों को लगातार अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**हरफतराई के महिलाओं द्वारा की गई थी अवैध शराब बिक्री की शिकायत, जिस पर की गई त्वरित कार्यवाही**

इसी तारम्य में हरफतराई में मिली शिकायत पर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में डीएसपी. मुख्यालय के.के. वाजपेयी के नेतृत्व में थाना प्रभारी अर्जुनी निरीक्षक राजेश मरई द्वारा अर्जुनी थाना क्षेत्रांतर्गत मिली शिकायत त्वरित कार्यवाही करते हुए परि. उपुअ. सुश्री विंकेश्वरी पिंदे कि टीम द्वारा हरफतराई में अर्जुनी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर शराब बिक्री करते रहे तीन आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही कि गई।



आरोपी गिरवर जांगड़े पिता सूरजभान उम्र 26 वर्ष साकिन हरफतराई से अवैध रूप से रखकर बिक्री कर रहे शराब को 50 पौवा देशी मसाला व 07 पौवा प्लेन कीमत 6060/- रुपये विधिवत जप्त किया गया तथा आरोपी के खिलाफ अर्जुनी के अपराध क्र.284/23 अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इसी तरह सरस्वती बघेल पति धर्मेंद्र बाघेल उम्र 44 वर्ष साकिन हरफराई से 04 पौवा देशी प्लेन व 03 पौवा मसाला कीमती 650/-रु व बिक्री रकम 250/- रु जुमला 900/- रु जप्त किया गया। वहीं भूरी बाई चंदेल पति माणिक लाल 50 वर्ष साकिन हरफतराई घटना स्थल- ग्रांम हरफतराई जप्ती -06 पौवा प्लेन व 01 पौवा देसी मसाला कीमत 590/- रु व बिक्री रकम 400/- रु जुमला 990/- रु जप्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र.283-285/23 आबकारी एक्ट कि धारा 34 (ए) के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।

उपरोक्त कार्यवाही में परि.उप पुलिस अधीक्षक सुश्री विकेश्वरी पिंदे, उनि. सरिता मानिकपुरी, सउनि0 सी. बरिहा, प्रआर. मधुलिका सिंह, अनूप साहू, प्रवीण उइके, आरक्षक प्रदीप साहू, खेमू हिरवानी, नागेंद्र सिंह, सबा मेमन का विशेष योगदान रहा।

इस कार्यवाही के बाद हरफतराई के महिलाओं के द्वारा फोन कर पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। गांव में भी हर्ष का माहौल है।

# भाजपा के जिला व मंडल पदाधिकरियों की विधायक निवास में हुई बैठक

**धमतरी,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जनहित के मुद्दों पर धमतरी विधायक रंजना साहू मुखर है। जर्जर सड़क की समस्या दूर करने आवाज उठानी हो या फिर किसानों को खराब वर्मी कम्पोस्ट देने के खिलाफ आंदोलन करना हो विधायक ने सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिसका सार्थक परिणाम भी सामने आया है। सरकार के खिलाफ विरोध के स्वर को विधायक के द्वारा अब और तेज किया जाएगा, इसके लिए उन्होंने विधायक निवास में भाजपा के चारों मंडल अध्यक्ष व जिला संगठन के पदाधिकारियों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओ व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर रणनीति तैयार की है। बैठक में संगठनात्मक कार्यो की समीक्षा की गई जिसमे लाभार्थी सम्मेलन, गौठान पोल खोल मन की बात, मतदाता सूची में नाम जोड़वाने चलाए जा रहे अभियान को लेकर चर्चा शामिल है। सरकार के खिलाफ आगामी समय मे किये जाने वाले आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में सभी ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर पूरे दमखम के साथ आवाज उठाएंगे। विधायक रंजना साहू ने कहा कि राज्य सरकार की नाकामी भाजपा के लिए सबसे बड़ा हथियार है। हम सब एकजुटता के साथ काम करते हुए आम जनता तक सरकार की एक-एक नाकामी को पहुंचाएंगे। एकता की शक्ति से सभी का सामना करने के लिए हम सक्षम है। भाजपा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक लक्ष्य बनाकर चल रहे कि जनता से झूठे वादे करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकना है, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम समर्पित होकर कार्य करेंगे। कांग्रेस व उसकी विचारधारा के पोषक हमारे लक्ष्य में बाधा बनने की कोशिश कर सकते है पर उन्हें एकजुटता से जवाब देकर एक नजीर पेश की जाएगी। विधायक श्रीमती साहू ने आगे भी इसी तरह बैठक आयोजित कर भाजपा के सभी पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में काम किया जाएगा, आंदोलन और भी तेज होगा जिससे प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी आम जनता के सामने आएगी और सरकार के खिलाफ लोग खुलकर सामने आएंगे।



**संगठनात्मक कार्यो की समीक्षा व सरकार के खिलाफ किये जाने वाले आंदोलनात्मक कार्यो की बनी रूपरेखा**

उक्त बैठक में उपस्थित जनों में अरविंदर मुंडी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्रीमती श्यामा, नरेश साहू, जिला उपाध्यक्ष भाजपा चेतन हिन्दूजा, जिला कोषाध्यक्ष आई.टी. सेल जिला संयोजक विनय जैन, भाजपा राजेश गोलछा कार्यालय मंत्री भाजपा मंडल अध्यक्ष गण श्रीविजय साहू, हेमंत चंद्राकर मुरारी हेतु उमेश साहू चारों मंडल अध्यक्ष सहित महामंत्री नीलेश लूनिया अमन राव, कोमल यादव, अखिलेश सोनकर, नरेश यादव, चंद्रहास जैन, प्रीतम साहू, मिश्री पटेल, नगर पंचायत आमदी से पार्षद आनंद कुमार मंडल मंत्री आनंद मेश्राम रुद्री सरपंच अनीता यादव जनपद सदस्य गण अवनेंद्र साहू, श्रीमती जागेश्वरी साहू जागेंद्र रिंकू साहू, कूलेश साहू, कमलेश यदु, उमानंद कुम्हार सहित क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# दिव्यांग नारायण को मिली मोटराइज्ड ट्रायसायकल, आजीविका गतिविधियों में बनी सहारा



**महासमुंद,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। सरायपाली विकासखंड के वीरेंद्र नगर निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग नारायण निषाद मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने से बहुत खुश है। वे जन्म से ही अस्थिबाधित दिव्यांग है। वे इस मुश्किल भरी राह में अपने आजीविका के लिए सड़क किनारे बच्चों के खिलौनें, टेडीबियर आदि बेचने का काम करते है। किंतु दिव्यांगता के कारण उन्हें काम में आने.जाने में बहुत परेशानी होती थी। उन्होंने समाज कल्याण विभाग में मोटराइज्ड ट्रायसायकल के लिए आवेदन किया। निषाद ने बताया कि दिव्यांगजन प्रमाणीकरण, नवीनीकरण एवं सेवा सुविधा शिविर में उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया गया। इससे उनकी जिन्दगी में बहुत ही बदलाव आ गया है। अब वह अपने रोजमर्रा के कार्य के लिए आसानी से आवाजाही कर रहे है तथा अपने परिवार का भरण.पोषण में भी उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो रही। दूसरों पर निर्भर भी नहीं रहना पड़ता। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग को धन्यवाद कहा। दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राज्य और केन्द्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। एक समावेशी और सक्षम वातावरण की कल्पना करके दिव्यांगजनों को अधिक हक और अधिकार प्रदान करने के लिए सरकार के द्वारा समग्र विकास के लिए दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। शहर मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए विकास कार्य का क्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में बुधवार को शहर के वार्ड 9 में मूलभूत निधि मद करीब 3 लाख रुपए से सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चन्द्राकर और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग व पार्षद श्रीमती माधवी महेन्द्र सिक्का ने भूमिपूजन किया। जानकारी के अनुसार सीसी रोड का निर्माण 1.78 लाख की लागत से आत्माराम के घर से आंगनबाड़ी केंद्र तक होगा और नाली निर्माण 1.29 लाख की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र से बब्बू खान के घर तक किया जाएगा। भूमिपूजन के बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल का किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार गुरुवार को आंगनबाड़ी व स्कूलों का निरीक्षण करने पलारी एवं बिनौरी पहुंचे। उन्होंने बिनौरी के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए उपस्थित बच्चों के संग जमीन पर बैठ कर दीवार में बने हुए ज्यामितीय आकृतियों को पहचानना एवं विभिन्न रंगों के नाम बताए। इस दौरान उन्होंने बच्चो को मानव शरीर के विभिन्न अंगों के नाम और प्लास्टिक के बने मानव अंगों के प्रतिरूप को सही स्थान पर रख कर पूरा करना भी सिखाया। स्कूलो के निरीक्षण के दौरान बच्चों में पठन कौशल व समझ विकसित करने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश प्रधान पाठक एवं प्राचार्य को दिये।

कलेक्टर ने अंगबाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा बंजारे से कुल दर्ज संख्या वर्तमान उपस्थिति, कुपोषित बच्चों की संख्या, नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की कम उपस्थिति पर बच्चों के पलकों से मिलकर उनके बच्चो को आंगनबाड़ी भेजने के लिए प्रेरित करने कहा। बच्चों को खेल-खेल में ज्ञान वर्धन के लिए विभिन्न प्रतिरूपों का उपयोग करने के निर्देश दिए। कार्यकर्ता ने बताया कि खेती किसानी का समय होने की वजह से वर्तमान में बच्चो की उपस्थिति कम है। आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों में से गंभीर कुपोषित तथा 5 मध्यम कुपोषित है। गंभीर कुपोषित बच्चे को पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा गया था जिससे स्थिति में सुधार हो रहा है।

इसके पश्चात कलेक्टर ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बिनौरी के निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने प्राथमिक शाला के कक्षा तीसरी व चौथी के बच्चो को हिंदी पाठ्य पुस्तक में से कविता पढ़ कर सुनाने कहा और कई शब्दो के अर्थ पूछकर मायने भी बताए। उन्होंने प्रभारी प्रधान पाठक श्रीमती सूरजा बंजारे से विद्यर्थियों की संख्या, वर्तमान उपस्थिति, शिक्षकों की संख्या व उपस्थिति की जानकारी ली। प्रधान पाठक ने बताया कि विद्यालय में प्रधान पाठक सहित 5 शिक्षक पदस्थ है। इनमें से 2 शिक्षक हड़ताल पर है, 1 शिक्षिका संतान देखभाल अवकाश में तथा शिक्षक घनश्याम साहू विधायक कार्यालय में संलग्न है। कलेक्टर ने शिक्षकों की पर्याप्त व्यस्था करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। पूर्व माध्यमिक शाला बिनौरी के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षक केके वर्मा को कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कक्षा 8वी के छात्रों को गणित पढ़ाते हहुये वर्गमूल निकलना सिखाया। गणित के सवालों का सही व त्वरित हल करने पर कलेक्टर ने छात्रा मुस्कान साहू को शाबाशी देते हुए ईनाम के तौर पर कलम दी। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य श्रीमती मीना वर्मा को बच्चों को पहाड़ा कंठस्थ कराने के लिए लागातार अभ्यास कराने के निर्देश दिए।



- **नौनिहालों के संग जमीन पर बैठ कर बताया रंग और आकृति पहचानना**
- **शिक्षक बन स्कूली बच्चो को पढ़ाया विज्ञान और गणित**

इसके पश्चात कलेक्टर श्री कुमार पलारी स्थित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय पहुंचे। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कक्षा 9वी के छात्रों को विज्ञान तथा गणित पढ़ाया। इस दौरान स्मार्ट बोर्ड के मध्यम से की जा रही अध्यापन का भी अवलोकन किया। हिंदी माध्यम विद्यालय में विद्यार्थियों की अधिक संख्या होने पर बैठक व्यवस्था में आ रही समस्या को दूर करने के लिए दो पालियों में स्कूल संचालन के सुझाव दिए। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी एल आर कच्छप, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश शर्मा प्राचार्य द्वय ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी एवं एससी वर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से देशभक्ति में डूबा आरंग

## हाई स्कूल मैदान में नगर पालिका अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा



**आरंग,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नगर स्तरीय राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त का आयोजन पूर्व परंपरा के अनुसार अरुंधती देवी स्कूल प्रांगण खेल मैदान में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में पूरी गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय पर्व के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग चंद्रशेखर चंद्राकर ने न केवल ध्वजारोहण किया अपितु राष्ट्रीय एकता की मशाल प्रज्वलित कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया एवं मुख्यमंत्री के संदेश वाचन के साथ-साथ अमर शहीदों को नमन किया, साथ ही विभिन्न शैक्षिक विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थियों ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए मार्च पास्ट किया जिसमें स्काउट गाइड, रेड क्रॉस एवं नेशनल प्लेयर की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम में सांस्कृतिक छटा बिखेरते हुए देश भक्ति भरे भाव पूर्ण प्रस्तुतियों में गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सृजन सोनकर हायर सेकंडरी विद्यालय, शासकीय अरुंधती देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यमिक विद्यालय, शासकीय शांतिबाई नामदेव लोधी स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल , सरस्वती ज्ञानदीप स्कूल एवम जीवन ज्योति इंग्लिश मीडियम स्कूल के होनहार कलाकारों ने जमकर तालियां एवं प्रोत्साहन पाया , कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अरविंद कुमार वैष्णव एवं सहयोग शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल व मनोज शर्मा के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन एसडीएम आरंग ने करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस के 76 वी वर्षगांठ की बधाई भी दी, राष्ट्रीय पर्व में शामिल सभी सांस्कृतिक प्रस्तुति को प्रतीक चिन्ह के द्वारा सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में नगर टॉपर 10 वी सिद्धि पटेल एवं 12वीं कक्षा कामर्स टॉपर पंकज गिलहरे को सोनू मोनू पुस्तक भंडार के सौजन्य से पुरुस्कृत किया गया , कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद नरसिंह साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद गण धनेश्वरी खिलावन निषाद, राममोहन लोधी, सीमा नरेंद्र लोधी, सूरज लोधी, दीक्षा सूरज सोनकर, समीर सागिर गोरी, गौरी बाई देवांगन, ममता जितेंद्र शर्मा ,शरद गुप्ता( जीतू) दीपक चंद्राकर, ध्रुव कुमार मिर्धा एवं एल्डरमैन मंगल मूर्ति अग्रवाल, गणेश बांधे, राजेश्वरी साहू, भरत लोधी, उपेंद्र साहू के साथ-साथ जनप्रतिनिधि गण केके चंद्राकर, सुश्री चंद्रकला साहू ,अब्दुल कादिर, दिलीप चंद्राकर ,सजल चंद्राकर, प्रद्युम्न शर्मा, तुलसी पटेल, विष्णु भरद्वाज, तरुण मिश्रा, दिनेश्वर तंबोली, बाजार समिति अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, पीपला फाउंडेशन अध्यक्ष दुजेराम धीवर, कोसल साहित्य कला मंच अध्यक्ष अनूपनाथ योगी, एवं प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार राम मूर्ति दीवान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एन पी कुर्रे, नायब तहसीलदार एन एस पिस्दा, विकासखंड स्रोत समन्वयक एम एन वर्मा, प्राचार्य अरुंधति हरीश शर्मा, प्रभारी शिक्षक लोकेश्वर साहू, आकाश विश्वास, युवराज मिश्रा, व्यायाम शिक्षक कमलेश यादव, जगदीश कुर्रे, हंसराज जलक्षत्रि, कमलेश साहू, राकेश साहू, रामप्रसाद पैकरा, कोटवार, गणमान्य नागरिक गण एवम जनपद पंचायत, महिला बाल विकास, उद्यानिकी, यांत्रिकी , स्वास्थ्य विभाग, तहसील प्रशासन, नगर पालिका, शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन आदि की सहभागिता रही एवं कार्यक्रम का समापन समस्त स्कूली छात्रछ्व छात्राओं को मिष्ठान वितरण के साथ किया गया ।

# स्वतंत्रता दिवस पर कृषि उपज मंडी में किया विधायक अमितेश ने ध्वजारोहण



- एक करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण
- 42 महिलाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश, विधायक ने कांग्रेसी गमछा पहनाकर किया स्वागत

**राजिम,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कृषि उपज मंडी में विधायक अमितेश शुक्ला ने ध्वजारोहण कर एक करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया. उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में श्रीशुक्ला का पुष्पाहार से स्वागत किया। मंडी प्रांगण में सभा को संबोधित करते हुए विधायक अमितेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा उद्योगपतियों की पार्टी है वह धर्म, समाज, जाति के नाम पर राजनीति करते हैं। विकास की बात नहीं करते, जबकि पंडित श्यामाचरण शुक्ल ने विकास पर हमेशा जोर दिया. हमें यह आजादी देश के बलिदानियों के कारण मिली है। श्रीशुक्ल ने आगे कहा कि नहर में पानी के लिए सेक्टर और जोन अध्यक्ष के नाम पता करके पानी लाने के लिए इंजीनियर को फोन करो जरूरत पड़े तो मैं खुद सिंचाई अधिकारियों से बात करूंगा। पानी जरूर मिलेगा। प्रदेश के भूपेश सरकार ने समर्थन मूल्य की राशि बढ़ाकर किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। समर्थन मूल्य का पैसा डायरेक्ट खाते में जाता है कोई बिचौलिए नहीं है। कोदो, कुटकी, रागी की डिमांड ज्यादा है, इसलिए चक्र परिवर्तन कर इन फसलों को लगाएं। उन्होंने भाजपा के लोगों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अमितेश बाहरी आदमी है कहते हैं आप कौन सी स्थानीय की बात करते हैं मेरा घर तो श्याम कुटीर किरवई में है जबकि भाजपा के बड़े नेता चुनाव बनारस से लड़ते हैं क्या वह बनारस के रहने वाले हैं बेवजह लोग हव्वा बना रहे हैं। विरोध करने के लिए कुछ नहीं मिल रहा है तो वह मुझे कोई अधिकारी कर्मचारी बता दे कि मैं किसी से अभी तक कुछ लिया हूं यदि सिद्ध कर देंगे तो इस्तीफा दे दूंगा। यह केवल बीजेपी का दुष्प्रचार है.

# नरवा-घुरवा के डफली : चन्द्रशेखर



**कुरूद,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल के द्वारा पूरे देश में नरवा घुरवा के तहत लोकप्रियता बटोरी जा रही हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति भिन्न दिख रहा है। नरवा हल्के के नक्शे के आधार पर अतिक्रमण से दब चुका हैं, अतिकमित भूमि को आपको निकलवाना चाहिए ताकि बरसात की पानी सुचारू रूप से वह सके। गरवा के लिए गौठान निर्माण हुआ लेकिन गरवा को खिलाने के लिए चारा-पानी की उचित व्यवस्था नहीं हैं। गोबर खाद की खरीदी 3-4 कि.मी. की दूरी में हो रही हैं जिससे गोबर को बेचने लाने में किसानों को परेशानियां हो रही हैं।

वर्तमान में किसानों के लिए नहर की पानी छोड़ी गई हैं जो पानी खेत तक नहीं पहुंचकर तितर-बितर हो रहे हैं। नहर नालियों की सफाई नहीं हुई हैं जिसके कारण किसानों के खेत तक पानी पहुंचने में तकलीफ हैं। पहले सिंचाई विभाग से सफाई होती थी किंतु अब विभाग द्वारा नहर नाली सफाई के लिए राशि नहीं आती की बात कहकर टाल दी जाती हैं।

प्रदेश में वर्तमान कांग्रेस की सरकार हैं जो अन्य संस्थाओं का चुनाव नहीं कराए जैसे-सहकारिता, मंडी, जलसंसाधन, मतस्य समिती, वनोपज समिती इत्यादि। इस तरह के समितियों का चुनाव करवाकर अपने लोगों को मनोनीत करके बैठा दिया गया जिससे जनता अपनी बात को रखने के लिए कतरा रहे हैं। समय आने पर जनता इसका खुलकर विरोध करेगी एवं चुनाव मे इसका प्रतिफल दिखेगा। उपरोक्त बातें प्रेस विज्ञप्विज्ञप्ति जारी कर चन्द्रशेखर चंद्राकर पूर्व सोसायटी अध्यक्ष एवं किसान नेता कुरूद ने कही।

# राधेश्याम शर्मा फग्गा ने भाटापारा, कांग्रेस से अपनी दावेदारी पेश की



**भाटापारा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष के अंत तक होने वाले विधानसभा चुनाव में महज कुछ समय बचा है। इसके मद्देनजर देश के दो सबसे बड़े राजनीतिक दलों भाजपा व कांग्रेस की ओर से विधानसभा का चुनाव लड़ने हेतू अभी से दावेदारों के नाम व अपनी ओर से दावा करने वाले प्रत्याशियों के नाम भी सामने आने लगे है। इसी कड़ी में भाटापारा विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने हेतू एक नया नाम राधेश्याम शर्मा का सामने आने लगा है। इन्होंने कांग्रेस आलाकमान के सामने अपनी दावेदारी बड़े दम-खम के साथ पेश भी कर दी है। भाटापारा विधान सभा क्षेत्र हमेशा से ही कांग्रेस का गढ़ रहा है। पिछले विधान सभा चुनाव में कतिपय कारणों से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। जिसकी प्रमुख वजह थी, कांग्रेस के पूर्व विधायक चैतराम साहू का जोगी कांग्रेस में शामिल होकर उन्हीं की पार्टी से चुनाव चिन्ह पर यहां से चुनाव लड़ना। ऐसी स्थिति में तब संभवत- मजबूरी वश कांग्रेस ने भाटापारा से इस क्षेत्र के लिए एक नए अनजान व्यक्ति सिमगा के रहने वाले सुनील महेश्वरी को यहां से टिकट देकर खड़ा किया। परिणाम स्वरूप कांग्रेस के बहुत सारे परंपरागत वोटर चैतराम साहू की ओर चले गये। लिहाजा, च्चबिल्ली के भाग्य से छिका टूटाज्ज वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए इस चुनाव में कांग्रेस के वोट बिखरने के कारण यहाँ पर भाजपा के प्रत्याशी शिवरतन शर्मा अप्रत्याशित ढंग से जीत गये। कांग्रेस को इस बार ऐसी गलती नहीं करनी चाहिए, ऐसा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का भी कहना है । बहरहाल, कांग्रेस की ओर से टिकट का दावा करने वाले राधेश्याम शर्मा भाटापारा शहर के लिये कोई नया या बाहरी व्यक्ति का नाम नहीं है। इन्हें लोग इनके निक नेम च्चफग्गाज्ज के नाम से भी जानते है । छात्र जीवन से ही अपनी विभिन्न भूमिकाओं में से अपनी सक्रियता के कारण जाने जाते रहे हैं। आप स्थानीय महाविद्यालय में छात्र संघ के उपाध्यक्ष रहते हुए कांग्रेस की अनुशांगिक संस्था एन. एस.यू. आई से भी जुड़े रहे। इसके अलावा भाटापारा शहरवासियों व क्षेत्र के हित में इन्होंने कई आंदोलनों में भी भागीदारी की। जिसमें भाटापारा में विभिन्न ट्रेनों के, जिनका यहां पर स्टापेज नहीं था, उनका ठहराव करवाने हेतु काफी संघर्ष किया। अंततः यहां एक ट्रेन आजाद- हिंद एक्स्प्रेस का रेल्वे विभाग ने स्टापेज दे दिया। यही नहीं भाटापारा को जिला बनाए जाने वाली मांग के समर्थन में भी इनका अहम योगदान रहा है। एक संक्षिप्त मुलाकात में आपने बताया कि मुझे पद, पैसा या प्रतिष्ठा का लालच बिल्कुल भी नहीं है। क्योंकि यह सब मुझे पहले से ही प्राप्त है। मैं देश सेवा के साथ-साथ भाटापारा व इस क्षेत्र के आम-नागरिकों के लिए कुछ कर गुजरने याने सेवा भाव का कर्तव्य लेकर अपनी दावेदारी कांग्रेस आलाकमान के सामने रख दी है। वैसे कांग्रेस मुझे जो भी जिम्मेदारी देगी मै उसे सहर्ष स्वीकार करूंगा।

# स्वतंत्रता दिवस पर वीर शहीदों को किया याद

**भाटापारा में विधायक शिवरतन शर्मा ने शान से फहराया तिरंगा**



**भाटापारा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया है। इस पावन अवसर पर भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने जयस्तंभ( भारत माता ) चौक मे ध्वजारोहण किया.. सबसे पहले विधायक शर्मा ने भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया उसके उपरांत जय स्तम्भ में सभी वीर शहीदों को याद कर, उनकी कुर्बानी को याद कर पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया..

विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा ध्वजा रोहण होने के उपरांत सभी ने राष्ट्रगीत गाकर तिरंगे को सलामी दी और इस अवसर पर विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमें जो आजादी मिली है। उसके लिए हमारें वीर शहीद जवानों ने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। मातृ भूमि की रक्षा के लिए जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति दे दी, उन वीर शहीदों की शहादत को हम कभी नहीं भूलेंगे। उनकी यादें हमेशा हमारे मन रहेगी। वे मातृभूमि के असली सपूत थे, जिन्होंने अपनी जान पर खेल कर देश को आजादी दिलाई और आज हम सब खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। हम सब को उनके मार्गदर्शन में पदचिन्हों पर चलना चाहिए। देश के हित के लिए हमें हमेशा आगे रहना होगा।

शर्मा ने कहा कि हमें अपनी आज़ादी का मान सदैव रखना है। हमारी एकता और अखंडता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसे हमेशा बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

साथ ही भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में डॉक्टर वासुदेव ठाकुर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया.

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी नरेद्र बंजारा, शिक्षा अधिकारी रामजी पाल, नगरपालिका अधिकारी लाल बहादुर, राकेश तिवारी, सहित सैंकड़ों की संख्या में नगर के नागरिकगण, छात्र-छात्राएं, अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# 12 गोल्ड, 2 सिल्वर पदक चैंपियनशिप जीतकर आए कुराश खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया



**भाटापारा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। अमरजीत सलूजा अध्यक्ष जिला कुराश एसोसिएशन ने बताया कि 12 गोल्ड 2 सिल्वर पदक चैंपियनशिप जीतकर आए कुराश खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ प्रदेश कुराश एसोसिएशन , दुर्ग जिला कुराश एसोसिएशन एवं रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष संजय रूंगटा जी के विशेष सहयोग से आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट सबजूनियर एवं सीनियर कुराश चैंपियनशिप बालक - बालिका , पुरुष - महिला का आयोजन भिलाई स्थित रूंगटा पब्लिक स्कूल में 12 अगस्त किया जिसमें बलौदा बाजार भाटापारा जिले के टीम के खिलाड़ियों ने अपने उच्चम खेल का प्रदर्शन करते हुए 12 गोल्ड 2 सिल्वर पदक जीतकर ,प्रदेश में रनर अप चैंपियन का स्थान हासिल किया, पदक विजेता खिलाड़ियों में कुनाल यदु , कनिष्क श्रीवास्तव , समीर घृतेश , प्रत्यक्ष दुबे ,फाल्गुनी तेहरवंश ,देविका साहू , प्रिंसी बांधे ,सेजल यदु , अवंतिका कामरी , विनीश वर्मा , रोशनी वैष्णव , स्वालेहा खान, आयुषी ध्रुव, अंकित दिवाकर, खिलाड़ियों ने अपने अपने वजन वर्ग में पदक जीता-

# विद्यालय के उत्कृष्ट विद्यार्थी हुए सम्मानित



- सरस्वती साइकिल योजना के तहत विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण
- सेवानिवृत्ति प्राचार्य शिक्षक हुए सम्मानित
- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव रहे

**पिथौरा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड के ग्राम गड़बेड़ा शहीद प्रमोद कुमार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों द्वारा ग्राम भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी निकाली गई। रैली में बच्चों ने लोगों के बीच प्रेम की भावना जागृत करने हेतु भारत माता की जय कार के साथ अनेक नारों का उद्घोष किया। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में सामूहिक रूप से अरपा पैरी के धार गीत के साथ छत्तीसगढ़ महतारी भारत माता सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश यादव जनपद उपाध्यक्ष पिथौरा के द्वारा ध्वजारोहण ने किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न देश भक्ति छत्तीसगढ़ संस्कृति को लेकर आकर्षक वेशभूषा के साथ नित्य प्रदर्शन किए गए । वहीं विद्यालय के प्राचार्य मीनकेतन दास सेवानिवृत्ति होने पर और विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी स्मृति चिन्ह मेडल देकर सम्मानित किया। गया कार्यक्रम अंत में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिथि के सौजन्य से सरस्वती साइकिल योजना के तहत विद्यालय के बच्चों को निशुल्क साइकिल वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर ग्राम के सरपंच रतनलाल ध्रुव, उपसरपंच महेश्वर पटेल, लाल राम नाग प्रबंध समिति अध्यक्ष , गौरव चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि, लोकनाथ नायक, बिसाहू बघेल, गोवर्धन चंद्राकर, गोपाल पांडे पिथौरा, नंद कुमार चौधरी प्रभारी प्राचार्य, रमेश कुमार प्रजापति व्याख्याता, डी आर पटेल मिडिल विद्यालय प्रधान पाठक, लोकनाथ सिन्हा प्राथमिक विद्यालय प्रधान पाठक, विद्यालय के समस्त शिक्षक स्थानीय जनप्रतिनिधि ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी गणमान्य नागरिक शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नपा कर्मचारी सुभाषिनी शर्मा और नटवर, कलेक्टर के हाथों सम्मानित




**नवापारा राजिम,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे द्वारा जिला पंचायत रेड क्रॉस भवन रायपुर में गोबरा नवापारा नगर पालिका के दो कर्मचारी को विभागीय योजनाओं एवं शासकीय कार्यों के क्रियान्वयन में सराहनीय योगदान एवं उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोबरा नवापारा नगर पालिका परिषद में पदस्थ श्रीमती सुभाषिनी शर्मा को पेंशन प्रकरण एवं परिवार कल्याण कार्य में कार्रवाई कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने एवं नटवर साहनी, सहायक राजस्व निरीक्षक को राजस्व वसूली में सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र भेटकर सम्मानित किया गया। दोनों कर्मचारियों के सम्मान पर नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, उपाध्यक्ष चतुर सिंह जगत, पुर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा, सभापति संध्या राव, एल्डरमैन राम यादव, मेघनाथ साहू, पार्षद हेमंत साहनी ,सोसायटी अध्यक्ष चंद्रहास साहू, राजा चावला, मंगराज सोनकर, राकेश सोनकर, फागु देवांगन, अर्जुन साहू, निर्माण यादव के अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा, डीसी साहू, नवीन साहू, दिनेश जांगड़े, सहितअनेक पार्षद, एल्डरमैन एवं जनप्रतिनिधियों-नागरिकों ने बधाई दी है।

# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल भाटापारा में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**भाटापारा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में स्वतंत्रता दिवस इस साल भी देश भक्ति की भावना लिए हुए हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री आलोक मिश्रा जी, सदस्य श्रम कल्याण मंडल छत्तीसगढ़ शासन एवं अध्यक्ष, पालक समिति, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल उपस्थित थे । पुष्प गुच्छ से मुख्य अतिथि का स्वागत पश्चात देवी सरस्वती, भारत माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं जवाहरलाल नेहरू के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में शाला की गतिविधियों एवं कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। सभी विद्यार्थियों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया एवं जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने की सीख प्रदान की । विभिन्न राष्ट्रभक्तों का परिवेश लिए हुए नन्हे मुन्ने छात्रों ने वेष धारण किया। साथ ही अन्य विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक समूह गीत, समूह नृत्य, भाषण, कविता, पी टी के द्वारा देश भक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया । सभी कार्यक्रम बड़े मनमोहक थे । विजुअल संदेश के द्वारा प्राचार्य श्रीमती प्रीति ताम्हणे ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी ।शाला समन्वय श्री टी आर साहू ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षक, शिक्षिकाओं, पालकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी । मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि मनाई गई



**खरोरा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरवाडीह कला में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का पुण्यतिथि मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने श्री वाजपेयी के महान कार्यों का स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया ।संस्था प्रमुख श्री दिनेश कुमार वर्मा ने श्री वाजपेई जी के जीवनी का सविस्तार बच्चों को बताया उन्होंने कहा कि वाजपेई जी एक महान सांसद ,कवि , पत्रकार, प्रखर वक्ता रहे। भारत रत्न, पद्म विभूषण, पण्डित गोविन्द वल्लभ पन्त, लोकमान्य तिलक एवं अन्य कई अलंकरण से नवाजे जाने वाले महापुरुष थे। साथ ही उन्होंने बताया कि वाजपेयी जी ग्यारह बार लोकसभा सांसद और दो बार राज्यसभा सांसद रहे। विद्यालय के शिक्षक श्री वीरेंद्र कुमार वर्मा ने वाजपेयी जी के बारे में बताया कि आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे भीष्मपितामह भी कहा जाता है ,साथ ही उनके रचनाओं के कुछ अंश बच्चों के सामने प्रस्तुत किए। बच्चों ने भी मुख्य आदर्श ग्रहण कर उनके मार्ग में चलने का संकल्प लिया।

# नगर में 44 लाख 98 हजार की लागत से होगा एसडीएम कार्यालय का निर्माण

## संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के करकमलों से हुआ भूमिपूजन



**बागबाहरा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के तहसील कार्यालय प्रांगण में 44 लाख 98 हजार रुपए की लागत से बनने वाले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय अर्थात एसडीम ऑफिस के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम आज गुरुवार को छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिवो व विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बागबाहरा की अध्यक्ष हीरा सेतराम बघेल ने की।

वही विशेष अतिथि की आसंदी पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रवि निषाद, एसडीएम सृष्टि चंद्राकर विराजमान थे।

भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जैसे ही संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव कार्यक्रम स्थल पहुंचे, प्रशासनिक अमले ने उनका औपचारिक स्वागत फूलमाला पहनाकर किया। जहां संसदीय सचिव श्री यादव एवं उपस्थित अन्य अतिथियों के कर कमलों से भूमि पूजन किया गया।

इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि 2018 के चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है एवं खल्लारी विधानसभा का दायित्व आप जनता जनार्दन ने मुझे जब से सौंपा है। तब से लेकर आज पर्यंत तक खल्लारी विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी एवं ?? बहुमुखी विकास हुआ है।

बड़ी सौगातो में बात करें तो खल्लारी विधानसभा क्षेत्र को अन्य बड़ी सौगातों के साथ बागबाहरा में एसडीएम कार्यालय एवं कोमाखान को तहसील का दर्जा देना कांग्रेस शासन के प्रमुख कार्य रहे हैं। जो लंबे समय तक लोगों के मानस पटल पर स्थिर रहेंगे। साथ ही क्षेत्र के जनता की मांग पर हमारे मुख्यमंत्री जी ने जो व्यवहार न्यायालय की सौगात खल्लारी विधानसभा क्षेत्र को दी है। वह अपने आप में मिल का पत्थर साबित है। श्री यादव ने बताया कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार 15 साल सत्ता में रही। लेकिन कभी उन्होंने ग्रामीण जनता की सुध नहीं ली। और वे केवल अपनी ही जेब भरते रहे। लेकिन जब से जनता जनार्दन के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़िया किसान के बेटा भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार बनी है। तब से लेकर लगातार ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे जनता की गुहार सुनी जा रही है। और उन्हीं के सर्वांगीण विकास के लिए नई-नई योजनाएं लाकर कार्य किए जा रहे हैं। जिसके चलते अब खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की जनता को दर-दर भटकना नहीं पड़ रहा है। चाहे वह न्याय लेने की बात हो या चाहे राजस्व संबंधी कार्य के लिए हो ।श्री यादव ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जनता को प्रशासन तक जाना पड़ता था। लेकिन भूपेश बघेल की सरकार में प्रशासन जनता के बीच पहुंचता है। और उनकी समस्याएं सुनी जा रही है। तथा समाधान कर रहे हैं।? और यह सब आप जनता जनार्दन के ही आशीर्वाद से संभव हो पा रहा है। इसलिए मैं आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भी आप जनता जनार्दन का आशीर्वाद मांगता हूं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से गणेश शर्मा ,राजेश सोनी, उत्तम शर्मा ,सेतराम बघेल, लखबीर छाबड़ा ,देवनाथ साहू, अजय सिंह ठाकुर, किशोर चंद्र अग्रवाल, रामकुमार ठाकुर, मोहित चंद्राकर ,भक्तराम मांझी, धर्मेंद्र ठाकुर ,फूलसिंह ध्रुव, ताम्रध्वज बघेल, बड़ा खान, लोकेश दीवान, लेखराम दीवान, मनीष चंद्राकर, मोहित पांडे, अधिवक्ता नरहरी साहू ,देवेश साहू, करतार नायक, तहसीलदार बागबाहरा लीलाधर कंवर ?, ममता ठाकुर, तहसीलदार कोमाखान, नायब तहसीलदार हरीशकांत ध्रुव सहित बागबाहरा अनुविभाग के पटवारी, कृषक एवं क्षेत्र के कोटवार तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सैनिक पूरे देश को अपना परिवार समझते हैं : मेजर गोवर्धन शर्मा

**नवापारा राजिम**, 17 अगस्त (देशबंधु)। सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि भूतपूर्व भारतीय सैनिक मेजर गोवर्धन शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित समिति के पदाधिकारी सहसचिव व्यास नारायण चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल दुबे, कोषाध्यक्ष अशोक गंगवाल, सदस्य कोमल साहू प्राचार्य गौरीशंकर निर्मकलर ने ध्वज को सलामी दी।



## सशिमं नवापारा में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता पर्व

इस अवसर पर मेजर गोवर्धन शर्मा ने कहा की सैनिक पूरे देश को अपना परिवार समझते हैं और सीमा पर रहकर दुश्मनों से हम सबकी रक्षा करते हैं वे सच्चे सपूत होते हैं भारतमाता के उनका जीवन बहुत कठिन होता हैं फिर भी हार नहीं मानते देश के लिए त्याग और तपस्या करना शान समझते हैं उनका जीवन संघर्ष और गर्व का समन्वय होता हैं सैनिक बनने के लिए समर्पण भाव जरुरी हैं। अनुशासन में जो रहते है वहीं देश को संभाल पाते है। हमें सदैव सैनिक का सम्मान करना चाहिए उनके योगदान को स्मरण करना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी की राजिम में एकेडमिक है जहां सैनिक प्रशिक्षण दिया जाता है जो भी बच्चे सेना में जाना चाहते हैं उनके लिए निशुल्क प्रशिक्षण हैं यहां आकर वे सेना में जाने के सपने पूर्ण कर सकते हैं। कक्षा दसवीं और ग्यारवीं मे प्रथम आने वाले बच्चो को हर वर्ष पुरस्कृत करने की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रफुल्ल दुबे ने कहा इस दिन हमें अंग्रेजो की दो सौ साल की गुलामी से आजादी मिली थी यह स्वतंत्रता एकाएक नहीं मिली बल्की यह देश के महान स्वतंत्राता संग्राम सेनानियों के दशकों तक किए संघर्ष त्याग बलिदान का नतीजा हैं। स्वतंत्रता दिवस लोगों के लिए आजादी के बाद से देश द्वारा की गई प्रगति पर विचार करने और सभी नागरिकों के लिए बेहतर भविष्य बनाने का समय हैं इस अवसर पर प्राचार्य गौरीशंकर निर्मलकर,पूर्व प्राचार्य कृषणकुमार वर्मा ,नरेश यादव ,दीपक देवांगन ,नारायण प्रसाद पटेल नरेंद्र साहू, तामेश्वर साहू, नंद कुमार साहू, वाल्मीकि धीवर ,धनेश्वरी साहू, निकिता यादव, मोनिका वैष्णव ,निकिता तराने ,परमेश्वर सिन्हा, मंजू साहू ममता साहू और जय श्री साहू उपस्थित।

# रोहिना में शान से लहराया तिरंगा



**सरायपाली** 17 अगस्त (देशबंधु)। स्वतंत्रता दिवस का पर्व रोहिना में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शा हाईस्कूल प्रांगण में सेवानिवृत्त शिक्षक रविंद्र सेठ द्वारा, सहकारी समिति रोहिना में प्राधिकृत अध्यक्ष दुखीश्याम पटेल द्वारा, ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू द्वारा, आंगनबाड़ी केंद्र में नरहरी साहू द्वारा, गांव के मुख्य चौक में उपसरपंच सरस्वती गंधेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच सुरेंद्र सेठ थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक टीआर पटेल ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि चुड़ामणि साहू, गोठान समिति अध्यक्ष नेपाल साहू, पूर्व उपसरपंच नरहरि साहू, रविंद्र सेठ, लालकुमार नाग, शंभूनाथ यादव, शाखाराम, अरबिंद सागर, पंच विजय राणा, जयकृष्ण नेताम, सचिव उसतकुमार आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रों ने गीत कविता भाषण प्रस्तुति दे कक्षा छठी में प्रियंका राणा, सातवीं में खुशबु यादव, आठवीं में कामिनी, नवमी में दिव्या गंधेल, दसवीं में जयंती राणा को कक्षा में प्रथम आने पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश साहू ने की तथा आभार व्यक्त टी आर पटेल ने की।

# सड़कों पर अब भी दिख रहे आवारा पशु, कार्रवाई में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

**बिलाईगढ़,** 17 अगस्त (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बुधवार 16 अगस्त को जिला स्तर के अधिकारियों की समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की साप्ताहिक समीक्षा की। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद भी सड़कों पर विचरण करते आवारा पशुओं के जमावड़े पर कलेक्टर ने तल्ख होते हुए नगरपालिका परिषद, नगर पंचायतों के सीएमओ और उप संचालक पशुपालन को सख्त निर्देश दिए कि वे इसे गम्भीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करें, इसमें ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट तौर पर कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों के क्रियान्वयन में विभाग प्रमुख गम्भीरता दिखाएं। राजस्व विभाग द्वारा की जा रही गिरदावरी की जानकारी उन्होंने ली और राजस्व निरीक्षक मण्डलवार शेड्यूलिंग कर समय-सीमा में कार्य पूरा करने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह नामांतरण, बी-वन, जाति प्रमाण-पत्र, फौती जैसे कामों के लिए स्थानीय स्तर पर कैम्प आयोजित कर लंबित प्रकरणों का मौके पर निराकरण करने के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गोबर से खाद निर्माण और उसके उठाव की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए मैदानी स्तर के कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने के लिए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया। आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत करते हुए बैठक में कलेक्टर ने आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचरण संहिता के प्रभावी होने के पूर्व सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों सतत् सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभागवार एवं योजनावार कार्य-प्रगति की समीक्षा करते हुए माहांत तक लम्बित प्रकरणों का निबटारा गुणवत्तापूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम द्वय मोनिका वर्मा व डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी सभाकक्ष में मौजूद थे।

# आजादी हमें लाखों देशभक्तों के बलिदानों से मिला : लाला साहू



**राजिम,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नगर मे जगह जगह आजादी के 77वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसरपर राजिम मे साहू छात्रावास में संचालित मल्टी मूव स्कूल में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर राजिम भक्तिन मंदिर समिति अध्यक्ष लाला साहू द्वारा ध्वजारोहण किया श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है जिन वीर सपूतों ने देश के आजादी के लिए बलिदान दिया उसके हम ऋणी है यह आजादी हमें लाखों देशभक्तों के बलिदानों से मिला इस अवसर पर समिति के समस्त पदाधिकारी द्वारा साहू छात्रावास के सामने तालाब के किनारे वृक्षारोपण किए । कार्यक्रम में प्राचार्य शिक्षक गण एवं पालक गण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### आजादी के सिपाहियों के कारण हमें आजादी मिली : रूपेश साहू



**राजिम,** 17 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक ब्रांच राजिम मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजिम ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपिसह साहू ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर उन्होंने आजादी के बलिदानों की व्याख्या विस्तार से की उन्होंने कहा कि आजादी के सिपाहियों के बलिदान से हमे आजादी मिली हे इस वजह से आज हम यह स्वतंत्रता दिवस मनाने का अवसर प्राप्त हुआ।

### सुजाता देवांगन का नीट परीक्षा में चयन



**बिलाईगढ़** 17 अगस्त (देशबंधु)। बिलाईगढ़ के सुजाता देवांगन ने नीट परीक्षा में चयन होने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई शुभकामनाएं दिए। प्राप्त समाचार के अनुसार बिलाईगढ़ निवासी सुजाता देवांगन पिता सुरेंद्र देवांगन ने नीट परीक्षा में चयन होने पर बिलाईगढ़ एवं आसपास के लोगों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई शुभकामनाएं हैं वही कुमारी सुजाता ने अपनी इस सफलता पर अपने माता-पिता एवं मित्रो को श्रेय दिया है। मध्यम वर्गीय परिवार की कुमारी सुजाता देवांगन अपनी कड़ी मेहनत एवं लगन से उच्च मुकाम हासिल प्राप्त कर रही है जिनकी भूरी भूरी प्रशंसा किया जा रहा है जो कि सर्वत्र चर्चा का विषय बना हुआ है ।

# गुरुवार को एक दिन में बने 17 हजार से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड



## जिले के कुल लक्ष्य के 80 प्रतिशत का हो चुका पंजीयन

**गरियाबंद,** 17 अगस्त। जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गुरुवार को आयोजित विशेष शिविर में 17 हजार से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिले के सभी ग्राम पंचायत, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों, समुदाय एक अस्पतालों में किया गया था। ज्ञात हो जिले में छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में प्रत्येक गुरुवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए मिले कुल लक्ष्य का 80 प्रतिशत लक्ष्य अभी तक प्राप्त किया जा चुका है। जिले में 5 लाख 17 हजार से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है।

कलेक्टर छिकारा ने आयुष्मान कार्ड महाअभियान के तहत लगाए गए विशेष शिविरों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने ग्राम दर्रीपारा, कोसमी द, आमदी द और कोड़ोहरदी में जाकर आयुष्मान कार्ड पंजीयन के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही पंजीयनकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान पंजीयन से छूटे हुए लोगों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश अधिकारी कर्मचारियों को दिए।

इस महाअभियान के तहत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत, च्वाईस सेंटर एवं सामुदायिक भवनों में भी शिविर लगाये गये। साथ ही विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी। कलेक्टर आकाश छिकारा ने अधिकारियों को शिविर स्थलों का निरंतर निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी लेने के निर्देश दिये थे। लोगों के आयुष्मान कार्ड बनने से लोगों को नि:शुल्क ईलाज में मदद मिलेगी।

# प्रभारी महामंत्री गोपी साहू ने किया, कोसमंदी बैंक में ध्वजारोहण



**पलारी**, 17 अगस्त (देशबन्धु)। देश की आजादी की 77वी वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्षेत्र में जगह जगह ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसी तारतम्य में जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री गोपी साहू ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कोसमंदी पहुंचकर शाखा एवम समिति के कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति में ध्वजारोहण किया और देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को याद किया। इसके पूर्व गोपी साहू ने पलारी स्थित वीर शहीद युगलकिशोर वर्मा की शहीद प्रतिमा पर उनके परिजनों सहित माल्यार्पण कर नमन किया ।तत्पश्चात नगर के हृदय स्थल गांधी चौक पहुंचकर महात्मा गांधी जी प्रतिमा पर पूजा अर्चना के साथ माल्यार्पण किया। तत्पश्चात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पलारी के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होकर,वार्ड क्रमांक 11 वीर शहीद भगतसिंह वार्ड के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुआ। वार्ड क्रमांक 11 में कुमार वर्मा ने वार्डवासियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। कोसमंदी ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाखा समिति के कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जिले को मिली दो नई अग्निशमन...

व शहर के अंदर ही स्थल चिन्हांकित करने व शेड निर्माण के नगर पालिका परिषद से समन्वय करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री वीसी एक्का, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### प्रशासनिक अधिकारियों की...

प्रेषित किया जा चुका है दर स्वीकृत की आदेश प्राप्त होने पर कार्य आरंभ किया जाएगा नगर में आम लोगों के बीच चर्चा का बाजार गर्म है कि नगर पंचायत भटगांव में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित परिषद कांग्रेस का नेतृत्व है क्षेत्र में मजबूत और विकास कार्यों के लिए लड़ने वाले कांग्रेस के विधायक संसदीय सचिव चंद्र राय है इसके बावजूद गौरव पथ का कार्य आरंभ ना हो पाना किसी राजनीतिक साजिश का हिस्सा तो नहीं है।

गौरतलब है कि नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया भी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके है ।ऐसे में नगरीय प्रशासन के आला अधिकारी द्वारा उदासीनता पूर्ण रवैया और विकास कार्यों में गतिरोध कई प्रश्नों को जन्म देता है जबकि आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लगने का समय बहुत ही करीब होने के बाद भी विकास कार्यो का विशेष कर गौरव पथ का निर्माण कार्य आरंभ होना ना हो पाना उपेक्षा पूर्ण कार्य नगर हित के विपरीत है। गौरव पथ का कार्य आरंभ ना होने पर नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती नर्मदा अमित कौशिक ने कहा कि गौरव पथ निर्माण के लिए विभागीय प्रक्रिया बहुत जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा और नगर को सुंदर आकर्षक रोशनी युक्त गौरव पथ बनाया जाएगा।

### दिव्यांग नारायण को मिली मोटराइज्ड...

में लाने के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर जोर दिया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती संगीता सिंह ने कहा कि विभाग दिव्यांगजनों के लिए प्रतिबद्ध है और उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण की दिशा में शासन की सोच को पूरा करेगा।

# मगरलोड में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




**मगरलोड,** 17 अगस्त। विकासखंड मुख्यालय मगरलोड के महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती छाया वर्मा के नेतृत्व में परियोजना में उपस्थित नव विवाहित जोड़ों को मतदान करने का शपथ दिलाया गया साथ ही उपस्थित सैकड़ो महिलाओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए बताया गया कि सही मत का प्रयोग इच्छा के अनुसार जीत दिलाई जा सकता है और जिन पर इच्छा ना हों उन्हें पराजित किया जा सकता है। कई बार ऐसा होता है कि निर्णय केवल एक वोट पर निर्भर करता है। हमारे एक वोट के न डालने से गलत व्यक्ति की जीत हो जाता है या अच्छा व्यक्ति हार जाता है। परियोजना अधिकारी द्वारा मतदान के महत्व पर पूर्ण प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी महिलाओं को मतदान संकल्प दिलाया गया। साथ ही जन जागरूकता हेतु मुख्यालय मगरलोड़ में मतदाता रैली का आयोजन किया गया। उपस्थित परियोजना अधिकारी श्री मति छाया वर्मा, श्री मति झामिन बिंझेकर- पर्यवेक्षक , श्रीमति नंदा सिंह पर्यवेक्षक श्रीमति सुरजा तिवारी पर्यवेक्षक श्री डोमार बिंझेकर कप्यूटर संचालक, ओमप्रकाश नाग लेखापाल, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकता उपस्थित रहे।

# नेवरा कुम्हारी जलाशय का कार्य जल क्षमता विधि प्रारंभ



**कोहका नेवरा,** 17 अगस्त। रायपुर जिला के विकासखंड तिल्दा नेवरा कुम्हारी जलाशय का कार्य जल क्षमता विधि प्रारंभ हुआ राजू शर्मा किसान नेता ने कहा कि रायपुर एनर्जी राय खेड़ा अदानी पावर प्लांट के पास मुरा मोड़ से कुम्हारी जलाशय तक पाइप लाइन का कार्य ठेकेदार विनय जोसे ने कार्य प्रारंभ कर दिया इसकी अनुमानित लागत 20 करोड़ 600000 लाख ?98000 रुपए किसान नेता राजू शर्मा ने कहा कि इससे कुम्हारी से गुर्रा तक के किसानों को पानी मिलाने से 24 हेक्टेयर किसानों को अतिरिक्त सिंचाई योजना का लाभ मिलेगा शर्मा ने इसके लिए मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से किसानों की आय दोगुनी होगी कार्य प्रारंभ होने पर सरपंच नंद कुमार निषाद सुरेश साहू अजु राम देवांगन ठाकुर राम वर्मा फल्गु प्रसाद वर्मा जगदीश साहू कुमार वर्मा मुकेश वर्मा क्षेत्र के किसानों ने खुशी जाहिर की है।

## ओटगन गौठान जिला में प्रथम



**कोहका नेवरा,** 17 अगस्त। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नरवा गरवा घुरवा गौठन में उन्नति किया है उसी के तहत रायपुर जिला में ओटगन पंचायत का गौठान देखने लायक है सरपंच संजीता संजय दीवान के कार्यशैली से ओटगन गौठान का प्रथम स्थान प्राप्त किया है वह छत्तीसगढ़ में छठवें नंबर पर है गौठान अध्यक्ष मधुसूदन दीवान , महिला समूह प्रमुख लिली मिर्जा , रेखा राजपूत , मनरेगा सहायक राशि प्रकाश सिंह व सचिव शकुंतला के मार्ग दर्शन से गौठान छत्तीसगढ़ में नाम रोशन किया है और 25000 नगद प्रशस्त पत्र गाय के स्मृति चिन्ह वह साल से स्वागत किया है।

# विधायक नंद ने बिहान कैफेटेरिया का किया उद्घाटन

**सरायपाली,** 17 अगस्त (देशबंधु)। शासन की महत्वपूर्ण योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के द्वारा ग्रामीण एवं शहरों की महिलाओ केसशक्तिकरण के लिए महिलाओं के समूह से जोड़कर पारंपरिक गतिविधियों के अलावा अन्य रोजगार मूलक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है इसी कड़ी में आज नगर पालिका परिषद सरायपाली में शासन की योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत वार्ड क्रम06 की निर्भया महिला स्व सहायता समूह के द्वारा मोहन लाल चौधरी शासकीय अस्पताल के सामने बिहान कैफेटेरिया का उद्घाटन विधायक किस्मत लाल नंद एवं नगर पालिका अध्यक्ष अमृतलाल पटेल द्वारा किया गया द्य बिहान योजना कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार, कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष रामनारायण आदित्य, विधायक प्रतिनिधि (शिक्षा विभाग)प्रदीप गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र बाघ, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद ग्वाल सोसायटी अध्यक्ष गोकुल चौधरी बाबूलाल नायक गोपबंधु पटेल मंडी उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, कांग्रेस सेवा दल परसु चौहान, कांग्रेस महामंत्री फिरोज खान, पार्षद गुँजन अग्रवाल, हितेश यादव, स्वर्ण सिंह सलूजा, खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीबी कोसरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक शर्मा पार्षद गण एल्डरमैन ने गणमान्यनागरिक नगर पालिका कर्मचारी गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर विहान कैफेटेरिया उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुएद्य विधायक नंद ने कहा कि छ ग सरकार को इस महति योजना केअंतर्गत चाय, नाश्ता, छत्तीसगढ़ी व्यंजन,मूंग/ उड़द बड़ा, फरा चीला इडली भोजन आदि बनाने का कार्य किया जाएगा साथ में शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को भोजन सामग्री बिहान कैफेटेरिया के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो पाएगा।



मा. मल्लिकार्जुन खड़गे
राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी
मा. सोनिया गांधी
यूपीए चेयरपर्सन
मा. राहुल गांधी
पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष
मा. दीपक बैज
प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी
मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग.
मा. विपीन साहू
अध्यक्ष दुग्ध महासंघ
मा. रूद्र गुरू
(कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ)
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
विभाग एवं ग्रामोद्योग
15th AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
विनीत : लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छ.ग. के समस्त अधिकारीगण




मा. मल्लिकार्जुन खड़गे
राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी
मा. सोनिया गांधी
यूपीए चेयरपर्सन
मा. राहुल गांधी
पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष
मा. दीपक बैज
प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी
मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग.
मा. विपीन साहू
अध्यक्ष दुग्ध महासंघ
माँ तुझे प्रणाम
15 अगस्त
मा. रविन्द्र चौबे
(कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़)
पंचायत एवं ग्रामीण विकास, संसदीय कार्य,
पशुधन विकास, मछली पालन, जल संसाधन
एवं आयाकट, स्कूल शिक्षा, सहकारिता
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं...
विनीत : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना छ.ग. के समस्त अधिकारीगण